पौष मास, शुक्ल पक्ष 13, वर्ष 11, अंक 327, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00

वाराणसी, बुधवार, 4 जनवरी, 2023

# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित



अंदर - ब्रेल ने दृष्टिबाधितों के जीवन में रोशनी फैलायी

अन्दर : वर्ल्डकप के बाद जिन्हें हटाया, वही चेतन फिर बन सकते हैं चीफ सेलेक्टर!



नगर/डाक संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



# फोरलेन सड़क निर्माण के लिए अतिक्रमण हटाया

**विरोध**

## लहरतारा, बीएचयू होते भेलूपुर तक होना है फोर लेन

**जनसंदेश न्यूज**

**मंडुवाडीह।** मंडुवाडीह क्षेत्र के भिखारीपुर में मंगलवार को लोकनिर्माण विभाग का अतिक्रमण हटाओ दस्ता भारी पुलिस बल के साथ पहुंचा। अतिक्रमण हटाओ दस्ते को देखते हुए कुछ अतिक्रमणकारी अपना सामान समेटने लगे वहीं कुछ लोग अतिक्रमण हटाओ दस्ते का विरोध भी किया, लेकिन भारी पुलिस बल की मौजूदगी से उनकी एक ना चली।

मंगलवार को दोपहर में लोकनिर्माण विभाग के जितेंद्र सिंह (सहायक अभियंता),ए के सिंह (सहायक अभियंता) व प्रोजेश चौबे अमीन, राकेश और अरुण कुमार मय पुलिस बल लेकर बीएलडब्लू मुख्यद्वार से भिखारीपुर तिराहे तक का अतिक्रमण हटाने पहुँचे। ककरमत्ता के स्थानीय लोग पुलिस बल व अतिक्रमण दस्ते को देख विरोध करना शुरू कर दिया।



महिला को उठाकर ले जाती पुलिस



मंडुवाडीह क्षेत्र के भिखारीपुर में फोरलेन के लिए अतिक्रमण हटाता जेसीबी

### हाइडिल तक अतिक्रमण हटाने को दिया समय

मंगलवार को अतिक्रमण दस्ता बीएलडब्लू मुख्य द्वार से भिखारीपुर तिराहे तक का अतिक्रमण जमींजोद किया तथा हाईडिल तक के अतिक्रमणकारियों को जल्द से जल्द अतिक्रमण हटाने को कहा।

### महिलाएं जेसीबी के आगे लेटीं

अतिक्रमण हटाओ दस्ते की जेसीबी जब मकानों को तोड़ने के लिए आगे बढ़ी तो वहीं मौजूद महिलाएं जेसीबी के आगे लेट गयीं और अपने ऊपर से जेसीबी ले जाने को कहने लगीं। इसी दौरान एक युवती ने अपने साथ ही कुछ अन्य महिलाओं पर भी ज्वलनशील पदार्थ फेंक कर खुद को जलाने की कोशिश की लेकिन वहां मौजूद महिला एस आई अंकिता कुमारी ने महिला पुलिसकर्मियों की मदद से उनके इस प्रयास को असफल कर दिया और लगभग आधा दर्जन महिलाओं को हिरासत में लेकर मंडुवाडीह थाने भेजा तब जाकर लगभग चार बजे तक भिखारीपुर तिराहे तक आधा दर्जन अतिक्रमण को जमींजोद किया गया।

### तमाशबीनों की भीड़ से लगा जाम

अतिक्रमण हटाने के दौरान उधर से गुजरने वाले लोग भी रुक कर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही देखने लगे जिससे दोनों तरफ की लेन में जाम की स्थिति उतपन्न हो गयी और कई एम्बुलेंसो को मंडुवाडीह पुलिस व ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर गंगेश्वर मिश्रा ने जाम से बाहर निकाला।

## धमकी के मामले में सुनवाई आज

**वाराणसी।** एसजेएम की अदालत में बुधवार को गाली गलौज और धमकी देने के मामले जितेंद्र सिंह विसेन समेत दो के खिलाफ केस दर्ज कराने की अर्जी पर सुनवाई होगी। दिसंबर माह में ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी प्रकरण की वादिनी रेखा पाठक, मंजू व्यास, लक्ष्मी देवी व सीता साहू ने कोर्ट में धारा 156 (3) के तहत प्रार्थना पत्र दाखिल किया । आरोप लगाया है कि श्रृंगार गौरी प्रकरण के एक वादिनि के पैरोकार जितेंद्र सिंह विसेन की ओर से मुख्यमंत्री को पॉवर ऑफ अटार्नी सौंपने और मुकदमा वापस लेने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। सुनवाई के दौरान अदालत परिसर में पहुंचने पर कई बार अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल भी किया। वहीं दूसरी तरफ ज्ञानवापी प्रकरण में पोषणीयता के खिलाफ निगरानी याचिका पर बुधवार को जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में सुनवाई होनी है। अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी की ओर से पिछले दिनों लोवर कोर्ट के आदेश के खिलाफ सत्र न्यायालय में निगरानी अर्जी दाखिल की थी।

## संक्षेप

### नेशनल पदक जीतकर आए पहलवान का सम्मान



**वाराणसी।** हरियाणा के रोहतक में आयोजित राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता 45 किग्रा भार वर्ग में गया सेठ अखाड़ा के पहलवान प्रियांशु पांडेय को ब्रांज मेडल जीतने पर मंगलवार को अखाड़े में सम्मानित किया गया। गया सेठ अखाड़ा के संरक्षक अंतरराष्ट्रीय पहलवान मनोहर सिंह यादव ने अंगवस्त्रम और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रियांशु ने देश में काशी और उत्तर प्रदेश का मान बढ़ाया है। चंदौली के मुगलसराय अलीनगर निवासी प्रियांशु पांडेय ने 29 दिसंबर को रोहतक में भारतीय कुश्ती संघ की ओर आयोजित राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में दमखम दिखाते हुए ब्रॉन्ज मेडल जीता है। अंडर 17 के तहत 45 किग्रा भार वर्ग में उत्तर प्रदेश से एक मात्र प्रियांशु पांडेय ने हिस्सा लिया था। इस अवसर पर संतोष यादव अन्य ने सम्मानित किया।

### एनकाउंटर के दौरान जिस बाइक से भागा था लल्लन वो बरामद



**रोहनिया।** रोहनिया थाना क्षेत्र के जगतपुर दरेखूं में दरोगा को गोली मारकर लूटी गई पिस्टल के आरोपी बदमाश लल्लन जिस बाइक से भागा था उसे रोहनिया पुलिस ने सीताराम नर्सरी के गली में पुनवासी पटेल के मकान से बरामद किया। दारोगा प्रकरण में दो बदमाशों जो सगे भाई थे उन्हें पुलिस ढेर कर चुकी है जबकि तीसरा भाई लल्लन मौका देख पल्सर बाइक से भाग निकला था। बताया गया कि जहां बाइक बरामद हुई उसी के आसपास लल्लन रहता था। बाइक सकलडीहा थाना क्षेत्र के लालवत चौहान को गोली मारकर इन्हीं सब ने लूटी थी। 8 नवंबर 2022 को रोहनिया थाना क्षेत्र में लक्सा थाने पर तैनात एसआई अजय कुमार यादव को गोली मारकर उसकी सरकारी पिस्टल कारतूस मोबाइल पर्स लूट लिया गया था। घटना के कुछ सप्ताह बाद दो अभियुक्त रजनीश सिंह व मनीष सिंह निवासी आनंद गोला थाना मोहिउद्दीन नगर समस्तीपुर बिहार को मुठभेड़ में ढेर कर दिया गया था मौके से लूटी गई पिस्टल बरामद की गई थी, जिसमें लल्लन सिंह नामक अभियुक्त बरामद बाइक से फरार हो गया था। जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की धरपकड़ जारी है।

### युवती से छेड़खानी के मामले में दो पर मुकदमा

**वाराणसी।** भेलूपुर थाना क्षेत्र के ककरमत्ता निवासी युवती की तहरीर पर भेलूपुर पुलिस ने न्यू कॉलोनी निवासी पंचम यादव और प्रदीप राठी के ऊपर आईपीसी की धारा 279, 354 क, 354 घ, 504 व 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्यवाई में जुट गई। युवती का आरोप है कि पंचम यादव और प्रदीप राठी आए दिन उसके साथ अश्लील हरकत करते है। आरोप है कि बीते 2 माह पूर्व व अपने कमरे पर लौट रही थी। तभी पंचम यादव और प्रदीप राठी उसका पीछा करने लगे और उसकी गाड़ी को टक्कर मार कर नीचे गिरा दिया। इस दौरान दोनों उसके साथ अश्लील हरकत करने लगे। जब विरोध किया तो सभी जान से मारने की धमकी देते हुए निकल गए। पुलिस पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई।

### चोरी की मोबाइल के साथ दो गिरफ्तार

**सारनाथ।** पुरातात्विक संग्रहालय के समीप से चोरी की मोबाइल के साथ पुलिस ने मंगलवार को दो चोरों को पकड़ लिया। पूछताछ के बाद उन्हें जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक सारनाथ धर्मपाल सिंह ने बताया कि पहड़िया, नरायनपुर (चौबेपुर) निवासी मो. इकराम सारनाथ घूमने आए थे। संग्रहालय तिराहा के पास से उनका मोबाइल चोरी हो गया। इस मामले में उन्होंने स्थानीय थाने पर मुकदमा दर्ज करवाया था। मंगलवार को दोपहर में मुखबीर से सूचना मिली कि मोबाइल चोरी करने वाले दो लोग घूम रहे हैं। इसके बाद उपनिरीक्षक दिगम्बर उपाध्याय सहित अन्य पुलिसकर्मियों ने उन्हें पकड़ लिया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम चौसा ईनाइपुर, थाना-यादव मोड़, जिला-बक्सर (बिहार) निवासी शिवा माली (19) व परदेशी सिंह (22) बताया। उनके पास से चोरी का मोबाइल भी पुलिस ने बरामद कर लिया। पूछताछ के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया।

### चोरी की बाइक से बदमाश काट रहे थे मौज, गिरफ्तार

**सारनाथ।** सिंहपुर स्थित रिंग रोड के पास चोरी की बाइक से घूम रहे दो बदमाशों को पुलिस ने मंगलवार को पकड़ लिया। पूछताछ के बाद उन्हें जेल भेज दिया। सारनाथ बीट प्रभारी उपनिरीक्षक सोमन कुमार ने बताया कि बाइक से दो युवक बराबर संग्रहालय के पास घूम रहे थे। बिना नंबर प्लेट के बाइक देखकर शक होने पर रोकने का इशारा किया गया। दोनों बाइक से सिंहपुर रिंग रोड की तरफ भागे, उनका पीछा कर सिंहपुर रिंग रोड के पास से पकड़ लिया गया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम शुद्धिपूर (शिवपुर) निवासी ओम प्रकाश व प्रियांशु बताया। पूछताछ में उन्होंने बताया कि लगभग एक माह पूर्व गोलगड्डा (आदमपुर) से मोटरसाइकिल चोरी की है। बाइक बरामद कर उन्हें जेल भेज दिया गया।

### दो जमानतदार को जीआरपी ने पकड़ा

**वाराणसी।** वारंट के बावजूद चोरी के योजना का आरोपी को उपस्थित नही कराने पर दो जमानतदार को जीआरपी ने पकड़ कर प्रभारी रेलवे मजिस्ट्रेट की कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने आरोपी की जमानत अर्जी स्वीकार कर ली। कोर्ट में आरोपी की ओर से अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश श्रीवास्तव व तनवीर मेहंदी ने पैरवी की। बता दे की जीआरपी ने भदोही निवासी ताजुद्दीन को अक्टूबर 2018 को रेलवे स्टेशन के पास चोरी के योजना बनाने के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । उसके बाद कोर्ट से आरोपी की जमानत होने के बाद आरोपी फरार हो गया। उसके बाद कोर्ट ने वारंट से लेकर सारी करवाई की। बाद में जीआरपी पुलिस ने जमानतदार ज्ञानपुर निवासी सुखराम व नन्हकु को गिरफ्तार कर लिया।

### विद्यालय में चोरी

**सिंधोरा।** प्राथमिक विद्यालय नारायणपुर में चोरों ने स्कूल का सामान उठा ले गये। प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार सिंह ने सिंधोरा थाने में तहरीर दी। पुलिस जांच में जुट गयी है ।

# सराफा कारोबारी के यहां हुई चोरी में पुलिस पर गिरी गाज

## अजगरा चौकी प्रभारी समेत छह पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

**वाराणसी।** चोलापुर थाना क्षेत्र में व्यापारियों के यहां चोरी और लूट की घटनाओं में ढिलाई बरतने पर अजगरा चौकी प्रभारी उमेश कुमार राय समेत छह पुलिसकर्मियों पर गाज गिर गई। सीपी मुथा अशोक जैन ने सभी को लाइन हाजिर कर दिया। शिवपुर थाना के उप निरीक्षक राज दर्पण तिवारी को अजगरा चौकी प्रभारी बनाया गया है।

इसके अलावा चौबेपुर थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह को भी कार्य में ढिलाई बरतने पर लाइन हाजिर किया गया। मिर्जामुराद थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह को चौबेपुर थाना प्रभारी और लहरतारा चौकी इंचार्ज दीपक कुमार कन्नौजिया को मिर्जामुराद थाना प्रभारी बनाया गया है। वरुणा जोन के उप निरीक्षक अजय दुबे और पहाड़िया चौकी प्रभारी सुनील कुमार यादव को चौकी अजगरा भेजा गया है।

अजगरा चौकी पर तैनात रहे उप निरीक्षक अशोक कुमार सिंह, उप निरीक्षक संजय कुमार यादव, हेड कांस्टेबल बहादुर यादव, रामपाल, दीपेंद्र सिंह को लाइन हाजिर कर दिया गया है। थाना कैंट पर तैनात कांस्टेबल अजय कुमार पाठक और विकास कुमार, मंडुवाडीह थाना से कांस्टेबल देवव्रत सिंह को अजगरा चौकी पर भेजा गया है।

### जल भराव को लेकर प्रदर्शन

**वाराणसी।** हुकूलगंज से चौकाघाट रोड पर जल संस्थान का पाइप लाइन फटने के कारण रोड़ पर बह रहे पानी को लेकर क्षेत्रीय नागरिकों के साथ ही हुकूलगंज व्यापार मंडल के अध्यक्ष प्रमोद अग्रहरी के नेतृत्व में चक्का जाम कर किया। प्रमोद अग्रहरी का कहना था कि हमारे क्षेत्रीय पार्षद निष्क्रिय चुके हैं महीने भर से हो रहे जल लीकेज से आये दिन एक्सीडेंट हो रहा है। मौके पर पहुंचे जेई के आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ।

# 871.92 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ एक गिरफ्तार

## चोलापुर पुलिस व आबकारी टीम ने की संयुक्त कार्रवाई

**जनसंदेश न्यूज**

**दानगंज।** चोलापुर पुलिस ने तस्करी के लिए स्टोर की गयी बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब को छापेमारी कर बरामद किया साथ ही एक अभियुक्त को दबोचा। आगे की कार्रवाई में उसे जेल भेजा गया।

एसीपी सारनाथ को सूचना मिली अभियुक्त प्रेमचन्द्र निवासी पूरे-धुरसाह चोलापुर के मकान में बड़ी संख्या में अंग्रेजी शराब है। उक्त सूचना के आधार पर एसीपी के नेतृत्व में आबकारी और पुलिस ने दो जनवरी को छापेमारी की। इस दौरान पुलिस को विभिन्न ब्रांडेड कंपनियों की शराब बरामद हुई। शराब का मिलान आबकारी टीम ने किया। कुल 871.92 लीटर शराब थी। इसके बाद प्रेमचंद्र को गिरफ्तार किया गया। माल को कब्जा पुलिस मे लिया गया तथा अभियुक्त प्रेमचंद्र को समय 21.45 बजे गिरफ्तार किया गया। पुलिस की माने तो मकान से कैप्टन ब्लू गोल्ड विस्की ब्रांड की 468 बोतले ब्लू स्टोक विस्की ब्रांड के 744 अधे, स्पेशल प्रिमियम विस्की ब्राड के 1344 पऊवा बरामद किया गया। पूछताछ में अभियुक्त प्रेमचन्द्र ने बताया कि जहां शराब मिली वह मकान उसी का है, जिसे संतोष मौर्या निवासी हरदासीपुर थाना चोलापुर ने किराये पर लिया था और उसने ही यह गत्ते लाकर कुछ दिन पूर्व यहाँ शराब रखा था। कुछ पैसे की लालच में उसने उपने यहां शराब रखने की अनुमति दे दी थी। संतोष मौर्या व उनके साथ तीन अन्य लोग मिलकर अन्य प्रान्त से मदिरा जो खाद्य तेल तथा जूस के गत्ते में छिपाकर धोखाधड़ी करके खाद्य पदार्थ की आड़ में शराब बिहार के लिए तस्करी करते हैं। उसके बताये नाम पर पुलिस अन्य चारों की धरपकड़ में जुट गयी है। गिरफ़्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक उमेश कुमार राय, विकाश पाण्डेय, हेड कांस्टेबल पंकज सिंह आदि रहे। वहीं आबकारी विभाग से निरीक्षक जिलाजित सिंह सेक्टर तीन, सिपाही शिवप्रसाद वर्मा, मोती लाल यादव और अमन कुमार शामिल रहें।



आबकारी टीम की कार्रवाई में बरामद अंग्रेजी शराब

### सिंधोरा पुलिस ने भी की कार्रवाई

सिंधोरा पुलिस ने भी महगांव में 10 लीटर कच्ची शराब के साथ अभियुक्त सूरज राम निवासी मुर्दी थाना सिन्धोरा को गिरफ्तार किया। आगे की कार्रवाई में उसे जेल भेजा गया।

# गूगल मैप के लिए मंदिरों को चिह्नित करने के लिए कमेटी गठित

**पहल**

## संसंविवि जनवरी के अंत तक वीडीए को सौंपेगा रिपोर्ट

**वाराणसी।** काशी खण्ड के अनुसार काशी स्थित मन्दिरों को चिन्हित करने के लिये विद्वत जनों की एक समिति का गठन संपूर्णानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी ने की। जो शास्त्रानुसार गूगल मैप के लिये मंदिरो के स्थान चिह्नित करेगी।

जानकारी के अनुसार सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के प्रकाशन विभाग से प्रकाशित काशी खण्ड के आधार पर वाराणसी के सभी मन्दिरों का शास्त्रानुसार विवरण एवं गूगल मैप स्थान चिह्नित एवं निर्देशन सहित सूची प्रमाणिकरूप से तैयार करने का काम किया जायेगा इसके लिए एक समिति का गठन किया गया है। जिसमें अध्यक्ष कुलपति समेत कुछ 16 सदस्य बनाये गये हैं। प्रो हरेराम त्रिपाठी ने बताया कि वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अभिषेक गोयल से वातार्नुसार विश्वविद्यालय से प्रकाशित काशी खण्ड के आधार पर शास्त्रानुसार काशी मे स्थित सभी मन्दिरों के स्थान प्रमाणीकता के साथ चिन्हित करने के लिये विश्वविद्यालय को अधिकृत किया गया है जिसमे काशी के विद्वत एवं विशेषज्ञों की एक समिति का गठन किया गया है जो कि सभी मन्दिरों को चिन्हित कर गूगल मैप के लिये तैयार करेंगे जिसे जनवरी के अन्त तक समिति के रिपोर्ट को उपाध्यक्ष को दिया जायेगा।

### अधिवक्ता का प्रयास लाया रंग विश्रामालय निर्माण जल्द

**रोहनिया।** राजातालाब तहसील बार मे अधिवक्ता विश्रामालय बनाए जाने का प्रयास रंग लाया। राजातालाब तहसील बार के अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार राय के प्रयास में सफलता मिलती देख अधिवक्ताओं में हर्ष व्याप्त है। पिछले दिनों उप मुख्यमंत्री के वाराणसी प्रवास के दौरान राजातालाब तहसील बार के अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार राय ने भाजपा महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय के साथ उप मुख्यमंत्री से मुलाकात की थी। उसी दौरान उन्होंने उप मुख्यमंत्री को राजातालाब तहसील परिसर में अधिवक्ता भवन निर्मित कराने के लिये पत्रक देकर उनसे अधिवक्ता विश्रामालय का परिसर में निर्माण कराने की मांग किया था। जिस पर उप मुख्यमंत्री ने उन्हें जल्द निर्माण कराने का आश्वासन दिया था। जैलेंद्र राय ने बताया कि उप मुख्यमंत्री कार्यालय से उन्हें जानकारी दी गयी कि उनके पत्र को संज्ञान में लेते हुए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आवश्यक कार्यवाही के लिए जिलाधिकारी को निर्देशित कर दिया गया है। जिसके बाद उप मुख्यमंत्री के अधिवक्ता हित में किये गए त्वरित कार्यवाही से अधिवक्ताओं में हर्ष व्याप्त है। इसके पूर्व राजातालाब बार के अध्यक्ष ने भाजपा जिलाध्यक्ष को भी पत्रक देकर अधिवक्ता विश्रामालय बनवाने की मांग की थी।

### मांग पर कुछ घरों में जल संयोजन दिया गया

**वाराणसी।** नवाघाट, बूंदी परकोटा घाट, पंचगंगा घाट तथा त्रिलोचन घाट पर किसी भी तरह का ओवर फ्लो नहीं हैं। बूदी परकोटा घाट एवं पंचगंगा घाट के बीच में बने मकान का व्यक्तिगत पाइप टूट गया था, जिसे ठीक करा दिया गया। उक्त जानकारी देते हुए परियोजना प्रबंधक उत्तर प्रदेश जल निगम नगरीय ने बताया कि गोपी गोविंद घाट पर जनता द्वारा फूल-माला इत्यादि प्रवाहित कर दिये जाने के कारण कुछ समस्या थी, जिसे साफ करा कर ठीक करा दिया गया। तेलियानाला घाट पर पीछे से सिल्ट आ जाने के कारण ओवर फ्लो की स्थिति उत्पन्न हुई, जिसे तत्काल साफ करा कर ठीक करा दिया गया। उन्होंने बताया कि रविदास घाट पर सिंचाई विभाग द्वारा नक्खा नाला (लठिया ड्रेन) पर फ्लापर गेट लगाये जाने के दौरान नगवा एमपीएस से रमना एसटीपी पर जाने वाली राइजिंग मेन क्षतिग्रस्त कर दिया गया है, जिसके कारण नगवां एम०पी०एस० बन्द हो गया तथा रविदास घाट/अस्सी से लगभग 75 एमएलडी० सीवेज गंगा नदी पहुँच रहा है, सिचाई विभाग द्वारा फ्लापर गेट लगाने के उपरान्त क्षतिग्रस्त राइजिंग मेन री-स्टोर कराने का कार्य भी सिंचाई विभाग द्वारा जल निगम ग्रामीण की देख रेख में कराया जायेगा, उक्त कार्य पूर्ण होने के उपरान्त रविदास घाट से जाने वाले सीवेज को गंगा नदी में जाने से रोका जा सकेगा।

# सावित्री बाई फुले की मनी जयंती

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. हरेराम ने नारी मुक्ति अन्दोलन की प्रणेता सावित्री बाई फुले की 192 वीं जयंती ० पर उन्हें याद किया। उन्होंने कहा कि भारत की पहली महिला शिक्षिका, महाराष्ट्र में महिलाओं की शिक्षा के प्रति अपना जीवन समर्पित करने वाली सावित्रीबाई फुले का जन्म महाराष्ट्र के सतारा जिले के एक छोटे से गांव नयागांव में 3 जनवरी 1831 को हुआ था। वह दलित परिवार में जन्मी थीं। उनके पिता का नाम खंदोजी नैवेसे और मां का नाम लक्ष्मीबाई था।

सावित्री बाई फुले को भारत की पहली शिक्षिका होने का श्रेय जाता है। उन्होंने यह उपलब्धि तब हासिल की जब महिलाओं का शिक्षा ग्रहण करना तो दूर की बात थी, उनका घर से निकलना भी दूभर था। आजादी से पहले भारत में महिलाओं के साथ काफी भेदभाव होता था। समाज में दलितों की स्थिति अच्छी नहीं थी। महिला दलित होती थी तो यह भेदभाव और भी बड़ा होता था। जब सावित्री बाई स्कूल जाती थीं, तो लोग उन्हें पत्थर मारते थे। लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और कड़ा संघर्ष करते हुए शिक्षा हासिल की। सावित्रीबाई फुले का जीवन महिला सशक्तिकरण के लिए समर्पित था। उन्होंने सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जमकर उठाई आवाज। पति के साथ मिलकर सावित्रीबाई फुले ने 1848 में पुणे में लड़कियों का स्कूल खोला। इसे देश में लड़कियों का पहला स्कूल माना जाता है।फुले दंपति ने देश में कुल 18 स्कूल खोले। ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने उनके योगदान को सम्मानित भी किया। विधवाओं के लिए एक आश्रम खोला। विधवाओं के अलावा वह निराश्रित महिलाओं, बाल विधवा बच्चियों और परिवार से त्यागी गई महिलाओं को शरण देने लगीं। सावित्रीबाई आश्रम में रहने वाली हर महिला और लड़कियों को भी पढ़ाती थीं।

**आयोजन**

### नारी मुक्ति आन्दोलन की प्रणेता हैं सावित्री बाई फुले:प्रो. हरेराम

### डाकघर हरहुआ में स्टाफ की कमी से परेशानी

**हरहुआ।** डाकघर के माध्यम से सरकार की ओर से ग्रामीणों के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। लेकिन उप डाकघर हरहुआ में स्टाफ की कमी के कारण ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। आलम यह है कि पैसा जमा करने या निकालने आने वाले लोग एक महीने से डाकघर के चक्कर लगा रहे हैं। बावजूद इसके अभी तक उनका काम नहीं हो पा रहा है।

जनसंदेश टाइम्स
वर्गीकृत
सूचना

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2016 अनुक्रमांक 2480129 का अंक पत्र सह प्रमाण पत्र खो गया हैं। अब्दुल मजीद पुत्र शमशाद पता- ग्राम-मनकापुर ग्रामीण मनकापुर, गोण्डा।

मेरे पुत्र का नाम स्कूल में प्रवेश लेते समय भूलवश अनुराग शौर्य सिंह के जगह अनुराग सिंह दर्ज हो गया था, जो गलत है, सही नाम अनुराग शौर्य सिंह पुत्र अनिरुद्ध कुमार सिंह, 4 टाइप 73, अनपरा सोनभद्र है। अब इसी नाम से जाना जाय व अभिलेखों में दर्ज करना न्यायसंगत संगत होगा।

# पशु आश्रय केंद्रों में ठंड से पशुओं के मरने का सिलसिला जारी

## कोई खोज खबर लेने वाला नहीं

**जनसंदेश न्यूज**

**सेवापुरी।** मौसम में आई तब्दीली बढ़ी ठंड का असर बेजुबान पशुओं पर देखने को मिल रहा है विकास क्षेत्र के विभिन्न गांव में बनाए गए पशु आश्रय केंद्रों में पशुओं के मरने का सिलसिला है। कोई उनकी सुधि लेने वाला नहीं है। सेवापुरी विकास क्षेत्र के सीखड़ी एवं घोसिला गांव में संचालित पशु आश्रय केंद्रों की स्थित बद से बदतर हो गई है। चारे के अभाव में बेजुबान पहले ही भूख प्यास से तड़प रहे थे। ऊपर से अचानक बढ़ी ठंड और जानलेवा सिद्ध हो रही है। पशुआश्रय केंद्र सीखड़ी में मंगलवार की दोपहर जहां दो पशु मृत मिले। केयरटेकर मृत पशुओं के सव को बगल स्थित नहर में फेंक दिया। वही आश्रय केंद्र के पास मरे पड़े पशु के शव को कुत्ते नोचते देखे गए। आश्रय केंद्र के अंदर कुत्ते जीवित एक बछड़े का मुंह नोच लिए हैं जो तड़प रहा है। यही स्थिति घोंषिला गांव स्थित पशु आश्रय केंद्र की है। पशु आश्रय केंद्र पर कोई कर्मचारी देखने को नहीं मिलता अगर यह कहा जाए कि यह आश्रय केंद्र अब पशुओं के लिए यातना गृह बन गए हैं तो यह अतिशयोक्ति नहीं है। इस मामले में पशु चिकित्सा अधिकारी सेवापुरी धर्मेंद्र कनौजिया का कहना रहा कि पशुओं के मरने के बारे में कोई जानकारी नहीं है। बीमार होने की सूचना थी जांच कराई जा रही है।



ठंड से मृत पशु।

# युवाओं को लुभा रहा डिजाइनर जैकेट

**बाजार गर्म**

## मौसम में गलन बढ़ने के बीच उलेन वस्त्रों की डिमांड बढ़ी

## दस्ताना, टोपी, मफलर एवं इनर की बिक्री में जबर्दस्त इजाफा

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** मौसम में ठंड का कहर घुलने से लोग बेचैन हो गये हैं। बदन को भेदने वाली हवाओं का सामना करने के लिए लोगों का रुझान ऊलेन वस्त्रों की तरफ जबर्दस्त है। दस्ताना, टोपी, मफलर, मंकी कैप एवं इनर की बिक्री में जहां जबर्दस्त इजाफा हुआ है। वहीं, युवाओं को डिजाइनर जैकेट खासे लुभा रहे हैं।

गर्म कपड़ों की दुकानों पर इन दिनों ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ रही है। हर शख्स अपने-अपने पॉकिट के हिसाब से खरीदारी में व्यस्त है। विक्रेताओं की माने तो दस्ताना, टोपी, मफलर, अपर एवं लोवर इनर, मोजा आदि की जबर्दस्त डिमांड निकल रही है। बिक्री में यह इजाफा पिछले एक सप्ताह से हुआ है। मौसम का असर यदि एक पखवारे तक ऐसा ही बना रहा तो इन आइटमों का मिलना दूभर हो जाएगा। फुटकर विक्रेताओं की माने तो युवाओं में डिजाइनर जैकेट की डिमांड अधिक है। युवतियां भी जैकेट की तरफ आकर्षित है। बावजूद इसके कार्डिगन की मांग कम नहीं हुई है। महिलाओं में भी कार्डिगन के साथ शॉल की डिमांड है। इसके बीच महिलाएं सलवार-सूट एवं साड़ी से मैचिंग करते हुए कम चौड़ाई वाले स्टोल को काफी पसंद कर रही है।



### ठंड में बढ़ी ब्लोअर, रुम हीटर की भी डिमांड

**वाराणसी।** हाड़कंपा देने वाली ठंड ने गर्माहट प्रदान करने वाले इलेक्ट्रानिक सामानों की बिक्री का भी पारा चढ़ा दिया है। ब्लोअर, रूम हीटर की डिमांड सबसे अधिक निकल रही है। पानी गरम करने वाला अच्छी क्वालिटी का इंबर्सन रॉड तो ढूढ़े नहीं मिल रहा। बाजार सूत्रों की माने तो उपकरणों के कच्चे माल की कीमतें बढ़ने से ब्लोअर, रूम हीटर, गीजर आदि के दाम काफी बढ़ गये हैं। इस बीच अचानक निकली डिमांड के चलते पर्याप्त संख्या में उपकरण न होने कीमतों में तेज उछाल भी है। कमोवेश हर उपकरण के दाम में 40 फीसदी तक उछाल आया है। विक्रेताओं की माने तो बीते एक सप्ताह में ही बिक्री में 20 से 25 फीसदी का इजाफा हुआ है। मौसम ने इसी तरह साथ दिया तो बिक्री 50 फीसदी से अधिक हो सकती है। ब्रांडेड के बीच अनब्रांडेड की डिमांड अधिक है।

कार्यालय ग्राम पंचायत विजयपुर, वि0 ख0 छानबे, मीरजापुर

निविदा सूचना

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना के फेज-2 के अंतर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन योजना के अंतर्गत ई-रिक्शा क्रय, साइकिल रिक्शा, ट्रैक्टर ट्राली, मिनी जेसीबी व आरआरसी सेंटर हेतु आवश्यक सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। दिनांक 4.1.2023 को निविदा सुबह 10:00 बजे से प्रारंभ होकर 10.01.2023 को दोपहर 2:00 बजे निविदा समाप्त हो जाएगी। निविदा 10.01.2023 को अपराह्न 3:00 बजे तक खोली जाएगी।

ग्रा0 वि0 अ0
सौम्या सिंह

ग्राम प्रधान
शहीदा बानो

उप परियोजना प्रबन्धक
उ0 प्र0 राज्य सेतु निगम लि0
सेतु निर्माण इकाई, बलिया
शिव-विला, जी0 बी0-2, चन्द्रशेखर नगर, बलिया-277001

ई-टेण्डर सूचना

सेतु निर्माण इकाई, बलिया के अन्तर्गत जनपद बलिया में "Supply of Stone Grit and Coarse Sand Work at Maghai River Bridge Near House of Lt. Vinod Rai, Village Narahi in Distt.-Ballia, एवं "Supply of Stone Grit and Coarse Sand Work at Katharia-Firozpur in Distt.-Ballia" कार्य हेतु सेतु निगम/लो0 नि0 वि0 में पंजीकृत अनुभवी फर्मों/ठेकेदारों से दिनांक 31.12.2022 (10:00AM) से 07.01.2023 (05:00PM) तक आनलॉइन निविदाए आमंत्रित की जाती है, विस्तृत विवरण हेतु ई-निविदा पोर्टल http:/etender.up.nic.in पर लागऑन करें।

(डी0 आर0 सिंह)
उप परियोजना प्रबन्धक



वाराणसी, बुधवार, 4 जनवरी, 2023

# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

अंदर - ब्रेल ने दृष्टिबाधितों के जीवन में रोशनी फैलायी

अन्दर : वर्ल्डकप के बाद जिन्हें हटाया, वही चेतन फिर बन सकते हैं चीफ सेलेक्टर!



नगर/डाक संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# यूपी पहुंची भारत जोड़ो यात्रा

## राहुल सत्य का कवच पहनकर चल रहे, इसलिए ठंड नहीं लगती : प्रियंका

**गाजियाबाद।** कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा नौ दिन के ब्रेक के बाद मंगलवार को यूपी पहुंची। गाजियाबाद में प्रियंका गांधी ने भाई राहुल गांधी का गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रियंका के कंधे पर हाथ रखकर राहुल गांधी आगे बढ़ते दिखे। लोनी बॉर्डर पर बने मंच पर राहुल और प्रियंका एक साथ नजर आए। मंच से प्रियंका ने भाई राहुल को योद्धा बताया। प्रियंका ने कहा कि मेरे बड़े भाई... इधर देखो, सबसे ज्यादा गर्व आप पर है। सत्ता का पूरा जोर लगाया गया। सरकार ने हजारों करोड़ रुपए खर्च किए, इनकी छवि को खराब करने के लिए, लेकिन ये डरे नहीं। इन पर एजेंसी लगाई गईं। योद्धा हैं... योद्धा हैं। अडाणी-अंबानी ने बड़े-बड़े नेता खरीद लिए। देश की सरकारी संपत्ति खरीद लीं। देश की मीडिया खरीद ली, लेकिन मेरे भाई को नहीं खरीद पाए। न खरीद पाएंगे।

उधर राहुल और प्रियंका गाजियाबाद में करीब 6 किलोमीटर पैदल चलने के बाद

**आगमन**

**अडाणी-अंबानी ने बड़े-बड़े नेता खरीदे, भाई को नहीं खरीद पाए**

**राहुल योद्धा, सत्य पथ से डिगेंगे नहीं : प्रियंका**

**राहुल गांधी दिल्ली लौटे, आज बागपत पहुंचेंगे**

एक ही कार से दिल्ली लौट गए। राहुल और प्रियंका खजूरी पुस्ता रोड होते हुए दिल्ली गए हैं। यूपी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने बताया कि राहुल गांधी का आज का पैदल चलने का टारगेट 25 किलोमीटर था। दिल्ली और गाजियाबाद मिलाकर राहुल 25 किलोमीटर पैदल चल चुके हैं।

अब कल सुबह बागपत के मवी लां से कफिर यात्रा में जुड़ेंगे। जबकि यात्रा के वढ कॉर्डिनेटर सलमान खुर्शीद ने कहा कि मुझे राहुल के लौटने की अभी कोई



जानकारी नहीं है। इससे पहले मंच से प्रियंका ने कहा कि कोई मुझसे पूछ रहा था कि आपके भाई को ठंड नहीं लगती। आपको डर नहीं लगता, इनकी सुरक्षा के लिए।

मेरा जवाब ये है कि ये सत्य का कवच पहनकर चल रहे हैं। भगवान इनको सुरक्षित रखेगा। सब साथ चलिए। एकता, सद्भावना, प्यार का पैगाम लेकर चलिए। इसके बाद दोनों ने लोगों का अभिवादन किया।₹ हालांकि मंच पर राहुल ने कोई स्पीच नहीं दी। यूपी में यात्रा शुरू करने से पहले राहुल ने दिल्ली में मरघट वाले हनुमान जी के दर्शन किए। इस दौरान पुजारी ने उनको गदा भी दी। राहुल की गदा उठाए हुए एक फोटो सामने आई है। भारत जोड़ो यात्रा 9 दिन के ब्रेक के बाद मंगलवार को शुरू हुई है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी वढ में 3 दिन में करीब 130 किलोमीटर पैदल चलने वाले हैं। इस दौरान यूपी के तीन जिलों गाजियाबाद, बागपत और शामली से यात्रा गुजरेगी। यह 11 विधानसभाओं को कवर करेगी।

### जयंत चौधरी ने यात्रा को किया सलाम

रालोद प्रमख जयंत चौधरी यात्रा में शामिल नहीं हुए। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा- तप कर ही धरती से बनी ईंट छू लेती हैं आकाश ! भारत जोड़ो यात्रा के तपस्वियों को सलाम! देश के संस्कार के साथ जुड़कर उत्तर प्रदेश में भी चल रहा यह अभियान सार्थक हो और एक सूत्र में लोगों को जोड़ते रहे। कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने यात्रा शुरू होने से पहले कहा कि उप्र की हवाएं बता रही हैं, जल्द मौसम बदलने वाला है। किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि वह भारत जोड़ो यात्रा में शामिल नहीं हो पाएंगे, लेकिन कार्यकर्ता शामिल हो सकते हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि जो दूरियां थीं, वो खत्म हो गईं। यही इस यात्रा की सफलता है।

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा थिएटर को नियम-शर्तें तय करने का अधिकार

**नई दिल्ली।** सिनेमा हॉल मालिकों को हॉल के अंदर खाने-पीने की चीजों की बिक्री के नियम तय करने का पूरा हक है। सुप्रीम कोर्ट ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए मंगलवार को यह बात कही। सीजेआई ने कहा, 'सिनेमा देखने वालों के पास इन आइटम को न खरीदने का विकल्प है।' कोर्ट ने ये भी दोहराया कि सिनेमाघरों को बिना किसी शुल्क के पेयजल उपलब्ध कराना जारी रखना होगा। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस पीएस नरसिम्हा की बेंच ने याचिका पर सुनवाई की। बेंच ने कहा कि सिनेमा हॉल प्राइवेट प्रॉपर्टी है और वह इस तरह के नियम-शर्तें लागू कर सकता है। कोर्ट ने कहा कि अगर कोई दर्शक सिनेमा हॉल में प्रवेश करता है, तो उसे सिनेमा हॉल के मालिक के नियमों का पालन करना होगा। मल्टीप्लेक्स में खाना बेचना कॉमर्शियल मामला है। ऐप के अनुसार, गुरुग्राम में एंबियंस मॉल और सिटी सेंटर मॉल में, पीवीआर पर पॉपकॉर्न की कीमत स्वाद और टेस्ट के आधार पर लगभग 340-490 रुपए है, जबकि पेप्सी की कीमत लगभग 330-390 है। वहीं बेंगलुरु के फीनिक्स मार्केटसिटी मॉल में पीवीआर में पॉपकॉर्न की कीमत करीब 180-330 रुपए है।

# कोहरे और गलन से यूपी में जनजीवन बेहाल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पारे का ग्राफ लगातार नीचे गिरता जा रहा है। सोमवार रात से मंगलवार की सुबह तक प्रदेश में पारा 3.6 डिग्री तक जा पहुंचा। मौसम विभाग ने ठंड और बढ़ने व प्रदेश के अन्य जिलों में पारा गिरने व कोहरा बढ़ने के आसार जताए हैं। जनवरी के तीसरे हफ्ते में बूंदाबांदी के भी आसार जताए जा रहे हैं। मौसम विभाग के सुबह साढ़े आठ बजे के ऑब्जरवेशन के मुताबिक, कानपुर में न्यूनतम पारा 3.6 डिग्री दर्ज किया गया। अयोध्या में 5.5 और बाराबंकी में 6.6 डिग्री रहा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में नजीबाबाद में 4 डिग्री और मुजफ्फरनगर में 5.2 डिग्री रहा।

सेवानिवृत्त वरिष्ठ मौसम विज्ञानी एचआर रंजन के मुताबिक, कानपुर और नजीबाबाद शीत लहर की चपेट में सर्वाधिक हैं। जबकि हमीरपुर, मेरठ, आगरा, अलीगढ़ आदि शहरों में ठंडे दिन ने लोगों को बेहाल कर जनजीवन को अस्तव्यस्त कर दिया। लखनऊ में न्यूनतम पारा 7.6 डिग्री तक पहुंचा। मौसम विभाग का अनुमान है कि इस बार सर्दियां लंबी तो नहीं पर रिकॉर्ड तोड़ने वाली जरूर हो सकती हैं। एचआर रंजन के मुताबिक, मंगलवार से दो दिन और कोल्ड डे कंडीशन सक्रिय रहेगी। दिन में ठंड रहेगी। इसके बाद पांच से सात जनवरी तक सूखी ठंड रहेगी, जो चुभने वाली हो सकती है। 08 से 12 जनवरी के बीच न्यूनतम पारे के गिरकर तीन से चार डिग्री तक आने के आसार हैं। 20 से 22 जनवरी के आसपास बादल छाए रहने के आसार हैं। बूंदाबांदी भी हो सकती है। इसके बाद तापमान फिर सामान्य की ओर बढ़ेगा। ठंड कम होगी, हालांकि अचानक पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता फरवरी के पहले हफ्ते में बूंदाबांदी करवा सकती है।

**मौसम**

**कानपुर सबसे ठंडा, मौसम विज्ञानी बोले- नए रिकॉर्ड बनाएगी ठंड**



इस सीजन में तीन बार बूंदाबांदी के आसार हैं। तापमान तीन डिग्री तक आया तो साल 2014 का रिकॉर्ड टूटेगा। उस साल आठ जनवरी को पारा इतना ही रहा था। बीते वर्षों में जनवरी में पारे की बात करें तो वर्ष 2017 में न्यूनतम पारा .1 डिग्री तक आया था। 2019 में यह 5.3 डिग्री था। बीते साल 2022 में यह 4.5 डिग्री रहा था। बीते 12 सालों के ट्रेंड के मुताबिक जनवरी के दूसरे पखवारे के आसपास अच्छी बारिश हुई है। 2021 में यह एक मिमी. ही रही, लेकिन 2020 में 39.2 मिमी. बारिश हुई थी। 2012 में तो 55.4 मिमी पानी गिर चुका है। वरिष्ठ भू-वैज्ञानिक सीएम नौटियाल कहते हैं कि 72 साल बाद पहली बार लगातार तीन ला निनया हो रहे हैं। नतीजतन भारत में अधिक सर्दी हो रही है। अफगानिस्तान, ईरान और हिंदुकुश से होती हुई सर्द जेट स्ट्रीम भारत की ओर बढ़ेगी।




# उप्र में अब एक ही आयोग से होगा शिक्षकों का चयन

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि राज्य में उप्र शिक्षा सेवा चयन आयोग कउ गठन जल्द कर लिया जायेगा। सीएम योगी ने यहां प्रदेश में शैक्षिक संस्थानों में शिक्षक भर्ती प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए एकीकृत आयोग के रूप में 'उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग' के गठन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पिछले पांच-साढ़े पांच साल से प्रदेश में संचालित विभिन्न चयन आयोगों की कार्यप्रणाली में शासन स्तर से अनावश्यक हस्तक्षेप न होने से आयोगों की कार्यप्रणाली में शुचिता और पारदर्शिता आई है। मेरिट के आधार पर योग्य अभ्यर्थियों का चयन हो रहा है। प्रदेश में आये इस बदलाव का सीधा लाभ युवाओं को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के बेसिक,

**सीएम योगी ने दिया 'शिक्षा सेवा चयन आयोग' के गठन का निर्देश**

माध्यमिक, उच्च और तकनीकी शिक्षण संस्थानों में योग्य शिक्षकों के चयन के लिए अलग-अलग प्राधिकारी, बोर्ड व आयोग संचालित हैं। परीक्षा नियामक प्राधिकारी, माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन आयोग और उच्चतर शिक्षा सेवा चयन आयोग के अलावा उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से भी चयन की व्यवस्था लागू है। नीतिगत सुधारों के क्रम में भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए शिक्षक चयन आयोगों को एकीकृत स्वरूप दिया जाना उचित होगा। शिक्षक चयन अयोगों को एकीकृत स्वरूप देते हुए निगमित निकाय के रूप में 'उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के गठन किया जाना चाहिए। शिक्षकों के समयबद्ध चयन, मानव संसाधन का बेहतर उपयोग और वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित करने में आयोग उपयोगी सिद्ध होगा। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश शिक्षा चयन आयोग को एक स्वायत्तशाषी निगमित निकाय का स्वरूप दिया जाना चाहिए। आयोग द्वारा बेसिक, माध्यमिक अथवा उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्यापकों की सीधी भर्ती के सम्बंध में मार्गदर्शी सिद्धांत किया जाएगा। अध्यापकों की नियुक्ति के संबंध में चयन परीक्षा, साक्षात्कार आदि के माध्यम से चयन की प्रक्रिया पूरी करते हुए अभ्यर्थियों की नियुक्ति के लिए नियुक्ति प्राधिकारी को संस्तुति की जाएगी।

# लविविः प्रो.आलोक राय ने दूसरी बार संभाला कुलपति का कार्यभार

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक राय ने मंगलवार को दूसरी बार कुलपति का कार्यभार ग्रहण कर लिया। मंगलवार की सुबह वह विश्वविद्यालय पहुंचे जहां उन्हें दोबारा से उन्हें पदभार ग्रहण कराया गया। इस मौके पर विश्वविद्यालय में मौजूद प्रोफेसर और शिक्षकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। प्रोफेसरों ने इस दौरान राज्यपाल के फैसले की भी सराहना की है। बता दें कि इससे पहले राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने 30 दिसंबर को प्रोफेसर आलोक राय को लखनऊ विवि का दोबारा कुलपति बनाए जाने का आदेश जारी किया था। राज्यपाल के आदेश के मुताबिक आलोक राय का दूसरा कार्यकाल भी अगले 3 वर्ष के लिए होगा। प्रोफेसर कुलपति आलोक राय की कार्यशैली को राजभवन ने बेहतर मानते हुए उन्हें दोबारा कुलपति का दायित्व सौंपा है।

### बंगाल में वंदे भारत ट्रेन पर पत्थरबाजी

नई दिल्ली। बापू ने जब पूरे देश की यात्रा करने का मन बनाया तो उन्होंने साधन के तौर पर रेल को चुना था। इतिहास में कई ऐसे किस्से आते हैं जब पता चलता है कि महात्मा गांधी ट्रेन के तीसरे दर्जे में यात्रा किया करते थे। वह भारतीयों के करीब पहुंचना चाहते थे, उन्हें समझना चाहते थे। धीरे-धीरे भारतीय रेल देशवासियों के लिए लाइफलाइन बन गई। अमीरों के लिए तो स्पेशल प्लेन खड़े हैं लेकिन गरीब और मिडिल क्लास के लिए आज भी रेलवे परिवहन का सबसे सस्ता और सुरक्षित माध्यम है। भारत में रेलवे का इतिहास 170 साल पुराना है। छुक-छुक करती रेल ने भारत की गुलामी और आजादी की पहली सुबह देखी है। एक दिन में ढाई करोड़ लोगों को ढोने वाली रेलवे ने कोरोना महामारी का वो दौर भी देखा जब देशभर में उसके पहिए थम गए थे। अपने गांव, शहर से गुजरने वाली ट्रेनों से लोगों की यादें जुड़ी हैं। फिल्मों में ट्रेनों के दृश्य देख भारतीयों का मन 'छैंया-छैंया' करने लगता है। क्या बनते जा रहे हैं हम? क्या विरोध, गुस्सा या नाराजगी जताने के लिए हम सरकारी संपत्ति को बर्बाद करेंगे और हां, ये 'सरकारी' शब्द किसी दूसरे देश या किसी गैर के लिए नहीं होता है ये तो हमारे ही पैसों से खड़ी की गई संपत्ति और सुविधा होती है जिसे सरकारी कहा जाता है।

**चार दिन पहले ही पीएम ने दिखाई थी हरी झंडी**

# गंगा विलास क्रूज को हरी झंडी दिखायेंगे पीएम मोदी

**नदी पर्यटन**

**जलयान के स्वागत में होगा बैलून महोत्सव का आयोजन भी**

जनसंदेश न्यूज



**वाराणसी।** यहां से बांग्लादेश होते हुए असम के डिब्रूगढ़ की यात्रा पर जाने वाले दुनिया के सबसे लंबे क्रूज पर्यटन (गंगा विलास क्रूज) को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 जनवरी को हरी झंडी दिखाएंगे। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि पीएम क्रूज को वर्चुअल हरी झंडी दिखाएंगे या उनका वाराणसी आगमन होगा। सूचना और जनसंचार विभाग यूपी ने ट्वीट कर जानकारी दी है।

स्थानीय प्रशासन की ओर से प्रधानमंत्री कार्यालय से संपर्क किया जा रहा है। फिर भी प्रशासन ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। जलयान के स्वागत में बैलून महोत्सव का भी आयोजन किया जा सकता है। डिब्रूगढ़ से चले गंगा विलास जलयान को काशी तक पहुंचाने के लिए तीन पीपा पुलों को हटाने का काम शुरू कर दिया गया है। जहाजों के सुगम यातायात के लिए वाराणसी से डिब्रूगढ़ के बीच टर्मिनल बनाया गया है। जलमार्ग प्राधिकरण के उपाध्यक्ष जयंत सिंह के मुताबिक, गंगा विलास वाराणसी के पर्यटन को बढ़ावा देने में मील का पत्थर साबित होगा। नदी पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कोलकाता से बीते 22 दिसम्बर को 32 स्विस पर्यटकों को लेकर रवाना हुआ जलयान छह जनवरी को वाराणसी पहुंचेगा। ये स्विस पर्यटक सात से 10 जनवरी तक वाराणसी के पर्यटन स्थलों का भ्रमण करेंगे। पर्यटकों के स्वागत के लिए रामनगर टर्मिनल के अलावा विकल्प के तौर पर रविदास घाट व नमो घाट पर कार्यक्रम कराने की तैयारी है। भारतीय अंतरदेशीय जलमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों के मुताबिक, वाराणसी-गाजीपुर-मझऊआं-बाढ़ जलमार्ग को पटना-फरक्का जलमार्ग की तर्ज पर विकसित करने की योजना है। इस जलमार्ग के शुरू हो जाने पर पूर्वांचल के बाजार की पहुंच दक्षिण पूर्व एशियाई देशों से हो जाएगी। इस मार्ग से व्यापारी गतिविधियां तेज होने से किसानों और व्यापारियों को फायदा होगा।

# कंझावला एक्सिडेंट केस में नया मोड़

**नई दिल्ली।** कंझावला सड़क हादसे में जान गंवाने वाली स्कूटी सवार लड़की की एक दोस्त ने कई खुलासे किए हैं। सहेली के खुलासे के बाद पूरे मामले में नया ट्विस्ट आ गया है। लड़की की सहेली निधि ने मीडिया से बातचीत में कहा कि है उसकी सहेली ने शराब पी हुई थी। निधि हादसे के समय स्कूटी पर पीछे बैठी हुई थी। निधि एक्सिडेंट के बाद मौके से फरार हो गई थी। निधि का कहना है कि टक्कर लगने के बाद कार सवारों को पता था कि उसकी दोस्त कार में फंसी हुई है। निधि ने बताया कि उस कार में कोई म्यूजिक नहीं बज रहा था। निधि ने कहा कि हादसे के बाद मैं डर गई थी। उसने कहा कि हादसे के बाद मुझे कुछ भी समझ नहीं आया, इसलिए मैंने पुलिस को फोन नहीं किया।

हादसे के बारे में निधि ने कहा कि रास्ते में अचानक सामने से कार ने हमें टक्कर मार दी। इसके बाद मैं साइड में गिर गई और मेरी सहेली कार के नीचे घुस गई। निधि ने कहा कि गाड़ी के नीचे उसका पैर या पता नहीं कुछ फंस गया। इस वजह से वह कार के नीचे से निकल नहीं पाई। निधि ने कहा कि उन्होंने कार को आगे पीछे किया। उस दौरान मेरी सहेली चिल्ला रही थी। इसके बाद वह उसे घिसटते हुए आगे लेकर चले गए। सहेली ने बताया कि हम लोग पार्टी कर के आराम से आ रहे हैं। उसे पहले मुझे घर छोड़ना था, उसके बाद उसे अपने घर जाना था। हादसे को लेकर निधि ने बताया कि कार में सवार को यह पूरी तरह से पता था कि गाड़ी के नीचे लड़की फंस गई है। उन्हें पता था कि गाड़ी के नीचे

**दिल्ली हादसा**


**अंजलि की सहेली ने कहा- दोस्त ने पी हुई थी शराब**

**सहेली चिल्लाती रही, वह उसे घसीटते हुए ले गए**



महिला फंसी है। वह लोग जानबूझकर आगे लेकर गए। उन्होंने एक बार भी उतरकर नहीं देखा। निधि ने कहा कि हादसे के बाद मैं पूरी तरह से नाउम्मीद हो गई थी। निधि ने कहा कि मैंने इस बात की जानकारी अपनी मां और नानी को दी। मैं इतनी परेशान थी कि मुझे कुछ समझ नहीं आया कि मैं क्या करूं। मैं पैदल ही अपने घर आ गई थी।

राजधानी दिल्ली के सुल्तानपुरी इलाके के कंझावला में कथित सड़क हादसे में जान गंवाने वाली लड़की का शव दिल्ली के सुल्तानपुरी इलाके में उनके आवास पर पहुंचा दिया गया है। थोड़ी देर में लड़की का अंतिम संस्कार होगा। परिजन एंबुलेंस में ही बैठकर अंतिम संस्कार के लिए विजय विहार श्मसान के लिए निकल गए हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पीड़िता के परिवार से बात करते हुए 10 लाख का मुआवजा देने का ऐलान किया है। दिल्ली के स्पेशल कमिश्नर (लॉ एंड ऑर्डर) एसपी हुड्डा ने बताया कि पोस्टमॉर्टम में लड़की के सिर, रीढ़ और बाएं फीमर पर चोटें और अधिक खून बह जाने से मौत होना बताया गया है। रेप की पुष्टि नहीं हुई है। इससे पहले पुलिस ने खुलासा किया था कि स?कूटी पर पीड़िता के साथ उसकी सहेली भी थी। टक्कर के बाद मृतका कार में फंस गई और उसे 12 किमी तक घसीटा गया। पहले 4 किमी घसीटने की बात सामने आई थी। स्कूटी पर जो दूसरी लड़की थी, वह हादसे के बाद मौके से भाग गई। उसे भी मामूली चोटें आई हैं।



# प्रचंड ठंड से थर-थर कांप रही काशी

## बर्फीली हवाओं के बीच शीतलहरी ने लोगों को झकझोरा, अनुमान-आज और कल छा सकता है काफी घना कोहरा



**वाराणसी।** ठंड और गलन काफी जोरदार पड़ रही है। लगातार तीसरे दिन मंगलवार को भी सूरज देवता के दर्शन नहीं हुए हैं। हर शख्स बदन पर गर्म कपड़े लादे हुए नजर आया, लेकिन काशी की कंपकंपी थमने का नाम नहीं ले रही है। हालांकि शहरी क्षेत्र में कोहरा थोड़ा कम रहा। लेकिन देहात क्षेत्र और हाईवे पर काफी कुहासा छाया है। शहर में विजिबिलिटी 200 मीटर तो गांवों में महज 50 से 100 मीटर ही है।

मौसम विज्ञान विभाग ने अलर्ट जारी किया है कि बुधवार और गुरुवार को जिले में काफी घना कोहरा छा सकता है। विजिबिलिटी 20-50 मीटर तक आ सकती है। इसलिए, लोग सड़कों का रुख कम करें। विभाग की मानें तो पिछले तीन दिनों से अधिकतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस पर ही बना हुआ है। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार यह तापमान सामान्य से सात डिग्री कम है। आमतौर पर जनवरी में अधिकतम तापमान का औसत 22 डिग्री सेल्सियस रहा है। मगर, नये का जनवरी कुछ ज्यादा ही जानलेवा रूप अख्तियार किया है। रात में ओस की बूंदें काफी गिर रहीं हैं। वहीं, रह-रहकर पछुआ हवा भी बह जा रही है। इससे और स्थिति खराब होती जा रही है। मौसम का मिजाज ऐसा बदला कि जिंदगी ठहर सी गयी है। समूचा शहर व देहात शीतलहर की चपेट में हैं। उत्तर व पश्चिम से चली बर्फीली हवा ने लोगों को झकझोर कर रख दिया है। आंच से उतरते ही चाय ठंडी हो जा रही थी। ब्रेक-पकौड़ा का आनंद जाया हो जा रहा था तो थाली में परोसा गया भोजन यूं लग रहा था मानों बहुत पहले से पका कर रख दिया गया हो। गर्म कपड़े पहनते जाओ पर यह भी कम लग रहा था। बदन का हर कपड़ा ऐसा लग रहा था जैसे सूखने के लिए डाल दिया गया हो। महिलाएं हो या बच्चे, सभी गर्म कपड़ों से लैस होने के बावजूद कंबल, गद्दों में कैद रहे। मनुष्य ही नहीं जानवर भी बेहाल थे। पूरे दिन इधर-उधर विचरण करने वाले आवारा पशु कहीं न कहीं दुबके हुए थे।

### ठंड से बीमार 14 भर्ती

**वाराणसी।** ठंड से बीमार मरीजों का अस्पतालों में आना जारी है। मण्डलीय अस्पताल में मंगलवार को ठंड से बीमार एक अज्ञात समेत 14 मरीज भर्ती कराये गये हैं। कबीरचौरा अस्पताल के गेट संख्या चार के पास मंगलवार को अज्ञात 60 वर्षीय व्यक्ति अचेत पड़ा मिला। उसे लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया। ठंड की चपेट में आने से गैस्ट्राइटिस, पेट दर्द, सास फूलने व बुखार की शिकायत पर विपिन, तुलसी गुप्ता, पंकज, बेचनलाल, मनीष, पुष्पा, मो. रजा, शिवराज मौर्य, गजराज राम, निसार, नीलम देवी, याशमीन, गोलू समेत 14 मरीज भर्ती कराये गये है। बहिरंग विभाग में ठंड से बीमार सौ से ज्यादा लोगों ने उपचार कराया।

### ठंड में एक की मौत

**रोहनिया।** बीती रात रोहनिया थाना क्षेत्र के मिल्कीचक निवासी विजय कुमार (42) की मौत हो जाने से परिवार में मातम छा गया। परिजनों ने बताया कि खेत से आने के बाद ठंड लगने की बात कह विजय सोने चले गये देर रात को उनकी तबियत बिगड़ने लगी, परिवार के लोग जब तक हॉस्पिटल ले जाते घर पर ही उनकी मौत हो गयी। ग्रामीणों ने आशंका जताती कि विजय की मौत ठंड लगने से हुई होगी।

## दिन भर छायी रही धुंध, थमे विमान व ट्रेनों के पहिए

**वाराणसी।** मंगलवार को भी दिन भी धुंध छायी रही जिसके चलते विमान व ट्रेन की सेवा प्रभावित हुई, सेमी हाई स्पीड में शुमार वंदे भारत जहां 35 मिनट देरी से कैंट स्टेशन पहुंची वहीं बाबतपुर में चार विमान भी निरस्त कर दिए गये। नई दिल्ली से वाराणसी आने वाली सेमी हाई स्पीड वंदे भारत ट्रेन अपने निर्धारित समय से 35 मिनट देरी से कैंट स्टेशन पहुंची वहीं आधे घंटे देरी से नई दिल्ली के लिए रवाना हुई, इसके अलावा बेगमपुरा एक्स्प्रेस 11 घंटे, पंजाब मेल चार घंटे, दून एक्स्प्रेस चार घंटे, पाटिलपुत्रा सुपरफास्ट एक्स्प्रेस आठ घंटे, कोलकाता एक्स्प्रेस साढ़े नौ घंटे, ओखा स्पेशल सात घंटे, हिमगिरि एक्स्प्रेस नौ घंटे, गंगा सतलज आठ घंटे, गोदिया वरौनी साढे छह घंटे, बरौनी गोंदिया दो घंटे, कोटा पटना दो घंटे, बरकाकाना-वाराणसी मेमू सवा दो घंटे, लोकमान्य तिलक-जय नगर पवन एक्स्प्रेस चार घंटे, लोकमान्य तिलक से गोरखपुर काशी एक्स्प्रेस चार घंटे, महामना एक्स्प्रेस चार घंटे,12582 नई दिल्ली- बनारस तीन घंटे लेट से स्टेशन पहुंची।

### चार विमान रहे निरस्त

बाबतपुर लालबहादुर शास्त्री अंतरास्ट्रीय हवाई अड्डे पर मंगलवार को भी मौसम के चलते विमानों का परिचालन प्रभावित रहा। हवाई अड्डे से अन्य शहरों से आने व जाने वाले चार विमान निरस्त रहे वही कुछ विमान अपने निर्धारित समय सारिणी के अपेक्षा विलम्बित रहे। मुम्बई से वाराणसी जी8 350 निर्धारित समय से करीब 1 घण्टे 20 मिनट, चेन्नई से वाराणसी 6ई 6044 एक घण्टे 10 मिनट, अहमदाबाद वाराणसी 6ई 6414 निर्धारित समय से 30 मिनट की देरी से हवाई अड्डे पर पहुचे वही वाराणसी से दिल्ली 6ई 5215, वाराणसी से बेंगलुरु 6ई 499, वाराणसी से हैदराबाद 6ई 6683, वाराणसी मुम्बई 6ई 5292 निरस्त रहे।

### गलियों में निगम की उपेक्षा, लोगों ने जलाया अलाव

**वाराणसी।** दिन-प्रतिदिन ठंड का कहर बढ़ता ही जा रहा है। इसके चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। निगम की ओर से कुछ स्थानों पर उपेक्षा के चलते क्षेत्रीय लोगों की ओर से अलाव जलवाया जा रहा है। समाजवादी युवजन सभा के निवर्तमान राष्ट्रीय सचिव मोहम्मद जुबैर खां की अगुवाई में उनकी टीम की ओर से क्षेत्र में अलाव जलाया जा रहा है। बताया कि बेनियाबाग, हड़हा, हकाकटोला, कौवाशाह, भुलेटन व मिन्नाखां क्षेत्र की गलियों में अलाव की व्यवस्था की गयी है।



## यात्रा में सितम ढा रहीं झरोखों से आती सर्द हवाएं

**रोडवेज बस का हाल**

**वाराणसी परिक्षेत्र की बस से शीशा गायब कहीं टीन की चादर से चला रहे काम**

**वाराणसी।** हांड़ कपा देने वाली इस ठंड में उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों से यात्रा करना किसी सितम ढाने से कम नहीं, किसी बस से शीशा गायब है तो किसी में शीशा के बदले टीन की चादर लगा दिया गया है। लोगों को सुरक्षित यात्रा का दम भरने वाले निगम की बसों में इन दिनों समस्याओं का अंबार है, इस कड़ाके की सर्द में जहां लोग घरों में दुबके हैं वहीं मजबूरी में यात्रा करने वाले लोगों पर निगम की बसें सितम ढा रही हैं।



**दर्पण नंबर एक**-वाराणसी से जौनपुर चलने वाली जौनपुर डिपो की बस संख्या यूपी65ईटी9324 में शीशा गायब था इसके बदले कार्यशाला में टिन की चादर लगा दी गयी थी, वह भी झरोखा युक्त जिसमें यात्रा के दौरान ठंडी हवाएं सितम ढाती रहें।

**दर्पण नंबर दो**- वाराणसी गाजीपुर चलने वाली बस संख्या यूपी65डीडी 0209 के पिछली सीट के समीप खिड़की पर लगे दो शीशे से एकशीशा गायब है, सर्द हवाओं का दंश झेलते हुए यात्री अपने गंतव्य को जाने को विवश हैं। बस को डिपो से संचालित करने के लिए लोगों की ड्यूटी लगायी गयी है ऐसे लोगों की भी निंगाह इस समस्या पर नहीं पड़ती।

> इसे तत्काल दुरुस्त करवाया जा रहा है, यात्रियों की सुविधा में किसी भी तरह की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जायेगी।
>
> **गौरव वर्मा**
> **क्षेत्रीय प्रबंधक, वाराणसी परिक्षेत्र**

### अलाव तापते समय वृद्ध झुलसा

वाराणसी। अलाव तापते समय आग की चपेट में आने से जंसा थाना क्षेत्र भिटकुरी निवासी शिवनाथ प्रसाद गौंड 74 वर्ष गम्भीर रूप से झुलस गये। परिवार के लोगों ने उन्हें मण्डलीय अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टर के अनुसार उनके शरीर का 70 फीसदी हिस्सा झुलस गया है, उनकी हालत गंभीर है।

### वाराणसी में आज का तापमान

हवाई अड्डे पर स्थित मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार को आद्रता 88 प्रतिशत, तापमान 10.4 डिग्री न्यूनतम अधिकतम 13.4 डिग्री रहा।

## सावित्रीबाई फुले के संघर्षों को किया याद

**वाराणसी।** शहीद भगत सिंह यूथ ब्रिगेड की ओर से देश की प्रथम महिला शिक्षिका क्रांतिज्योति माता सावित्रीबाई फुले की जयंती चुरामनपुर में मनाई गई। इस मौके पर माता सावित्रीबाई फुले के संघर्षों को याद किया गया तथा उनके विचारों को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लेते हुए प्रदेश में पूर्ण रूप से शराब बंद करने की मांग की गई। इस मौके पर जन अधिकार पार्टी के युवा मंडल अध्यक्ष बबलू मौर्य ने कहा कि माता सावित्रीबाई फुले भारत की पहली महिला शिक्षिका रहीं जिन्होंने महिलाओं को शिक्षित कर आत्मसम्मान के साथ जीना सिखाया। इसके पूर्व माता सावित्रीबाई फुले के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस मौके पर बबलू मौर्य ,आशीष कुमार ,आल्हा पटेल, विपीन दुबे, ई मनोज मौर्य,रामजी गौड़ ,बृजेश महादेव ,धीरेंद्र, समलेश पटेल, बृजेश, किशन मौर्य आदि मौजूद थे। इसी तरह महान दल जिला इकाई की ओर से मढ़ौली में सावित्री बाई फुले की जयंती राकेश मौर्य की अध्यक्षता में मनायी गई। इस मौके पर राहुल मौर्य, संदीप मौर्य, राजन शिखर मौर्य, पप्पू, विश्वजीत वर्मा, राकेश आदि ने विचार व्यक्त किये।



## महिला बोगी में पुरुषों का कब्जा, कराया खाली

**वाराणसी।** नई दिल्ली-बनारस सुपरफास्ट एक्सप्रेस में अनाधिकृत रूप से दाखिल लोगों को आरपीएफ ने खदेड़ दिया। महिला यात्री की शिकायत पर पहुंचे जवानों ने लड़को को हिदायत भी दी। मिली जानकारी के अनुसार राजातालाब निवासी प्रियंका दिल्ली से लौट रहीं थीं। कानपुर स्टेशन से कुछ युवक ट्रेन की महिला बोगी में दाखिल हो गए। विरोध करने पर महिलाओं से युवक उलझ गए। इसकी शिकायत आरपीएफ से की गई। ज्ञानपुर के समीप पहुंचे आरपीएफ के जवानों ने महिला बोगी को अनधिकृत लोगों से मुक्त कराया।

## बालिका हॉकी प्रतियोगिता में वाराणसी व भदोही बने विजेता




**हरहुआ।** हॉकी वाराणसी के बैनर तले विकास ग्रामीण महिला खेल अकादमी परमानंदपुर में आयोजित बालिका हॉकी प्रतियोगिता में वाराणसी ने जूनियर वर्ग व भदोही ने सब जूनियर वर्ग खिताब जीता। जूनियर वर्ग में वाराणसी ने पहले चंदौली को 5-3 से हराया। जबकि फाइनल में वाराणसी ने भदोही को 3-2 से पराजित किया। सोनल, संजना व रौशनी ने गोल किया। सब जूनियर वर्ग के फाइनल में भदोही ने वाराणसी को 3-2 से मात दी। मैच से पहले हॉकी वाराणसी की विशेष सलाहकार आकांक्षा सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि हॉकी वाराणसी के प्रेसिडेंट डॉ. एके सिंह ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। घनश्याम चोटीवाला, मुनावर हुसैन व राजकमल ने निर्णायक की भूमिका निभाई। संचालन इदरीस अहमद ने किया।

# पर्यटन स्थलों को विकसित करने में जुटी योगी सरकार

**गुड न्यूज**

**चंदौली प्राकृतिक वाटरफॉल, फाउंटेन, ऐतिहासिक रॉक पेंटिंग और प्राकृतिक सौंदर्य के खजाने से भरा पड़ा**



चंदौली के नौगढ़ में स्थित औरवाताड़ वाटर फॉल का अवलोकन करती चंदौली डीएम ईशा दुहन

**वाराणसी।** योगी सरकार प्रदेश के अनछुए पर्यटन स्थलों को खोज कर विकसित करने में जुटी हुई है। वाराणसी की सीमा से सटे चंदौली में औड़वाताड़ प्राकृतिक वाटर फॉल, दुर्लभ प्रागैतिहासिक शैल चित्र और अन्य प्राकृतिक सौंदर्य से पटा पड़ा है, जो इको पर्यटन की दृष्टि से काफी महत्पूर्ण है। औरवाताड़ के प्राकृतिक सौंदर्य को निखारने के लिए चंदौली जिलाधिकारी ने दो करोड़ का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा है।

योगी सरकार इको टूरिज्म के विकास के लिए सभी संभावनाओं पर तेजी से काम कर रही है। धान का कटोरा कहा जाने वाला चंदौली अपने नेचुरल ब्यूटी के लिए भी जाना जाता है। चंदौली अनेक प्राकृतिक वाटर फॉल, फाउंटेन, ऐतिहासिक रॉक पेंटिंग और प्राकृतिक सौंदर्य के खजाने से भरा पड़ा है। पूर्व की सरकारों के ध्यान न देने से प्रकृति का ये अनोमल खजाना जंगल में वर्षों से गुम पड़ा है, जिससे लोग इसके सौंदर्य का आनंद नहीं ले पा रहे हैं। जिलाधिकारी चंदौली ईशा दुहन ने बताया कि चंदौली में ढ़ेर सारी प्राकृतिक सौंदर्य की जगहें हैं। जो पर्यटन की दृष्टि से काफी महत्पूर्ण हैं। उन्होंने बताया कि औरवाताड़ को इको टूरिज्म के रूप में विकसित करने के लिए शासन को दो करोड़ का प्रस्ताव भेजा गया है।

### पूर्वांचल के हिल स्टेशन के रूप में जाना जाता है चंदौली

वाराणसी समेत पूर्वांचल के लिए के लोगों के लिए चंदौली हिल स्टेशन जैसे प्राकृतिक सौंदर्य वाले पर्यटन स्थल के रूप में शुमार होने वाला है, जिससे पर्यटन उद्योग को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोगों को रोजगार मिलने से उनके जीवन स्तर में सुधार होगा।

### स्थानीय चीजों के प्रयोग से होगा निर्माण

डीएम ने बताया कि औरवाताड़ तीन तरफ से प्राकृतिक वादियों से घिरा और लगभग 200 फिट से गिरने वाले वाटर फाल के आस पास दुर्लभ प्रागैतिहासिक शैल चित्र हैं। इस क्षेत्र को पर्यावरण के अनुकूल स्थानीय उत्पाद और तकनीकी से पर्यटन स्थल के तौर पर विकसित करने के लिए शासन को भेजे गए प्रस्ताव में स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ाने का ध्यान रखा गया है। मचान से प्राकृतिक सौंदर्य देखने के साथ ही नेचर फोटोग्राफी की जा सकती है। साथ ही पर्यटकों के एडवेंचर गेम के लिए रॉक क्लाइम्बिंग, जिप लाइन, लो रोप कोर्स, कमांडो नेट वाल, टायर नेट वाल आदि होगा। वहीं स्थानीय मटैरियल और तकनीकी का प्रयोग करके प्रशासनिक भवन, स्थानीय पत्थरों से भव्य औड़वाताड़ प्रवेश द्वार का निर्माण, स्थानीय उत्पादों की बिक्री के लिए बास से बनी दुकानें, प्राकृतिक लकड़ी सौगान से वुड रेलिंग, पार्किंग, क्षेत्र की पूरी जानकारी के साथ साइनेज, सैंड स्टोन से बने बेंचेज और क्षेत्र की खूबसूरती बढ़ाने के लिए लैंडस्केपिंग की जाएगी।

### किसानों की समृद्धि का आधार बनेगी जैविक खेती

**दानगंज।** खेतों में अंधाधुंध व असंतुलित रसायनों का प्रयोग अब खतरनाक मोड़ पर है,यदि समय रहते हम सावधान नहीं हुए तो हरित क्रांति से उपजी खुशहाली का रंग फीका पड़ सकता है। ऐसे में यह जरूरी है कि किसान भाई धरती मां को स्वस्थ रखने व गुणवत्तायुक्त खाद्यान्न उत्पादन के लिए जैविक खेती को अपनाएं। उक्त सलाह क्षेत्र के मवइयां मे मंगलवार को आयोजित किसान मेला में चोलापुर ब्लाक के पूर्व ब्लाक प्रमुख त्रिभुवन नारायण सिंह ने किसानों को दी। कृषि विज्ञान केन्द्र के कृषि वैज्ञानिक डा.राहुल सिंह ने किसानों को मौसम के मिजाज को देखते हुए फसलों को पाला व झुलसा रोग से बचाने के तरीकों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। उप कृषि निदेशक अखिलेश कुमार सिंह के आदेशानुसार किसान मेला का आयोजन कृषि विभाग व इश एग्रीटेक के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कृषि विशेषज्ञ रामलाल विश्वकर्मा ने किसानों को जैविक खेती के लिए उपयोगी देशी गाय के महत्व व गोमूत्र पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। नमामि गंगे योजना के प्रोजेक्ट हेड स्वामी शरण कुशवाहा ने किसानों को जंगली जानवरों से फसल सुरक्षा के लिए दशपर्णी अर्क का प्रयोग करने की सलाह दी। अध्यक्षता क्षेत्र के प्रगतिशील किसान विद्याशंकर पाण्डेय ने की।

# शीतलहर में शिशुओं का रखें ख्याल

जनसंदेश न्यूज

**जानकारी**

**सिर, गला, हाथ और पैरों को ऊनी कपड़ों से ढंके**

**गर्म व ताजे खानपान को करें दिनचर्या में करें शामिल**

**वाराणसी।** कड़ाके के इस ठंड में शिशु की देखभाल करना बहुत जरूरी है। नवजात की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है। इस कारण इनको सर्दी-जुकाम और बुखार की समस्या जल्दी हो जाती है। इसलिए इनके प्रमुख अंगों को ढंककर रखें। सीएमओ डॉ. संदीप चौधरी ने बताया कि शीतलहर में बच्चों को बिना कार्य के बाहर नहीं निकलें। कम से कम यात्रा करें। साथ ही गर्म उनी कपड़े से सिर, गला, हाथ और पैरों को ढक कर रखें।

गर्म ताजा एवं पौष्टिक भोजन करें। विटामिन-सी की प्रचुरता वाले फल और सब्जी का अधिक सेवन करें, जो शरीर की प्रतिरोधक क्षमता तथा तापमान को नियंत्रित रखती है। नियमित अंतराल पर गुनगुना पानी पीते रहें।

बंद कमरे में लकड़ी या कोयला न जलाएं। इससे जानलेवा गैसें निकलती हैं। शीतलहर के दौरान शरीर के तापमान में गिरावट आने से कपकपी बोलने, सीने में तकलीफ, मांस-पेशियों में खिचाव. सांस लेने में तकलीफ, बेहोशी एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्या जैसे फ्लू, बहती नाक आदि बीमारियां हो सकती हैं। ऐसे लक्षण दिखने पर तत्काल चिकित्सकों से संपर्क कर इलाज कराएं। मंडलीय चिकित्सालय की वरिष्ठ शिशु रोग विषेशज्ञ डॉ मृदुला मलिक ने बताया कि शीतलहर में शिशु के शरीर के प्रमुख अंगों को ढंककर रखें, इन दिनों शिशु को आवश्यकतानुसार गर्म मुलायम कपड़े पहनाएं। इस बात का ध्यान रखें कि बच्चे का सिर, गला और हाथ पूरी तरह से ढका हुआ हो, पैरों में गर्म मोजे हों। ठंड के दिनों में बच्चों को स्किन रैशेज का खतरा ज्यादा रहता है क्योंकि बच्चे दिन भर कपड़ों में ढके रहते हैं। गर्म पानी और तरल पदार्थ खिलाते रहें।

# गत उपजेता ईश्वरदेव बड़ी जीत से फाइनल में

**मीडिया क्रिकेट**

**एकतरफा मुकाबले में गर्दे एकादश को 87 रनों से हराया**

**वाराणसी।** 'प्लेयर ऑफ द मैच' अमित मिश्र के हरफनमौला प्रदर्शन (55 रन और 3/14) के सहारे गत उपजेता ईश्वरदेव मिश्र एकादश ने मंगलवार को डॉ. संपूर्णानंद स्टेडियम में गर्दे एकादश को 87 रनों से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। काशी पत्रकार संघ से संचालित वाराणसी प्रेस क्लब के बैनर तले आनंद चंदोला खेल महोत्सव के तहत खेली जा रही 35वीं कनिष्कदेव गोरावाला स्मृति मीडिया क्रिकेट प्रतियोगिता के ग्रुप बी मैच में टॉस जीतकर पहले खेलते हुए ईश्वरदेव मिश्र एकादश ने 20 ओवरों में आठ विकेट पर 164 रन बनाए। अमित के अलावा, सोनू ने नाबाद 20 और पुरुषोत्तम ने 16 रनों का अंशदान किया। जवाब में विपक्ष की सधी और सटीक गेंदबाजी के आगे गर्दे एकादश की टीम निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट की क्षति पर 77 रन ही बना सकी। इसमें सर्वाधिक अंशदान श्रीमान अतिरिक्त (26) का रहा। घनश्याम (23 रन) और सौरभ यादव (15 रन) को छोड़ अन्य कोई बल्लेबाज दहाई में नहीं पहुंच सका। आरपी गुप्त और चंद्रप्रकाश ने अम्पायरिंग की जबकि अनिल यादव स्कोरर रहे। लीग दौर के अंतिम मुकाबले में बुधवार को गत चैंपियन पराड़कर एकादश व हृदय प्रकाश एकादश की टीमें आमने-सामने होंगी।

## संक्षेप

### पुलिस तटरक्षक महानिदेशक ने देखा पुरावशेष

सारनाथ। पुलिस तटरक्षक महानिदेशक धीरेंद्र सिंह पठानिया ने मंगलवार को सारनाथ स्थित पुरावशेषों को देखा एवं उनकी ऐतिहासिकता को जाना। पुलिस तटरक्षक महानिदेशक नई दिल्ली धीरेंद्र सिंह पठानिया शाम साढ़े तीन बजे परिवार के साथ पुरातात्विक संग्रहालय पहुंचे। उन्होंने कॉमन में रखे भारत के राष्ट्रीय चिन्ह चार सिंह शीर्ष को देखा एवं ऐतिहासिक पृष्ठभूमि की जानकारी ली। इसके बाद बौद्ध गैलरी में रखे भगवान बुद्ध से संबंधित प्रतिमा एवं हिन्दू गैलरी में देवी देवताओं की मूर्तियों को देखा। इसके बाद उन्होंने पुरातात्विक उत्खनित स्थल परिसर स्थित धर्मराजिका स्तूप, अशोक की लाट, मुलगन्ध कुटी मंदिर अवशेष को देखा व ऐतिहासिक पृष्ठभूमि की जानकारी ली। धमेख स्तूप की परिक्रमा भी की। इस दौरान उन्होंने परिवार के साथ सेल्फी भी खींची।



### पैंगों की चाल देख सहमे यात्री



**वाराणसी।** कैंट स्टेशन (वाराणसी जंक्शन) पर संदिग्धों पर पैनी नजर रखने लिए आरपीएफ के बेड़े में कुछ दिनों पूर्व शामिल पैंगों (डॉग) ने अब अपना मोर्चा संभाल लिया है। मंगलवार को यात्रियों के बीच संदिग्धों की जांच करने निकले पैंगों को देख एक बार तो यात्री सहम गये। लेकिन बाद में रुटीन जांच की बात सुन सभी ने राहत की सांस ली। दरअसल आतंकी घटनाओं का दंश झेल चुके कैंट स्टेशन पर बहुत दिनों से डॉग कैनल बनाने की बात चल रही थी इसको देखते हुए पैंगों के लिए कैनल बनाया गया। मंगलवार को कैंट स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक से लगायत पांच तक सभी स्थानों पर पैंगों ने जांच किया इसके साथ ही ट्रेनों में भी यात्रियों पर नजर रखा। आरपीएफ के जवानों के साथ चहलकदमी करते हुए पैंगों को जहां कुछ संदिग्ध लगा वहीं कुछ देर ठहरने पर उसके विचार के बाद आरपीएफ के जवान भी वहीं जांच करते नजर आएं।

### जीआरपी ने दो वारंटी को किया गिरफ्तार

वाराणसी। न्यायालय के दो वांछित को जीआरपी कैंट ने मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कैंट जीआरपी प्रभारी हेमंत सिंह ने बताया कि न्यायालय से निर्गत वसूली वारंट न्यायालय एसीजेएम एनआर द्वारा निर्गत एनबीडब्लू केस नं. 115 / 18 राज्य बनाम सुखराज (46)पुत्र रामरखन निवासी चकमान एवं नन्हकू (70)पुत्र स्व. सुक्खू निवासी कावल थाना ज्ञानपुर जिला रविदासनगर के लिए उनके घर पर दबिश देकर गिरफ्तार कर दोनों को न्यायालय प्रस्तुत करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। गिरफ्तार करने वालों में साहब सिंह चौकी माधो सिंह व हे का. जय प्रकाश शामिल रहे।



### आसभैरव में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

वाराणसी। भारत भारती परिषद की ओर से मंगलवार को आसभैरव स्थित अग्रवाल भवन में श्रीमद्भागवत सप्ताह का संगीतमय आयोजन का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर चौखम्भा स्थित षष्ठपीठ गोपाल मंदिर से गाजे-बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ गोपाल मंदिर के गो. प्रियेन्दु बाबा ने किया। शोभायात्रा विभिन्न मार्गो से होती हुई आसभैरव स्थित अग्रवाल भवन आकर समाप्त हुई। शोभायात्रा में महिलाएं मंगल कलश लेकर चल रही थीं जबकि अन्य श्रद्धालु भजन कीर्तन करते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा में पोथी लेकर अध्यक्ष अशोक बल्लभदास, मुख्य संयोजक दीपक अग्रवाल, दिनेश यादव, किशन जायसवाल, डा. जयशंकर जय, अशोक अग्रवाल, रचना अग्रवाल, संजय अग्रवाल, संतोष अग्रवाल समेत काफी लोग शामिल थे। मानव का जीवन भक्ति रस से ओतप्रोत हो जाता है तथा से मनुष्य के समस्त दुखों का निवारण हो जाता है। इसके साथ ही जन्म जन्मांतर के समस्त पापों का शमन हो जाता है।



### श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर अतिक्रमण को तत्काल हटाया जाय

वाराणसी। मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर अवैध रूप से निर्मित अतिक्रमण को तत्काल हटाया जाय। इस संदर्भ में गलत तरीके से किया समझौता भी तत्काल रद्द कर सम्पूर्ण 13 एकड़ 37 डिसमिल भूमि श्रीकृष्ण जन्मभूमि को सौंपी जाय। यह उद्गार मंगलवार को आदि महादेव धर्मालय मुक्ति न्यास के प्रबंध ट्रस्टी व संयोजक डा. राम प्रसाद सिंह ने मलदहिया स्थित कार्यालय में आयोजित बैठक में व्यक्त किये। वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा. सोहन लाल आर्य ने कहा कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि का इतिहास जो मुगल व इस्लाम की उत्पत्ति से पहले का है आज भी मथुरा म्यूजियम में सुरक्षित है। ट्रस्ट के महासचिव अनुराग त्रिवेदी ने कहा कि अब समय आ गया है श्रीराम जन्मभूमि की तर्ज पर श्रीकृष्ण जन्मभूमि व आदिविशेश्वर काशी मंदिर सहित सभी देवस्थानों को मुक्त कराया जायेगा। बैठक की अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष संजीव चंद त्रिपाठी ने की। बैठक में आरके अग्रवाल, बाल गोपाल शाह, अरविंद गुप्ता, अजय शास्त्री, मदन मोहन यादव, सुभाष चतुर्वेदी, दीपक सिंह, सुनील अग्रवाल आदि मौजूद थे।

### विद्युतकर्मियों का प्रतिनिधिमंडल अधिकारियों से मिला

वाराणसी। विद्युत मजदूर संगठन एवं विद्युत संविदा मजदूर संगठन स्थानीय इकाई का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को पूर्वांचल-डिस्कॉम के निदेशक-कार्मिक, निदेशक-तकनीकी एवं मुख्य अभियंता से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण के बाबत जहां वार्ता की। वहीं बेहतर उपभोक्ता सेवा देने का संकल्प दोहराया। अधिकारियों ने कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण का भरोसा दिलया। प्रतिनिधिमंडल में पूर्वांचल अध्यक्ष इंद्रेश राय, प्रदेश महामंत्री राहुल कुमार, पूर्वांचल महामंत्री वेद प्रकाश राय, संजय सिंह, राजकुमार यादव, विजय नारायण हिटलर, संदीप कुमार, प्रशांत सिंह गौतम आदि थे।

### बीएचयू के सलाहकारों को कार्य का आवंटन

वाराणसी। बीएचयू के कुलपति प्रो. सुधीर कुमार जैन ने सलाहकारों के कार्य का आवंटन कर दिया है। इसके तहत सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर नरींदर सिंह विश्वविद्यालय के आउटसोर्सड स्टॉफ के समय पर वेतन भुगतान, परिसम्पत्ति विवाद व विधिक मामलों तथा आगंतुकों के बेहतर अनुभव आदि विषयों पर विश्वविद्यालय प्रशासन का सहयोग करेंगे। जबकि सेवानिवृत्त कर्नल मनीष शर्मा सर सुंदरलाल चिकित्सालय के चिकित्सा अधीक्षक का आंतरिक व बाह्य हितधारकों के अनुभव बेहतर करने के संबंध में सहयोग करेंगे।

### बड़ागांव बाजार में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा

बड़ागांव। बड़गांव बाजार में स्थित श्री ठाकुर चतुर्भुज राम जानकी मंदिर के विशाल प्रागंण में मंगलवार से सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। कथा के पूर्व मंदिर परिसर से एक विशाल कलश शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें आगे आगे बाजार के व्यापारी ध्वज पताका लेकर चल रहे थे वहीं पीछे पीछे सैकड़ों महिलाएं एवं बच्चियां भी सिर पर कलश रखकर पूरे बाजार का परिक्रमा करते हुए चल रही थीं। कथा की अमृत वर्षा प्रतिदिन शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक अंतरराष्ट्रीय कथा वाचिका देवी नेहा सारस्वत के सानिध्य में भक्तों को श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराया जायेगा। जो 3 जनवरी से 9 जनवरी तक चलेगा। जिसके पश्चात 10 जनवरी को हवन पूर्णाहुति के साथ भण्डारे का आयोजन भी किया गया है।

### हजूर उदित नाम साहेब की पुण्यतिथि मनाई गई

वाराणसी। लहरतारा प्राकट्य धाम स्मारक के संस्थापक पंथ हजूर उदित नाम साहेब की 25वीं पुण्यतिथि मनायी गई। इस अवसर पर भंडारा का भी आयोजन किया गया। इस दौरान कबीर पंथ के भक्तों ने हजूर उदित नाम साहेब के समाधि पर चादर भेंट किया। कार्यक्रम में पधारे भक्तों ने चादर व पुष्प समर्पित कर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किये। प्रारंभ में महंत राधेश्याम शास्त्री ने स्वागत भजन सुना कर कार्यक्रम की शुरूआत की। उसके पश्चात राजस्थान व अन्य राज्यों से पधारे सभी कबीरपंथ के भक्तों ने भी श्री उदित नाम साहेब के त्याग तत्व तथा उनके द्वारा कबीर पंथ के लिए किए गए कार्यों को स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया। रात्रि में स्वास्तिक आनंद चौका आरती पूजा विधि के साथ संपन्न हुआ। संस्मरण सभा में धर्माधिकारी सुधाकर शास्त्री और पंचमी हजूर अर्ध नाम साहेब ने उदित नाम साहेब को स्मरण करते हुए उनके त्याग के प्रतीक और तपस्या का फल आज लहरतारा धाम के रूप में हम सबकी धरोहर है।

### काशी कोतवाल कालभैरव बाबा का हुआ भव्य शृंगार

**वाराणसी।** नये वर्ष के प्रथम मंगलवार को काशी कोतवाल कालभैरव बाबा का भव्य शृंगार किया गया। बाबा का पूर्ण रूप से पंचबदन का शृंगार किया गया था। इस मौके पर सर्वप्रथम बाबा का स्नान करा कर उन्हें नवीन परिधान धारण कराया गया। इसके साथ ही विविध प्रकार के नैवेद्य आदि का भोग लगाया गया। पूर्वाह्न में बाबा का शृंगार कर दर्शनार्थियों के लिए मंदिर का पट खोल दिया गया। इसके साथ ही मंदिर में दर्शन-पूजन प्रारंभ हो गया। महंत लिंगिया महराज पं. शिव प्रसाद पांडेय ने बताया कि विश्व कल्याणार्थ नववर्ष के प्रथम मंगलवार को कालभैरव बाबा का शृंगार पूर्णरूपेण पंचबदन का किया गया। शृंगार के दर्शन को लेकर मंदिर दोपहर से लेकर रात्रि तक दर्शनार्थियों के आने का क्रम जारी था। मंगलवार का दिन होने से मंदिर में भीड़ और भी बढ़ गई थी। मंदिर के महंत पं. शिव प्रसाद पांडेय, पं. अविनाश पांडेय व पं. अवशेष पांडेय कल्लू महराज ने रात्रि में बाबा की महाआरती की। बाबा का दर्शन-पूजन रात्रि तक चलता रहा।



## संक्षेप

### शैलेश यादव की सफलता पर गांव में खुशी



**सिकन्दरपुर (बलिया)।** क्षेत्र के डूहा-बिहरा ग्राम के निवासी शैलेश यादव ने लखनऊ विश्वविद्यालय लोक प्रशासन विषय में कृषि आधारित उद्योग का उत्तर प्रदेश राज्य के विकास में योगदान में फैजाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एवं लखनऊ विश्वविद्यालय के लोक प्रशासन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो डॉ. मनोज दीक्षित के मार्गदर्शन में सफलता पूर्वक शोध कार्य पूर्ण किया। उनका कृषि एवं ग्रामीण जीवन जुड़े शोध का विषय यह दशार्ता है कि किसान पुत्र ही गांव किसान की समस्या पर सामायिक समाधान पेश कर सकता है। डॉ. शैलेश के पिता स्व. श्याम लाल यादव किसान थे, पर उन्होंने शिक्षा पर विशेष बल दिया, जिसके बदौलत आज उनके बड़े पुत्र राकेश यादव सीआईएसएफ में उप निरीक्षक के पद पर सेवारत है, वही छोटे पुत्र हरिकेश यादव सहायक अध्यापक है। इस अवसर पर प्रशांत सिंह, मनीष यादव, देवनाथ यादव, अमरेंद्र यादव, अभिषेक तिवारी, राजू, अंकित प्रजापती आदि लोगो ने बधाई दी।

### पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान



**सिकंदरपुर (बलिया)।** सोमवार की देर शाम सिकंदरपुर बस स्टैण्ड चौराहे पर चौकी इंचार्ज बंश बहादुर सिंह के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमे बिना हेलमेट के वाहन चालकों पर भी सख्त दिखे, वही वाहनों के नम्बर प्लेट पर सीधा नम्बर नही लिखवाने पर भी काफी नाराज दिखे व चेतावनी देकर वाहनों को छोड़ दिये। वही चौकी इंचार्ज द्वारा चेकिंग के दौरान पांच दो पहिया वाहनो का चालान भी किया गया। पुलिस के इस अभियान से वाहन सवारों में हड़कम्प मचा रहा। चेकिंग के दौरान कांस्टेबल राजवंत, ओमप्रकाश, गोविंद सोनी सहित अन्य पुलिस के जवान भी मुस्तैद रहे।

### ठंड लगने से मासूम की मौत

**सिकंदरपुर (बलिया)।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के जिंदापुर गांव में ठंड लगने से ढाई वर्षीय बालक की मौत हो गई। बालक की मौत से पूरे परिवार शोक में डूब गया है। जानकारी के अनुसार जिंदापुर गांव निवासी फिरोज खान का ढाई वर्षीय पुत्र उस्मान खान रविवार की देर रात अचानक अचेत हो गया। परिवार वाले आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरपुर ले गए, जहां गहनता से जांच करने के बाद चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

### बंदरों का आतंक, वृद्धा को किया जख्मी

**बैरिया (बलिया)।** क्षेत्र के नौका गांव में बंदरों का आतंक जोरो पर है। मंगलवार को सुबह मे स्नान करने के बाद छत पर कपड़ा सुखाने के लिए बुजुर्ग महिला अपना कपड़ा फैला रही थी। वही छत पर बुजुर्ग महिला को बंदरों ने काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजन महिला को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा ले आए। उक्त महिला के पैर में बंदरों द्वारा काटे गए स्थान पर कई टांके लगाए गए। उल्लेखनीय है कि नवागांव निवासी उर्मिला देवी 55 वर्ष पत्नी धर्मा सिंह स्नान करने के बाद कपड़े को सुखाने के लिए छत पर फैलाने गई। छत पर पहले से ही आधा दर्जन बंदर आपस में लड़ रहे थे। जो महिला को धकेल दिया। महिला के छत पर गिरने के बाद बन्दरो ने पैर मे काट कर बुरी तरह से जख्मी कर दिया।

### एएनएम सेंटर के पास कोविड सेंटर बनाने पर आपत्ति

**बैरिया (बलिया)।** क्षेत्र के नवकागांव के ग्राम प्रधान रजनी सिंह ने एनएम सेंटर के नजदीक ही कोविड सेंटर बनाये जाने के प्रस्ताव पर आपत्ति व्यक्त करते हुए कहा है कि जनहित में सामुदायिक शौचालय व एएनएम सेंटर के पास कोविड सेंटर निर्माण करना उचित नही है। जबकि अराजी नम्बर 735 में लोगों द्वारा जमीन अतिक्रमित कर लिया गया है। वहीं खाता संख्या 735 राजस्व विभाग के दस्तावेज में खलिहान के नाम से दर्ज है। इस जमीन को ग्राम पंचायत के नाम करके इसमें कोविड सेंटर का निर्माण कराया जा सकता है। जनहित में उपजिलाधिकारी से इस संदर्भ में तत्काल निर्णय लेने का आग्रह ग्राम प्रधान ने किया है। ताकि कोविड सेंटर का निर्माण भी कराया जा सके और सरकार मंशा के अनुरूप कार्य हो सके।

### गोंगपा का धरना-प्रदर्शन 27वें दिन भी जारी

**बलिया।** निकाय चुनाव में एसटी हेतु सीटें आरक्षित करने की मांग को लेकर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का धरना प्रदर्शन 27वें दिन भी जारी रहा। मॉडल तहसील पर चल रहे धरने को संबोधित करते हुए पार्टी के जिला सचिव परशुराम खरवार ने कहा कि नगर पंचायत चुनाव 2012 व 2017 में जिस प्रकार से अनुसूचित जनजाति हेतु सभासद की सीटें आरक्षित थी। उसी प्रकार वर्तमान समय में होने जा रहे निकाय चुनाव में भी संवैधानिक रूप से अनुसूचित जनजाति की सीटें आरक्षित की जानी चाहिए। संवैधानिक अधिकार प्राप्त होने तक गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का धरना जारी रहेगा। धरना सभा में गोपाल जी खरवार, ओमप्रकाश गोंड, परशुराम खरवार, चन्द्रशेखर खरवार, दुर्गविजय खरवार, आईपीएस के जिलाध्यक्ष सुरेश शाह, अनिल गोंड, दीपू गोंड, विक्की गोंड, राजेश कुमार, शिवम गोंड, विनीत गोंड, सुमित गोंड आदि मौजूद रहे।

### बेतरतीब खड़े वाहनों से लगा रहा जाम

**बलिया।** यातायात विभाग हर रोज जाम को लेकर परेशान रहता हैं लेकिन शहर में जाम की समस्या जस का तस बना हुआ है। शहर में यातायात विभाग के लिए नासूर बन चुके जाम का मुख्य कारण सड़क किनारे बेतरतीब खड़े वाहन है। चित्तू पांडेय चौराहा से मालगोदाम चौराहे तक सड़क के दोनों ओर खुली दुकानों पर खरीदारी करने पहुंचे ग्राहकों के वाहन दुकानों के सामने सड़क पर ही खड़े होते है। यहां तक की सड़क पर पटरियों पर लोग अपना वाहन खड़ा देते है। ऐसे में जाम लगना आम बात हो गयी है। लोगों की लापरवाही शहर की ट्रैफिक व्यवस्था पर भारी पड़ रही है।

# साधन सहकारी समिति पर खाद गायब, किसानों में आक्रोश

**लापरवाही**

### दोपहर तक समिति का नहीं खुला ताला, रात को होता है खेल



साधन सहकारी समिति बंद होने पर बाहर खड़े किसान।

**बांसडीह (बलिया)।** स्थानीय साधन सहकारी समिति पर खाद नहीं मिलने से क्षेत्रीय किसानों में नाराजगी है। मंगलवार के दिन साधन सहकारी समिति पर खाद लेने के लिए किसानों का सुबह से ही जुटना शुरू हो गया लेकिन दोपहर तक साधन सहकारी समिति का ताला ही नहीं खुल सका, जिससे किसान काफी नाराज देखें गये। किसानों का आरोप है कि आम किसानों को सोसायटी द्वारा खाद नहीं दिया जा रहा है, वही कुछ खास लोगों से अवैध पैसा लेकर रात्रि के समय खाद दिया जा रहा है।

किसानों ने इसकी शिकायत पत्रक देकर बांसडीह नायब तहसीलदार से किया। क्षेत्र के पर्वतपुर निवासी किसान राजेंद्र राजभर, प्रेम जी प्रसाद का कहना है कि सुबह से ही सोसायटी पर बैठे हैं लेकिन खाद नहीं मिला। उधर हमारी खेती खराब हो रही है। इधर सोसायटी पर खाद नहीं मिल रहा है। सोसायटी पर खाद नहीं मिलने से समाजिक, आर्थिक तथा मानसिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। आदर गांव निवासी रजत का कहना है कि लगातार दो दिनों से खाद के लिए सोसायटी पर दौड़ रहा हूं लेकिन खाद नहीं मिल रहा है।

आज भी सुबह से ही सोसायटी पर बैठा हूं, बावजूद इसके खाद नहीं मिला। बताया की खाद मिलना तो दूर की बात सोसायटी का ताला भी नहीं खुला।

**नायब तहसीलदार से मिले किसान**

किसान अभिषेक मिश्र मिंटू के नेतृत्व में किसानों ने नायब तहसीलदार अंजू यादव से मामले की जांच कर किसानों को तत्काल खाद दिलाने की मांग किया है। पत्रक देने वालों में दीपक तिवारी, मनु शर्मा, योगेन्द्र सिंह, प्रदीप गुप्ता, रघुवर चौहान, गोविन्द यादव, संदीप यादव, आकाश कुमार आदि ने आरोप लगाया है कि आम किसानों को खाद नहीं मिल रहा है। सोसायटी द्वारा रात के समय विशेष लोगों से पैसा लेकर खाद दिया जा रहा है।

# पोखरे में डूबने से युवक की मौत

जनसंदेश न्यूज



**सहतवार (बलिया)।** नगर पंचायत के बहुचर्चित योगीराज श्री चैनराम बाबा समाधि स्थल स्थित पोखरे में सोमवार की सायं 4 बजे के करीब एक नवयुवक के डूबने से मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस सहित नगर पंचायत के लोग मौके पर पहुंच गए। स्थानीय लोगों द्वारा लगभग 3 घंटे तक पोखरे में शव को निकालने का प्रयास किया गया। लेकिन शव नहीं मिल पाया।

पुलिस द्वारा गोताखोरों को बुलाया गया। देर सायं लगभग 8 के करीब गोताखोरों की सहायता से शव को पोखरे से बाहर निकाला गया। सहतवार पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही के पश्चात पोस्टमार्टम हेतु जिला चिकित्सालय भेज दिया। बताया जा रहा है कि हिमांशु सोनी 18 वर्ष पुत्र नंदलाल सोनी नगर पंचायत के वार्ड नंबर 4 का रहने वाला है। सोमवार की सायं 4 बजे के करीब हिमांशु चैनराम बाबा समाधि स्थल पर दर्शन पूजन हेतु गया था। बाबा के यहां मान्यता रही है कि पूजन के पूर्व समाधि स्थल स्थित पोखरे में श्रद्धालु अपना हाथ पैर धोने के बाद ही पूजा करने जाते है। हिमांशु पूजन से पूर्व पोखरे में हाथ पैर धोने के लिए नीचे उतरा ही था कि पैर फिसल जाने की वजह से पोखरे में चला गया। हिमांशु तैरना नहीं जानता था। जिससे पोखरे में डूबने से ही उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। स्थानीय लोगों द्वारा बताया जा रहा है कि मृतक हिमांशु दो भाई तथा एक बहन है। मां सुमन देवी का बड़े पुत्र के मौत से रो रो कर बुरा हाल हो गया है।

### साइबर सेल ने वापस कराये 1.40 लाख रुपये

**बलिया।** साइबर सेल द्वारा धोखाधड़ी कर अज्ञात व्यक्ति द्वारा निकाले गये 1,39,900 रुपए खाताधारक के खाते मे वापस कराया गया। वापस पैसे मिलने के बाद खाताधारक ने साइबर सेल टीम को धन्यवाद दिया। पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर व नोडल साइबर सेल बलिया के निर्देशन मे साइबर सेल द्वारा तत्काल शिकायत को संज्ञान मे लेते हुए त्वरित विधिक कार्यवाही की गयी। जानकारी के अनुसार आठ दिसंबर को शिकायतकर्ता विजय कुमार वर्मा पुत्र राज नारायण वर्मा निवासी ग्राम नौकागांव थाना रेवती द्वारा पुलिस कार्यालय मे एक शिकायती प्रार्थना पत्र देकर बताया गया कि शिकायतकर्ता के भारतीय स्टेट बैंक के खाते से छह दिसंबर 2022 को कुल 194899 रुपए फर्जी तरीके से निकाल लिया गया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मंगलवार को शिकायतकर्ता के खाते में धोखाधड़ी की धनराशि 139900 रुपए (एक लाख उन्तालिस हजार नौ सौ रुपए) वापस कराया गया। शिकायतकर्ता के धोखाधड़ी की शेष धनराशि को वापस कराने का निरन्तर प्रयास किया जा रहा है। वहीं साइबर सेल टीम ने बताया कि किसी भी प्रकार का साइबर अपराध होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या वेबसाइट पर शिकायत दर्ज करायें।

# आयुक्त आजमगढ़ के पत्र को रजिस्टार कानूनगो ने दबाया

**किसानों का आरोप**

### ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे के भूमि अधिग्रहण का मामला



एसडीएम को प्रतिवेदन देते किसान।

**बैरिया (बलिया)।** ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे के लिए अधीग्रहण होने वाली भूमि के कम दर को लेकर किसानो मे आक्रोश था। प्रत्येक मंगलवार को किसान तहसील पर धरना देकर ज्ञापन सौपते थे। ज्ञापन का संज्ञान लेते हुए आयुक्त आजमगढ़ ने एक पत्र जारी किया था। उक्त पत्र को बैरिया तहसील में तैनात रजिस्टर कानूनगो वशिष्ठ राम ने फाइलों में दबा दिया था। उक्त पत्र के लिए किसान बार-बार लगा चक्कर रहे थे। लेकिन किसानों को वह पत्र नही मिल रहा था। मामला ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के लिए अधिग्रहित होने वाले भूमि से संबंधित था। जिसे लगभग एक पखवारे से रजिस्टार कानूनगो ने अपने फाइलों में दबा दिया था। पूछने पर कह रहा था कि कोई पत्र नहीं आया है। बता दें कि किसान संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष अधिवक्ता धनंजय सिंह ने आयुक्त आजमगढ़ को पत्र देकर आग्रह किया था, कि निर्धारित रेट बहुत कम है। जमीन का मूल्य सबसे कम और सबसे अधिक मूल्य की विक्रय किए गए जमीन का औसत निकाल कर दर निर्धारित होना चाहिए। इस संदर्भ में आयुक्त आजमगढ़ ने सहायक स्टांप आयुक्त बलिया, सब रजिस्टार बैरिया, उप जिलाधिकारी बैरिया को पत्र भेजकर मूल्य निर्धारण किए जाने के संबंध में उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया था, किंतु वह पत्र ही दबा दिया गया था। इसकी जानकारी मंगलवार को किसानों को किसी तरह हुई तो किसानों ने रजिस्टार कानूनगो से पत्र की छाया प्रति मांगना शुरू किया। काफी जद्दोजेहद के बाद पत्र की एक प्रति किसानों को प्राप्त हुई। उसके बाद किसानों ने उस पत्र की छाया प्रति को लगाकर उप जिलाधिकारी बैरिया आत्रेय मिश्र को प्रतिवेदन देकर आयुक्त के आदेश के अनुपालन में किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए अधिग्रहित होने वाली भूमि का मूल्य दोबारा निर्धारण कराने की गुहार लगाई। प्रतिवेदन देने वालों में धनंजय सिंह, नरेंद्र कुमार, सुरेश सिंह, दयाशंकर सिंह, रमेश सिंह सहित दर्जनों किसान शामिल थे। किसानो ने रजिस्टार कानूनगो पर इस लापरवाही के लिए कार्यवायी की मांग की है।







# सहतवार में 19 को आएंगे शिवपाल

**तैयारियां शुरू**

### बद्रीनाथ सिंह की पुण्यतिथि को लेकर हुई बैठक



ब्रदीनाथ सिंह की पुण्यतिथि को लेकर बैठक में शामिल लोग।

**सहतवार (बलिया)।** आगामी 19 जनवरी को आयोजित होने वाले पूर्व चेयरमैन स्वर्गीय बद्रीनाथ सिंह की 21वीं पुण्यतिथि कार्यक्रम के मद्देनजर सोमवार की देर सायं स्वर्गीय बद्रीनाथ सिंह सेवा संस्थान के कार्यकताओं की बैठक बद्रीनाथ सिंह सामुदायिक केंद्र बड़ा पोखरा पर आयोजित की गई। इसमें संस्थान के संरक्षक नीरज सिंह गुड्डू सहित सदस्यों ने पुण्यतिथि की तैयारी एवं अन्य विषयों पर चर्चा की। सेवा संस्थान के सदस्यों को संबोधित करते हुए नीरज सिंह गुड्डू ने कहा कि आप सभी इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के लिए तन मन धन से लग जाए। कहा कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवपाल सिंह यादव होंगे तथा मुख्य अतिथि का स्वागत जगह जगह पर स्थानीय कार्यकताओं द्वारा किया जाएगा। बैठक में अध्यक्ष पवन कुमार गुप्ता, हरि शंकर पांडे, मनोज गुप्ता, सभासद राजेश्वर सिंह, गोपाल जी गुप्ता, राकेश गुप्ता, नारायण जी गुप्ता, संतोष कसेरा, समर बहादुर सिंह, रामजी गुप्ता, अखिलेश पाठक, बालेश्वर गुप्ता, टुनटुन सिंह, बिक्कू सिंह, गोपाल जी गुप्ता, ध्रुव सिंह आदि मौजूद रहे।




# खेलकूद से अनुशासन को मिलता है बढ़ावा

**बोले देवेंद्र नाथ उपाध्याय**

### टाउन पॉलीटेक्निक में वार्षिक खेलकूद का आयोजन

**बलिया।** मनुष्य के जीवन में खेलकूद का बहुत महत्व है। खेलकूद से अनुशासन को बढ़ावा मिलता है। जीवन में सहयोग के बिना कार्य नहीं चल सकता है। इस दुर्लभ मनुष्य जीवन में प्रत्येक को अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देना चाहिए। उक्त बातें देवन्द्र नाथ उपाध्याय ने मंगलवार को टाउन पॉलीटेक्निक में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद समारोह में बतौर मुख्य अतिथि छात्र-छात्राओं को संबोधित कर रहे थे।

प्रधानाचार्य ई. दिग्विजय नारायन सिंह ने कहा कि खेलकूद का अपना एक विशेष महत्व है। खेलकूद से आपसी समझ बढ़ती है। इस अवसर पर इं० ब्रजभूषण, इं० जय प्रकाश पाण्डेय, इं० विजय कुमार सिन्हा, अनिल कुमार शर्मा, ले0 रवि शंकर, कीड़ा अधिकारी इं० राकेश कुमार यादव, विनोद कुमार, निखिलेन्द्र नाथ मिश्र शक्ति प्रकाश, पंकज वर्मा, रजनी कान्त श्रीवास्तव, आशुतोष कुमार राय, रवि प्रकाश सिंह, जीतेन्द्र कुमार पाण्डेय, अंशुमान गौतम आदि की सहभागिता सराहनीय रही।

खेलकूद प्रारम्भ होने के पूर्व छात्र- छात्राओं को खेल में शुचिता एवं निष्पक्षता के लिए शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथि द्वारा मार्च पास्ट की सलामी लेने के बाद खेल-कूद प्रारम्भ करने की घोषणा की गई। पांच ग्रुप आजाद, प्रताप, शिवाजी, अशोक एवं लक्ष्मीबाई में छात्र-छात्राओं को विभक्त कर प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। संचालन जयप्रकाश पाण्डेय एवं अनिल कुमार शर्मा प्रवक्ता द्वय ने किया।

**100 मीटर रेस में सीता शर्मा प्रथम**

100 मीटर लड़कियों के रेस में सीता शर्मा सिविल द्वितीय वर्ष- प्रथम, दीपांजली गुप्ता सिविल द्वितीय वर्ष- द्वितीय, आनन्दी सिंह इलेक्ट्रिकल तृतीय स्थान पर रही। लड़कियों की डिस्कस थ्रो में आनन्दी सिंह प्रथम (14.8 मीटर). सीता शर्मा द्वितीय (12 मीटर) नेहा वर्मा तृतीय (11.95 मीटर) स्थान पर रही।



टाउन पॉलीटेक्निक में खिलाड़ियों का पुरस्कृत करते अतिथि।



# जेएनसीयू में चार दिवसीय दीक्षोत्सव प्रारंभ





जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय के आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी अकादमिक भवन में कुलपति प्रो0 कल्पलता पांडेय ने वाग्देवी सरस्वती और जननायक चंद्रशेखर की प्रतिमा पर पुष्पार्चन कर चार दिवसीय दीक्षोत्सव कार्यक्रम का उद्घाटन किया। अपने उद्बोधन में कुलपति ने कहा कि किसी भी विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह सबसे बड़ा उत्सव होता है। अतः इस उत्सव में छात्र और प्राध्यापक सभी उत्साह पूर्वक सम्मिलित हो। विश्वविद्यालय की गरिमा और मान में वृद्धि करें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय आप लोगों के ज्ञान चिंतन और उच्च चरित्र से आगे बढ़ेगा। उपस्थित लोगों का स्वागत शैक्षणिक निदेशक डॉ० पुष्पा मिश्रा ने किया। कार्यक्रम के संचालन डॉ० अभिषेक मिश्र ने किया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में श्जल संरक्षणश और श्जल संवर्धनश में बलिया के लोगों और प्रशासन की भूमिका शीर्षक निबंध लेखन तथा श्शरद ऋतुश शीर्षक काव्य लेखन प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिताओं का संयोजन डॉ० अभिषेक मिश्र, डॉ० छबीलाल, डॉ० मनोज कुमार ने किया।

सरिता पाण्डेय, डॉ० रजनीश चैबे और डॉ० प्रवीण यादव ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इस अवसर पर दीक्षोत्सव कार्यक्रम की संयोजिका डॉ० प्रियंका सिंह, डॉ० अजय कुमार चैबे, डॉ० विनीत सिंह, डॉ० रूबी, डॉ० संजीव कुमार सहित प्राध्यापक और विद्यार्थी उपस्थित रहे। इसके साथ-साथ विश्वविद्यालय परिषद द्वारा बलिया के ग्रामीण अंचल की महिलाओं के कौशल विकास हेतु 15 दिवसीय बेसिक अकाउंटिंग कोर्स का उद्घाटन भी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 कल्पलता पाण्डेय ने किया। इस कार्यक्रम के तहत ग्रामीण अंचल की महिलाओं को अकाउंटिंग के बेसिक जानकारियों के साथ-साथ कंप्यूटर का परीक्षण दिया जाएगा। इस कार्यक्रम को समाजकार्य विभाग, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और वाणिज्य विभाग मिलकर आयोजित कर रहा है।

# निर्माण कार्यों में लापरवाही देख अचंभित रह गयी जांच टीम

**नगरा (बलिया)।** नगर पंचायत नगरा में एसडीएम के निर्देश पर भगलमपुर, वार्ड नं 10 जनता इंटर कॉलेज गली, वार्ड 12 कुजड़ मुहल्ला गेट मेन, वार्ड नं 9 जय श्री राम कालोनी, नई बस्ती रोड, कोईरी बारी आदि विभिन्न निर्माण कार्यों का जांच मंगलवार को किया गया। नाली, नाली का ढक्कन, पेवर ब्लॉक आदि के जांच के समय निर्माण मे खामियां देख टीम भी अचम्भित हो गयी।



नगरा में निर्माण कार्यों की जांच करती टीम।

जागरुक समाज के लोगों द्वारा उपजिलाधिकारी सर्वेश कुमार यादव से शिकायत किया था कि नगर पंचायत मे कार्यवायी संस्थाओं द्वारा विभिन्न निर्माण कार्यो मे धांधली की गयी है। उपजिलाधिकारी ने लोगों के आरोप के निस्तारण के लिए अवर अभियन्ता की टीम से जांच कराया। जांच टीम ने सभी निर्माण कार्य का भौतिक सत्यापन देख भौंचक रह गये। इस अवसर पर भाजपा आईटी सेल के जिला संयोजक जयप्रकाश जायसवाल, शिवजी मध्येशिया, दिव्य प्रताप सिंह, जनार्दन शर्मा, रितेश यादव, राम प्यारे त्रिपाठी, अनिल प्रजापति, मिथिलेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### सेवानिवृत्त हुए राजस्व निरीक्षक व लेखपालों का विदाई समारोह सम्पन्न



**बैरिया।** तहसील के सभागार में लेखपाल संघ का चुनाव व सेवानिवृत्त हुए राजस्व निरिक्षक व लेखपालों का विदाई समारोह मंगलवार को सम्पन्न हुआ। लेखपाल संघ बैरिया के अध्यक्ष पद के लिए लेखपाल जित्येन्द्र सिंह व लेखपाल राजू यादव दो दावेदारों के बीच सीधा मुकाबला हुआ, जिसमें 14 मत लेखपाल जितेन्द्र सिंह को लेखपाल राजू यादव को 13 मत मिला ऐसे में एक मत से लेखपाल जितेन्द्र सिंह विजयी होकर बैरिया लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष बन गए। वहीं अन्य पदाधिकारियों का निर्विरोध चुनाव हुआ। लेखपाल संघ बैरिया के उपाध्यक्ष संजय सिंह, मंत्री धीरज वर्मा, कनिष्ठ उपाध्यक्ष शिव रंजन ठाकुर, कोषाध्यक्ष शिवशंकर गुप्ता को निर्विरोध सर्वसम्मति से चुना गया। चुनाव अधिकारी सदर तहसील के लेखपाल संघ के अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने विजयी पदाधिकारियों के पद व गोपनीयता का शपथ दिलाया। उक्त मौके पर लेखपाल संघ के जिलाध्यक्ष निर्भय नरायण सिंह, जिलामंत्री मुंन्ना राम, पूर्व अध्यक्ष राजाराम सिंह आदि उपथित रहे। वहीं विदाई व स्वागत समारोह में सेवानिवृत्त हुए देवेंद्र राय राजस्व निरीक्षक, मोतीलाल गुप्ता लेखपाल, राजेन्द्र गुप्ता लेखपाल, रामनरायण सिंह लेखपाल को उपस्थित राजस्व निरीक्षकों, लेखपालों ने अंग वस्त्र व छाता देकर विदाई किया साथ ही सम्मानित किया।

### नियमों को तोड़ सड़कों पर धड़ल्ले से दौड़ रहे वाहन

**बलिया।** यातायात पुलिस की चेकिंग और जागरूकता अभियान के बावजूद लोग नियमों को तोड़ रहे हैं। जिले में यातायात माह बेअसर नजर आ रहा है। एक ही बाइक पर तीन सवारी बैठकर धड़ल्ले से सड़कों पर दौड़ रहे है। यातायात पुलिस द्वारा ऐसे लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है लेकिन कोई असर होता नहीं दिख रहा है। ऐसे लोगों के खिलाफ पुलिस कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं कर पा रही है। यातायात नियमों का पालन सभी के लिए जरूरी है। चेकिंग के दौरान चालान काटकर कार्रवाई की जा रही है। वाहन चालक गुटबाजी करते हुए पुलिस पर ही अनर्गल आरोप लगाकर कार्रवाई रोकने की जुगत में जुटे हैं।यातायात पुलिस और थानों पर तैनात पुलिसकर्मी जगह-जगह यातायात जागरूकता शिविर लगाकर लोगों को जागरूक भी कर रहे है। बाइक चलाते समय हेलमेट पहनने, चार पहिया चलाते समय सीट बेल्ट बांधने, अपनी लेन में चलने, वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात न करने सहित अन्य बिंदुओं की जानकारी लोगों को दी जा रही है। ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने के लिए ई- रिक्शा और टेंपो चालकों को भी प्रशिक्षित किया गया है। बावजूद इसके, कहीं पर भी यातायात माह को लेकर गंभीरता नजर नहीं आ रही है।

### बजबजाती नालियों से मच्छरों की भरमार

**बलिया।** पानी निकास के लिए बनी नालियों की सफाई ना होने से नालियां जाम हो गयी है। साथ ही नालियों का पानी ओवरफ्लो होकर सड़क पर फैल रही है। जाम नालियों से पनपने वाले मच्छरों का आतंक दिन प्रतिदिन बढ़ते ही जा रहा है। शाम के समय तो हालात इस तरह खराब हो जाते है कि दरवाजे पर निकलना भी दूभर हो जाता है। शाम के समय बच्चों और खेलने- कूदने और पढ़ने के दौरान मच्छरों से जंग लड़नी पड़ती है। मच्छररोधी दवाओं के छिड़काव को लेकर नगर पालिका का दर्जनों बार ध्यान आकृष्ट कराने के बावजूद अबतक शहर वासियों को मच्छरों के आतंक से मुक्ति नही मिली।

### अनियंत्रित होकर पलटा टेम्पो, तीन घायल

**रतसर।** पचखोरा-रतसर मार्ग पर पिपरा गांव के समीप मंगलवार की शाम टेम्पो के अनियंत्रित होकर पलटने से दो महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों द्वारा आनन-फानन में तीनों को इलाज के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लाया गया। घायल की पहचान गड़वार थाना क्षेत्र के स्थानीय नगर पंचायत निवासी ब्रजेश शर्मा 35 वर्ष पुत्र गौरी शंकर शर्मा, पकड़ी थाना क्षेत्र के मेउली निवासिनी कमली देवी 40 वर्ष पत्नी नवमी राजभर एवं निशा 18 वर्ष पुत्री नवमी राजभर के रूप में की गई है। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद ब्रजेश शर्मा को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायल ब्रजेश शर्मा ने बताया कि पेन्टिंग का काम करने के लिए रतसर से पचखोरा जा रहे थे कि पिपरा गांव के समीप टेम्पो अनियंत्रित होकर पलट गया। वाहन काफी तेज गति से चल रहा था और टेम्पों में करीब 10 लोग सवार थे। घटना के बाद वाहन चालक टेम्पों लेकर फरार हो गया।

# छात्रनेताओं ने किया बूट पालिश और भिक्षाटन



रेलवे स्टेशन के बाहर बूट पालिश करते छात्रनेता।

**बलिया।** पूर्वांचल छात्र संघर्ष समिति के तत्वावधान में पूर्व महामंत्री एवं अध्यक्ष नागेंद्र बहादुर सिंह झुनू के नेतृत्व में छात्रनेताओं ने बलिया रेलवे स्टेशन के सामने बूट पॉलिश किया। नागेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि सतीश चन्द्र कालेज के गालीबाज शिक्षक अवनीश पांडेय की बर्खास्तगी व जेल एवं सतीश चंद्र कालेज के बीएससी के छात्रों से प्रति छात्र एक हजार वसूला हुआ पैसा वापस कराने के लिए बूट पॉलिश किया गया है। बूट पॉलिश का आज पहला दिन था जो नित दिन बूट पॉलिश एवं भिक्षाटन कर-के पैसा इकट्ठा करके जिलाधिकारी के माध्यम से सतीश चन्द्र कालेज के भ्रष्ट शिक्षको को दिया जाएगा। इसके लिए हर चट्टी चौराहा गांव गिरांव जाकर बूट पॉलिश एवं मंत्री, विधायक से भी भिक्षाटन किया जायेगा जिससे की धन अर्जित कर भ्रष्ट शिक्षको को दिया जाए। अगर हम सब की मांग पूरी नहीं हुई तो आन्दोलन दिन प्रति दिन आगे बढ़ता जायेगा और एक दिन बृहद रूप पकड़ लेगा जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन एवं शासन की होगी। इस मौके पर सूरज गुप्ता, धनजी यादव, आदित्य योगी, विशाल पाठक, आदर्श मिश्रा, दक्ष सिंह, रितेश पांडे, मदनी मोरिश, अभिषेक वर्मा, संजीत सारंग, संटू कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

# सांसद और विधायक निधि से चमकेगा गांव-शहर

**होगा कायाकल्प**

**तैयारियों में जुटा जिला ग्राम्य विकास अभिकरण कार्यालय**

रोशन जायसवाल



डीआरडीएम विभाग में काम करते कर्मचारी।

**बलिया।** जिला ग्राम्य विकास अभिकरण कार्यालय (डीआरडीए) में इन दिनों सांसद और विधायक निधि से होने वाले विकास कार्यों की फाइल बन रही है। यह उम्मीद जतायी जा रही है कि इसी वर्ष विधायक और सांसद निधि से गांव और शहर चमकेंगे।

इसको लेकर विधायक और सांसदों द्वारा डीआरडीए को भेजे गये प्रस्तावों का अवलोकन करते हुए विभाग सहायक अभियंता से मौके को देखते हुए रिपोर्ट तैयार कर रहा है। उसके बाद डीएम और सीडीओ की स्वीकृति के बाद काम को और तेज गति मिलेगी। वैसे बलिया के सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त की तरफ से विधानसभाओं मे होने वाले कार्यों का प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। इस पर काम भी हो रहा है। इसके अलावा नये विधायकों का प्रस्ताव मिलते ही विकास कार्य को गति मिलेगा। जिले के कुल सात विधानसभाओं में विधायकों की तरफ से जो भी विकास कार्य के लिये प्रस्ताव आएंगे उसका मौका मुआयना करने के बाद सीडीओ के यहां वह फाइल जाएगी और स्वीकृति के बाद कामकाज शुरू होगा। विभागीय सूत्रों ने बताया कि इसी महीने विधायक निधि से काम होंगे। उसके लिये तैयारी चल रही है। जानकारी देते चलें कि विधायकों को एक वित्तीय वर्ष में तीन करोड़ की धनराशि मिलती है। विधानमंडल क्षेत्र विकास निधि योजना के तहत काम किये जाएंगे। बलिया नगर विधानसभा क्षेत्र व सिकंदरपुर विधानसभा क्षेत्र के विकास प्रस्ताव का काम डीआरडीए के बाबू सत्यप्रकाश सिंह व बांसडीह फेफना विधानसभा क्षेत्र का बाबू मो. इस्लाम अंसारी, रसड़ा विधानसभा क्षेत्र एवं एमएलसी रविशंकर सिंह पप्पू के प्रस्ताव का काम बृजेश कुमार सिंह, बैरिया ओमप्रकाश सिंह, बिल्थरारोड में अभी किसी बाबू की नियुक्ति नहीं होने के कारण इस विधानसभा क्षेत्र का काम किसी और के जिम्मे है। राज्यसभा सांसद सकलदीप राजभर के निधि का प्रस्ताव का काम ओमप्रकाश व सांसद नीरज शेखर के प्रस्ताव का काम बृजेश सिंह व सांसद रविंद्र कुशवाहा का भी बृजेश सिंह देख रहे है। सांसद निधि स्थानीय क्षेत्र विकास योजना से आती है। सांसदों को पांच करोड़ और विधायकों को तीन करोड़ की धनराशि क्षेत्र के विकास के लिये प्रत्येक वर्ष दी जाती है।

## संक्षेप

### गड्ढे में फंसने से लकड़ी लदी ट्रैक्टर ट्राली पलटी



**नगरा।** बाजार के हनुमान चैक पर लकड़ी लदे ट्राली के गड्ढे में फंसने के कारण धूरा टूट जाने से पलट गयी। यह संयोग ही था कि कोई अनहोनी नहीं हुई। मंगलवार को सायं नगरा मुख्य बाजार के व्यस्त हनुमान चैक पर बड़ी गाड़ियों सहित छोटे वाहन और लोगों का आवागमन रहता है। बाजार में रसड़ा मार्ग की तरफ से एक ट्रैक्टर ट्राली पर युकोलिप्टस की बण्डल लादकर दुर्गा चैक की तरफ निकल रहा था। हनुमान चैक पर जल निगम द्वारा सड़क खोदकर पाईप डाला गया है, जो आए दिन दुर्घटना को दावत दे रहा है। गड्ढे के चलते इसमें फंसकर ट्राली का एक्सल टूटकर पलट गया।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 11 फरवरी को

**मऊ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में 11 फरवरी 2023 दिन शनिवार को सुबह 9:30 बजे से 4:30 बजे तक दीवानी न्यायालय मऊ के प्रांगण में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायाधीश के निर्देशन में सुनिश्चित किया गया है। अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण. अभिनय कुमार मिश्रा द्वारा जानकारी दी गयी कि राष्ट्रीय लोक अदालत में विहित विषय वस्तुओं से सम्बन्धित प्रकरणों के साथ-साथ आवश्यकता अनुरुप सभी आपसी सुलह योग्य अपराधिक वादों, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकायें, धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम, पारिवारिक/वैवाहिक मामले, दीवानी वाद, मेड़बन्दी, एवं दाखिल खारिज, पंजीयन/स्टाम्प वाद चकबन्दी वाद, धारा 446 दं0प्र0सं0 सम्बन्धित मामले, पब्लिक प्रीमिसेज एक्ट सम्बन्धी मामले, उत्तराधिकार सम्बन्धी मामले, आयुध अधिनियम के उपयुक्त प्रकरण, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के प्रकरण, स्थानीय विधियों के अंतर्गत शमनीय वाद, भूमि आध्यासि वाद, बैंक वसूली, आरटीओ चालान, अन्य वादों, विभिन्न प्रकृति के न्यायालय में लम्बित वादों का निस्तारण पक्षकारों के आपसी सुलह समझौते एवं जुर्म स्वीकारोक्ति के आधार पर किया जायेगा।

### नई शिक्षा नीति लागू होने की घोषणा से शिक्षकों में खुशी

**रसड़ा।** अनुसूचित जाति पिछड़ा वर्ग नेता मान्यता प्राप्त प्राइमरी शिक्षक जन महासभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद सिंह यादव ने एक प्रेस विज्ञप्ति के अंतर्गत बताया कि सर्व शिक्षा अभियान समग्र शिक्षा योजना के तहत जिन विद्यालयों की जांच आख्या सर्वे रिपोर्ट उत्तर प्रदेश शासन वर्ष 2012 में शासनादेश 1 अक्टूबर 2012 हमें अपने निजी प्रबंध तंत्र जांच कराई गई थी, जिसमें संचालित अनुसूचित जाति एवं छात्र राहुल मान्यता प्राप्त प्राथमिक विद्यालय की जांच की गई थी। उन विद्यालयों को सर्व शिक्षा अभियान के तहत नई शिक्षा नीति के अनुसार शासन द्वारा अनुदान पर लिया जाएगा यह घोषणा गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय जमुहार में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में घोषणा की गई, जिसमें भारत सरकार के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा यह कहा गया कि संपूर्ण देश में शिक्षा का अधिकार अधिनियम अथवा नई शिक्षा नीति को लागू 26 जनवरी 2023 में लागू कर दी जाएगी इसकी घोषणा सुनते ही अनुसूचित जाति पिछड़ा वर्ग के अध्यापकों में खुशी के माहौल एवं लहर दौड़ गई।

### पांच वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**मऊ।** जनपद के विभिन्न थानों द्वारा मंगलवार को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान, थाना मुहम्मदाबाद पुलिस द्वारा कैलाश चैहान पुत्र रामधारी निवासी ढाढा चवर, राजा पुत्र मोदीराम, रुदल राम पुत्र लौट व रामअवध पुत्र सुखारी निवासी पड़ेरुआ थाना मुहम्मदाबाद व थाना घोसी पुलिस द्वारा श्याम पुत्र धनीराम निवासी लखनी मुबारकपुर थाना घोसी मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

### आज सम्मानित होंगे सेवानिवृत कर्मचारी

**बलिया।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सेवानिवृत्त कर्मचारी-अधिकारी कल्याण समिति के 80 वर्ष पूर्ण करने वाले अपने सदस्य को सम्मानित करेगी। इसी परिपेक्ष में सेवानिवृत्त कर्मचारी- अधिकारी कल्याण समिति एवं सेवानिवृत्त शिक्षक कर्मचारी-अधिकारी समन्वय समिति के सौजन्य से सीताराम चतुर्थ श्रेणी चकबंदी, हरिहर नाथ पांडे तृतीय श्रेणी स्वास्थ्य विभाग, सालिक राम शर्मा अनुदेशक पॉलिटेक्निक, अनवर अली संगणक विद्युत विभाग, विद्याधर पांडे, जेएमटी विद्युत विभाग, मोहन सिंह लघु सिंचाई जो 80 वर्ष की उम्र पूर्ण कर चुके हैं तथा रामावती तिवारी, देवंती देवी (द्वय) स्वास्थ्य विभाग जो 75 वर्ष की उम्र पूर्ण कर चुकी हैं समिति द्वारा सम्मानित किए जाने का निर्णय गया है। इन्हें 4 जनवरी को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में अपराहन 12 बजे सम्मानित किया जाएगा।

# मनरेगा का भुगतान न होने पर प्रधानों ने किया प्रदर्शन



जनसंदेश न्यूज

**घोसी, मऊ।** घोसी विकास खण्ड की दर्जनों ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों ने ब्लाक के अधिकारियों व कर्मचारियों पर भुगतान न करने व भुगतान के नाम पर कमीशन मांगने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को ब्लॉक मुख्यालय के मुख्य द्वार पर ताला जड़ दिया व जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। घोसी विकास खण्ड अन्तर्गत क्षेत्र की करीब 50 ग्राम सभाओं के प्रधान मंगलवार की सुबह लगभग 10 बजे से ब्लाक मुख्यालय पर इकट्ठा हुए।

प्रधानों ने ब्लाक के अधिकारियों व कर्मचारियों पर ग्राम सभा द्वारा कराये गये विकास कार्यों का भुगतान करने के नाम पर कमीशन मांगने व लम्बे समय से कई परियोजनाओं पर खर्च धनराशि का भुगतान न करने का आरोप लगाते हुए ब्लाक कार्यालय के मुख्य द्वार पर ताला जड़ दिया व वहीं धरने पर बैठकर नारेबाजी व प्रदर्शन करने लगे। प्रधानों ने कहा कि दो दो साल तक कार्य पूरा होने के बाद भी अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा कार्यों का भुगतान नहीं किया जा रहा है और भुगतान करने के नाम पर 10 प्रतिशत कमीशन की मांग की जाती है।

प्रदर्शन की सूचना पर खण्ड विकास अधिकारी कल्पना मिश्रा ब्लाक कार्यालय पर पहुंची और प्रधानों की मांग पर अमल करने का आश्वासन देते हुए धरना खत्म करने का अनुरोध किया लेकिन ग्राम प्रधान नहीं माने और नारेबाजी व प्रदर्शन जारी रहा। इस दौरान रामाश्रय भारद्वाज, उपेन्द्र यादव, विजय शंकर, यादवेन्द्र यादव सहित दर्जनों की संख्या में प्रधान उपस्थित रहे।

# तीन वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**मऊ।** थाना हलधरपुर पुलिस द्वारा मंगलवार को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर थलईपुर क्रासिंग के पास से मु.अ.स. 181/22 धारा 376(2),354,452 भादवि व 5/6 पोस्को एक्ट में वांछित अभियुक्त धीरज चैहान पुत्र विनोद निवासी बरजहां थाना कोतवाली मऊ, थाना मुहम्मदाबाद पुलिस द्वारा मु.अ.सं. 635/22 धारा 498ए,323,506,326 भादवि व 3/4 डीपी एक्ट में वांछित अभियुक्त रामसुग्रीव पुत्र बब्बन यादव निवासी मोलानापुर कोइरियापार थाना मुहम्मदाबाद मऊ को उसके घर से गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

साथ ही साथ थाना कोतवाली पुलिस द्वारा दिनांक 02.01.23 को हमारा मऊ के पास से मु.अ.सं. 558/22 धारा 363,366,376 भादवि व 3/4 पोस्को एक्ट में वांछित अभियुक्त अखिलेश चैहान पुत्र गप्पू निवासी सिंधी कालोनी हठ्ठी मदारी थाना कोतवाली मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

# मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित



**मधुबन, मऊ।** तहसील क्षेत्र के दुलारी देवी विद्यावती इंटर कालेज बस्तीवर्षी बेलौली में रविवार को नव वर्ष पर एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें बोर्ड परीक्षा में प्रदेश में स्थान पाने वाले विद्यालय के मेधावी छात्रों का सम्मान किया गया।

जिसमें बोर्ड परीक्षा 2022 हाई स्कूल में अंजलि चैहान प्रदेश में आठवां स्थान को लैपटॉप एवं संजना कनौजिया की साईकिल अन्य बच्चों को अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए साइकिल वितरित की गई और हर कक्षा के प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य क्यामुद्दीन, संरक्षक रत्नेश मौर्य, राय बहादुर, अवधेश कुमार, रवि, इन्द्रजीत, धर्मेंद्र शर्मा, ओमविजय आदि उपस्थित रहे।

# पत्रकारों व समाचार पत्र विक्रेताओं को ग्राम प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष ने किया सम्मानित



जनसंदेश न्यूज

**घोसी, मऊ।** ग्राम प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष अजय जायसवाल ने मंगलवार को घोसी नगर स्थित एक समाचार पत्र कार्यालय पर दर्जनों पत्रकारों व समाचार पत्र विक्रेताओं को सम्मानित किया।

इस अवसर पर श्री जायसवाल ने कहा कि हर तरह की विपरीत परिस्थितियों में पत्रकार समाज व सरकार के बीच एक सेतु का कार्य करता है और गर्मी, सर्दी व बारिश में समाचार पत्र विक्रेता आपके दरवाजे तक समाचार पत्र पहुंचाने का काम करते हैं। ऐसे लोगों को सम्मानित कर मैं अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ। इस अवसर पर अशोक श्रीवास्तव, अरविन्द राय, शन्नू आजमी, ऋषि राय, आफताब अहमद, राहुल राय रूपेंद्र भारती, अजहान आलम, बन्ने खान, विवेक चैहान, मुहम्मद नासिर आदि विभिन्न समाचार पत्रों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# वार्ता में भुगतान पर बनी सहमति धरना समाप्त

जनसंदेश न्यूज

**मऊ।** दर्जनों ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों द्वारा ब्लाक के अधिकारियों व कर्मचारियों पर भुगतान न करने व भुगतान के नाम पर कमीशन मांगने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को ब्लाक मुख्यालय के मुख्य द्वार पर ताला जड़ने व जमकर नारेबाजी के बाद दोपहर बाद करीब तीन बजे ब्लाक पर पहुंचे प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष अजय जायसवाल और ब्लाक के अधिकारियों के बीच 1 घंटे तक चली वार्ता के बाद ग्राम सभाओं के समस्त बकाये के भुगतान पर सहमति बनी व कमीशन मांगे जाने के मामले में खण्ड विकास अधिकारी द्वारा जांच कर कार्रवाई करने के आश्वासन के बाद धरना प्रदर्शन समाप्त हुआ। इस दौरान खण्ड विकास अधिकारी कल्पना मिश्रा, प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार त्रिपाठी सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

# बिना गुरु के भवसागर को पार करना असंभव

**बोले आचार्य सर्वेश कुमार**

**सैकड़ों लोगों ने शिष्य बनकर ली गायत्री मंत्र की दीक्षा**

जनसंदेश न्यूज



हवन करते सिटी मजिस्ट्रेट डा. सुरेश।

**बलिया।** महावीर घाट स्थित गायत्री शक्तिपीठ पर 108 कुन्डीय गायत्री महायज्ञ के दौरान सैकड़ों लोगों ने वेदमूर्ति, युग ऋषि तपोनिष्ठ पं श्रीराम शर्मा आचार्य व वंदनीय माता भगवती देवी शर्मा के शिष्य बन गायत्री मंत्र की दीक्षा ली। इस दौरान विद्वान आचार्य सर्वेश कुमार शर्मा व यज्ञाचार्य रमेश पटेल की टीम ने विभिन्न संस्कारों के बाद गुरु की महिमा को बताया।

आचार्य सर्वेश कुमार शर्मा ने कहा कि गुरु दीक्षा के साथ में सद्गुरु शिष्य को जीवन लक्ष्य का मार्ग बताया है और मार्ग में आने वाले कठिनाइयों को दूर करते हैं। शिष्य थक जाता है तो सद्गुरु उसे उठने व चलने का शक्ति भी देता है। गुरु एक बार अंगुली पकड़ लेता है तो कभी नहीं छोड़ता है।

गुरु शिष्य का निर्माण करता है, सद्गुरु का साथ पाकर स्वामी विवेकानंद, दयानंद सरस्वती, चंद्रगुप्त आदि महान पुरुष बने हैं।

गुरु हमें आत्म स्वरूप का भान कराता है। बिना गुरु के कोई भवसागर को पार नहीं जा सकता है। इस दौरान संगीत मय प्रवचन कर्ता गुड़सागर जी राणा, कमल सिंह चौहान, कपिल देव यादव आदि रहे।

### बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया

**बलिया।** गायत्री परिजनों ने भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थिति लोगों का मन मोह लिया।इस दौरान बच्चों ने शिव तांडव, देवी तांडव, प्रज्ञा गीत,कथक, भरतनाट्यम, नारी जागरूकता प्रज्ञा नाटक आदि प्रस्तुत किया। शक्तिपीठ पर मंगलवार को वेलनेस कोच प्रत्युष त्रिपाठी व आदित्य सिंह के द्वारा सैकड़ों लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर स्वास्थ के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। लोगों ने वेट चेक करके उचित सलाह दिया गया।

# शीतलहर का प्रकोप जारी, नहीं हुए सूर्यदेव के दर्शन

**मौसम की मार**

### सर्द हवाओं से बचने के लिए घरों में दुबके लोग

जनसंदेश न्यूज



गलनभरी ठंड से सिटी रेलवे स्टेशन के बाहर रहा सन्नाटा।



पीजी कॉलेज चौराहा से ठंड के बीच गुजरती युवतियां।



जमानियां बाजार में अलाव के सहारे बैठे लोग।



ठंड में खरीद कर लकड़ी जलाकर तापते लोग।

**गाजीपुर।** जिले में ठंड लगातार बढ़ती जा रही है। रात में घना कोहरा और दिनभर धूप नहीं खिल रही है। शीत लहर चलने से ठिठुरन बनी हुई है। कंपकंपी वाली ठंड से जनजीवन प्रभावित रहा। लोग घरों में दुबके रहे और सड़कों व बाजारों में आवाजाही कम रही।

न्यूनतम और अधिकतम तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई। जिले में अभी ठंड से राहत के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। ठंड से लोगों की कंपकंपी छूट रही है। मंगलवार सुबह के समय आसमान में बादल छाये रहे और धुंध सी छायी रही। पूरे दिन सूर्य देव के दर्शन न होने से धूप नहीं निकली। हवा चलने से शीत लहर का प्रकोप बना रहा, जिससे ठिठुरन बनी रही। ठंड से बचने के लिए लोग घरों में दुबके रहे। जो लोग घरों से बाहर निकले, वह गर्म और ऊनी कपड़ों में लिपटकर निकले ताकि ठंड से बचा जा सके।

सड़कों और बाजारों में आवाजाही कम रही। जिले में रात और दिन के तापमान में गिरावट आई है। रात के न्यूनतम तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस से गिरकर छह डिग्री सेल्सियस रहा। दिन का अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस रहा।

ठंड ने आम से लेकर खास सभी लोगों की मुश्किलें बढ़ा रखी हैं। साल के पहले दिन घने कोहरे से आम जनजीवन प्रभावित रहा, तीसरे दिन भी दिन भर लोगों को सूर्य देव के दर्शन नहीं हुए। ज्यादातर इलाकों में कोहरे के कारण विजिबिलिटी प्रभावित रही, विजिबिलिटी के चलते ट्रेनें विलंब से चल रही है।

मौसम विभाग के अनुसार प्रदूषण का लेवल भी उच्च स्तर पर है तथा छह जनवरी तक ऐसे ही हालात बने रहने का अनुमान है। शीतलहर के चलते फिलहाल सभी सरकारी और निजी विद्यालय आठ जनवरी तक के लिए बंद कर दिए गए हैं तथा यह बंदी और अधिक बढ़ने की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार कड़ाके की ठंड के साथ अगले तीन दिनों तक घना कोहरा छाया रह सकता है। दिन के समय सूरज तो निकलेगा, लेकिन उसके दर्शन देर से होंगे। ऐसे में घर से बाहर निकलने वाले लोगों को खास ध्यान रखने के लिए कहा गया है। सार्वजनिक स्थलों, रेलवे स्टेशन, बस पड़ाव, चौक-चौराहों, रिक्शा पड़ाव, अस्पताल परिसर, रैन बसेरा आदि स्थलों पर अलाव की व्यवस्था और जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण नहीं होने से मुश्किलें बढ़ती जा रही है।

### बर्फीली हवाओं के कारण बढ़ी ठंड

**जमानियाँ।** आसमान में छाई धुंध व बफीर्ली हवाओं के कारण क्षेत्रीय लोगों का जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। सर्द हवाओं से बढ़ी गलन के बीच लोग ठंड के कहर से ठिठुरते रहे तथा दिन में भी जगह-जगह अलाव जलते रहे। रविवार से ही जारी ठंड का कहर कम होने का नाम नही ले रहा है। ठंड के कारण बाजार की रौनक समाप्त हो गई है। बाजार में दुकाने तो खुली है लेकिन खरीददार नदारद है। जरूरी काम होने पर ही लोग बाजार में निकल रहे है। ठंड के कहर को देखते हुए प्राथमिक, जूनियर व माध्यमिक स्कूलों को बन्द कर दिया गया। दिन और रात का तापमान एक समान जैसा हो गया है। कड़ाके की पड़ रही ठंड से निजात पाने का एकमात्र सहारा कम्बल व रजाई बन गई। इससे बाहर निकलते ही हाथ-पैर सुन्न हो जा रहे है। मंगलवार की सुबह सड़कों पर मॉर्निंग वॉक करने वालों की संख्या बहुत ही कम थी। हाड़ कपाने वाली ठंड ने लोगों को रजाई से बाहर नही निकलने दिया। सुबह 9 बजे के बाद लोग बाहर निकले, लेकिन इसके बाद भी ठंड के तेवर तीखे रहे। दिनभर भगवान भास्कर के दर्शन नही हुये। स्टेशन बाजार व कस्बा बाजार में चौराहे व तिराहे तथा महत्वपूर्ण स्थानों पर लोग अलाव के पास बैठे रहे। शाम होते ही ठंडक ने अपना कड़ा तेवर दिखाना शुरू किया। जिससे जल्द ही लोग अपने कुनबे की तरफ रवाना हो गये तथा सड़कों पर बाइक चालकों की संख्या भी कम देखी गई।

## संक्षेप

### सफाई कर्मचारियों ने निकाला जुलूस



**गाजीपुर।** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के सफाई कर्मियों ने विकास भवन प्रांगण से विकास भवन चौराहे तक पुरानी पेंशन बहाली सफाई कर्मचारियों की सेवा नियमावली एवं पदोन्नति किए जाने हेतु जुलूस निकाला और गुब्बारा में प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को संबोधित मांगपत्र लटका कर हवाई मार्ग से भेजा गया। मौके पर रौशन लाल, ईश्वर यादव, विनोद चौधरी, जयप्रकाश प्रकाश, बिंद गुड्डू, कामेश्वर रावत, जवाहिर बिंद, संतोषी राय आदि रहें।

### एसपी ने आरक्षी बैरक का किया उद्घाटन



**दिलदारनगर।** स्थानीय थाने में कार्यालय का सुंदरीकरण एवं नवनिर्मित आरक्षी बैरक द्वितीय तल का उद्घाटन समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिस के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक डा. ओमवीर सिंह ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर सत्येंद्र यादव गुदरी प्रधान दिलदारनगर, शम्स तबरेज उर्फ पिंटू प्रधान उसियां, एहसान, सोनू खा, इरफान खा, मोहम्मद इमाम खान ,राजू कुशवाहा इत्यादि लोग मौजूद रहे।

### अस्तित्व के लिए एकजुट होकर जन आंदोलन करने की जरूरतःअरविंद



**गाजीपुर।** कर्मचारियों को अपने अस्तित्व के लिए एकजुट होकर जन आंदोलन करने की जरूरत है। सरकार कर्मचारियों की मांगों की लगातार अनदेखा कर रही है। मुख्य सचिव के स्तर पर दूसरी बार योगी सरकार गठन के बाद एक भी बैठक नहीं हुई। प्रदेश सरकार कर्मचारियों से ज्यादा काम तो लेना चाहती है, लेकिन उनकी समस्याओं की लगातार अनदेखी कर रही है। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की ओर से आने वाले दिनों में कर्मचारी जोड़ो अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए सभाएं होंगी। वहीं जो राजनीतिक दल पुरानी पेंशन बहाली, नियमित भर्ती करने और आउटसोर्सिंग के कर्मचारियों के नियमितीकरण की नीति बनाने का वादा करेगा, आगामी चुनावों में कर्मचारी परिवार उसी को अपना समर्थन देगा। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के संरक्षक इं अरविंद नाथ राय ने कहा कि शासन व कर्मचारियों के बीच आपसी सद्भाव के लिए कर्मचारियों की समस्याओं पर सरकार सार्थक निर्णय करें। रिक्त पदों पर नियमित भर्ती नाम मात्र की हो रही है। स्वीकृत पदों पर आउटसोर्सिंग से भर्ती की जा रही है। कई प्रमुख विभागों में पद खाली हैं। उन पर नियमित नियुक्तियां व पदोन्नति नहीं की जा रही है।

### आरक्षण को लेकर माले का धरना

**गाजीपुर।** कम्यूनिस्ट पार्टी (माले) के कार्यकर्ताओं ने राज्यव्यापी प्रतिवाद दिवस के माध्यम से पिछड़ा वर्ग आरक्षण खत्म करने की योगी सरकार की साजिश के खिलाफ कामरेड सरजू पाण्डेय पार्क में धरना दिया। धरना प्रदर्शन को रामप्यारे राम,रामदेव बिंद,अकरम, शान्ति देवी,,बेचू शर्मा, मोती प्रधान,मुराही देवी, कन्हैया बिंद शिवकुमार कुशवाहा हरिलाल वनवासी ने सम्बोधित किया।

### कड़ाके की ठंड के बावजूद नहीं जल रहे अलाव

**जखनिया।** एक पखवारे से पछुआ हवाओं के साथ कड़ाके की ठंड पड़ रही है। लेकिन शासन-प्रशासन द्वारा कहीं भी अलाव की व्यवस्था नहीं कराई गई है। भीषण गलन में सबसे ज्यादा गरीब तबके के लोगों के साथ पशु पक्षियों को ठंड का सामना करना पड़ रहा है। हर साल कड़ाके की ठंड में शक्ति चौराहा सहित गरीब बस्तियों में अलाव सहित कंबल का वितरण कराया जाता है। लेकिन इस वर्ष ना तो कहीं सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था कराई गई और ना ही गरीबों में कंबल वितरण ही किया गया। इस बारे में कई ग्राम प्रधानों से बात करने पर उन्होंने बताया कि हर साल ठंड में लेखपाल व ग्राम प्रधान से सूची लेकर गरीब असहाय ओं में कंबल वितरण कराया जाता था लेकिन इस वर्ष अभी ऐसा नहीं हुआ है। इस बारे में उप जिलाधिकारी से बात करने की कोशिश की गई लेकिन बात नहीं हुई।

### पांच जनवरी को नहीं रहेगा अवकाश

**गाजीपुर।** अपर जिलाधिकारी वि./रा ने समस्त कार्यालयाध्यक्ष को बताया कि कि प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश शासन सामान्य प्रशासन अनुभाग-लखनऊ के निर्गत आदेश 28 दिसंबर के अनुपालन में पांच जरवरी को गुरु गोविन्द सिंह जयन्ती के अवसर पर घोषित सार्वजनिक अवकाश को निरस्त किया गया है।

### एसडीएम को दी गई भावभीनी विदाई

**सैदपुर।** नगर के एक पैलेस में सैदपुर के उपजिलाधिकारी रहे ओमप्रकाश गुप्ता के भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी आर्यका अखौरी पहुंचीं और सेवानिवृत्त एसडीएम को सम्मानित किया। कार्यक्रम में एडीएम अरूण कुमार समेत जखनियां व सैदपुर के नवागत एसडीएम डा. पुष्पेंद्र, तहसीलदार नीलम उपाध्याय, बीडीओ, ईओ आशुतोष त्रिपाठी, लेखपाल संघ अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह, अमीन संघ, कोतवाल एसपी वर्मा, खानपुर एसओ संजय मिश्र, अनिल श्रीवास्तव, पंकज श्रीवास्तव आदि रहें।

### दहेज हत्यारोपी गिरफ्तार

**भांवरकोल।** थाना क्षेत्र के धनेठा गांव में बीते एक जनवरी को विवाहिता की मौत में शामिल सास, ससुर और देवर को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया। बतादें कि सिंपी की शादी 2018 में धनेठा के हरि ओम उर्फ तुलसी पासवान के साथ हुई थी। आरोपी ससुर अवधेश पासवान सास मुन्नी देवी और देवर राहुल पासवान कहीं भागने के फिराक में धनेठा पुलिया के पास भोर लगभग सुबह साढ़े चार खड़े थे। मुखबिर की सूचना पर उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार दुबे अपने हमराही कांस्टेबल अमित चौधरी, हरीश चंद्र मौर्या, सुरेंद्र कुमार और महिला कांस्टेबल नंदनी यादव के साथ घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर दहेज हत्या एक एवं विभिन्न धाराओं में न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

### नियुक्ति के बाद भी महिला मेठों की मनमानी

**जखनिया।** स्थानीय ब्लाक अंतर्गत 90 ग्राम पंचायतों में 58 ग्राम पंचायतों में महिला मेट की नियुक्ति की जा चुकी है। जिसमें 33 मेंठो की शासन द्वारा ट्रेनिंग भी कराई जा चुकी है। लेकिन ग्राम पंचायतों में उनसे कोई भी कार्य नहीं कराया जा रहा है। कई ग्राम पंचायतों की मेटो का कहना है कि उन्हें मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम द्वारा गांव में मनरेगा के हो रहे। कार्यों की हाजिरी लगानी है। लेकिन ग्राम प्रधानों एवं सचिवों की लापरवाही से मेंटो द्वारा कार्य नहीं लिया जा रहा है। जबकि इनकी नियुक्ति गांव में चल रहे समूह से की गई है। शासन द्वारा महिलाओं को रोजगार देने के क्रम में ग्राम सभाओं में इनकी नियुक्ति की गई। लेकिन सरकार की योजनाओं पर प्रशासन के लोग पानी फेरते नजर आ रहे हैं।

### आज होगा लंका मैदान में गरीबों को कंबल वितरित

**गाजीपुर।** ज्वाइंट मेडिकल फोरम के बैनर तले बुधवार को लंका मैदान में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी आर्यका अखौरी करेंगी। मालूम हो कि ज्वाइंट मेडिकल फोरम जिले की एलोपैथिक, डेन्टल, आयुर्वेद, यूनानी चिकित्सा, होम्योपैथिक एवं दवा प्रतिनिधियों का सामुहिक संगठन है। यह संगठन अपने अधिकारों की रक्षा के साथ-साथ जन-कल्याण के क्षेत्र में भी अपनी सतत भूमिका का बखूबी निर्वहन करता आ रहा है। फोरम के सचिव डॉ जेके यादव ने बताया कि बढ़ती ठंड के प्रकोप को देखते हुए संगठन ने गरीबों में कंबल वितरित करने का निर्णय लिया है। लंका मैदान में आये प्रत्येक जरूरतमंद को कंबल दिया जाएगा।जिससे वह इस हाड़कपाती ठंड से अपने आपको बचा सकें।

### रोहतास बिहार ने सेमीफाइनल में बनाई जगह



**सुहवल।** स्थानीय गाँव स्थित इण्टर कालेज के खेल मैदान में आजाद स्पोर्टिंग क्लब सुहवल के तत्वावधान में 52 वीं अन्तर्राज्यीय स्व गणेश राय एवं प्रभुनारायण राय मेमोरियल फुटबाल चैंपियनशिप आयोजित है। सोमवार की शाम खेले गये एकमात्र व दूसरे क्वार्टर फाइनल मुकाबले में रोहतास बिहार ने सोनपा को 2-0 से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। मुकाबलें के शुरूआत से ही दोनों टीमों के बीच काटें का मुकाबला देखने को मिला,मध्यान्तर से पहले मैंच के 29 वें मिनट में रोहतास के राजेश ने शानदार गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिला दिया।वहीं विपक्षी टीम ने वापसी के लिए प्रयास किया मगर उसकी कोशिश नाकाम रही।रोहतास ने अपनी बढत को मध्यान्तर होने तक कायम रखा। इसके उपरांत शुरू हुए मुकाबलें में भी काफी संघर्षपूर्ण मुकाबला देखने को मिला।मैंच के अन्तिम क्षणों के 88 वें मिनट में रोहतास के ही सोनू के एक और गोल कर टीम को 2 -0 की बढत दिला मैंच समाप्त होने तक स्कोर को बरकरार रखते हुए रोहतास ने यह मुकाबला अपने नाम कर लिया।इस अवसर पर विनय सिंह, प्रफुल्ल चंद्र राय, आशुतोष, राजू राय,प्रिंस,पूर्व प्रधान आदित्य नारायण, एकराम,नगीना आदि मौजूद रहे। निर्णायक दिनेश यादव व उद्घोषक की भूमिका सुरेन्द्र नाथ राय ने निभाई।

## विकास खंड पर स्वयं सहायता समूह महिलाओं का धरना

**मरदह।** स्थानीय विकासखंड कार्यालय पर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने अपनी मांगों के समर्थन में दिया धरना। धरनारत महिलाओं ने बताया कि आंगनवाड़ी केंद्रों पर वितरण होने वाला सूखा राशन वितरण का कार्य स्वयं सहायता समूहों द्वारा वर्ष 2020 से किया जा रहा है। जिसमें 734 रुपये की दर से 18 माह का परिश्रमिक बकाया है। जिसको बार-बार मांगने के बाद भी नहीं दिया जा रहा है। ब्लाक की समस्त ग्राम पंचायतों में अब तक आंगनवाड़ी का पोषाहार वितरण 20 स्वयं सहायता समूहों द्वारा कराया जा रहा था। खण्ड विकास अधिकारी मरदह अरुण वर्मा ने महिलाओं की अपनी समस्या का पत्रक जिलाधिकारी को सौंपने की बात कहकर धरना समाप्त करा दिया।

इस अवसर पर पिन्टु देवी, माधुरी सिंह, इन्दु देवी,कुसुम,रामावती,मुन्नी देवी, तारा देवी, मंजू, संजु, सरोज, भारती, अफती, मीना, लालती, गीता, मानसी, सीमा, सविता, शशिकला, उर्मिला, पुष्पा, चंदा, प्रमीला, सावित्री, ममता,पार्वती,उपस्थित रही।

# निजी नर्सिंग होम में इलाज के दौरान मरीज की मौत

**नाराजगी**

### झोलाछाप डॉक्टर के आपरेशन के बाद बिगड़ी हालत

### परिजनों ने अस्पताल पर शव रखकर किया छह घंटा प्रदर्शन

जनसंदेश न्यूज



कछुआ रायपुर बाजार में बवाल के दौरान पुलिसकर्मी।

**गाजीपुर।** बहरियाबाद थाना क्षेत्र के कछुआ रायपुर बाजार स्थित प्राइवेट नर्सिंग होम में इलाज के दौरान महिला मरीज की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने चिकित्सक के खिलाफ लापरवाही का आरोप लगाते हुए शव को नर्सिंग होम के सामने रखकर छह घंटे तक प्रदर्शन किए। सूचना पर उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। शव का परीक्षण कर व नर्सिंग होम में भर्ती अन्य तीन मरीजों को जिला अस्पताल भेजने का निर्देश दिया। वहीं पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गौरतलब है कि, बीते सोमवार की सुबह दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के तिरछी गांव निवासी रेखा चौहान (24) को उसके पति अनीस चौहान बच्चेदानी के आपरेशन के लिए बहरियाबाद थाना क्षेत्र के कछुआ रायपुर बाजार स्थित मौर्य सौरभ नर्सिंग होम में भर्ती कराया। नर्सिंग होम संचालक लालजी मौर्या ने मृतका के पति को बताया कि शाम को वाराणसी से चिकित्सक आएंगे और आपरेशन होगा। शाम 6 बजे तक चिकित्सक के न आने के कारण स्वयं ही रेखा को आपरेशन थियेटर में ले गये और आधे घंटे बाद वापस बाहर आए। उसके पति से बताया कि पेट चीरकर ही आपरेशन होगा। कहकर पुनः आपरेशन थिएटर में चले गए और कुछ देर बाद जब वापस आए तो बताया कि रेखा की स्थिति गम्भीर है। फिर रेखा को स्वजनों के साथ लेकर वह आजमगढ़ जनपद के चक्रपानपुर स्थित पीजीआई लेकर चले गए। जहां चिकित्सकों ने देखते ही जवाब दे दिया था और नर्सिंग होम संचालक को कड़ी फटकार लगाई। पति अनीस चौहान के रोने - गिड़गिडाने पर रेखा को भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया गया। इस दौरान रात लगभग दस बजे इलाज के दौरान मौत हो गई। इस बीच मौका पाकर नर्सिंग होम संचालक मौके से फरार हो गया। रोते-बिलखते स्वजन शव लेकर बहरियाबाद थाना क्षेत्र के चकबेनी रामपुर स्थित मृतका के मायके लेकर चले आए।

अगले दिन मंगलवार की सुबह ग्रामीण शव को लेकर नर्सिंग होम पहुंचे और शव रखकर दोपहर दो बजे तक नर्सिंग होम संचालक लाल जी मौर्या के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे। सूचना मिलते ही पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुंचीं। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एसडी वर्मा ने नर्सिंग होम का मुआयना किया। जांच-पड़ताल कर तीनों मरीजों को जिला अस्पताल भेज दिया। मृतका के पति अनीश चौहान ने नर्सिंग होम संचालक के खिलाफ तहरीर दिया है। थानाध्यक्ष संदीप कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### बेहोशी का इंजेक्शन लगाने के बाद बिगड़ी हालत

उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि आपरेशन के लिए बेहोशी का इंजेक्शन लगाने के बाद उक्त महिला कार्डियक अरेस्ट में चली गई, जिस कारण नर्सिंग होम संचालक ने सीपीआर किया। जिससे सीने पर अधिक बल पड़ने के कारण सीने की हड्डी टूट गई जो सम्भवतः फेफड़े में धंस गई होगी। ऐसा कभी-कभी हो जाता है। उन्होंने कहा कि सम्बंधित के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# ज्वेलर्स की दुकान का चोरों ने चटकाया ताला

**लाखों की चोरी**

### मुहम्मदाबाद कोतवाली पुलिस को चुनौती, जल्द खुलासा का आश्वासन

जनसंदेश न्यूज



नवापुरा मोड़ स्थित चोरों द्वारा फेंकी आलमारी को देखती पुलिस।

**मुहम्मदाबाद।** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत नवापुरा मोड़ के पास सुप्रिया ज्वेलर्स के दुकान का शटर तोड़कर रविवार की रात्रि चोरों ने लगभग लाखों के गहनों को चुरा कर चंपत हो गए। चोरी की खबर सुतने ही कोतवाली पुलिस पहुंची। छानबीन के बाद जल्द खुलासा का आश्वासन देकर वापस हो गई।

क्षेत्र के नवापुरा मोड़ पर समाजसेवी चुन्नू लाल वर्मा की सुप्रिया ज्वेलर्स के नाम से एक दुकान है। उस दुकान पर उनका बेटा ऋषभ वर्मा बैठता है। सोमवार की सुबह जब दुकान मालिक का बेटा दुकान की ओर गया तो उसने देखा कि दुकान का शटर टूटा हुआ है। यह देख कर उसने तत्काल इसकी सूचना अपने पिता को दी। सूचना पाकर उसके पिता चुन्नू लाल तत्काल दुकान पर पहुंचे और उन्होंने कोतवाली पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना पाकर कोतवाली पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई। दुकान मालिक ने अज्ञात चोरों के नाम प्राथमिकी दर्ज कराई है। दुकान मालिक ने बताया कि लगभग 20 से 25 नगद चांदी के छागल, बिछिया तथा सोने की अंगूठी ,सीकडी कान और नाक का गहना सब बक्से में रखा हुआ था, जिसे चोर उठा ले गए। पीड़ित चुन्नू लाल ने बताया कि चोरी की जानकारी उन्हें उसके बेटे ने दी। यह घटना साढ़े ढ़ाई बजे की रात्रि में हुई है। बक्से को सड़क के दूसरी तरफ खेतों में फेंक गए। वहां भी जाकर पुलिस बल ने जांच पड़ताल की। समाचार लिखने तक अभी कोई गिरफ्तारी की सूचना नहीं मिली थी।

### चोरों ने घर का तोड़ा ताला

**दिलदारनगर।** थाना क्षेत्र के फुल्ली ग्राम सभा के ग्राम शाहपुर में बीती रात को चोरों ने सुदर्शन यादव के घर चोरी की वारदात को अंजाम देकर घर में रखें आभूषण, कपड़ा और रुपयों पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित सुदर्शन यादव के अनुसार सोमवार की रात में घर की परिवार के लोग दूसरे कमरे में सोए हुए थे। मंगलवार की सुबह जब घर के लोग जगे तो देखा कि चोर छत के रास्ते पीछे का दरवाजा खोला घर में घूसकर बक्से को तोड़कर आभूषण, रुपया व कीमती कपड़ा सहित समान गायब था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना किया। जिसकी लिखित सूचना स्थानीय थाने पर दे दी है।

### वसूली करने गए अमीन व संग्रह अनुसेवक के साथ गाली-गलौज

**सेवराई/गहमर।** तहसील सेवराई के भदौरा गांव में बैंक का बकाया वसूली में गए अमीन व संग्रह अनुसेवक के साथ गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की मिली धमकी। सहमे कर्मचारी ने तहसीलदार अमित शेखर के आदेश पर पुलिस को नामजद तहरीर दिया। मंगलवार को अमीन बृजानंद शर्मा व संग्रह अनुसेवक रामपति सिंह यादव ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि तहसीलदार अमित शेखर के आदेश पर बैंक के बकाएदार भदौरा गांव निवासी मनोहर सिंह कुशवाहा पुत्र जय गोविन्द सिंह कुशवाहा के नाम से 61989 रुपया का बकाया की वसूली में गए थे। बटाईदार के यहां बार-बार तगादा करने के बाद भी हीला हवाली करता रहा इसके तत्पश्चात नायब तहसीलदार वसूली में गए जिसमें वकायादार ने दस हजार रुपया दिया शेष बकाया के लिए समय मांगा जिसके पश्चात वसूली के लिए गए तहसील कर्मचारियों के साथ गाली गलौज करते हुए हाथ पैर तोड़ने व जान से मारने की धमकी देते हुए दौड़ा लिया। प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार उपाध्याय ने बताया कि तहरीर मिली है इसकी जांच कर आवश्यक कार्रवाई किया जाएगा।

# खाद्यान्न कालाबाजारी में कोटेदार पर मुकदमा

**कार्रवाई**

### कार्डधारकों को निर्धारित मात्रा से एक से दो किलो कम मिलता था राशन

**सादात।** ग्रामसभा प्यारेपुर के कार्डधारकों में वितरित करने के लिए प्राप्त 42 कुंतल खाद्यान्न की कालाबाजारी करने वाले कोटेदार के खिलाफ बहरियाबाद थाने में गबन का केस दर्ज कराया गया है। डीएम के आदेश एवं उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार जखनियां के पूर्ति निरीक्षक द्वारा दिये गए तहरीर के आधार पर आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर बहरियाबाद पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

प्यारेपुर के कार्डधारकों ने उच्चाधिकारियों से शिकायत की थी कि गांव के उचित दर की दुकान संचालक वंशराज द्वारा राशन वितरण नहीं किया जा रहा है। यही नहीं घटतौली की भी शिकायत की थी। उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार जखनियां पूर्ति निरीक्षक प्रवीण कुमार गुप्ता ने विगत दिवस स्थलीय निरीक्षण किया। जांच में पाया कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के द्वितीय चरण के खाद्यान्न का वितरण माह दिसम्बर 2022 के द्वितीय चरण में हो रहा है। कोटेदार द्वारा कार्डधारकों को निर्धारित मात्रा से एक से दो किलो कम देकर घटतौली की गई है। विक्रेता द्वारा अन्योदय कार्डधारकों हेतु चावल 07.50 कुंतल 15 बोरी में एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों हेतु 34.50 कुंतल 69 बोरी में अर्थात कुल 42 कुंतल खाद्यान्न को वितरित नहीं करते हुए खाद्यान्न की कालाबाजारी की गई है। दोषी प्यारेपुर के कोटेदार वंशराज के विरुद्ध तहरीर देकर पूर्ति निरीक्षक प्रवीण गुप्ता ने आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के तहत एफआईआर दर्ज कराया। बहरियाबाद एसओ संदीप कुमार ने बताया कि कोटेदार के विरुद्ध केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# धान क्रय केंद्र का डीएम ने किया निरीक्षण

**गाजीपुर।** जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने तहसील सदर के जंगीपुर के राजकीय धान क्रय केन्द्र एवं फलेउल्लाहपुर साधन सहकारी समिति (पीसीयू) धान क्रय केन्द्र का स्थलीय निरीक्षण कर धान क्रय के सम्बन्ध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्रय केन्द्र पर उपलब्ध अभिलेखों व किसानों के लिए उपलब्ध करायी जाने वाली मूलभूत सुविधाओं तथा क्रय हेतु उपकरणों तथा इलेक्ट्रानिक कांटा, नमी मापक यंत्र, बोरा, बैनर, धान का नमूना, टोकन रजिस्टर, डेली क्रय किये गये धान की स्थिति आदि के बारे जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान क्रय केन्द्र पर धान खरीद की स्थिति की जानकारी लेते हुए जंगीपुर एवं फतेउल्लाहपुर केन्द्र का रजिस्टर को चेक किया एवं गोदाम में भरे धान की बोरी को गिनती भी करायी तथा केंद्र पर कार्य में धीमी प्रगति पाये जाने पर जंगीपुर केंद्र प्रभारी शिव प्रकाश भारती को जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि अपने कार्य के गति को बढ़ाएं तथा धान क्रय सेंटर को प्रातः 9:00 बजे खोलकर नापतोल शुरू कर दिया जाय। निरीक्षण के दौरान खाद्यय विपरण अधिकारी रतन कुमार शुक्ला एवं सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



जंगीपुर राजकीय धान क्रय केंद्र का निरीक्षण करती डीएम आर्यका अखौरी।

### पुलिस ने चार पशु तस्करों को पकड़ा

**गहमर।** पुलिस ने भतौरा गांव के कर्मनाशा नदी के तटपर स्थित रविदास मंदिर के पास से बिहार वध के लिए नाव से ले जाने के फिराक में एक पशु तस्कर को चार पशुओं के साथ गिरफ्तार कर पशु क्रूरता व गोवध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार उपाध्याय ने बताया कि मंगलवार की भोर में उपनिरीक्षक मनोज कुमार तिवारी हेड कांस्टेबल महादेव गुप्ता, अनिल यादव, विवेक त्रिपाठी के साथ रात्रि गस्त में भतौरा गांव के रविदास मंदिर के पास मौजूद था। भोर में लगभग चार बजें जानवरों के चलने व हट-हट की आवाज सुनाई दी। जिस पर पुलिस मंदिर के ओट में छिपकर पास आने का इंतजार करने लगे। वो लोग नदी के किनारे रविदास मन्दिर के पास पहुंचे कि पुलिस ने चारो तरफ से घेर कर उक्त व्यक्ति को पकड़ लिए तथा इधर उधर भाग रही एक गाय व 2 बछिया व 1 बछडा को पकड़ कर बांध दिए। पकड़े गये व्यक्ति से उनका नाम पता पूछा गया तो व्यक्ति ने अपना नाम शशिकान्त यादव पुत्र राजेन्द्र यादव उम्र (20) निवासी गांव रेवतीपुर पट्टी बहोरिक राय थाना रेवतीपुर बताया। पकड़े गये व्यक्ति से पूछा में बताया कि गांवों में घूमघूम कर गाय व बछिया व बछड़ा को खरीदा है और उस पार नाव से बिहार राज्य में लेजाकर कटने के लिए अधिक दामो मे बेच देता हूँ। आज भी यही काम करने जा रहा था।

# सावित्रीबाई फुले ने महिलाओं में जगाई शिक्षा की अलख

### महात्मा ज्योति राव फुले पब्लिक स्कूल जगदीशपुरम के प्रांगण में धूमधाम से मनी सावित्रीबाई फुले की 192 वीं जयंती



महात्मा ज्योति राव फुले पब्लिक स्कूल जगदीशपुरम के प्रांगण में सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाते प्रबंधक राजेश कुशवाहा व अन्य।

**गाजीपुर।** महात्मा ज्योति राव फुले पब्लिक स्कूल जगदीशपुरम के प्रांगण में धूमधाम से सावित्रीबाई फुले की 192 वीं जयंती मनाई गई।

प्रबंधक राजेश कुशवाहा ने कहा कि सावित्रीबाई फुले महान समाज सुधारिका व मराठी कवियत्री होने के साथ-साथ महिलाओं की शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय कार्य की। माता सावित्रीबाई ने कहा था कि शिक्षा वह साधन है जिसके माध्यम से महिलाओं को सशक्त व आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। समाज को वास्तव में ऊंचाइयों पर ले जाना है तो महिलाओं को शिक्षित बनाना होगा। आज की नारी पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर अग्रणी भूमिका में है। आजादी से पहले भारत में महिलाओं के गिनती दोयम दर्जे में होती थी। स्कूल जाना पाप समझा जाता था। ऐसे विषम परिस्थिति में सावित्रीबाई फुले ने अपने पति ज्योतिबा जी के साथ मिलकर महिलाओं के अधिकारों, दलित समाज के उत्थान, छुआछूत, सती प्रथा,बाल विवाह, विधवा विवाह जैसी कुरीतियों के विरुद्ध संघर्ष कर महिलाओं को अधिकार दिलाने का कार्य किया। मानवता की भलाई में अपना जीवन समर्पित कर देने वाली। नारी मुक्ति आंदोलन के प्रणेता हमारे बीच नहीं है परंतु उनके विचार व सिद्धांत आज भी अनुकरणीय एवं प्रेरणादायी है। कार्यक्रम के पूर्व प्रबंधक राजेश कुशवाहा ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सुदर्शन सिंह कुशवाहा, हरि कुशवाहा, दीपक सिंह, शिव शंकर प्रजापति, महजबीन बानो, सत्येंद्र प्रताप सिंह, अनिल सिंह कुशवाहा, खुर्शीद जमा, अरविंद श्रीवास्तव व अन्य शिक्षक एवं समस्त कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## जनसंपादकीय

# न्यायाधीशों का चयन लोकसेवा आयोग से हो

हाल ही में महामहिम उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और कानून मंत्री किरेन रिजिजू तथा कुछ अन्य राजनेताओं ने उच्चतम न्यायालय के कोलिजियम द्वारा उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति की कड़ी आलोचना की है। दरअसल उच्चतम न्यायालय की संवैधानिक पीठ ने 16 अक्तूबर, 2015 को संसद द्वारा निर्मित न्यायाधीशों की नियुक्ति विषयक राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग अधिनियम, 2014 को संविधान सम्मत न मानते हुए 4 - 1 के बहुमत से निरस्त कर दिया था। उक्त अधिनियम के प्राविधान जटिल, विलम्बकारी और प्रारम्भिक स्तर से ही चयन में काफी कुछ सरकारी दखल वाले लगते हैं। किसी भी तरह कोलिजियम से बेहतर नहीं है। इस संदर्भ में उल्लेखनीय है कि कोलिजियम व्यवस्था में भी नियुक्ति का अन्तिम निर्णय सरकार का ही होता है। सरकार का दायित्व है कि वह न्यायपालिका की स्वतंत्रता और गरिमा को बरकरार रखे।

व्यवस्था कोई भी हो, उसमें समय के साथ परिवर्तन, परिवर्धन और बेहतरी की गुंजाइश बनी रहती है। न्यायिक व्यवस्था इसका अपवाद नहीं है। न्यायाधीशों के चयन में ज्यादा लोकतांत्रिकता और ज्यादा पारदर्शिता की जरूरत है, ऐसा न्यायिक जगत और उसके बाहर भी महसूस किया जाता रहा है। राज्य सभा में 15 जुलाई, 2019 को भाजपा सदस्य अशोक बाजपेयी ने यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि कोलिजियम व्यवस्था में जातिवाद, परिवारवाद से ले कर पेशेवर निकटता जैसे पहलुओं का बोलबाला रहता है। इसके फलस्वरूप सामान्य परिवार से कानून के क्षेत्र में आए लोगों के लिए उच्च न्यायालय का न्यायाधीश बनना अत्यन्त कठिन है। उनका सुझाव था कि केन्द्रीय न्यायिक आयोग का गठन कर उसके माध्यम से न्यायाधीशों का चयन किया जाए। उनकी माँग से राजद के मनोज कुमार झा, सपा के रामगोपाल यादव आदि ने राज्य सभा में अपनी सहमति जतायी। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश रंगनाथ पाण्डेय ने 2019 में अपनी सेवानिवृत्ति के ठीक पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखा था कि वर्तमान व्यवस्था में परिवारवाद, जातिवाद और सम्पर्कों के आधार पर न्यायाधीशों की नियुक्ति होने से न्यायिक व्यवस्था में बदहाली और अयोग्यता बढ़ रही है।

न्यायाधीशों की नियुक्ति को लेकर वर्तमान में गतिरोध की स्थिति है। न्यायपालिका और सरकार की गरिमा बनी रहे और चयन में लोकतांत्रिक और पारदर्शी निर्णय हों, इसे देखते हुए मेरा सुझाव है कि उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों का चयन अगर संघ लोकसेवा आयोग के माध्यम से किया जाए, तो यह ज्यादा सरल, सहज, पारदर्शी और स्वीकार्य होगा। संघ लोकसेवा आयोग का ढाँचा पहले से बना हुआ है। उसे प्रशासनिक, तकनीकी और विशिष्ट पदों के चयन का लम्बा अनुभव है। उसकी विश्वसनीयता भी है। न्यायाधीशों के चयन में व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए कि इसमें न्यायिक जगत के अधिसंख्य लोगों को भाग लेने का खुला सुअवसर मिल सके। इस सम्बन्ध में उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय में न्यूनतम दस वर्ष तक अधिवक्ता के रूप में कार्य कर चुके और न्यायिक सेवाओं में न्यायाधीश या मजिस्ट्रेट के पद पर दस वर्ष तक कार्य कर चुके अभ्यर्थियों को पात्रता की श्रेणी में रखा जाए। न्यूनतम आयु पैंतालीस वर्ष रखी जा सकती है जैसा कि वर्तमान में है। उच्चतम न्यायालय की संस्तुति पर भारत सरकार पात्रता के सुझाव में यथावश्यक परिवर्तन कर सकती है। उच्चतम न्यायालय में सीधे चयन की प्रक्रिया को समाप्त कर देना चाहिए क्योंकि ऐसे चयन में बहुत शिकवा-शिकायत होती रहती है। प्रारम्भिक चयन उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में ही होना चाहिए।

लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का साक्षात्कार ऐसी समिति करे जिसमें अनुभवी और वरिष्ठ न्यायाधीशों का वर्चस्व रहे। इसके लिए, साक्षात्कार समिति में उच्चतम न्यायालय के छह सेवानिवृत्त न्यायाधीशों और संघ लोकसेवा आयोग के एक सदस्य को मनोनीत किया जा सकता है। इस व्यवस्था से न्यायाधीशों के चयन में अनुभवी और वरिष्ठ न्यायाधीशों की भूमिका करीब-करीब कोलिजियम जैसी बनी रहेगी।

न्यायाधीशों के चयन के बाद उनकी नियुक्ति, पदोन्नति और अन्य प्रशासकीय मामलों में कोलिजियम की भूमिका पूर्ववत बनी रहे। अगर ऐसा होता है, तो न्यायाधीशों के चयन में समान अवसर की भावना को बल मिलेगा, ज्यादा पारदर्शिता और लोकतांत्रिकता आएगी और 'पिक ऐन्ड चूज' के आरोपों से मुक्ति मिलेगी। यह लम्बे समय तक याद रखा जाने वाला महत्वपूर्ण सुधार होगा। बहरहाल, इस विषय में कोई भी निर्णय उच्चतम न्यायालय और भारत सरकार के हाथ में है।



दामोदर दत्त दीक्षित
1/35, विश्वास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ,
संपर्क 9415516721

# नये साल में सियासत की चाल

2022 में राजनीति के जो समीकरण बनते बिगड़ते रहे,2023 उसको अंजाम की तरफ ले जायेगा।देश में 2024 में लोकसभा चुनाव होंगे उससे पहले 2023 में राजस्थान, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, त्रिपुरा, मेघालय, नागालैंड और मिजोरम में विधानसभा चुनाव होंगे।जम्मू-कश्मीर में भी ये चुनाव संभावित हैं,इस प्रकार देखा जाए तो अगले वर्ष दस राज्यों के चुनाव होने हैं जहां अलग अलग राजनैतिक दल एक दूसरे से आगे निकलने की होड़ लगाते दिखाई देंगे।राजनैतिक चुनौतियों से निपटने की शुरूआत तो जनवरी से ही शुरू हो जायेगी।छह जनवरी को दिल्ली में मेयर का चुनाव प्रस्तावित है।दिल्ली एमसीडी चुनावों के परिणामों से उत्साहित अरविंद केजरीवाल मेयर पद पर आम आदमी पार्टी की जीत को लेकर आश्वस्त है जब कि भाजपा भी पीछे हटने को नहीं तैयार है।अरविंद केजरीवाल की चुनौती है कि कैसे वे भाजपा के दावों को कमजोर साबित कर पाते हैं।

2023 देश की सभी राजनैतिक पार्टियों के लिए कोई न कोई चैलेंज लेकर आ रहा है।आने वाले साल में सियासत की तासीर बदली नजर आयेगी और राजनैतिक घमासान के बादल देश पर मंडराते रहेंगे।सियासत की गर्म ठंडी हवायें पूरे वेग से साल भर बहती रहेंगी।क्या मोदी और क्या योगी सबको अपने राजनैतिक कौशल की परीक्षा देनी पड़ेगी।बहन और बबुआ को अपनी ताकत में इजाफा करके दिखाना होगा।राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के फलस्वरूप उनकी बदली छवि को भी आने वाला साल अपनी कसौटी पर कसने वाला है।

शुरूआत तो उत्तर प्रदेश से ही हो जाती है।लोकसभा चुनावों से पहले 2023 में निकाय चुनावों और पिछड़ों के आरक्षण के सवाल पर अपने दांव पेंच के जरिये अपने राजनैतिक कौशल का परिचय दे सकते हैं।आने वाला साल अखिलेश यादव के लिए किसी लिटमस टेस्ट से कम नहीं है।जिन राज्यों में 2023 में विधानसभा चुनाव होने हैं उनमें मध्यप्रदेश और कर्नाटक में कांग्रेस के हाथ से भाजपा ने सत्ता छीन ली थी।वहीं भाजपा के हाथ से सत्ता खिसक न जाए उसे यह भय सता रहा है।राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार है।यहां भाजपा के लिए सत्ता में आना चुनौती है जब कि कांग्रेस को सत्ता बचाये रखने का चैलेंज है।

नरेंद्र मोदी के तिलिस्म को तोड़ने वाले चेहरे की तलाश भी आने वाले साल में विपक्षी दलों की प्राथमिकता होगी।विपक्षी एकता की अगुवाई किस चेहरे पर होगी या कहें कि विपक्षी एकता की लड़ाई किस चेहरे पर आकर थमेगी इसका निर्धारण भी 2023 ही करेगा।राहुल गांधी,अरविंद केजरीवाल, ममता बनर्जी,नीतीश कुमार कौन विपक्षी खेमे का अगुवा होगा।कौन नेता होगा जो 2024 में मोदी को टक्कर दे पायेगा।या फिर विपक्षी एकता कल्पना मात्र सिद्ध होगी।



रामनिवास तिवारी
( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)

# ब्रेल ने दृष्टिबाधितों के जीवन में रोशनी फैलायी

## जन्म दिवस पर



अरुण कुमार कैहरबा

ज्ञान की दौलत सबसे बड़ी चीज है। हमारे देश में कितने ही ऐसे कारक रहे हैं, जिनके कारण बहुत से लोगों के लिए ज्ञान के दरवाजे बंद रहे हैं। उन दरवाजों को खोलने का संघर्ष भी बहुआयामी रहा है। सबको शिक्षा प्रदान करके ज्ञान आधारित समाज बनाने के लिए बहुत से लोगों ने अथक संघर्ष किया है। देश की पहली शिक्षिका सावित्रीबाई फुले, सामाजिक क्रांति के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा फुले, बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर सहित कितनी ही शख्सियतें रही हैं, जिन्होंने ज्ञान के दरवाजे सबके लिए खोलने के लिए समाज को जगाया। दलित, महिला व आदिवासी सहित विभिन्न वर्गों के साथ ही एक वर्ग ऐसा रहा है, जिसके शिक्षा के अधिकार के लिए आज भी बहुत कम चर्चा होती है। वे हैं- किसी ना किसी प्रकार की अशक्तता झेल रहे लोग। उनमें भी दृष्टिबाधित लोगों की बात करें तो ज्यादा लंबा समय नहीं बीता, जब लोगों की धारणा थी कि दृष्टिहीन लोग कभी भी पढ ?ा नहीं सीख पाएंगे। लोग सोचते थे कि सिर्फ आँखों से किताब पर लिखे अक्षरों को देख कर ही पढ़ा जा सकता है। लेकिन वैकल्पिक सोच लेकर सोचने और कार्य करने वाले लोग रास्ता ढूंढ़ लेते हैं।

फ्रांस का एक लडका लुई ब्रेल अलग तरह से सोच रहा था। तीन वर्ष की अवस्था में दृष्टिहीन हो गया लुई भिन्न प्रकार से पढ ?ा चाहता था। दृष्टिबाधा के कारण ज्ञान के बंद दरवाजों को उसने पहचान लिया था। उसने दृढ़ निश्चय कर लिया था कि वह केवल अपने लिए ही नहीं बल्कि प्रत्येक दृष्टिहीन के लिए बंद दरवाजे की चाबी को ढूंढ़ कर ही रहेगा। आज उसी लडके की कहानी आप के साथ सांझा कर रहा हूँ।

इस कहानी की शुरूआत 19वीं सदी के आरम्भिक वर्षों में होती है। लुई ब्रेल का जन्म 4जनवरी 1809 को फ्रांस के छोटे से गाँव कुप्रे के गरीब परिवार में होता है। उसके पिता सिमोन ब्रेल घोड़ों के लिए काठी व जीन बनाने का काम करते थे। एक दिन जब वे अपने कार्यस्थल पर काम कर रहे थे। तीन वर्षीय लुई चमड़े में सुराख करने के औजार सूए से खेलने लगा और सूए की नोक अचानक लुई की दाईं आँख में चुभ गई। धीरे-धीरे लुई दोनों आँखों से पूरी तरह से दृष्टिहीन हो गया। दृष्टिहीन होने के कुछ दिन लुई के लिए बहुत मुश्किलों से भरे थे। लेकिन धीरे-धीरे लुई ब्रेल ने परिस्थितियों से अपने आप को ढ़ाल लिया और एक भिन्न प्रकार से सामान्य जीवन जीने लगा। वह अपने दोस्तों के साथ स्कूल जाने लगा। स्कूल में पढ़ाने वाले अध्यापकों ने लुई की दृष्टिबाधा की क्षतिपूर्ति करने के लिए उसे स्पर्श एवं श्रवण अनुभव प्रदान किए। बुद्धिमान व सृजनशील होने के कारण लुई पढ़ाई में आगे बढ़ता गया। लेकिन इसके बावजूद बाधाएं तो थीं। लेकिन परिजन जान चुके थे, कि लुई की पढ़ाई में दिलचस्पी है। उसे पेरिस में वेलेंटाईन हावे द्वारा दृष्टिहीन बच्चों के लिए चलाए जा रहे दुनिया के पहला अंध विद्यालय में भेज दिया गया। इस विद्यालय में हावे द्वारा छात्रों को अक्षरों की सामान्य आकृतियां किसी मोटे कागज पर उभार कर उन्हें उंगली के स्पर्श से पहचानना सिखाया जाता था। लेकिन यह विधि सीखने भर के लिए ही थी। दृष्टिहीनों के लिए शिक्षा का आधार तो रटंत विद्या ही थी। जब लुई कुछ बड़े हुए तो उसी स्कूल में उन्हें सहायक अध्यापक रख लिया गया।

अपने छात्र जीवन में ही लुई ने यह अनुभव कर लिया था कि दृष्टिहीनों के लिए हावे की विधि बहुत उपयोगी नहीं है। एक नई लिपि के आविष्कार का सपना उनके मन में जन्म ले चुका था। संयोग से उन्हीं दिनों उनके विद्यालय में एक रात्रि लेखन विधि का प्रदर्शन हुआ। इस विधि के निमार्ता चार्ल्स बारबियर ने यह विधि सैनिकों के लिए विकसित की थी, जिससे वे अंधेरी रात में भी संदेश छूकर पढ़ सकें। उस व्याख्यान को सुनते ही लुई के सामने मानो एक संपूर्ण लिपि के निर्माण का मार्ग खुलता हुआ दिखाई देने लगा। लुई ने हावे तथा बारबियर की विधियों के सैद्धांतिक अंतर को समझ लिया था।

लुई अपने स्कूल के हॉस्टल में रात में मोटे कागज पर बिंदुओं से अक्षर बनाते और दिन में अपने मित्रों से उन्हें पहचान करवाते। रात को सारा विद्यालय सोता और वे काम करते थे। दिन में रात के काम पर चर्चा होती तथा वाद-विवाद से जो त्रुटियां सामने आतीं, उन्हें फिर रात को सुधारने की कोशिश की जाती। इस विधि से लुई ने बहुत जल्दी फ्रांसीसी भाषा की वर्णमाला, विराम चिह्न, गणित आदि की व्यवस्था को पढ? -लिखने वाली लिपि विकसित कर ली। उन्होंने संगीत की स्वर लिपियों पर भी सालों तक योजनाबद्ध ढ़ंग से कार्य किया। इस तरह उन्होंने अपना काम सन् 1825 तक पूरा कर लिया और ब्रेल लिपि की उनकी पहली पुस्तक वर्णमाला एवं विराम चिह्न आदि के विस्तृत विवरण के साथ सन् 1829 में प्रकाशित हो गई। उन्होंने अपनी सोच को साकार करके दिखा दिया था कि आँखों की नजर नहीं होने के बावजूद पढ़ा और लिखा जा सकता है। दुनिया भर में ब्रेल लिपि के नाम से जानी जाने वाली यह स्पर्श लिपि छह बिंदुओं पर आधारित है। इसमें दो खड़ी रेखाएं हैं, जिनमें तीन-तीन बिंदू होते हैं। इन बिंदुओं के अलग-अलग संयोजन से 63 चिह्न बनाए जा सकते हैं, जिन्हें वर्णों, संख्या व विराम सहित विविध प्रकार



के चिह्नों के लिए प्रयोग किया जाता है। कौन जानता था कि कभी लुई ब्रेल जैसा सामान्य और दृष्टिहीन व्यक्ति इतिहास पुरुष होगा। परंतु नई सोच-विचार और उसे अमल में लाने के लिए लगन व कड़ा परिश्रम से लुई ने वह कर दिखाया। जिस तीखे सूए से लुई दृष्टिहीन हो गया था, उसी सूए जैसे स्टाईलस को उसने कागज में पंच करके बिंदू उभारने के लिए इस्तेमाल किया।

लुई ब्रेल के जीवन काल में ब्रेल लिपि का प्रचार पेरिस में तो हो गया था, पर उसे औपचारिक स्वीकृति तो उनके जीते जी उनके अपने विद्यालय में भी नहीं मिल सकी थी। हां, अनौपचारिक रूप से छात्रों को ब्रेल लिपि में लिखने-पढ ? की इजाजत दे दी गई थी। इतिहास एवं व्याकरण की कुछ पुस्तकें भी ब्रेल लिपि में प्रकाशित करा दी गई थीं। जड़ता को टूटने में समय लगता है। भविष्य में उस लिपि को उन्हीं की याद में ब्रेल लिपि के नाम से ना केवल मान्यता मिली, बल्कि दुनिया की सभी भाषाओं के चिन्हों का मानकीकरण किया गया। 6 जनवरी, 1852 को सूर्यास्त के समय लुई का निधन हो गया, लेकिन उसने पूरे दृष्टिहीन समाज के लिए एक ऐसा दीप जलाया था, जो उन्हें हमेशा जीवन के अंधकार से निकालकर प्रकाश की दुनिया में लाता रहेगा। लुई ब्रेल के जन्मदिन को पूरी दुनिया में ब्रेल दिवस के रूप में मनाया जाता है और लुई ब्रेल को श्रद्धांजलि दी जाती है। 2009 में 4 जनवरी को लुई ब्रेल की जन्म द्विशती के अवसर पर भारत सरकार ने उनके सम्मान में डाक टिकट जारी किया था।

(कार्यकारी प्रधानाचार्य, राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, ब्याना, संपर्क-9466220145)

# आसान हुई दृष्टिहीनों की दुनिया

योगेश कुमार गोयल



संयुक्त राष्ट्र के विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार विश्वभर में करीब 39 मिलियन लोग ऐसे हैं, जो देख नहीं सकते जबकि 253 मिलियन लोगों में कोई न कोई दृष्टि विकार है। इनमें से करीब 100 मिलियन लोगों को नजर की ऐसी कमजोरी अथवा विकलांगता है, जिसे रोका जा सकता था या उन पर अभी तक ध्यान नहीं दिया गया है। ऐसे में संचार के साधन के रूप में ब्रेल लिपि के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने, दृष्टि-बाधित लोगों को उनके अधिकार प्रदान करने और ब्रेल लिपि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 4 जनवरी को ब्रेल लिपि के आविष्कारक लुई ब्रेल के जन्मदिवस को विश्व ब्रेल दिवस मनाया जाता है।

लुई ब्रेल ने केवल तीन साल की उम्र में ही एक दुर्घटना के कारण अपनी दोनों आंखों की रोशनी खो दी थी। आंखें संक्रमित होने के कारण उनकी आंखों की दृष्टि पूरी तरह चली गई थी लेकिन दृष्टिहीनता के बावजूद उन्होंने न केवल अकादमिक रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन किया बल्कि छात्रवृत्ति पर रॉयल इंस्टीट्यूट फॉर ब्लाइंड यूथ चले गए। 1821 में फ्रांसीसी सेना के एक कैप्टन चार्ल्स बार्बियर लुई ब्रेल के स्कूल के दौरे पर आए थे, जिन्होंने सेना के लिए एक विशेष क्रिप्टोग्राफी लिपि का विकास किया था, जिसकी मदद से सैनिक रात के अंधेरे में भी संदेशों को पढ़ सकते हैं। चार्ल्स ने स्कूल में बच्चों के साथ नाइट राइटिंग नामक यही तकनीक साझा की, जिसका उपयोग सैनिक दुश्मनों से बचने के लिए किया करते थे। इसके तहत वे उभरे हुए बिन्दुओं में गुप्त संदेशों का आदान-प्रदान करते थे किन्तु उनका यह कोड बहुत जटिल था। इसीलिए ब्रेल ने इसी आइडिया के आधार पर अपनी लिपि पर कार्य शुरू किया और रॉयल इंस्टीट्यूट फॉर ब्लाइंड यूथ में अध्ययन के दौरान ही उन्होंने 1824 में अपनी लिपि को तैयार कर लिया, जो काफी सरल थी। इसी लिपि को ब्रेल लिपि के नाम से जाना गया और सरल लिपि की खोज के बाद दुनियाभर में नेत्रहीन या आंशिक रूप से नेत्रहीन लोगों की जिंदगी काफी हद तक आसान हो गई।

समय के साथ तकनीकी युग में ब्रेल लिपि में कुछ बदलाव होते रहे हैं और अब ब्रेल लिपि कम्प्यूटर तक भी पहुंच गई है। ब्रेल लिपि वाले ऐसे कम्प्यूटर में गोल व उभरे हुए बिन्दु होते हैं और कम्प्यूटरों में यह तकनीक उपलब्ध होने का सबसे बड़ा लाभ यह है कि अब दृष्टिहीन व्यक्ति भी तकनीकी रूप से मजबूत हो रहे हैं। ब्रेल लिपि में अब बहुत सारी पुस्तकें निकलती हैं, यहां तक कि स्कूली बच्चों के लिए पाठ्य पुस्तकों के अलावा रामायण, महाभारत जैसे ग्रंथ भी छपते हैं। भारत सरकार द्वारा 4 जनवरी 2009 को लुई ब्रेल के जन्म को 200 वर्ष पूरे होने पर उनके सम्मान में डाक टिकट जारी किया गया था। 43 वर्ष की आयु में 6 जनवरी 1852 को लुई ब्रेल का निधन हो गया लेकिन उनकी खोजी ब्रेल लिपि ने आज विश्वभर में दृष्टिहीनों तथा आंशिक रूप से नेत्रहीनों की जिंदगी को बहुत आसान बना दिया है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, संपर्क:9416740584)

# रफ्तार का जोखिम कम करना जरूरी

## प्रसंगवश



आशीष वशिष्ठ

भारतीय क्रिकेटर ऋषभ पंत कल सुबह एक रोड एक्सीडेंट में बुरी तरह घायल हो गए। इस हादसे ने सबका ध्यान खींचा है। घटना स्थल पर मौजूद लोगों और जो वीडियो फुटेज सामने आई है उसके अनुसार, पंत तेज रफ्तार से गाड़ी चला रहे थे और अपने गाड़ी को कंट्रोल नहीं कर पाए। पंत के एक्सीडेंट के बाद से तेज रफ्तार के कहर और सड़क दुर्घटनाओं पर नए सिरे से देश में चर्चा शुरू हो गई है।

बीते सिंतबर को उद्योगपति साइरस मिस्त्री और उनके दोस्त जहांगीर पंडोले की उस समय मौत हो गई, जब उनकी मर्सिडीज कार पालघर जिले में सड़क के डिवाइडर से टकरा गई थी। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, दुर्घटना से कुछ सेकंड पहले कार 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ रही थी, जबकि पुल पर डिवाइडर से टकराते समय इसकी गति 89 किमी प्रति घंटे थी।

जब आप कहीं घूमने जाते होंगे तो अपकी नजर शहर के चौराहे या हाइवे के पास लगे एक बोर्ड पर जरूर गई होगी। जिसपर मोटे-मोटे अक्षरों में लिखा होता है- दुर्घटना से देर भली। हमेशा आपसे कहा जाता है कि आप गाड़ी धीरे चलाएं। इसके बावजूद कई लोग सड़कों पर तेज रफ्तार कार या बाइक चलाने से बाज नहीं आते और इसके चलते सड़क दुर्घटनाएं भी बहुत होती हैं। वास्तव में देश के हाईवे और एक्सप्रेसवे पर अक्सर दिखने वाला स्पीड थ्रिल्स बट किल्स का संदेश भी लोगों को सचेत नहीं कर पा रहा है। आंकड़े गवाही दे रहे हैं कि हाईवे और एक्सप्रेसवे पर वाहन ड्राइविंग की गति बेकाबू होती जा रही है। एनसीआरबी की रिपोर्ट कहती है कि वर्ष 2021 में तेज गति सड़क दुर्घटनाओं का सबसे बड़ा कारण रही।

गत 4 दिसंबर को मध्य प्रदेश में बड़ा सड़क हादसा हुआ। इस हादसे में चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। 24 दिसंबर को रांची में देर रात एक कार मंदिर के ग्रिल को तोड़ते हुए परिसर में घुस गई, जिससे कार में सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। 25 दिसंबर को उत्तर प्रदेश के रायबरेली जिले में एक अनियंत्रित डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी, जिस पर सवार मासूम बच्चे की मौत हो गई, वहीं पिता गंभीर रूप से घायल हो गया।

एनसीआरबी की रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2021 में तेज गति से वाहन चलाने के कारणदेश में कुल 4,03,116 सड़क दुर्घटनाएं बीते वर्ष दर्ज की गई। 7,000 से अधिक लोगों की मौत बीते वर्ष तेज गति से वाहन चलाने के कारण सड़क दुर्घटनाओं में हुई। 8,797 लोगों ने कर्नाटक में बीते वर्ष तेज गति के कारण जान गंवाई। यह देश में दूसरी सर्वाधिक संख्या रही।

कुल दुर्घटनाओं में 1,03,629 दुर्घटनाएं लापरवाह ड्राइविंग और ओवरटेकिंग से हुईं। बीते वर्ष नशे में वाहन चलाने के कारण 27.1 फीसदी लोगों की जान उत्तर प्रदेश में गई। पूरे देश में यह सबसे अधिक संख्या है। देश में 1.9 फीसदी मार्ग दुर्घटनाएं शराब पीकर वाहन चलाने के कारण हुईं। इनमें 2,935 लोगों ने जान गंवाई। 11,419 लोगों की मौत तेज गति के कारण वाहन चलाने से तमिलनाडु में हुई, जो देश में सर्वाधिक है।

देश में लापरवाही से वाहन चलाने के कारण वर्ष 2021 में सबसे अधिक मौतें उत्तर प्रदेश में हुईं। यह संख्या 11,479 रही। वाहन में तकनीकी खराबी औ? खराब मौसम भी भारत में सड़क दुर्घटनाओं में लोगों की मौत का कारण बने। बीते वर्ष देश में खराब मौसम के कारण 5,405 और वाहन में खराबी के कारण 2,935 लोगों की जान गई।

भारत के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने ₹रोड एक्सिडेंट्स इन इंडिया-2020₹ नाम से एक रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि साल 2020 में कुल 1,20,806 घातक दुर्घटनाओं में से 43,412 राष्ट्रीय राजमार्गों पर, 30,171 राज्य राजमार्गों पर और 47,223 अन्य सड़कों पर हुईं। सबसे चिंताजनक बात ये है कि इन घातक दुर्घटनाओं में सबसे अधिक युवा चपेट में आए।

रिपोर्ट कहती है कि साल 2020 के दौरान राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कुल 3,66,138 सड़क हादसे हुए जिसमें 1,31,714 लोगों की जान गई और 3,48,279 लोग घायल हुए। हर एक सौ सड़क हादसे में 36 लोगों की जान गई जो कि साल 2019 के 33 के मुकाबले कहीं अधिक है। रिपोर्ट के मुताबिक साल 2020 में सड़क हादसों की चपेट में आने वालों में 18-45 साल के आयु वर्ग युवा वाले वयस्कों का हिस्सा 69 प्रतिशत था। सड़क पर होने वाले हादसे के कारण पीड़ित और उसके परिवार पर आर्थिक बोझ भी पड़ता है। असामयिक मौतों, चोटों और विकलांगताओं के कारण संभावित आय का नुकसान भी होता है।

उत्तराखंड में सड़क दुर्घटनाओं में 76 प्रतिशत का कारण तेज रफ्तार है। सरकारी आंकड़े खुद इसकी गवाही दे रहे हैं। चिंताजनक ये कि हादसों में सर्वाधिक जान गंवाने वालों में तेज रफ्तार का शौकीन युवा वर्ग है। दुर्घटनाओं में मरने वालों में 40 प्रतिशत लोग 18 से 35 आयु वर्ग के हैं। झारखण्ड में बीते वर्ष सड़क हादसों में 406 लोगों ने जान गंवाई। इनमें ज्यादातर हादसे ड्रंक एंड ड्राइव और लापरवाही के कारण हुए।

बीती जुलाई को सोशल मीडिया पर एक वीडियो खूब वायरल हुआ था। वायरल वीडियो एक महिला तेज रफ्तार वाहन चलाने वाले लोगों को नसीहत दे रही थी। महिला ने वीडियो में युवाओं को सीख देते हुए कहा कि हर साल, 1 लाख युवा हर साल जान गंवाते हैं लापरवाह ड्राइविंग के कारण। महिला ने आगे कहा कि एक बच्चे को पालकर बड़ा करने में 25 साल लगते हैं और महज 25 सेकेंड में लापरवाह ड्राइविंग के कारण वह एक लाश में बदल जाता है। उस मां पर क्या बीतती होगी उस मां पर जो अपने जाते हुए बेटे की पीठ तो देखती है लेकिन आते हुए बेटे का मुंह नहीं देख पाती है।

> **जुलाई को सोशल मीडिया पर एक वीडियो खूब वायरल हुआ था। वायरल वीडियो एक महिला तेज रफ्तार वाहन चलाने वाले लोगों को नसीहत दे रही थी। महिला ने वीडियो में युवाओं को सीख देते हुए कहा कि हर साल, 1 लाख युवा हर साल जान गंवाते हैं लापरवाह ड्राइविंग के कारण। महिला ने आगे कहा कि एक बच्चे को पालकर बड़ा करने में 25 साल लगते हैं और महज 25 सेकेंड में लापरवाह ड्राइविंग के कारण वह एक लाश में बदल जाता है। उस मां पर क्या बीतती होगी उस मां पर जो अपने जाते हुए बेटे की पीठ तो देखती है लेकिन आते हुए बेटे का मुंह नहीं देख पाती है।**

महिला ने वीडियो में युवाओं को सीख देते हुए कहा कि अगर आपको अपनी ताकत दिखानी है तो मिल्खा सिंह की तरह तेज दौड़िए या नीरज चोपड़ा की तरह तेज भाला फेंकिए। महिला ने आगे कहा कि मोटरसाइकल का कान मरोड़ने में या तेज रफ्तार में कार भगाने में कोई बहादुरी नहीं है। युवाओं को कड़ी सीख देते हुए महिला ने कहा कि अगर आप यह सोचते हैं कि तेज रफ्तार से गाड़ी चलाने से आप हैंडसम और डैशिंग दिखते हैं तो यह गलत है। आप ऐसे बिल्कुल नहीं दिखते। आप लापरवाह दिखते हैं, आप मूर्ख दिखाई देते हैं। इसलिए जब भी आप गाड़ी चलाएं तो धीमे चलाएं क्योंकि यह जिंदगी आपको आपके मां-बाप की दी हुई है।

'दुर्घटना से देर भली,' वाहन चालकों को तेज रफ्तार के दुष्परिणाम से सचेत करने के उद्देश्य से सभी मुख्य मार्गों पर जगह-जगह यह नारा लिखा दिख जाएगा, लेकिन प्रश्न ये कि क्या इसे लेकर हम सजग, सतर्क व गंभीर हुए हैं। नियमों, मानकों को दरकिनार कर सड़कों पर फरार्टा भरने की होड़ में जिस तरह आए दिन दुर्घटनाएं सामने आ रही हैं, उससे तो जवाब न में मिलता है। गति सीमा के मानकों की अनदेखी करने वाले चालक स्वयं के साथ ही दूसरों के जीवन को भी जोखिम में डाल रहे हैं।

देश में यातायात नियमों का अनुपालन कराने की जिम्मेदारी परिवहन एवं पुलिस विभाग के पास है। वर्तमान में दोनों ही नियमों को धरातल पर उतारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कर्मियों व संसाधनों की कमी से जूझ रहे हैं। देश में सड़कों का तेजी से जाल बिछने के बाद अब नए सिरे से वाहनों की गति सीमा निर्धारित करने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। सरकार को इस दिशा में आवश्यक कदम उठाने चाहिएं, जिससे रफ्तार के कहर से अनमोल जीवन बचाएं जा सकें।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, संपर्क-99 3624 7777)

## व्यंग्य



# नए साल के संकल्प

अरविंद तिवारी

नया साल भी हैरान है!लोग उठते, बैठते,सोते,जागते और न जाने क्या क्या करते हुए,संकल्प पर संकल्प लिए जा रहे हैं।नया साल सोचता है इस देश के ये संकल्प प्रेमी इससे पहले,संकल्पों की भागीरथी क्यों नहीं लाए?कितने साल यों ही चले गए,इनके संकल्प पूरे नहीं हुए।तो क्या दो हजार तेईस में सुरखाब के पर लगे हैं,जो संकल्प पूरे हो जाएंगे?नए साल ने पहले ही बता दिया है कि अप्रैल तेईस में सबसे बड़ी आबादी वाला देश बनने का संकल्प जरूर पूरा हो जाएगा।इस संकल्प के पीछे कोई सरकारी हाथ नहीं होगा।यह देशवासियों की अदम्य इच्छाशक्ति और श्रृंगार रस के प्रति अनन्य प्रेम के कारण पूरा होगा।देशवासी इस संकल्प को पूरा होने पर भारत की ललित कलाओं के प्रति आभार व्यक्त करेंगे।हम इस मामले में उस चीन को पछाड़ देंगे जिसे अभी कोरोना पछाड़ रहा है।

जहां तक मेरे व्यक्तिगत संकल्प लेने की बात है तो इस बार फिर पुरस्कार और सम्मान ग्रहण न करने का संकल्प लेता हूं।यह संकल्प पिछले वर्ष भी लिया था,जो पूरी तरह पूरा हुआ।मुझे लाख, दो लाख का सम्मान छोड़ो,दस हजार वाला सम्मान भी नहीं मिला,क्योंकि मेरा संकल्प जग जाहिर हो चुका था।मेरे वरिष्ठ साहित्यकारों ने हमेशा ही मेरे संकल्पों को पूरा करने में दिल खोलकर सहायता की है।इस मामले में मैं उनका चिर ऋणी रहूंगा।कुछ वर्ष पूर्व जो एक दो बड़े सम्मान मुझे मिले,वे गलतफहमी में मिल गए थे।तब तक मेरी बड़ी साहित्यिक बदमाशियां सामने नहीं आ पाई थीं।मेरा सम्मान न लेने का संकल्प भी सार्वजनिक नहीं हो पाया था।हिंदी के कई सम्मानों ने,कोरोना के दिनों में वर्क फ्रॉम होम के मोड पर काम किया था।यह मोड कतिपय सम्मानों को इतना भाया कि अब बाजार में उन्होंने अपने सभी दफ़्तर बन्द कर दिए हैं।उनके यहां अभी तक वर्क फ्रॉम होम चल रहा है।दफ्तरों के साथ उनके बन्द होने का खतरा भी पैदा हो गया है!

मैं इस वर्ष संकल्प लेता हूं कि हिंदी के महान कथाकारों,कवियों,व्यंग्यकारों की तारीफों के बड़े बड़े पुल बनाने का काम अवश्य करूंगा।मेरा संकल्प यह भी है कि इन पुलों के निर्माण के दौरान उनकी रचनात्मक कमियों को पुलों की दरारों के रूप में अवश्य दिखाऊंगा! जब तक कोई व्यक्ति इन पुलों के ऊपर से नहीं गुजरता, ये दरारें दिखाई नहीं दे सकतीं। हिंदी साहित्य के भले के लिए इन दरारों को उजागर करना जरूरी है।पहले ही काफी देर हो चुकी है।मैं संकल्प लेता हूं कि इस वर्ष भी जब साहित्यिक मित्रों पर संस्मरण लिखूंगा,तो सच्चाई से उसी तरह परहेज करूंगा,जैसे डायबिटीज के बरक्स मिठाई से करता हूं।ऐसा करने से मित्रता भी बची रहेगी और पत्र पत्रिका के संपादक,प्रकाशक के साथ,मैं भी मानहानि के मुकदमे से बचा रहूंगा।पाठक मेरी लेखन शैली पर फिदा हैं,विषय वस्तु पर नहीं।वैसे दिवंगत साहित्यिक मित्रों पर सच्चे संस्मरण पहले की तरह ही लिखता रहूंगा।

व्यंग्य लेखन में नए प्रयोग करने का संकल्प भी लेता हूं।अब मेरा व्यंग्य लेखन उस कार की तरह होगा जो टू इन वन की तर्ज पर,हवाई जहाज की तरह उड़ भी सकती है!ज्यादा खुलासा नहीं करना चाहता,पर इतना इशारा जरूर करूंगा कि मेरा व्यंग्य लेखन नए साल में ऐसा होगा,जिसे पाठक आसानी से पकड़ लेगा,पर कई साथी व्यंग्यकार नहीं पकड़ पाएंगे।ऐसा होने से मेरी आलोचना होगी,जो मेरा अंतिम डेस्टिनेशन भी है।बहुत कुछ अभी नहीं बता रहा,क्योंकि कटपेस्ट का डर है।बस यूं समझ लो,जैसे चैनलों की फटाफट खबरों में कई बार खबर से वीडियो मेल नहीं खाता,कुछ उसी स्टाइल में,मैं व्यंग्य निकालने वाला हूं।साल के अंत में देखूंगा कि मेरे संकल्प कितने प्रतिशत पूरे हुए।

(लेखक वरिष्ठ व्यंग्यकार हैं)

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# कुछ ही जगह अलाव जलाने से नगरवासियों में आक्रोश

जनसंदेश न्यूज

**अतरौलिया।** शीतलहर व हाड़ कंपाती ठंड में अलाव की व्यवस्था न होने से नगर वासियों में भारी आक्रोश है। जबकी नगर प्रशासन का चिन्हित 18 जगहों पर अलाव जलाने का दावा कर रहा है। अतरौलिया नगर पंचायत में जहां शीतलहर व भीषण ठंड से लोग बेहाल है, अपने आप को गरम महफूज करने के लिए तमाम कोशिशें कर रहे हैं वही नगर पंचायत में कुछ चिन्हित स्थानों पर ही अलाव की व्यवस्था देख नगर वासियों में आक्रोश व्याप्त है। नगर वासियों का आरोप है कि नगर प्रशासन द्वारा नगर के कुछ चिन्हित स्थानों पर ही अलाव की व्यवस्था की गई है जबकि नगर पंचायत के कई वार्डों में अभी आलाव नहीं जलाया जा रहा है जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं इस हाड़ कंपाती ठंड में लोग अपनी दुकानों से दफ्ती कागज जलाकर अपने आप को गर्म कर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि अब आलाव के नाम पर भी भेदभाव किया जा रहा है। नगर पंचायत निवासी प्रवेश कसौधान, कलीम अंसारी, हर्षित पांडेय ने बताया कि बब्बर चैक से लेकर रामबचन चैक तक कहीं भी अलाव की व्यवस्था नहीं कराई गई है जबकि इसके अंतर्गत लगभग 150 दुकाने आती है। वही दुकानों में काम करने वाले मजदूर भी हैं जिन्हें आलाव नही नसीब हो रहा। नगर में कुछ स्थानों पर अलाव तो जल रहा है लेकिन अधिकतर स्थानों पर अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। नगर वासियों ने पक्षपात का आरोप लगाते हुए बताया कि जहां अलाव जल रहे हैं वह स्वयं दुकानदारों द्वारा चलाए जा रहे हैं। इस संदर्भ में अधिशासी अधिकारी डॉ.लव कुमार मिश्रा ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश के क्रम में नगर पंचायत में कुल 10 स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की गई थी परंतु अत्यधिक ठंड को देखते हुए आठ और स्थानों को बढ़ाया गया है। अब नगर पंचायत में कुल 18 स्थानों पर अलाव की व्यवस्था कर दी गई है जिससे नगर वासियों को शीतलहर व ठंड में राहत महसूस हो।



एक वार्ड में जलते अलाव से आग सेंकते लोग

## जरूरतमंदों को दिया गया कम्बल



**लालगंज (आजमगढ़)।** देवगांव बाजार में डीएचपी समाज सेवी ग्रुप नामक स्वयंसेवी संस्था द्वारा मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय देवगांव प्रथम प्रांगण में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सामाजिक संस्था के द्वारा क्षेत्र में तमाम जनहित के कार्य किए जाते हैं। डीएचपी समाज सेवी ग्रुप द्वारा गरीबों मजलूमों व मरीजों के लिए तमाम योजनाएं चलाई जाती हैं। जहां संस्था द्वारा मरीजों को अस्पताल भेजने के लिए एंबुलेंस सेवा प्रदान की जाती है वहीं गरीबों के घर मृत्यु के उपरांत उनके शव को शवदाह स्थल तक ले जाने के लिए एक जीप का सहयोग प्रदान किया जाता है। साथ ही प्रतिवर्ष ठंडी के सीजन में गरीबों को कंबल वितरित किया जाता है। इसी क्रम में मंगलवार को देवगांव जूनियर हाई स्कूल विद्यालय पर क्षेत्र के नूरजहां चिल्ड्रेन स्कूल एंड नाजमा गर्ल्स कॉलेज दौना जेहतमंदपुर के प्रबंधक द्वय हाजी इसरार अहमद व हाजी अनीस अहमद तथा करिया गोपालपुर निवासी कंचन सिंह उद्योगपति मुंबई के हाथों 500 गरीब, मजदूर, महिला व पुरुष को कंबल वितरित किया गया। इस अवसर पर कामरेड हामिद अली एडवोकेट, श्याम कन्हैया यादव, बशीर अहमद, तेज बहादुर यादव, मंसूर अहमद, रमेश, विद्युत चैरसिया, डा.एचसी पाल, चंद्रशेखर चैहान, बबलू मौर्य आदि मौजूद रहे।

## कड़ाके की ठंड में अलाव बना सहारा

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** कडाके की ठंड में अलाव ही लोगो का सहारा बन रहा है। ठंड से आम जनमानस के साथ पशु पक्षी सभी बेहाल हैं। प्रशासन द्वारा जलाये जा रहे अलाव नाकाफी है। वही कुछ ही स्थानो पर अभी तक अलाव जले हैं। ग्राम पंचायतों मे सब कुछ कागजों पर ही चल रहा है। क्षेत्र के ऊजीगोदाम बाजार में मंगलवार को अलाव के सहारे राहगीर दुकानदार पड़े रहे। कमलेश यादव, विनोद कुमार, सोनू आदि ने कहा कि बाजार में कुछ अलाव दिख रहे हैं लेकिन गावों में नदारत हैं। कस्बे में मंगलवार को ग्राम पंचायत द्वारा आठ स्थानो पर अलाव जलाकर लोगो को राहत दी गयी। प्रधान प्रतिनिधि संतोष साहू ने क्षेत्र के निजामाबाद रोड पर दो स्थानो. बैंक, हनुमान गढी समेत आठ स्थानो पर अलाव जलाए। अलाव जलने से कडाके की ठंड में राहगीरों को राहत मिली।

# चोरी की योजना बनाते दो शातिर गिरफ्तार



सिधारी थाने में गिरफ्तार अभियुक्त

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** थाना सिधारी पुलिस ने चोरी की योजना बनाने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। उनके पास से चोरी के उपकरण चाभी का गुच्छा, प्लास्टिक की टार्च, पेचकस, आला नकब बरामद किया।

सिधारी थाने की पुलिस को सूचना मिली कि सिधारी हाइड्रिल में प्राथमिक विद्यालय के पास दो व्यक्ति संदिग्ध हालत में मौजूद है जो कोई अपराध करने की योजना बना रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस उक्त स्थान पर पहुंच गयी। जहां से चोरी की योजना बना रहे दो व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया। पकड़े गये व्यक्तियों में से एक ने अपना नाम अनिल गौड पुत्र छोटे लाल गौड निवासी डुगडुगवा थाना सिधारी बताया। उसके कब्जे से एक अदद चाभी का गुच्छा तथा एक टार्च बरामद हुआ। दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम राजकुमार पुत्र शिवनन्दन प्रजापति निवासी जमालपुर थाना सिधारी बताया। उसके कब्जे से एक अदद आला नकब लोहे, एक अदद पेचकस बरामद हुआ। पुलिस ने गिरफ्तार दोनों को संबंधित धाराओं में चालान करते हुए जेल भेज दिया।

# न्याय के लिए भूख हड़ताल पर बैठे दंपत्ति की हालत बिगड़ी

जनसंदेश न्यूज

**गुहार**

**जिला प्रशासन ने अस्पताल में कराया भर्ती**



**आजमगढ़।** निजामाबाद थाना क्षेत्र के बुद्धसेनपुर गांव निवासी पीड़ित, दबंग भू माफियाओ पर फर्जी तरीके से अमल दरामद कराने का आरोप लगाते हुए डॉ. अम्बेडकर पार्क में परिवार सहित भूख हड़ताल पर बैठ गया। हालत बिगड़ने पर प्रशासन ने उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित श्याम जनम यादव ने बताया कि गांव के रहने वाले दबंग प्रवृत्ति का व्यक्ति मुन्ना से उसकी पुरानी रंजिश चली आ रही है। गांव के लालचंद के जमीन पर चकबंदी के अधिकारी व कर्मचारियों की मिली भगत से फर्जी तरीके से अमल दरामद कराकर अवैध कब्जा कर लिए है। इसको लेकर तहसील प्रशासन को अवगत कराया गया लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। इतना ही नहीं दबंग उसे आयेदिन धमकी देते रहते है। इसको लेकर न्याय की गुहार लगाते हुए वह अपने परिवार के साथ भूख हड़ताल पर बैठा है, जब तक उसे न्याय नहीं मिल जाता हड़ताल जारी रहेगा।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**लालगंज/मोहम्मदपुर (आजमगढ़)।** गंभीरपुर थाना क्षेत्र के रोहुआ निवासी लेहरु राम 40 वर्ष पुत्र रामजीत अपने घर से एक किलोमीटर पूरब तरफ नंद पेट्रोल पंप के पीछे पोखरे में मृत पाया गया। मृतक लेहरु एक सप्ताह से घर से गायब था। मंगलवार को सुबह उसका शव नंद पेट्रोल पंप के पीछे मिलने से सनसनी फैल गई। वह 10 दिन पहले किसी केस में बंद था। वह छूट कर आया तो परिवार से कुछ विवाद हुआ था, उसी दिन से वह लापता था। सुबह कुछ लोग गेहूं की सिंचाई करने के लिए उधर खेत पर गए तो लोगों ने देखा की पोखरे में किसी व्यक्ति की लाश दिखाई दे रही है। लोगों ने थाने पर फोन किया तो पुलिस मौके पर पहुंच गयी।

ग्रामीणों के सहयोग से शव को बाहर निकाला गया तो उसकी पहचान रोहुआ निवासी लेहरु राम के रूप में हुई। मौके पर एसपी सिटी, सीओ सदर आदि भी मौके पर पहुंच गये। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक नशे का भी आदी बताया जा रहा है।

# निकाय चुनाव परिचर्चा व बौद्धिक संगोष्ठी संपन्न

जनसंदेश न्यूज





कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता

**आजमगढ़।** एकलव्य वेलफेयर सोसाइटी आजमगढ़ यूनिट के तत्वधान में समाजसेवी रमेश निषाद की अध्यक्षता में निकाय चुनाव परिचर्चा एवं बौद्धिक संगोष्ठी का आयोजन एकलव्य घाट पर किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जज केपी निषाद व विशिष्ट अतिथि इं.सरवन निषाद रिटायर्ड गजटेड अधिकारी, रामविलास केवट कमांडर, रामरति नायक रिटायर्ड अधिकारी स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, इं.शिव साहनी, संस्थापक अध्यक्ष सोसायटी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन आशा प्रसाद ने किया। मुख्य अतिथि केपी निषाद ने कहा कि हमारे समाज में अभी भी शिक्षा के प्रति कम जागरूकता है जिसके चलते आज भी समाज के लोग शिक्षा के प्रति गंभीर नहीं हैं। इसलिए हमें अपने समाज को शिक्षा के प्रति जागरूक करना होगा ताकि हमारे समाज का संपूर्ण विकास हो सके। आए हुए सभी अतिथियों का अंगवस्त्रम देकर माल्यार्पण करके स्वागत किया गया। समाजसेवी रमेश निषाद ने सर्व समाज को एकजुट होते हुए आगामी नगर निकाय चुनाव में भागीदारी करने की बात कही। इस अवसर पर हरिलाल सोनकर, सुदामा निषाद, सपना निषाद, रमेश निषाद, मुखराम निषाद, राधेश्याम निषाद, बजरंगी लाल निषाद, राजेंद्र प्रसाद, सनी सोनकर, राजू निषाद, विपिन निषाद, संजय निषाद, विजय शंकर गौड़, अभय प्रसाद निषाद, गोविंदा चैधरी, कल्लू चैधरी, बाडू सोनकर आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आगामी निकाय चुनाव के संबंध में परिचर्चा की गई।

## संक्षेप

### अमेरिका के फारवर्ड मेडिकल इंस्टिट्यूट में चयन से हर्ष



**संजरपुर (आजमगढ़)।** सरायमीर थाना क्षेत्र के फत्तनपुर गांव निवासी कामरान पुत्र शमीम का अमेरिका में फारवर्ड मेडिकल स्कूल में चयन होने से गांव व क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गयी। उन्हें बधाई देने वालों का तांता लग गया। कामरान पुत्र शमीम की प्राथमिक शिक्षा मदरसा इस्लाह सरायमीर से इंटरमीडिएट बीनापारा कॉलेज से ग्रेजुएशन की पढ़ाई अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से एमएससी बायो टेक्नोलॉजी लखनऊ भीमराव अंबेडकर यूनिवर्सिटी से पीएचडी कोलकाता यूनिवर्सिटी से किया। पीएचडी के समय ही अमेरिका कई मेडिकल इंस्टिट्यूट से आवेदन फार्म निकला था जिसमें कामरान ने अमेरिका के फारवर्ड मेडिकल कॉलेज में आवेदन किया था। जहां पर कामरान का चयन कर लिया गया। इस संबंध में कामरान ने बताया कि हमने मेडिकल से (काला ज्वार) बुखार में रिसर्च किया। काला ज्वार बुखार की बैक्टीरिया जांच में हमारा चयन हुआ है। आगामी 30 जनवरी को वहां पहुंचकर ज्वाइन कर लेना है। इनके चयन पर गांव के फहीम अहमद शमीम अहमद मुशीर अहमद मोहम्मद आमिर आदि ने बधाई दी है।

### तमंचा, कारतूस के साथ एक गिरफ्तार



**दीदारगंज (आजमगढ़)।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कार्रवाई करते हुए दीदारगंज पुलिस ने तमंचा व कारतूस के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान करते हुए जेल भेज दिया। मार्टिनगंज चैकी प्रभारी रविन्द्र नाथ पाण्डेय हमराहियों के साथ चेकिंग के दौरान इरना गोकुलपुर के पास से बोलेरो गाड़ी पर सवार एक व्यक्ति को एक अदद तमंचा .315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर के साथ पकड़ लिया। पुलिस द्वारा पूछने पर पकड़े हुए व्यक्ति ने अपना नाम सुभाष राजभर पुत्र स्व.फिरतू राजभर निवासी बनगांव थाना दीदारगंज बताया। पुलिस ने बोलेरो गाड़ी को सीज कर दिया।

### भाजपा नेता ने जलवाया माहुल में अलाव



**माहुल (आजमगढ़)।** स्थानीय नगर के सार्वजनिक स्थानों पर मंगलवार को भाजपा नेता सुजीत जायसवाल आंसू द्वारा ठंड से बचाव के लिए अलाव जलवाया गया। इनके द्वारा विभिन्न स्थानों पर लगभग 50 कुंतल लकड़ियां स्वयं के खर्च से गिरवाई गई।बढ़ रही ठंड में माहुल नगर पंचायत प्रशासन द्वारा अलाव की समुचित व्यवस्था न होने के कारण बाजार में लोग ठंड से ठिठुरते हुए प्रशासन को दो दिनों से कोस रहे थे। जानकारी होने और ठंड से लोगो को ठिठुरता देख सुजीत जायसवाल आंसू द्वारा बाजार में 50 स्थानों पर लकड़ियां गिरवा कर अलाव जलवाया गया। इनके इस कार्य की नगर में प्रशंसा हो रही है।

### घर में घुसकर चोरों ने किया लाखों का माल पार

**बिलरियागंज (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बीआर सी पटवध सरैया के बगल में बीती रात अज्ञात चोरो ने घर में घुसकर किमती जेवर व नगदी लेकर चम्पत हो गये। डॉ अवनीश राय पुत्र चन्देश्वरी राय पटवध सरैया बीआरसी के समीप मकान बनाकर रहते थे बिती रात अज्ञात चोरो ने मकान के पिछे से घर में घुसकर चैनल का कब्जा तोड़कर घर में रखा पचास हजार नगदी व लगभग एक लाख रुपए के जेवरात लेकर फरार हो गये। जिसकी तहरीर पीड़ित ने स्थानीय थाने को दी है।

### 45 बकायेदारों का काटा गया कनेक्शन

**फूलपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय बिद्युत उपखण्ड द्वारा बकायादारों के खिलाफ बिद्युत बिच्छेदन का अभियान चलाया जा रहा है। अवर अभियंता बिद्युत निखिल शेखर सिह द्वारा बक्सपुर, जोमा, गल्ला मंडी, पठान पुरवा सहित दर्जनों मुहल्लों में चेकिंग करते हुए 45 बिद्युत बकायादारों का कनेक्शन काटा गया। जोमा गांव में दो उपभोक्ताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। कस्बा परमहंस बाबा मंदिर गली और अंसारी मुहल्ला में एक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया गया।

### फर्जी मोबाइल फोन पे खाते से उड़ाया तीस हजार

**संजरपुर (आजमगढ़)।** सरायमीर थाना के क्षेत्र के नंदाव गांव निवासी कृष्ण कुमार शुक्ला पुत्र सुरेश चन्द्र शुक्ला का बैंक खाता इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक नंदाव में है। इनके खाते से 2 जनवरी को 31,177 रुपए निकल जाने का मोबाइल पर मैसेज आया। जब उन्होंने देखा तो फोन पे नंबर 6307715479 से पैसा निकाला गया था जबकि यह मोबाइल नंबर खाताधारक का नहीं है। इनके खाते पर किसी व्यक्ति द्वारा फोन पे बना लिया गया है और पैसा निकाल लिया गया। पीड़ित ने इसकी सूचना बैंक व सरायमीर थाने को दिया। प्रार्थना पत्र के आधार पर सरायमीर पुलिस अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गयी।

### विद्युत कटौती से किसानों में आक्रोश

**पटवध (आजमगढ़)।** विद्युत उप केंद्र पटवध कौतूक से सप्लाई होने वाली विद्युत व्यवस्था चरमरा गई है जिससे पूरे ग्रामीण क्षेत्रवासीयो में बहुत आक्रोश व्याप्त है।किसानों का कहना है कि दिन में 7 से 8 घंटे विद्युत रोस्टिंग कटौती से सप्लाई बंद रहती है जिससे किसानों द्वारा दिन में गेहूं की भराई नहीं हो पा रही है और इस कड़ाके की ठंड में उन्हें मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है यह विद्युत कटौती अगर रात में होती और दिन लाइट मिलती तो किसान असानी से अपने खेतों की भराई कर लेता। लेकिन रात के बजाय दिन में जबरदस्त कटौती की वजह से खेत की भराई नहीं हो पा रही है और रात में किसान गेहूं के खेत को भरने के लिए मजबूर है। ऐसे में कई किसानों को ठंड भी लग गई लेकिन शासन-प्रशासन विद्युत व्यवस्था पर ध्यान नहीं दे रहा है।

### यूरिया वितरण न होने से किसान निराश

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** स्थानीय क्षेत्र के सरकारी गोदामो में मंगलवार को आई यूरिया के वितरण न होने से किसानों को जहां निराशा हुई वहीं बाजारों में आई खाद मनमाने दरों पर बिकी। गेहूं की बुआई के साथ ही किसान खाद के लिए परेशान है। सुबह से शाम तक चक्कर काटने के बाद भी खाद नहीं मिल पा रही। खुले बाजार मे भी खाद नदारत थी। मंगलवार को खाद का रैक जनपद में आते ही दुकानों पर भी उपलब्ध हो गयी। ज्यों ही किसानों को भनक लगी सुबह ही दुकानों पर जम गये। सहीदवारा बाजार में खाद के लिए दुकान पर भी लाइन लगी रही। यूरिया एक बोरी के साथ जिंक की बाध्यता पर साढे चार सौ से पांच सौ तक चुकाने पडे। यही हाल बाजार की दस दुकानो पर रहा। भगहां स्थित केन्द्र पर सुबह दो ट्रक खाद पहुंची। खाद की सूचना मिलते ही किसान लाइन लगा लिए लेकिन थोड़ी ही देर बाद अगले दिन वितरण करने को कह कर वापस कर दिया गया। मायूस किसान लौट गये। किसान अमरजीत सिंह, राघवेंद्र राम, रविन्द्र यादव आदि ने कहा कि बाजारों में उचित दर पर उपलब्धता हो जायेगी तो भी राहत मिल जायेगी, कम से कम लाइन तो नहीं लगानी पडेगी।

# संजरी कप क्रिकेट टूर्नामेंट पर खुरासों की टीम ने किया कब्जा

**प्रतियोगिता**

**छह दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ समापन**

जनसंदेश न्यूज



क्रिकेट मैच का उद्घाटन करतेरेहान संजरी व अरूणकांत यादव

**संजरपुर (आजमगढ़)।** संजरपुर में आयोजित छः दिवसीय संजरी कप क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन मंगलवार को हुआ। जिसका संयुक्त उद्धघाटन पूर्व क्रिकेटर खेल प्रेमी रेहान संजरी और पूर्व विधायक बीजेपी अरुण कांत यादव ने फीता काट कर किया और फुरकान संजरी द्वारा टूर्नामेंट का समापन किया गया। रेहान संजरी ने कहा कि शिक्षा के साथ साथ स्वास्थ्य के लिए खेल भी आवश्यक है। इस लिए हर बच्चों पढ़ाई और अन्य कार्य में से कुछ समय खेलकूद के लिए निकालना चाहिए। संजरी कप क्रिकेट टूर्नामेंट छः दिन चला जिसमें कुल 32 टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मैच खुरासों और ओसामा 11 खण्डवारी टीम के बीच चार ओवर का खेला गया। ओसामा 11 खण्डवारी टीम ने 39 रन बनाया खुरासों टीम ने 3 ओवर 1 बाल में 40 रन बनाकर विजय प्राप्त की। संजरी कप क्रिकेट टूर्नामेंट में संजरी कप 2022 मैन ऑफ द सिरीज आरिश लेफ्टी खुरासों और फाइनल मैन ऑफ द मैच अंगद खुरासों ने प्राप्त किया।

टूर्नामेंट कॉमेंटेटर अजीजुर रहमान ने किया। टूर्नामेंट कमेटी के सदस्यों ने जिशान, टीपू, सलमान, लड्डुन, आसिफ, सफीक आदि ने खेल के मुख्य सहयोगी आमिर प्रधान और खेल में हिस्सा लेने वाली सभी टीमों का आभार व्यक्त किया।

## वर्ष 2022 में पुलिस ने किया 3079 जनसमस्याओं का समाधान

**आजमगढ़।** जनपद पुलिस ने वर्ष 2022 में सोशल मीडिया पर प्राप्त 3079 जनसमस्याओं का समाधान कराया। पुलिस कर्मियों के लिए जारी हेल्पलाइन नम्बर से भी पुलिस कर्मियों की समस्याओं का समाधान हुआ। जनपदीय सोशल मीडिया सेल द्वारा सोशल मीडिया पर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने, धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने, धर्म व जाति विशेष पर आपत्तिजनक टीप्पणी करने, भड़काऊ फोटो-विडियो के आदान-प्रदान करने व राजनैतिक कमेंट के मैसेजों की निगरानी करते हुए आवश्यक कार्यवाही कराया गया। इसी क्रम में सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वर्ष 2022 में ट्विटर पर 1322, पुलिस अधीक्षक के सीयूजी पर 1757 प्राप्त जन समस्याओं को सम्बन्धित थाना प्रभारी, क्षेत्राधिकारी के माध्यम से निस्तारित कराया गया है। इसके साथ ही पुलिस कर्मियों की समस्याओं के समाधान हेतु जारी किए गए हेल्पलाइन के माध्यम से 83 पुलिस कर्मियों की समस्या का समाधान कराया गया है।

# यूरिया के लिए सुबह से ही लाइन लगाकर इंतजार कर रहे किसान



**निजामाबाद (आजमगढ़)।** यूरिया खाद के लिए किसान परेशान है साधन सहकारी समितियों पर सुबह से ही लाइन लगाकर खाद के लिए खड़े रहकर इंतजार कर रहे हैं इस कड़ाके की ठंड में किसानों को खाद के लिए काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। निजामाबाद दोनों साधन सहकारी समितियों पर सुबह पाँच बजे से ही किसानों का जमावड़ा लग रहा है इस कड़ाके के ठंड में दूर दराज के गाँवो के किसान सायकिल से एक दो बोरा यूरिया खाद पाने के लिए निजामाबाद कस्बा स्थिति समिति कि खिड़की के सामने लाइन लगाकर सुबह पाँच बजे आ जा रहे है जबकि सरकारी कर्मचारी दस बजे के बाद पहुंच कर दरवाजा खोलते हैं तबतक सैकड़ो किसान खाद पाने के परेशान खड़े रहते है जबकि सुरक्षा के लिए निजामाबाद थाने से दोनों समिति पर दो दो कांस्टेबल कि ड्यूटी लगी हुई हैं खाद कि दिक्कत मुहम्मद पुर गम्भीर पुर निजामाबाद सरायमीर आदि जगहों पर भी किसान सुबह से लाइन में खड़े होकर अपने एक या दो बोरी खाद पाने के लिए महिला पुरूष बच्चे सब लगे हुए हैं लगभग एक सप्ताह से किसान परेशान होकर बड़ी मुश्किल से एक या बोरी खाद मिल पा रही हैं।

# सपा ने की स्नातक एमएलसी प्रत्याशी को जिताने की अपील



**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्नातक एमएलसी चुनाव को लेकर अतरौलिया समाजवादी पार्टी कार्यालय पर एक बैठक हुई। मुख्य अतिथि सपा राष्ट्रीय महासचिव बलराम यादव रहे। अध्यक्षता रामकवल वर्मा तथा संचालन जयप्रकाश यादव ने किया। बैठक में पार्टी के प्रत्याशी करुणाकांत मौर्य को जिताने की अपील की गई। सपा राष्ट्रीय महासचिव बलराम यादव ने कहा कि आज पूरे प्रदेश में अराजकता का माहौल है। संविधान का गला घोटा जा रहा है। दलितों पिछड़ों का हक छीनने की कोशिश की जा रही है। आरक्षण को समाप्त करने का कुचक्र रचा जा रहा है। आज सभी लोगों को एकजुट होकर इसका जवाब देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि स्नातक चुनाव में पार्टी प्रत्याशी कमलाकांत मौर्य को भारी मतों से कार्यकर्ता जिताने का कार्य करें। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख चंद्रशेखर यादव, सुभाषचंद जायसवाल, बर्मन यादव, चंद्रजीत यादव, शीतला निषाद, लच्छीराम वर्मा, कन्हैया गौड़, कमला यादव लोग उपस्थित थे।

## अभया ने बांटे ऊनी वस्त्र व कम्बल

**आजमगढ़।** हाड़ कपाती ठंड के मद्देनजर अभया महिला सेवा संस्थान की महिलाओं ने सचिव अनामिका सिंह पालीवाल की अगुवाई में असहायों में कम्बल व ऊनी वस्त्र वितरित किए। सेवा भाव के साथ अभया महिलाओं द्वारा लगभग 70 से अधिक कम्बल बांट गए। सचिव अनामिका सिंह पालीवाल ने कहा कि मौसम की मार से सभी परेशान हैं। मौसम की प्रतिकूलता को देखते हुए संस्थान की महिलाओं ने 100 से ज्यादा कम्बल आदि की व्यवस्था किया और शहर के आस-पास असहायों को देखकर उन्हें ऊनी वस्त्र उपलब्ध कराए गये। उन्होंने कहा कि समाजसेवा के लिए जिस तरह से युवा आगे आ रहे है, वह अच्छा कदम हैं। हर हाल में अपने बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा दें ताकि यह बच्चे ही आपके भविष्य को बदल सकें। सोनी अग्रवाल ने कहा कि समाज में सामाजिक लोग बहुत से है जो हर परिश्रमी के साथ खड़े होने को तत्पर है। संस्थान द्वारा आगे भी लोगों की मदद की जाएगी। कम्बल बांटने वालों में सोनी अग्रवाल, पूनम श्रीवास्तव, सीमा अग्रवाल, अर्चना राय, आभा सिंह, अनामिका आदि शामिल रही।

# 170 मरीजों का चिकित्सकीय परीक्षण

**शिविर**

**फेको विधि से 5 मरीजों के आंखों का किया गया आपरेशन**



निःशुल्क नेत्र शिविर में उपस्थित लोग

**आजमगढ़।** नगर के हर्रा की चुंगी स्थित नेत्र मंदिर अस्पताल के आठवें वर्षगांठ के मौके पर मंगलवार को एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का शुभारंभ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक सत्येंद्र सत्याग्रही व विश्व हिंदू परिषद के विभाग अध्यक्ष अशोक ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में 170 मरीजों का निःशुल्क चिकित्सकीय परीक्षण के साथ ही 5 मरीजों का फेको विधि से आंखों का ऑपरेशन भी किया गया।

नेत्र मंदिर के केयरटेकर आशीष गोयल ने कहा कि इस मंहगाई के दौर में आम गरीब इंसान पैसों के अभाव में अपना इलाज नहीं करा पा रहे हैं। उन्हें इधर-उधर भटकना पड़ता है। उनकी इस पीड़ा को कम करने के लिए ही इस शिविर का आयोजन किया गया है। भाजपा नेता ऋत्विक जायसवाल व अभिषेक जायसवाल दीनू ने कहा कि नेत्र मंदिर अस्पताल की ओर से निःशुल्क चिकित्सा शिविर का जो आयोजन किया है वह सराहनीय कदम है। यह कार्य किसी पुनीत कार्य से कम नहीं है। भारत विकास परिषद (महिला शाखा) की सदस्य छाया अग्रवाल व एलीट के सदस्य अरविंद अग्रवाल ने कहा कि हर इंसान को अपने आंख के साथ शरीर पर ध्यान देना चाहिए। उसका सही उपचार सही समय पर कराने से ही उसका निदान होता है। छोटी-छोटी लापरवाहियां ही जीवन को खतरे में डाल देती है।

सीतापुर आंख अस्पताल के वरिष्ठ नेत्र सर्जन डा.महमूद आजम ने शिविर में आये मरीजों के आंखों की जांच की और 5 मरीजों के आंखों का ऑपरेशन भी किया। हरिहरपुर घराने के गायक मोहन मिश्र व उनकी टीम की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर जमुना अग्रवाल, संजय अग्रवाल, अजय अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, सुनील विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

# दुकानों का नहीं बढ़ेगा किराया

**पालिका की बैठक**

### सभासदों, ईओ और अन्य अधिकारियो ने किया प्रतिभाग

### बोर्ड में बैठक पास हुआ प्रस्ताव

**जनसंदेश न्यूज**


बैठक में शामिल लोगों को संबोधित करते नपाध्यक्ष

**मीरजापुर।** नपाध्यक्ष मनोज जायसवाल ने मंगलवार की सुबह लालडिग्गी स्थित प्रधान कार्यालय पहुँचे। जहां नपाध्यक्ष ने समस्त सभासदों, नामित सभासदों एवं पालिका के अधिकारियों के साथ पालिका की बोर्ड बैठक की।

इस बोर्ड बैठक में अधिशासी अधिकारी अंगद गुप्ता समेत पालिका के अन्य अधिकारियो ने भी प्रतिभाग किया।बता दे इस बोर्ड की बैठक में तीन प्रस्तावों पर सर्व सम्मति के साथ मुहर लगाई गई है। बोर्ड ने पालिका के दुकानों का किराया वृद्धि ना करने का बैठकर पालिका की दुकानों का किराया न बढ़ाने का फैसला लिया गया है। किराए में एकरूपता न होने के कारण किराए की वृद्धि स्थगित की गई है। इसके साथ ही नगर क्षेत्र और सिटी क्लब में हो रहे अतिक्रमण को हटाने को लेकर सदन से मुहर लगाई है। विज्ञापन और होल्डिंग में बरती गई अनिमियता को देखते हुए कर निर्धारण अधिकारी के खिलाफ भी शासन को पत्र लिखा जा रहा है। ईओ को कर फैसला लिया है। नपाध्यक्ष ने पहले नियमानुसार सर्वे कराने को कहा है और पूर्व में निर्धारित किराये की हिसाब से वसूली करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही नगर और सिटी क्लब में हो रहे अतिक्रमण को लेकर भी चर्चा की गई। सदन के सभी सदस्यों ने एकमत होकर सिटी क्लब और नगर क्षेत्र में हो रहे अतिक्रमण को हटाने को लेकर अपनी सहमति दी है। विज्ञापन और होल्डिंग में बरती गई अनिमियता को देखते हुए कर निर्धारण अधिकारी के खिलाफ शासन को पत्र लिखने और कार्यवाही को लेकर सदन के सदस्यों ने सहमति जताई है। इस मौके पर नपाध्यक्ष ने कहा है की सदन की निर्धारण अधिकारी का सर्विस बुक चौबीस घण्टे के भीतर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। जिससे उसमे प्रतिकूल प्रविष्टि दिया जा सके। सर्विसबुक न आने तक ईओ का भी वेतन रोका जा रहा है। इस मौके पर समस्त सभासदगण, अधिशासी अधिकारी सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## दूसरे दिन भी दिखा गांव में तेंदुआ, ग्रामीणों में दहशत

**जनसंदेश न्यूज**

**हड़कंप**

### टीम पहुंचने के पहले गायब हो गया तेंदुआ

**लालगंज।** क्षेत्र के दीवानपुर गांव में तेंदुआ की दहशत के दूसरे दिन मंगलवार को सुबह ग्रामीणों के दिखाई देने के बाद सूचना पर पहुंची पुलिस शांति व्यवस्था सुरक्षा वन विभाग की टीम के साथ बनाए रखें। सरसों के खेत में दिखाई देने के बाद तेंदुआ नहीं दिखाई दिया। जिसको लेकर ग्रामीणों में भय का माहौल बना रहा है।

ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नवनीत सेहरा के निर्देश पर वन विभाग की टीम दूसरे दिन गांव में पहुंचकर तेंदुआ की छानबीन खोज में जुटी थी। ग्रामीणों ने बताया कि दोपहर के समय सरसों के खेत में तेंदुआ दिखाई दिया। 2 घंटे बाद पहुंची टीम सरसों के खेत के पास वन विभाग के चार पांच व्यक्ति मिलकर खोजबीन करते रहे लेकिन तेंदुआ वहां से सरक लिया। हुआ यह कि 2 दिनों से ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नवनीत सेहरा वन विभाग को अलर्ट जारी रखा फिर भी विभाग की लापरवाही उस समय उजागर हो गई कि दूसरे दिन भी तेंदुआ गांव में दिखाई दिया। मजे की बात यह रही कि तेंदुआ खोज के नाम पर वन विभाग के फॉरेस्टर डंडे लेकर ग्रामीणों के साथ केवल हो हल्ला मचा कर अपने कर्तव्य दायित्व निर्वाह करते रहे। इसके साथ ही खामियां उस वक्त उजागर हुई जब ग्रामीण बच्चे खेल खेलने वक्त जाते समय तेंदुआ सरसों के खेत में दिखाई दिया।

बच्चे दौड़ कर अपने माता-पिता से बताया कि तेंदुआ खेत के सरसों में है जिसके बाद सूचना ग्रामीणों ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नवनीत सेहरा को दिया और इस सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया। इस दौरान ग्रामीण पुलिस व वन विभाग की टीम गांव में मौजूद रही।

## पिकअप में लदे 14 पशुओं को पुलिस ने पकड़ा

**कार्रवाई**

### पिकअप छोड़ मौके से फरार हो गए पशु तस्कर

### पुलिस की सक्रियता से पशु तस्करों में हड़कंप

**राजगढ़।** थाना क्षेत्र के चौखड़ा गांव के पास से मंगलवार की सुबह दो पिकअप में लदे 14 नग पशुओं को पिकअप सहित हिरासत में लेकर पुलिस थाना ले जाकर कार्रवाई में जुटी हुई है। जबकि पशु तस्कर मौके से फरार हो गए। जिनकी पुलिस तलाश कर रही है। क्षेत्र में सक्रिय पशु तस्कर घने कोहरे का फायदा उठाकर दो पिकअप में 14 नग पशुओं को लादकर कटान के लिए ले जा रहे थे।

जैसे ही कलवारी बाजार के पास पहुंचे कि मुखबिर की सूचना पर मड़िहान पुलिस पशु तस्करों को पकड़ने के लिए घेराबंदी की परंतु पशु तस्कर कलवारी बाजार से फरार हो गए और राजगढ़ थाना क्षेत्र में पहुंच गए। जिसपर सूचना मिलते ही राजगढ़ थाना पुलिस पशु तस्करों को गिरफ्तार करने के लिए निकल पड़ी। पुलिस को देखते ही पशु तस्कर पिकअप में लदे पशुओं को लेकर फरार होने लगे। पशु तस्करों को फरार होता देख पुलिस ने उनका पीछा करने लगे। इस दौरान पुलिस को पीछा करता देख इंदिरा नगर व चौखडा गांव के पास पशु तस्कर पशु लदे पिकअप को नहर पर छोड़कर जंगल मे फरार हो गए। वहीं मौके पर पहुँची पुलिस पिकअप सहित सभी पशुओं को राजगढ़ थाने ले जाकर कार्रवाई करते हुए, पकड़े गए पशुओं को गो स्थल को सौंप दिया तथा पिकअप को अपने कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई करते हुए, फरार पशु तस्करों की तलाश में जुटी हुई है। इस संबंध में राजगढ़ थाना प्रभारी अरुण कुमार दुबे ने बताया कि मंगलवार की सुबह लगभग 8:30 बजे पिकअप में लदे 14 नग पशु पकड़े गए हैं। वही पशु तस्कर मौके से फरार हो गए। जिनकी तलाश की जा रही है।

### 15 जनवरी तक अवकाश घोषित

**जिलाधिकारी ने जारी किया आदेश**

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल द्वारा शीत लहरी व ठंड के दृष्टिगत जनपद के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आगामी 15 जनवरी 2023 तक बन्द, अवकाश जारी किया गया। उन्होने अपने आदेश के तहत कहा कि आँगनबाड़ी केन्द्रों, जहाँ छोटे-छोटे बच्चों को आँगनबाड़ी कार्यकत्रियों के द्वारा विभागीय सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए तमाम गतिविधियाँ कराई जाती हैं। वर्तमान में भीषण शीत लहरी एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों पर ठंड से बचाव के कोई साधन उपलब्ध न होने के कारण, केन्द्रों पर आने वाले बच्चे ठंड से प्रभावित हो सकते हैं। जिलाधिकारी ने शीत लहरी की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आने वाले बच्चों का 15 जनवरी 2023 तक अवकाश घोषित करते हुये अवकाश में सभी आँगनबाड़ी केन्द्र खुले रहेंगे तथा आँगनबाड़ी कार्यकत्रियाँ, मिनी कार्यकत्रियाँ एवं सहायिकाओं द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र की अन्य आवश्यक सुविधाएं जैसे गृह भ्रमण, सामुदायिक गतिविधियाँ, टीकाकरण, अनुपूरक पुष्टाहार वितरण एवं पोषण ट्रैकर सम्बन्धी फीडिंग आदि शासकीय कार्यों का निष्पादन पूर्व की भांति किया जायेगा।

# निडर होकर काम को अंजाम देते हैं पत्रकार : एसडीएम



कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित करते एसडीएम

**कार्यक्रम**

### बैठक में एसडीएम व तहसीलदार को किया गया सम्मानित

**राजगढ़।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन मड़िहान तहसील ईकाई की ओर से नव वर्ष पर आकस्मिक बैठक बुलाई गई जिसमें उपजिलाधिकारी मड़िहान अश्विनी कुमार सिंह एवं तहसीलदार फूलचंद यादव को आमंत्रित किया गया तथा उन्हें सम्मानित कर नव वर्ष की अनन्त शुभकामनाएं दी गई।

इस दौरान ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष देवेन्द्र नाथ मिश्र एवं तहसील ईकाई के अध्यक्ष रघुवर प्रसाद मौर्य की उपस्थिति में कार्यक्रम संचालित किया गया। उपजिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में पत्रकारिता करना बहुत बड़ी चुनौती है लेकिन आप लोगों का साहस समाज के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है ऐसे में कठिन परिस्थितियों के अनुरूप आप निडर होकर अपने काम को अंजाम देते हैं और लोगों को न्याय दिलाने में मदद करते हैं। तहसीलदार फूलचंद यादव ने कहा कि आपके खबरों से हमें बहुत सहयोग मिलता है जहां भी समस्या दिखाई देती है आप लोग व्यक्तिगत तौर पर बात करें उसका समाधान कर निस्तारण किया जाएगा। कार्यक्रम में देर से पहुंचे थानाध्यक्ष अरूण कुमार दूबे ने उपस्थित पत्रकारों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी तथा क्षेत्र की समस्याओं को लेकर आपसी सहयोग की बात कही। इस दौरान मड़िहान तहसील ईकाई के समस्त पत्रकारों को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन का परिचय पत्र वितरित कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

# युवा खिलाड़ियों को मुहैया कराएंगे सुविधा : गजेंद्र प्रताप सिंह

**जनसंदेश न्यूज**


खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते प्रमुख

**प्रतियोगिता**

### ग्रामीण प्रतिभायें देश में रोशन करतीं हैं नाम

**राजगढ़।** मड़िहान विकास खंड राजगढ़ के शिवाजी स्टेडियम करौंदा में मंगलवार को मुख्य अतिथि के तौर पर ब्लाक प्रमुख युवा नेता गजेंद्र प्रताप सिंह का आगमन हुआ। बताते चलें कि शिवाजी स्टेडियम में 2 जनवरी से 14 जनवरी तक ड्यूज बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन विगत 20 वर्षों से लगातार हो होता है।

यहां दूरदराज से दर्जनों टीमें प्रतिभाग करती हैं। मुख्य अतिथि गजेंद्र प्रताप सिंह ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल ही जीवन का मुख्य अंग है। खेल के विकास से देश का विकास होता है। ग्रामीण स्तर पर अगर हम खेल को महत्व देंगे तो यहां से कई प्रतिभावान खिलाड़ी हमारे देश का नाम रोशन करेंगे।

उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि प्रत्येक गांव में स्टेडियम का निर्माण किया जाए। जहां बच्चों को उनके रूचि के अनुसार खेल खेलने का अवसर मिले। विकासखंड राजगढ़ में कई गांव में मिनी स्टेडियम का निर्माण कराया गया है। जहां खिलाड़ियों के लिए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। स्टेडियम के संस्थापक एवं प्रबंधक राजेंद्र सिंह ने मांग किया कि शिवाजी स्टेडियम में खिलाड़ियों के लिए पुरुष एवं महिला सुलभ कांप्लेक्स का निर्माण नहीं हुआ है। जिस पर मुख्य अतिथि ने घोषणा किया कि अतिशीघ्र सुलभ कांप्लेक्स का निर्माण करा दिया जाएगा। इस अवसर पर राजेंद्र सिंह उर्फ टोपी, संजय सिंह, अनिल सिंह, राजेंद्र सिंह, राजेश कुमार सिंह, आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## बैग में 82 पाउच शराब के साथ एक गिरफ्तार

**मीरजापुर।** रेलवे स्टेशनों सकुर्लेटिंग एरिया एंव ट्रेनों में बढ़ती चोरी की घटनाओं की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी व बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना जीआरपी के प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह के निर्देशन में उ0नि0 दिवाकर पाण्डेय मय हमराह हे0का0 विनय यादव, योगेश दुबे व का० दीपक तिवारी थाना जीआरपी के द्वारा मुखवीर कि सूचना पर रेलवे स्टेशन के प्लेट फार्म 3 के पश्चिमी छोर स्टेशन नाम पट्टीका के पास बहद थाना जीआरपी मंगलवार को 01 शातिर अभियुक्त शैलेन्द्र सिंह पुत्र चन्द्रभान सिंह निवासी ग्राम सराय चौहान थाना मुगरा बादशाहपुर जिला जौनपुर को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से पीठ पर टागें लाल और ग्रे रंग के पिट्ठू बैग में 82 पाउच अंग्रेजी शराब बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त शैलेन्द्र सिंह के विरुद्ध धारा 60 आबकारी अधि0 पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

## नकली सोना बेचने वाले गैंग का आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** एसपी के निर्देश के क्रम में क्षेत्राधिकारी लालगंज दीक्षांत राज के नेतृत्व में थाना जिगना पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मंगलवार को प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना जिगना क्षेत्र से नकली सोने का गिन्नी बेचने वाले गैंग से सम्बन्धित आरोपी ताड़केश्वर बिन्द पुत्र नन्दलाल बिन्द निवासी मोहनपुर थाना जिगना जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से एक पीली धातु की गिन्नी व जामा तलाशी से 3250 रुपए बरामद किया गया। उक्त घटना के सम्बन्ध मे थाना जिगना पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग में नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार आरोपी को जेल भेजा जा रहा है। गिरफ्तार आरोपी द्वारा पूछताछ में बताया गया कि वह अपने अन्य दो साथियों के साथ मिलकर मीरजापुर, भदोही सहित आसपास के जनपदों के घूम-फिर कर धोखे से नकली सोने की गिन्नियों को असली सोने की गिन्नी बताकर बेचते है तथा बिक्री से प्राप्त धनराशि को आपस में बांट लेते है। एक गांव में नींव की खुदाई से सोना प्राप्त होना बताकर मंगलवार को भदोही के ऊंच थाना क्षेत्र निवासी सुबेदार यादव को बुलाकर नकली सोने की 03 गिन्नियाँ देकर 2.80 लाख की धोखाधड़ी की घटना कारित की गयी थी।

### चोरों ने उड़ाया व्यायामशाला में रखा सामान

**मीरजापुर।** नगर के कटरा कोतवाली थाना अंतर्गत लालडिग्गी क्षेत्र में चोरों ने उत्पात मचाया। राजकीय उद्यान में मौजूद व्यायामशाला में रखा -डंबल, वेटलिफ्टिंग के प्लेट्स, लोहे की रॉड, लकड़ी की जोड़ी(मुद्गल), गदा तथा लोहे का पैरेलल सहित पचासों हजार रुपए मूल्य के सामान बीती रात चोर उठा ले गए। व्यायामशाला में रखे गए समस्त उपकरण जन सहयोग व आपसी चंदे से खरीद कर एकत्रित किए गए थे। चोरी की घटना के बाद व्यायामशाला में सन्नाटा पसरा है। यहां व्यायाम के लिए आने वालों में मायूसी व्याप्त है।

## 25 हजार का इनामिया गिरफ्तार


पकड़ा गया आरोपी

**जनसंदेश न्यूज**

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों, वांछित, पुरस्कार घोषित अभियुक्तों की गिरफ्तारी करते हुए उनके विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये है। उक्त निर्देश के अनुक्रम में क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन-उमाशंकर सिंह के नेतृत्व में थाना अहरौरा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक अहरौरा-कुमुद शेखर सिंह मय पुलिस बल द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना अहरौरा पर पंजीकृत धारा 3(1)उ.प्र. गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप(निवारण)अधिनियम से सम्बन्धित 25 हजार के ईनामियां अभियुक्त जितेन्द्र कुमार चौहान पुत्र स्व. राममूरत निवासी छीतमपुर मूसाखांड थाना चकिया चन्दौली को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेजा जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त जितेन्द्र कुमार चौहान उपरोक्त पेशेवर एवं शातिर किस्म गो-तस्करी करने का अपराधी है जिसके विरूद्ध थाना अहरौरा पर गोवध अधिनियम से सम्बन्धित अभियोग भी पंजीकृत है।

# सीडीओ ने पुलिस लाइन का किया निरीक्षण

**कार्रवाई**

### निर्माण कार्यों में विलम्ब पर अधिशासी अभियंता व ठेकेदार के ऊपर पेनाल्टी लगाने के निर्देश

**जनसंदेश न्यूज**


पुलिस लाइन में निरीक्षण करतीं सीडीओ

**मीरजापुर।** मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस ने अपरान्ह 10.30 बजे पुलिस लाईन में रु. 50 लाख से अधिक लागत के निर्माण कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। पुलिस लाइन मीरजापुर में ट्रांजिट हास्टल जी6 का निर्माण कार्य- शासन द्वारा इस कार्य हेतु रु. 16.6850 करोड़ की वित्तीय प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करते हुए उ.प्र. पुलिस आवास निगम लि., वाराणसी को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है।

निरीक्षण के समय पाया गया कि बिल्डिंग का निर्माण लगभग पूर्ण है, जिसकी फिनिशिंग इत्यादि कार्य चल रहा है। मौके पर उपस्थिति अधिशासी अभियन्ता द्वारा बताया गया कि अब तक रु. 11.63 करोड़ की धनराशि प्राप्त है, जिससे लगभग 80 प्रतिशत भौतिक प्रगति अर्जित की गयी है। कार्य की प्रगति धीमी होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया गया कि तत्काल कार्यस्थल पर कम से कम 30 30 श्रमिक लगाकर एक माह में कार्य की पूर्णता सुनिश्चित करायें।

यह भी निर्देशित किया गया कि यदि कल तक अपेक्षित श्रमिकों को नहीं लगाया जाता, तो सम्बन्धित ठेकेदार के विरूद्ध पेनाल्टी लगाने का आदेश निर्गत करें। अधिशासी अभियन्ता द्वारा बताया गया कि बाउण्ड्रीवाल, इण्टरलाकिंग कार्य, स्ट्रीटलाइट, भूमि विकास इत्यादि कार्य कराये जाने हैं, जिस पर निर्देशित किया गया कि अपर पुलिस अधीक्षक नगर से समन्वय स्थापित कर उक्त कार्यों हेतु तत्काल आगणन तैयार कर पुलिस अधीक्षक एवं अधोहस्ताक्षरी को अवलोकित करायें। पुलिस लाइन में 100 पुरूष हेतु हास्टल, बैरक का निर्माण शासन द्वारा इस कार्य हेतु रू. 5.502 करोड़ की वित्तीय प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करते हुए उ.प्र. पुलिस आवास निगम लि., वाराणसी को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है। निरीक्षण के समय पाया गया कि बिल्डिंग स्ट्रक्चर कार्य लगभग पूर्ण है। निर्देशित किया गया कि बिल्डिंग के प्लास्टर का कार्य चार जनवरी से प्रारम्भ करायें। मौके पर निर्माण कार्य चल रहा है, बताया गया कि 30 श्रमिक लगे है।

कार्य की प्रगति धीमी होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया गया कि मौके पर उपस्थिति अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि बुधवार को सायंकाल तक इस कार्य का पर्ट चार्ट अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करें। परियोजना प्रबन्धक, सी. एण्ड डी.एस., यूनिट-38 को निर्देशित किया जाता है कि शत-प्रतिशत धनराशि का उपभोग प्रमाण पत्र उपलब्ध कराते हुए पुलिस अधीक्षक के माध्यम से अवशेष धरनराशि की मांग हेतु शासन को पत्र प्रेषित करायें। अवशेष धनराशि की मांग हेतु अपने स्तर से भी प्रयास करें। निरीक्षण के समय अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्रीकान्त प्रजापति, अधिशासी अभियन्ता-उ.प्र. पुलिस आवास निगम वाराणसी, सहायक अभियन्ता सी. एण्ड डी.ए. यूनिट-38, सोनभद्र एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### एक शातिर चोर को किया गिरफ्तार



**मीरजापुर।** रेलवे स्टेशनों सकुर्लेटिंग एरिया एंव ट्रेनों में बढ़ती चोरी की घटनाओं की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी व बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना जीआरपी के प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह के निर्देशन उ0नि0 अभिषेक सिंह चौकी प्रभारी जीआरपी चुनार मय हमराह का अजहर खाँ चौकी जीआरपी चुनार व हे0का0 योगेश दुबे थाना जीआरपी के द्वारा मुखवीर कि सूचना पर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नं 2/3 के पूर्वी छोर पर स्थित पानी की टंकी के पास बरगद के चबूतरे पर बहद थाना जीआरपी मंगलवार को एक शातिर अरविन्द गुप्ता उर्फ अरविन्द अग्रहरि पुत्र स्व0 विश्वनाथ गुप्ता निवासी रेलवे स्टेशन रोड थाना कोतवाली कटरा जिला मीरजापुर गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से एक मोबाइल रेडमी कम्पनी का टचस्क्रीन बिना सिम चालू हालत में बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त अरविन्द गुप्ता उर्फ अरविन्द अग्रहरि उपरोक्त की गिरफ्तारी करते हुये सुसंगत धाराओं में चालान कर न्यायालय भेजा गया।

### आम का पेड़ काटने पर चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज

**हलिया।** क्षेत्र के बेदउर गांव में पेड़ काटा जा रहा था जिस पर गस्त पर निकले वन्यजीव रक्षक रामदास मौके पर पंहुचकर देखा एक आम का पेड़ काटकर उसका बोटा बनाया जा रहा है। पूछताछ करने पर पता चला कि आम का अबैध कटान बेदउर गांव निवासी मखोली मौर्य व लालगंज के दुबारकला गांव निवासी कमरुद्दीन व विशाल सिंह व विनोद के द्वारा किया गया है। जिस पर कटान की गई आम की लकड़ी के पांच बोटा को सुपुर्दगी में लेते हुए सभी आरोपितों के खिलाफ ग्रामीण वृक्ष अधिनियम की धारा 4/10 के तहत रेंज कार्यालय में केस दर्ज करते हुए मौके पर आम के लकड़ी के पांचों बोटो को राजेंद्र मौर्य को सुपुर्द कर दिया है। दर्ज केस के मामले की जांच के लिए उप वनक्षेत्राधिकारी त्रिभुवन प्रसाद सिंह को देते हुए शीघ्र रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है। इस संबंध में वनक्षेत्राधिकारी राम नारायण ने बताया कि बिना अनुमति के आम के पेड़ का कटान करने वाले सात आरोपितों के खिलाफ ग्रामीण वृक्ष संरक्षण अधिनियम के तहत केस दर्ज कर आम की लकड़ी को सुपुर्दगी में लेते हुए मामले की जांच की जा रही है।

### गैंगस्टर एक्ट का वांछित गिरफ्तार

**मीरजापुर।** अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों, वांछित, पुरस्कार घोषित अभियुक्तों की गिरफ्तारी करते हुए उनके विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये है। उक्त निर्देश के अनुक्रम में मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक थाना पड़री माधव सिंह मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना पड़री पर पंजीकृत धारा 3(1) उ0प्र0 गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम से सम्बन्धित 25 हजार के ईनामियां अभियुक्त चिरंजीव यादव उर्फ चिरंजीवी पुत्र स्व0अमरनाथ निवासी चौहानपट्टी थाना पड़री मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त पेशेवर एवं शातिर किस्म का वाहन चोरी करने का अभ्यस्त अपराधी है। जिसके विरुद्ध मीरजापुर के विभिन्न थानों में चोरी सहित अन्य धाराओं में कई अभियोग पंजीकृत है। मीरजापुर पुलिस द्वारा पूर्व में गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी की 13 अदद मोटर साइकिल भी बरामद की जा चुकी है।

### विंध्य युवा अधिवक्ता समिति के चुनाव की प्रक्रिया शुरू

**लालगंज।** विंध्य युवा अधिवक्ता समिति के 2023 नए कार्यकारिणी के चुनाव हेतु नामांकन पत्रो की खरीदारी 2 एव 3 जनवरी को निर्धारित था जिसके के क्रम में 3 जनवरी मंगलवार को अध्यक्ष पद हेतु अखिलेश कुमार मिश्र एडवोकेट, एवं आनंद प्रताप सिंह एडवोकेट, उपाध्यक्ष पद से राजेश कुमार जायसवाल एडवोकेट, सचिव पद से राजेंद्र प्रसाद मौर्य, सुरेंद्र कुमार सिंह, सुरेश सिंह, संयुक्त सचिव पद से राजेश कुमार गुप्ता एडवोकेट, पुस्तकालय अध्यक्ष से प्रदीप कुमार दुबे, ऑडिटर पद हेतु राकेश कुमार प्रजापति एडवोकेट, मीडिया प्रभारी अशोक कुमार सिंह द्वारा नामांकन लिया गया। पुस्तकालय अध्यक्ष के लिए गए एक नामांकन पत्र शेर बहादुर सिंह का खारिज किया गया। कार्यकारिणी सदस्य गुलामे रसूल, जनार्दन, सत्य प्रकाश, शरद, नित्यानंद, सुनील, बृजेश, को मनोनीत किया गया। इस आशय की जानकारी चुनाव निर्वाचन अधिकारी जीत नारायण दुबे एडवोकेट ने दिया।

### आपस में भिड़े दो डग्गामार वाहन क्षतिग्रस्त

**हलिया।** थाना क्षेत्र के नदना गांव के पास में मंगलवार की सुबह सवारियों को लेकर आ रहे थी कि दोनों मैक्स व पिकअप वाहन आपस में भीड़ गई जिससे दोंनो वाहन क्षतिग्रस्त हो गए जबकि दोंनो वाहनों के चालक व दर्जनों की संख्या में बैठे सवारी बाल बाल बच गए। क्षेत्र के कुशियरा गांव निवासी मैक्स चालक दौलतराम ने सवारियों को लेकर हलिया आ रहे थे कि जैसे ही वाहन नदना चौराहे पर पंहुचा कि सामने चल रहे पिकअप चालक पड़री निवासी पिंटू ने अचानक ब्रेक लगा दिया कि मैक्स वाहन पिकअप वाहन में पीछे से टकरा गई। संयोग ठीक था कि चालक सहित सवारी बाल बाल बच गए। जबकि दोंनो वाहन क्षतिग्रस्त हो गई। कोरावल क्षेत्र के नदना, कुशियरा, बेलाही, मतवार, आदि गांवों से डग्गामार वाहनों के चालकों द्वारा सवारियों को बैठाकर व गाडियों के उपर अगल बगल लटकाकर बिना किसी रोक टोक के चल रहे हैं इसके बाद भी संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी हाथ पर हाथ धरे बैठे हुए हैं। इन डग्गामार वाहनों पर कोई रोक टोक नहीं किया जा रहा है।

### चार नामजद व चार अज्ञात के विरुद्ध दर्ज हुई प्राथमिकी

**चुनार।** विधवा प्रकरण में पुलिस ने चार नामजद व चार अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने के साथ ही आरोपितों की तलाश तेज कर दी है। पुलिस ने महिला के साथ जबरदस्ती कर विवाह कराने, धमकी तथा प्रलोभन देने के साथ ही आपराधिक साजिश करने व पीड़िता के साथ मारपीट करने संबंधी विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। कोतवाल त्रिवेणी लाल सेन ने बताया कि प्रकरण के संबंध में एक चुनार पुलिस की एक टीम आगरा तथा एक टीम आगरा भेजी गई है। इसके साथ ही पुलिस द्वारा स्थानीय स्तर पर भी कईयों से पूछताछ की जा रही है। कोतवाल ने बताया कि पीड़िता का मेडिकल मुआयना कराया गया है। इसके साथ ही मामले में कई बिंदुओं पर विवेचना की जा रही है। उन्होंने बताया कि आरोपितों की गिरफ्तारी के साथ ही मामले का खुलासा जल्द किया जाएगा। चुनार क्षेत्र के एक मुहल्ले से गरीब विधवा को मजदूरी दिलाने के नाम पर बहला फुसलाकर चुनार के ही चार लोग अपने साथ ले गए थे और आगरा में उसे बेचने का प्रयास किया।

### 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ दो गिरफ्तार

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री में संलिप्त अभियुक्तों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये है। उक्त निर्देश के अनुक्रम में मंगलवार को उ0नि0 धनन्जय सिंह चौकी प्रभारी लहंगपुर मय पुलिस टीम द्वारा थाना लालगंज क्षेत्र से 02 नफर सेवालाला पुत्र स्व0 भग्गूराम व ललई पुत्र स्व0 विश्वनाथ निवासीगण पगार थाना लालगंज मीरजापुर को 10-10 लीटर(कुल 20 लीटर) अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना लालगंज पर धारा 60 आबकारी अधिनियम में अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई।

### बैठक में छाया रहा धान क्रय का मुद्दा

**अदलहाट।** भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति की पंचायत मंगलवार को ग्राम नेवादा स्थित भगवती माता के मंदिर पर संपन्न हुआ जिसमें मुख्य रूप से संगठन का विस्तार और धान क्रय का मुद्दा छाया रहा। पंचायत में किसानों ने धान क्रय केन्द्रों में भारी अनियमितता को लेकर असंतोष ब्यक्त किया। भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के राष्ट्रीय संरक्षक राजेंद्र प्रसाद शास्त्री उपस्थित रहे। इस दौरान जिला अध्यक्ष अली जमीर खान ने प्रत्येक पदाधिकारी को वार्षिक सदस्यता ग्रहण करने का निर्देश दिया। पंचायत की अध्यक्षता कृपा शंकर सिंह व संचालन प्रदीप कुमार सिंह पटेल ने किया। इस दौरान पंचायत में मंडल अध्यक्ष नागेंद्र बहादुर सिंह, करुणा शंकर शुक्ला, अकीलुद्दीन, श्रवण कुमार सिंह, सुरेश कुमार सिंह, बजरंगी कुशवाहा, प्रदीप कुमार सिंह, अंदीप सिंह पटेल, विवेक कुमार सिंह, शिव शंकर सिंह प्रधान, अखिलेश, ओमप्रकाश, विजय, यूके और क्षेत्र के किसान उपस्थित रहे।

### सड़क के गड्ढे में गिरकर बाइक सवार घायल

**लालगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के लहंगपुर चौकी अंतर्गत गंगहरा कलां गांव के सामने सोमवार की देर रात लगभग 9:30 बजे एक साइकिल सवार अनियंत्रित होकर सड़क के बगल में बने गड्ढे में गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने एंबुलेंस सेवा से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज ले गए। जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने घायल को देखते हुए गंभीरावस्था में मंडलीय अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। परिजनों ने बताया कि गंगहराकलां गांव निवासी सुलोचन का 30 वर्षीय पुत्र राजित लहंगपुर बाजार से अपने घर साइकिल से आ रहा था कि अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया।

### मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में पात्र अभ्यर्थी करें आवेदन

**मीरजापुर।** उपायुक्त उद्योग ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से सर्वधारण को जानकारी देते हुये बताया है कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना (2022-23) में आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। योजनान्तर्गत इच्छुक अभ्यर्थी पर 15/01/2023 तक आवेदन कर हार्ड कापी कार्यालय में जमा करें। इस योजनान्तर्गत पात्र अभ्यर्थी की आयु 18 से 40 वर्ष होनी चाहिये और शैक्षिक योग्यता 10 पास होना चाहिये। अभ्यर्थी सेवा क्षेत्र (ब्यूटी पार्लर, घरेलू इलेक्ट्रानिक उपकरण की मरम्मत, रेस्टोरेंट, आटो मोबाईल वर्क शाप, साइबर कैफे इत्यादि) में 10 लाख तक एवं विनिर्माण क्षेत्र में 25 लाख तक आवेदन किया जा सकता है।

# थाम लेंगे वक्त को चलने न देंगे क्रूरता के हाथ हम बढ़ने न देंगे

**कार्यक्रम**

## कविता, गीत, गजल और शायरी की मनोहारी प्रस्तुतियों से गुलजार रहा आरटीएस क्लब

जनसंदेश न्यूज


काव्य पाठ करती कवित्री पूनम श्रीवास्तव

**सोनभद्र।** देश के ख्यातिलब्ध शायर, कवि व गीतकारों की मौजूदगी में कविता गीत गजल सायरी छंद और मुक्तक की मनोहारी प्रस्तुतियों से रावटर्सगंज का आरटीएस क्लब मैदान गुलजार रहा। घने कोहरे और ठिठुरती रात में श्रोताओं से खचाखच भरा प्रांगण 60 वां वर्ष पूर्ण कर आयोजन के हीरक जयन्ती का साक्षी बना।

मधुरिमा साहित्य गोष्ठी के तत्वावधान में आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन के संयोजक साहित्यकार व संस्था के निदेशक पं अजय शेखर के कुशल संयोजन व भोजपुरी के जाने माने गीतकार हरिराम द्विवेदी की अध्यक्षता तथा सभाजीत द्विवेदी प्रखर के सफल संचालन में नई इबारत लिख गया। मुख्य अतिथि सदर विधायक भूपेश चौबे ने मधुरिमा साहित्य गोष्ठी द्वारा आयोजित सारस्वत महायज्ञ के 60 वर्ष पूर्ण होने पर साहित्य के क्षेत्र में जनपद ही नही बल्कि प्रदेश व देश के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। चुनारी लाल की कृति विगुल व अनामिका स्मृति का विमोचन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूनम श्रीवास्तव ने वाणी वन्दना हे मइया पार करो मोरी नईया से किया तत्पश्चात दस वर्षीय कुमारी सृजा ने अपनी कविता एक रात छत पर आकर झांक रहा था चन्दा सुनाकर श्रोताओं का ध्यान आकर्षित किया। सदर एसडीएम रमेश कुमार यादव ने खुद को रांझा तुम्हे हीर बयां करता हूँ सुनाया तो मोहित पाण्डेय ने हम देश भक्ति से सराबोर हम सोनभद्र के प्राणी हैं सुनाकर माटी की सुगन्ध बिखेरा। ई. राजीव दुबे ने कुछ धूप वाले थे कुछ छांव वाले थे सुनाकर माहौल दिया। प्रभात सिंह चन्देल ने हिन्दुस्तान का जर्रा जर्रा जय भारत माता बोल उठेगा सुनाकर श्रोताओं की जमकर तालियां बटोरी। दिनेश दिनकर ने बस्ती बस्ती पहरा देने वाले पापी पहरेदार तुम्हारे देखे सुनाकर व्यवस्था पर चोट किया। कॉमेडियन मिमिक्री स्टार अभय शर्मा ने अपने आवाज के जादू से शमां बांध दिया। जयराम सोनी, सलीम शिवालवी, सरोज कुमार सिंह, मनमोहन मिश्र, शंकर कैमूरी, कर्ण सिंह, प्रदुम्न त्रिपाठी, डा. सुरेश, दिवाकर द्विवेदी मेघ विजयगढ़ी ने कविताएं पढ़ी। प्रेम बरेलवी ने अकड़ भला किस बात की इत्ती सी जान है सुनाकर सम्मेलन को शिखर पर पहुंचा दिया। हसन सोनभद्री ने प्यार भरी बस एक बूंद का प्यासा दिल तपती रेगिस्तान को देखा होगा कि प्रस्तुति से श्रोताओं को तालियां बजाने को मजबूर कर दिया। गीतकार ईश्वर विरागी ने थाम लेंगे वक्त को चलने न देंगे क्रूरता के हांथ हम बढ़ने न देंगे सुनाकर व्यवस्था को आईना दिखाया, मधुरिमा साहित्य गोष्ठी के निदेशक पं अजय शेखर ने आगत अतिथियों व श्रोताओं के प्रति आभार प्रगट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर पूर्व विधायक तीरथ राज, पत्रकार विजय शंकर चतुर्वेदी, राहुल श्रीवास्तव, शुशील पाठक न.पा.प. पूर्व अध्यक्ष कृष्ण मुरारी गुप्ता, दीपक केसरवानी, ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी, राजेन्द्र प्रसाद, अजित सिंह, नीतीश चतुर्वेदी, श्याम राय, समेत नगर गणमान्य नागरिक व भारी संख्या में सुधि श्रोता मौजूद रहे।

## रसोइया संघ की बैठक में आंदोलन की बनी रणनीति

**अनपरा।** माध्यमिक भारतीय रसोईया वेलफेयर एसोसिएशन म्योरपुर इकाई की बैठक क्षेत्र के दुर्गा मंदिर पर जिलाध्यक्ष सुनील भारती की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई। मुख्य अतिथि संस्थापक तैय्यब अन्सारी ने कहा कि सबका साथ सबका विकास के नारे के साथ देश एवं प्रदेश में सत्ता में आई भाजपा सरकार वादे को ही भुला दिया। रसोइयां अपने कर्तव्यों को निष्ठा पूर्वक निर्वहन क रती हैं। इसके बाद भी रसोइयों को अल्प मानदेय दिया जा रहा है, जिससे उनका जीविकोपार्जन नहीं हो रहा है। सरकार रसोइयों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। अकुशल श्रमिकों का दैनिक मानदेय 300 से बढ़ाकर 500 रुपये प्रतिदिन कर दिया गया है। जब लागू कर भुगतान करने की बात आती है तो सरकार मौन धारण कर लेती है। कहा कि लम्बित मांगों को सरकार समय रहते पूरा नही करती है तो घेरा डालो डेरा डालो के तहत जिले में 9 जनवरी को घेरा डालो डेरा डालो आयोजित किया जाएगा। बैठक में सुनीता गुप्ता, शान्तनु देवी, अनीता कुमारी, विमला देवी, रमाशंकर पनिका आदि मौजूद रहे।

## जन अधिकार पार्टी ने मनाई सावित्रीबाई फूले की जयंती


सावित्रीबाई फूले की जयंती मनाते जअपा पदाधिकारी

**सोनभद्र।** मंगलवार को राबटर्सगंज स्थित रामलीला मैदान में जन अधिकार पार्टी के तत्वाधान में राष्ट्र माता सावित्रीबाई फुले जी की जयंती मनाई गई। बतौर मुख्य अतिथि हिन्दुवारी जिला पंचायत सदस्य मालती ने कहा कि माता सावित्रीबाई की वजह से ही आज देश के महिलाओं को शिक्षित होने का अवशर प्राप्त हुवा। सावित्रीबाई फुले के संघर्षों की वजह से ही आज देश की बेटियां ओलम्पिक जैसे विश्वस्तरीय खेलों में देश को गोल्ड मेडल दिलाकर देश का नाम दुनिया में रोशन कर रही हैं। पूर्व मण्डल अध्यक्ष डा. भागीरथी सिंह मौर्य व जिलाध्यक्ष आदित्य मौर्य ने कहा कि देश की पहली शिक्षिका राष्ट्र माता सावित्री बाई फुले ने महिलाओं को शिक्षत करने के लिए स्कूल खोला लेकिन जब वह स्कूल पढ़ाने जाती थी उस वक्त रूढ़िवादी मानसिकता के लोग उनके ऊपर कीचड़, गोबर, गन्दे पानी व पत्थर मारने का काम करते थे ताकि वह महिलाओं को शिक्षित न करें। लेकिन इन सभी समस्याओं का सामना करते हुये उन्होंने महिलाओं को शिक्षित करने का काम किया। कार्यक्रम में किरण सिंह, प्रशांत भारती, डा. गिरिजा प्रसाद, लक्ष्मण प्रसाद, मुलायम सिंह, डा रामराज बिंद, मंगला मौर्य, राकेश, सुभाष, संजय मौर्य, अनिल वर्मा आदि मौजूद रहे। संचालन जिला महासचीव रविरंजन शाक्य जी ने किया।

## संक्षेप

### डीबीए के चुनाव हेतु अतुल पटेल, पवन सिंह निर्वाचन अधिकारी नियुक्त


बैठक में शामिल अधिवक्ता

**सोनभद्र।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र के कार्यकारिणी की बैठक आज विंध्यवासिनी प्रसाद एडवोकेट अध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन महामंत्री रामजी राम सिंह यादव एडवोकेट ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से एल्डर कमेटी का गठन हुआ जिसमें ओम प्रकाश सिंह एडवोकेट को अध्यक्ष व राजनाथ सिंह व विश्राम सिंह को सदस्य नामित किया गया। इसके बाद निर्वाचन मंडल का गठन करने की चर्चा के बाद अतुल प्रताप पटेल एडवोकेट को मुख्य निर्वाचन अधिकारी व सहायक निर्वाचन अधिकारी पवन कुमार सिंह एडवोकेट को नियुक्त किया गया। कार्यकारिणी में सर्वसम्मति से पास हुआ कि चुनाव दिनांक 6 जनवरी 2023 से 18 जनवरी 2023 तक के बीच कराया जाएगा। महामंत्री ने बताया कि मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन हेतु सूची तैयार हो गई है। बैठक में एडवोकेट विंध्यवासिनी प्रसाद सिंह, एडवोकेट राम जीवन सिंह, एडवोकेट स्वदेश कुमार सिंह, एडवोकेट पवन कुमार सिंह, एडवोकेट अतुल प्रताप पटेल, एडवोकेट कमलेश कुमार सिंह, एडवोकेट राजेश यादव, एडवोकेट कृष्णानंद यादव आदि लोग उपस्थित थे।

### तकनीकी कर्मियों के चयन में धांधली को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन

बभनी। जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल योजना के हितग्राहियों के क्षमता संवर्धन के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत तकनीकी कर्मियों का चयन ग्राम प्रधान व ग्राम विकास अधिकारियों को करना था। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पेयजल योजना के तहत तकनीकी कर्मियों के चयन में ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों पर ग्रामीणों ने मनमानी का आरोप लगाते हुए ब्लाक कार्यालय का घेराव कर नारेबाजी की। ग्रामीणों का हंगामा देख प्रशिक्षण बन्द कर दिया गया। इस योजना के तहत प्रत्येक गांव से दो इलेक्टिशियन, दो पलम्बर ,दो फिटर ,दो पम्प आपरेटर, दो मोटर मैकेनिक, तीन राजमिस्त्री का चयन ग्राम पंचायत को करके सूची उपलब्ध करानी थी। आरोप है कि गांव में बगैर किसी सूचना के मनमानी तरीके से लाभार्थियों का चयन कर दिया गया। जिससे ग्रामीणों में रोष है ग्रामीणों की मांग है कि चयन प्रक्रिया निष्पक्ष करायी जाए। इस मौके पर अनिल, राजकुमार, महेश, राजेंद्र, सुरेश, विनोद, भीम सिंह, इरफान शेख, सिकन्दर, रामेश्वर, तकसीम, रामजग, दिनेश, अर्जुन सिंह, अब्दुल सत्तार, राजकुमार समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

### चरित्र प्रमाण पत्र बनवाने में छूट रहे पसीने

**सोनभद्र।** जिले में चरित्र प्रमाण पत्र बनवाने में लोगों के पसीने छूट जा रहे हैं। ऑनलाइन और आफलाइन के चक्कर में परेशानी और बढ़ रही है। रावर्ट्सगंज के विकास नगर निवासी मनीष पाठक को ठेकेदारी करने को अपना चरित्र प्रमाण बनवाना था। उन्होंने बीते 17 दिसंबर को ऑनलाइन आवेदन किया। कोतवाली से जब उनकी फाइल पुलिस लाइन पहुंची तो वहां उन्हें बताया गया कि प्रमाण पत्र आफलाइन ही बनता है। मनीष ने पुलिस प्रशासन पर जानबूझकर परेशान करने का आरोप लगाया। प्रमाण पत्र नहीं बनने से वह टेंडर नहीं डाल पा रहे हैं।

### 76 गोवंश बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

**रामगढ़।** पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद में गोवंश तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने व उसमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रामपुर बरकोनिया पुलिस ने मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर दरमा पहाड़ी के पास से तस्करी हेतु ले जा रहे 76 गोवंश बरामद करते हुए दो तस्कर जगप्रसाद गोंड़ पुत्र स्व. वंशी गोड़, निरंजन सिंह पुत्र श्रीराम सिंह गोंड़ निवासीगण करौदिया, रामपुर बरकोनिया को गिरफ्तार कर गोवध निवारण अधिनियम के तहत अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष रामदरश राम, उमाशंकर गिरी, गोविन्द यादव, तबरेज खां, राहुल यादव, बब्बल यादव आदि शामिल रहे।

### रुद्र महायज्ञ को हुआ ध्वज पूजन

**रामगढ़।** चतरा ब्लाक के सेहुंआ गांव में श्री अभिषेकात्मक रुद्र महायज्ञ एवं संगीतमय श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। संचालनकर्ता सौरभ कुमार भारद्वाज ने बताया कि 15 से 21 जनवरी तक यज्ञ होगा। इसके लिए मंगलवार को दिव्य ध्वज पूजन किया गया। इस मौके पर आचार्य सतीश कुमार शुक्ला, वीरेंद्र शास्त्री, दीपेंद्र विद्यार्थी, विनय चौबे, अविनाश शुक्ला, शैलेश पांडे, रूद्र प्रताप पाठक, कमलेश पांडे, अमरनाथ पांडे, राधेश्याम पांडे, राम चंद्र पांडे, मृत्युंजय पांडे आदि मौजूद रहे।

### दस हजार के इनामिया को किया गिरफ्तार

**सोनभद्र।** थाना मांची पर पंजीकृत गोवध निवारण अधिनियम में संलिप्त वांछित अभियुक्त अफरोज उर्फ डब्लू पुत्र पीर मोहम्मद निवासी ग्राम पनौरा मांची की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु 30 दिसम्बर को पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह द्वारा दस हजार रूपए का पुरस्कार घोषित किया गया था। क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण में मंगलवार को थाना मांची पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर खोडैला बीएसएनएल टावर के पास से अभियुक्त अफरोज को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

### सात जनवरी तक स्कूल रहेगा बंद

**सोनभद्र।** जिले में पड़ रही कड़ाके की ठंड को मद्देनजर रखते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी हरिवंश कुमार ने बताया कि कक्षा एक से आठ तक समस्त राजकीय/सहायता प्राप्त/मान्यता प्राप्त समस्त बोर्ड के विद्यालय 4 जनवरी से 7 जनवरी तक बंद रहेंगे।

## चोपन टीम ने रांची को 48 रन से किया पराजित

**दुद्धी।** मंगलवार को रांची झारखण्ड और चोपन के बीच क्रिकेट मैच खेला गया। टास रांची ने जीता और पहले फिल्डिंग करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुऐ चोपन की टीम ने 19 ओवर 2 गेंदों पर 169 रन बनायी। आनंद ने 50 रन, शुभम ने 46 रन, अंशुमान ने 35 रन, विनीत ने 9 रन बनाए। वहीं गेंदबाजी करते हुऐ रांची के गेंदबाज प्रियांशु ने 4ओवर में 21 रन देकर शानदार 2 विकेट, आकाश सिंह ने 4 ओवर में 29 रन देकर 2 विकेट, प्रशांत ने 4 ओवर में 37 रन देकर 2 विकेट अर्जित किया। बाद में बल्लेबाजी करते हुऐ रांची की टीम ने 16 ओवर व 4 गेंदों पर 121 रन 10 विकेट खोकर बनायी। आदर्श ने 64 रन, प्रियांशु ने 13 रन, रौनक ने 12 रन बनाये। गेंदबाजी करते हुऐ चोपन के गेंदबाज कृष्णकांत ने 2 ओवर 4 गेंदों पर 17 रन देकर 3 विकेट, विनीत ने 4 ओवर में 24 रन देकर 2 विकेट, आनंद ने 3 ओवर में 31 रन देकर 2 विकेट लिए। इस तरह से चोपन की टीम ने रांची को 48 रन से पराजित किया। चोपन के खिलाड़ी शुभम को मैन ऑफ दी मैच घोषित कर सलीम खान ने पुरस्कार से सम्मम्नित किया। निर्णायक महेंद्र सिंह और सुनील गुप्ता स्कोरर रहे। कमेंट्री इरफान व सुनील ने किया।

# वज्रपात से होने वाली जन-हानि कम करने को जागरूकता जरूरी

**बोले डीएम**

### दो दिवसीय वज्रपात सुरक्षा एवं जागरूकता कार्यशाला का हुआ शुभारंभ


कार्यशाला को संबोधित करते डीएम चंद्रविजय सिंह

**सोनभद्र।** आकाशीय बिजली से होने वाली मौतों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और टाइम्स सेंटर फॉर लर्निंग लिमिटेड की ओर से एक नई मुहिम की शुरूआत हुई है। कलेक्ट्रेट सभागार में में मंगलवार को वज्रपात सुरक्षा कार्यक्रम जागरूकता के लिए दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ जिलाधिकारी चंद्र विजय ने किया।

जागरूकता अभियान की शुरूआत प्रयागराज में बीते 28 दिसंबर को राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल आर पी साही एवं प्रयागराज के जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री द्वारा किया गया गया था। इसमें कार्यदायी संस्था टाइम्स प्रो के प्रोजेक्ट मैनेजर पवन कुमार पांडेय उपस्थित रहे। मुख्य वित्त अधिकारी अरुन काबरा ने बताया कि प्रयागराज, मिजार्पुर और सोनभद्र जिलों में सबसे ज्यादा आकाशीय बिजली से मौतों की घटनाएं होती हैं।

उन्होंने कहा कि अगर लोगों में आकाशीय बिजली को लेकर जागरूकता लाई जाए तो जन-हानि और पशु-हानि को काफी हद तक कम किया जा सकता है। मिजार्पुर के बाद सोनभद्र में भी जागरूकता के कार्यक्रम किए जाएंगे। पायलट प्रोजेक्ट के तहत जिला स्तरीय प्रशिक्षण के बाद ब्लॉक स्तर एवं ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया है कि आकाशीय बिजली आने पर लोग पेड़ के नीचे चले जाते हैं। जबकि वहां सबसे ज्यादा आकाशीय बिजली गिरने की संभावना रहती है। जिलाधिकारी ने बताया कि पारदर्शी टेन्डर प्रक्रिया के तहत टाइम्स सेंटर फॉर लर्निंग लिमिटेड का चयन इस परियोजना के कायदायी संस्था के रूप में उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा किया गया है, जिसके अध्यक्ष स्वयं मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन के लिए आपदा प्रबंधन हमेशा से ही एक महत्वपूर्ण रहा है, क्योंकि यह जनपद वज्रपात एवं अन्य देवीय आपदाओं के दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील है। बताया कि दुद्धी ब्लाक में ईर्ली वार्निंग सिस्टम भी स्थापित किए जा रहे हैं।

अपर जिलाधिकारी सहदेव कुमार मिश्र ने कहा कि यह योजना तभी सफल हो सकती है जब इसमे जन भागीदारी का समावेश हो और यही इस योजना का उद्देश्य भी है। एएसपी कालू सिंह ने वज्रपात संभावित क्षेत्रों मे जन जागरूकता अभियान के साथ साथ वज्रपात के बारे सटीक पूवार्नुमान को जन जन तक पहुंचाने पर बल दिया। प्रशिक्षक डॉक्टर सतेन्द्र कुमार ने आपदा प्रबंधन राज्य एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों की भूमिका एवं अन्य आपदाओं के रोकथाम एवं बचाव के उपायों के बारे में बताया। इस मौके पर उपजिलाधिकारी सदर रमेश कुमार, ओबरा राजेश कुमार सिंह, दुद्धी शैलेन्द्र कुमार मिश्रा, सीएमओ रमेश सिंह ठाकुर, रामलाल सहित जिलास्तरीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डीजल चोर सिंडिकेट पर कसा शिकंजा, 18 पर लगा गैंगस्टर

जनसंदेश न्यूज

**शक्तिनगर।** इंडियन आयल के अलीनगर मुगलसराय डिपो से एनसीएल के लिए लाए जाने वाले डीजल को बीच रास्ते से उड़ाने वाले सिंडीकेट पर पुलिस की तरफ से बड़ी कार्रवाई सामने आई। मामले में गिरोह के कथित सरगना सहित 18 के खिलाफ सोमवार को थाने में गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी गई। जिससे संबंधितों में हड़कंप मचा हुआ है। बता दें कि एसटीएफ की प्राथमिक छानबीन में 22 लोगों का नाम सामने आया था। जिन पर मामला दर्ज करते हुए गिरफ्तार कर लिया गया था।

वहीं दो एनसीएल कर्मियों सहित अन्य की गिरफ्तारी भी की गई। पुलिस को अब तक की जांच में इस मामले में 18 लोगों द्वारा संगठित गिरोह चलाए जाने की पुष्टि हुई है। एसपी डा. यशवीर सिंह ने बताया कि एनसीएल में डीजल आपूर्ति में गड़बड़ी को लेकर 18 लोगों के खिलाफ गैंगस्टर का अभियोग पंजीकृत कर एसटीएफ द्वारा दर्ज कराए गए मामले में चार्जसीट लग चुकी है। उनमें कई लोगों पर प्रयागराज सहित अन्य जगहों पर अपराधिक मुकदमे भी दर्ज हैं। उन्होंने कहा कि आरोपियों की संपत्ति भी खंगाली जाएगी तथा यह पता लगाया जाएगा कि अवैध तरीके से कितनी संपत्ति दर्ज की गई है।

पुष्पराज यादव पुत्र वीरेंद्र कुमार निवासी गढीआव, करछना प्रयागराज, डीजल कारोबारी मुर्तजा का पुत्र मो. उमर निवासी परगास पुर थाना कंधई हनुमानगंज जिला प्रतापगढ़, राजेश कुमार पुत्र दान बहादुर यादव निवासी घाटमपुर कटहरा थाना हंडिया जिला प्रयागराज, मो. खान पुत्र मो. अयूब निवासी मधुपुर थाना कंधे हनुमानगढ़ जिला प्रतापगढ़,सलीम अहमद पुत्र मो सुथार निवासी वार्ड संख्या 39 बैढ़न सिंगरौली मध्य प्रदेश, अशोक कुमार यादव पुत्र रामदास यादव निवासी पिपरानी थाना सलेमपुर जिला देवरिया, अजीत कुमार यादव पुत्र तीर्थराज यादव निवासी पहाड़पुर प्रयागराज,मनीष सिंह पुत्र गोवर्धन सिंह निवासी डेढ़गवां थाना सकलडीहा चंदौली, एनसीएल कर्मी अरुण कुमार शर्मा निवासी सेक्टरट० 505 सेक्टर 20 दुद्धिचुआ कॉलोनी, थाना विन्ध्यनगर, सिंगरौली मध्य प्रदेश स्थाई पता गोरबी थाना मोरवा सिंगरौली मध्य प्रदेश सिंगरौली,राजकुमार सिंह पुत्र स्व. गणेश सिंह निवासी कोढ़ी बरगवां,सिंगरौली मध्यप्रदेश हाल पता सेक्टर 20 दुद्धिचुआ कॉलोनी थाना विन्ध्यनगर सिंगरौली मध्यप्रदेश शामिल हैं।

**कार्रवाई**

### खंगाली जायेगी आरोपियों की संपत्ति

# ओबीसी आरक्षण समाप्त करने के विरोध में जअपा ने सौंपा ज्ञापन


एडीएम सहदेव मिश्र को ज्ञापन सौंपते जअपा पदाधिकारी

**सोनभद्र।** स्थानीय निकाय चुनाव में पिछड़े वर्ग का आरक्षण समाप्त किए जाने के विरोध में सोमवार को जन अधिकार पार्टी का प्रतिनिधि मंडल महामहिम राष्ट्रपति के नाम सम्बोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी सहदेव मिश्र को सौंपा। वाराणसी मण्डल प्रभारी सुमन्त सिंह मौर्य एवं निवर्तमान मण्डल अध्यक्ष भागीरथी सिंह मौर्य ने कहा कि निकाय चुनाव में पिछड़े वर्ग का आरक्षण समाप्त कर उनका गला घोंटा गया है, जिसकी जिम्मेदार प्रदेश सरकार है। सरकार द्वारा ठीक से पैरवी न करने के कारण आरक्षण समाप्त हुआ है।

भाजपा सरकार की मंशा पिछड़े वर्ग के प्रति ठीक नही है। भाजपा सरकार के रहते पिछड़े वर्ग का भला होना संभव नहीं है। पार्टी राष्ट्रपति से मांग करती है कि स्थानीय नगर निकाय चुनाव में पिछड़े वर्ग के आरक्षण को पुनः लागू करने के बाद ही चुनाव कराया जाए। जिलाध्यक्ष आदित्य मौर्य एवं रवि रंजन शाक्य ने कहा कि पार्टी मांग करती है कि देश में जाति जनगणना कराकर जिस जाति की जितनी संख्या है उस जाति को उतना हिस्सा जीवन के प्रत्येक क्षेत्रों में दे दिया जाए, जिससे हर क्षेत्रों में हर जाति के लोगों का प्रतिनिधित्व हो सके। प्रतिनिधि मंडल में प्रशांत कुमार, मोतीलाल, गुलाब सिंह, सुभाष सिंह, उमाशंकर, डा. गिरिजा प्रसाद मौर्य, अनिल सिंह मौर्य सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### कुपोषित, अति कुपोषित बच्चों को बांटी गयी सामग्री

**सोनभद्र।** कोटा ग्राम पंचायत में समूह के माध्यम से बीएमएम द्वारा सैम/मैम बच्चों को मुंगफली व गुड़ का वितरण किया गया। इस दौरान समूह की महिलाओं द्वारा इनकी निगरानी हेतु रूप रेखा तैयार की गयी। जिसमें बच्चों के पोषण के साथ स्तनपान कराने वाली माताओं के पोषण व आजीविका गतिविधि बढ़ाने पर भी विचार-विमर्श किया गया।

## छात्रसंघ निर्वाचन की अधिसूचना जारी, 19 को मतदान

**ओबरा।** स्थानीय राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में होने वाले छात्रसंघ चुनाव की अधिसूचना मंगलवार को जारी कर दी गई। इसके साथ ही महाविद्यालय में चुनाव आचार संहिता भी लागू हो गई। नामांकन 11 जनवरी को एवं मतदान 19 जनवरी को होंगे। यह जानकारी देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ.प्रमोद कुमार ने बताया कि प्रत्येक पद के लिए नामांकन पत्रों की बिक्री 10 जनवरी को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक महाविद्यालय के प्रशासनिक भवन में की जायेगी। नामांकन पत्र जमा करने की तिथि 11 जनवरी को प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक होगी। नामांकन पत्रों की जांच 12 को प्रातः 11 बजे से 4 बजे तक एवं वैध नामाँकन पत्रों की घोषणा 12 जनवरी को सांय 4 बजे के बाद किया जाएगा। पत्रों की वापसी 13 जनवरी को प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक होगी। प्रत्याशियों के नाम की अन्तिम सूची 13 जनवरी को, प्रत्याशियों की योग्यता एवं परिचय सभा 16 को होगी। छात्र संघ मतदान 19 जनवरी को प्रातः 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक होगा एवं मतगणना व परिणाम की घोषणा 19 जनवरी को अपराहन 2.30 बजे से मतदान परिणाम आने तक महाविद्यालय परिसर में होगी। प्राचार्य प्रो. डॉ. प्रमोद कुमार ने कहा कि छात्र संघ चुनाव लिंगदोह के अनुसार होगा। प्रत्येक पद के चुनाव मतपत्र में उपर्युक्त में से कोई नही यानी नोटा का भी विकल्प उल्लिखित होगा।

# कड़ाके की ठंड ने लोगों की बढ़ाई मुश्किलें


अलाव तापते लोग

**सोनभद्र/चोपन।** जनपद में दो दिनों से लगातार पड़ रही कड़ाके की ठंड से लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं चारों तरफ धुंध ही धुंध छाया हुआ है। नववर्ष के आगमन के साथ ही मौसम में आए बदलाव से जनजीवन काफी प्रभावित है। मंगलवार को बाजारों में चहल पहल नाम मात्र का देखने को मिली। लोग या तो घरों में दुबके रहे या फिर अलाव तापते नजर आये। इधर कुछ दिनों से पड़ रही कड़ाके की ठंड ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। मंगलवार को सुबह से शाम तक कोहरा और बादल छाए रहने से सड़कों पर वाहन कम ही दिखाई दिए।

कई दिनों से सूर्यदेव के दर्शन नहीं होने से लगातार कड़ाके की ठंड बढ़ती जा रही है। पांच दिन पहले निकली कड़क धूप से लोगों ने राहत की सांस ली थी लेकिन अगले ही दिन से आसमान में छाई बदरी ने लोगों के उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। इसके बाद लगातार तापमान में गिरावट आ रही है। कोहरे के चलते सुबह और शाम पाला पड़ने लगा है। ऐसे में बाजार सुनसान दिखाई दे रहे हैं। वहीं शाम होते ही बढ़ती ठंड से राहत पाने के लिए लोगों ने अलाव का सहारा लिया। मंगलवार को अधिकतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान छह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### अलाव की करायें व्यवस्था, अधिकारी का करें चक्रमण

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने बताया कि शीतलहर का प्रकोप आमजन को प्रभावित कर रहा है। उन्होंने कहा कि जनपद के समस्त नगर निकायों में रात्रि व सायंकाल के अतिरिक्त दिन में भी पर्याप्त मात्रा में अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। समस्त अधिशासी अधिकारी अपने नगर निकाय का चक्रमण करते हुए उपलब्ध सुविधाओं की निगरानी अवश्य करें। यह सुनिश्चित करायें कि कोई भी व्यक्ति खुले में अथवा असुरक्षित तौर पर न रहे, पर्याप्त मात्रा में अलाव की सुविधा के साथ रैन बसेरों में अधिकाधिक लोगों के रूकने, ठहरने व अपेक्षित सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करायी जायी। सम्बन्धित उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी स्वयं इसकी निगरानी करते हुए कार्यवाही सुनिश्चित करायें। समस्त चिकित्सालयों में शीतलहरी के प्रभाव से होने वाली बीमारियों के समुचित इलाज व दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। आदेश का प्राथमिकता के आधार पर अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

## संभावित प्रत्याशियों के चेहरों पर छायी मायूसी

**चोपन।** नगर निकाय चुनाव को लेकर जहाँ एक तरफ सीटे आरक्षित हो जाने के बाद संभावित प्रत्याशी अपने अपने तरिके से चुनाव में उपस्थिति दर्ज कराने में लग गये थे, परंतु जैसे ही आरक्षण का मामला कोर्ट में गया तो संभावित प्रत्याशियों के चेहरे पर मायूसी छा गई। गौरतलब हो कि नगर निकाय चुनाव को में सिटों के आरक्षण को लेकर संभावित प्रत्याशियों में उहापोह की स्थिति बनी हुई थी किंतु जैसे ही आरक्षण को लेकर स्थिति स्पष्ट हुई तो संभावित प्रत्याशियों के चेहरे पर खुशी छा गई। संभावित चेहरे अपने अपने तरिके से नगर के हर गली मुहल्ले चट्टी चौराहों पर लोगों के बीच पहुंचना शुरू कर दिये परंतु जैसे ही आरक्षण को लेकर कोर्ट में याचिका दायर हुई तो भागदौड़ पर विराम लग गया सबकि निगाहें कोर्ट के फैसले पर जा टिकी हैं। आरक्षण की स्थिति पूरी तरह से नहीं बन जाती तब तक नगर निकाय चुनाव पर पूर्णविराम लग चुका है साथ ही अभी तक जो चेयरमैन पद सामान्य था आने वाले नये आरक्षण में कौन सी सिट होगी इसको लेकर भी लोगो में बेचैनी बनी हुई है।

# आधा दर्जन गांवों में पहुंचा प्रशासन, सुनी समस्याएं

**चौपाल**

चलो चंदौली अभियान के तहत गांवों में हुआ आयोजन



धरौली गांव में बच्चों का अन्नप्राशन कराते एसडीएम सदर साथ में प्रधान।

**चंदौली।** चलो चन्दौली प्रशासन आपके द्वार-जनसंपर्क एवं जन चौपाल अभियान के द्वितीय चरण के क्रम में मंगलवार विभिन्न गांवों में आयोजन हुआ। विकास खंड सदर के ग्राम पंचायत धरौली, चहनियां के डेरवाकला, नियामताबाद के चंदाईत, शहाबगंज के बनरसिया, नौगढ़ के बरवाडीह तथा सकलडीहा के सराय पकवान में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान सरकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने के साथ ही ग्रामीणों को जानकारी दी गई। इसके अलावा पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित कराने, विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत लाभार्थियों का पंजीकरण किया गया। साथ स्थलीय सत्यापन, राजस्व, पुलिस, विकास आदि से संबंधित समस्याओं के मौके पर ही समाधान करने की पहल की गई। ग्राम पंचायतों में आयोजित ग्राम चौपालों में ग्राम्य विकास, पंचायती राज, आजीविका मिशन, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, कृषि, उद्यान, मत्स्य, समाज कल्याण, महिला कल्याण, दिव्यांगजन, पूर्ति, श्रम, बेसिक शिक्षा, राजस्व, खादी ग्रामोद्योग आदि विभागों द्वारा स्टाल लगाया गया था। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गई। साथ ही एसडीएम अजय मिश्रा ने छोटे बच्चों का अन्नप्राशन भी किया गया। इस दौरान विभिन्न योजनाओं के चिन्हित लाभार्थियों को स्वीकृत पत्र एव प्रमाण पत्र आदि का वितरित किया गया। उक्त ग्राम चौपालों के माध्यम से स्थानीय स्तर पर लोगों की समस्याओं को सुनकर मौके पर उनका समुचित निस्तारण भी किया गया। इस अवसर पर एसडीएम सदर अजय मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## छात्रवृत्ति के लिए करें आवेदन

**चंदौली।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रत्नेश सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय एजेंसी ने बीते 25 सितंबर को छात्रों के चयन के लिए येट-2022 परीक्षा आयोजित की गयी थी और राष्ट्रीय परीक्षण एजेन्सी द्वारा वेबसाइट पर सफल छात्रों की सूची प्रकाशित की गयी है। कहा कि परीक्षा में सफल छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति हेतु एनएसपी पोर्टल पर आवेदन कर सकते है।

## बरहनी बीआरसी पर हुई 14 जर्जर भवनों की नीलामी

**कंदवा।** ब्लाक संसाधन केंद्र बरहनी के सभागार में मंगलवार को भारी गहमागहमी के बीच परिषदीय विद्यालयों पर स्थित जर्जर व निष्प्रयोज्य भवनों की नीलामी प्रक्रिया सकुशल संपन्न हुई। कुल 14 जर्जर भवनों की नीलामी हुई सबसे ज्यादा बोली भैंसा खुर्द के लिए लगा निर्धारित 41 हजार से बोली शुरू होकर एक लाख एक हजार तक पहुंच गई। इस भवन के लिए पांच खरीदार जुटे हुए थे। विकास खंड बरहनी में कुल 27 परिषदीय विद्यालयों पर जर्जर निष्प्रयोज्य हो चुके भवनों के लिए नीलामी होनी है। मंगलवार व बुध्रवार दो दिन नीलामी की तिथी निर्धारित है। ब्लाक संशाधन केन्द्र पर नीलामी होनी है। इसी क्रम में मंगलवार को ब्लाक संशाघन केंद्र पर नीलामी की प्रक्रिया संपन्न हुआ। खंड शिक्षा अधिकारी बरहनी रामआसरे की मौजूदगी में कुल 14 भवनों की नीलामी हुई। इस दौरान योगेश सिंह, आशीष दूबे, अमित, जयप्रकाश, चंद्रशेखर, दीपक सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# पुलिस ने शराब संग दो तस्करों को दबोचा

जनसंदेश न्यूज



धीना थाने में अवैध शराब संग पकड़े गए तस्कर।

**कमालपुर।** धीना पुलिस व स्वाट टीम ने संयुक्त रूप से मुखबिर की सूचना पर मंगलवार की अलसुबह धीना रेलवे क्रासिंग के समीप अवैध शराब लदी पिकअप बरामद किया। मौके पर वाहन से अवैध 864 अंग्रेजी पाउच बरामद कर दोनों तस्करों को कागजी कार्यवाही कर जेल भेज दिया। उक्त शराब को तस्कर बिहार ले जाकर ऊंचे दामों पर बेचने का काम करते थे। सीओ सकलडीहा राजेश कुमार राय ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली की एक नीले रंग की टाटा मैजिक पर तस्कर अवैध शराब लादकर कमालपुर-धीना मार्ग से सैयदराजा होकर बिहार जा रहा है। इस पर स्वाट टीम व धीना पुलिस धीना बाजार में रेलवे क्रासिंग के समीप घेराबंदी करके पिकअप के आने का इंतजार करने लगे।

पिकअप को पुलिस ने रोककर वाहन का तलाशी करने पर अवैध शराब बरामद हुआ। इसमें ऑफिसर च्वाइस 10 पेटी में 480 पाउच व 8 पीएम का 384 कुल 864 पाउच शराब प्राप्त हुआ। पुलिस ने गिरफ्तार शराब तस्कर मुकेश कुमार यादव छोटकी डियना थाना कराय जिला नालन्दा बिहार व चंदन कुमार निवासी ताड़पर चिकसौरा नालन्दा बिहार को आबकारी अधिनियम में निरूद्ध कर जेल भेज दिया गया। टीम में धीना थानाध्यक्ष अमित कुमार, उपनिरीक्षक शिवबाबू यादव, सुरेंद्र यादव, संजय सिंह, घनश्याम, स्वाट टीम प्रभारी अजीत कुमार सिंह, निरीक्षक सत्येन्द्र विक्रम सिंह, राणा प्रताप सिंह, अमित कुमार सिंह, राजेश यादव,आनंद कुमार सिंह आदि रहे।

**संक्षेप**

## डिस्ट्रिक्ट डेमोक्रेटिक बार एसोसिएशन का चुनाव 17 को



डिस्ट्रिक्ट डेमोक्रेटिक बार सभागार में बैठक करते अधिवक्ता।

**चंदौली।** डिस्ट्रिक्ट डेमोक्रेटिक बार एसोसिएशन का वार्षिक चुनाव की तिथियों की घोषणा मंगलवार को हुई। चुनाव कमेटी की बैठक में मुख्य चुनाव अधिकारी पंचानन पांडेय ने बताया कि नए पदाधिकारियों के निर्वाचन के लिए 17 जनवरी की तिथि निर्धारित की गई है। बताया कि सदस्यता शुल्क जमा करने के लिए 12 जनवरी अंतिम तिथि होगी। इसके बाद 13 जनवरी को सदस्यता सूची को प्रकाशित किया जाएगा। निर्वाचन फार्म भरने व जरूरत पड़ने पर निर्वाचन कार्यक्रम को पूर्ण करने के लिए 17 जनवरी की तिथि तय किया गया। इसके बाद 24 जनवरी को निर्वाचित नए पदाधिकारियों का शपथ-ग्रहण कार्यक्रम रखा गया है। इस अवसर पर शहाबुद्दीन, राजेंद्र प्रसाद पाठक, रमाकांत सिंह, आनन्द कुमार सिंह द्वारा निर्वाचन संबंधित तिथियों का निर्धारण किया जाएगा।

## सिविल बार: 19 जनवरी को होगा वार्षिक चुनाव

**चंदौली।** सिविल बार एसोसिएशन की बैठक मंगलवार को बार सभागार में हुई। इस दौरान वार्षिक चुनाव को लेकर सदस्यों ने विचार-विमर्श किया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 19 जनवरी को चुनाव होगा। वहीं मतदाता सूची प्रकाशन की तिथि पांच जनवरी निर्धारित की गई है। नौ व 10 जनवरी को नामांकन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। 11 जनवरी को नामांकन पत्रों की जांच का कार्य संपादित किया जाएगा। इस दौरान 12 जनवरी को नाम वापसी की तिथि नियत की गयी है। चुनाव सम्पन्न कराने के लिए वरिष्ठ समिति का गठन किया गया है जिसमें कपिल देव सिंह, चंद्रमौली उपाध्याय, नन्दलाल, विनोद कुमार सिंह, शफीक खां के नाम के अतिरिक्त महेंद्र प्रताप सिंह व कामता प्रसाद का नाम सुझाया गया है। जो चुनाव को पारित प्रस्ताव के अनुरूप कराने का दायित्व निभाएंगे। बताया कि बार का वार्षिक चुनाव माडल बाइलाज के अनुरूप ही सम्पन्न होगा, जिसमें सीओपी कार्ड के अतिरिक्त अन्य किसी दूसरे फोटो प्रति मान्य नहीं होगा। इस अवसर पर विनय कुमार सिंह, अध्यक्ष सुभाष चंद्र तथा संचालन महामंत्री संजीव श्रीवास्तव ने किया।

## 10 जनवरी तक बंद रहेंगे आंगनबाड़ी केंद्र

**चंदौली।** जिलाधिकारी ईशा दुहन ने शीतलहर व अत्यधिक ठंड को देखते हुए जनपद के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को 10 जनवरी तक बंद रखने का आदेश जारी किया है। उक्त अवधि मे 03 से 06 वर्ष के बच्चे आंगनबाड़ी केन्द्र पर नहीं आयेंगे। सभी आंगनवाडी कार्यकर्त्री एवं सहायिकायें आँगनबाडी केन्द्र पर उपस्थित होकर विभागीय कार्यों का निर्वहन पूर्व की भांति करती रहेंगी तथा टेक होम राशन वितरण, गृह भ्रमण समुदाय आधारित गतिविधियां, पोषण ट्रैकर एवं अन्य ऐप, बीएलओ का कार्य सुचारू रूप से करेंगी।

## कड़ाके की ठंड में अलाव नहीं जलने से आक्रोश

**नौगढ़।** हाड़कपाने वाली ठंड में भी क्षेत्र के सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की सुविधा नहीं हो पाने से लोगों में काफी आक्रोश व्याप्त है। बताया जाता है कि सार्वजनिक स्थानों व चट्टी चौराहों पर इस वर्ष जाड़े के दिनों में तहसील प्रशासन द्रारा अलाव जलाए जाने की नाम मात्र सुविधा मुहैया कराई गई है। जिससे गरीबों निराश्रितों असहायों ईत्यादि को काफी असुविधा हो रही है। दो दिनों से अनवरत कोहरे का चादर बिछा होने से काफी गलन ठिठुरन मे इंशान से ज्यादा पशु पक्षियों का हाल बेहाल है। लोगों का कहना है कि जनपद के वनांचल क्षेत्र में निरंतर वनो का कटान होने से अब ईधन की भी काफी अनुपलब्धता होने लगी है। साथ ही पशु पक्षियों का आश्रय स्थल का दिनों दिन अभाव होने से गांवों की ओर पलायन होना शुरू हो गया है।

## कड़ाके की ठंड से ठिठुर रहे ग्रामीण

**कंदवा।** घने कोहरे के कारण अचानक हुई ठंड में इजाफा से लोग घरों में दुबकने के लिए मजबूर हैं। मंगलवार को सूर्य का दर्शन नहीं हुआ। जिससे पूरी दिन ठंड अपने शबाब पर रही। कस्बा सहित आस पास के गांवों के चट्टी चौराहों पर अलाव की व्यवस्था नहीं किए जाने से वाहन पकड़ कर कहीं आने जाने वाले मुसाफिरों को काफी परेशानी उठानी पड़ रहा है। बरहनी, अमड़ा, कन्दवा, पई, थाना, तलासपुर मोड़, ककरैत आदि जगहों पर अलाव जलाए जाने की मांग ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से की है।

## सावित्री बाई फुले की जयंती पर गरीबों में बांटा कंबल



सावित्री बाई फुले की जयंती पर गरीबों में कंबल वितरित करते डा. सुनील मौर्य व अन्य।

**कमालपुर।** विधानसभा सैयदराजा के ग्राम सभा डबरिया में मंगलवार को सावित्री बाई फुले जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस दौरान जन अधिकार पार्टी की ओर से गोष्ठी आयोजित कर सावित्री बाई फुले के योगदान व उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया। साथ ही गांव के सैकड़ों गरीब व असहाय लोगों में जिलाध्यक्ष डा. सुनील मौर्या ने कंबल वितरित किया। उन्होंने कहा कि सावित्री बाई फूले से भारतीय समाज को शिक्षा के महत्व से रूबरू कराया और महिला शिक्षा की क्रांति का बिगुल फूंका। आज उनके पदचिह्नों पर चलकर ही बेहतर व शिक्षित समाज की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य गनेश प्रसाद, सुभाष मास्टर साहब के सहयोग से कंबल वितरित किया गया। इसके अलावा जिला मीडिया प्रभारी शिवनारायण मौर्य, पंकज राम, रविकांत मास्टर साहब, अंगद प्रधान सहित ढेरों लोग मौजूद रहे।

## पुलिस ने डुगडुगी बजाकर की नोटिस चस्पा

**कंदवा।** क्षेत्र के दरौली गांव में पुलिस ने मंगलवार को वांछित अभियुक्त सीमा देवी पत्नी विजयी यादव के घर धारा-82 सीआरपीसी की नोटिस चस्पा कर डुगडुगी पिटवाई गई। बताते हैं कि दरौली गांव में बीते 30 मई को जमीन के विवाद में चार लोगों ने वृद्ध को मारपीट कर घायल कर दिया था। जिसका ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। उनमें से एक अभियुक्त सीमा देवी पत्नी विजयी यादव फरार चल रही है। जिसके खिलाफ न्यायालय ने धारा-82 की नोटिस जारी किया है। इस दौरान उप निरीक्षक रामभवन यादव व फूलबदन यादव और मुकेश कुमार आदि पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# खाद न मिलने से नाराज ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

जनसंदेश न्यूज



साधन सहकारी समिति चकिया बिहारी मिश्र में प्रदर्शन करते ग्रामीण।

**चहनियां।** क्षेत्र के चकिया बिहारी मिश्र में साधन सहकारी समिति पर खाद न मिलने से नाराज ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर विरोध जताया। प्राइवेट कर्मचारियों के भरोसे चिन्हित लोगो को खाद का वितरण किया जा रहा है। सरकार द्वारा बार बार घोषणा किया जा रहा है कि खाद की कमी नही है। किन्तु चकिया बिहारी मिश्र में खाद नहीं मिल रहा है। यहां खाद के लिए ग्रामीणों को चक्कर काटना पड़ रहा है। कई बार समिति का चक्कर काटने के बाद भी ग्रामीणों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। आजिज आ चुके ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर बिरोध जताया।

ग्रामीणों का आरोप है कि यहां समिति पर प्राइवेट कर्मचारियों द्वारा चयनित लोगो को ही खाद दिया जाता है। किसानों को जब खाद की जरूरत पड़ती है तो खाद नहीं होने का बहाना प्राइवेट कर्मचारियों द्वारा बना दिया जाता है। ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि खाद नही मिली तो बृहद आंदोलन किया जायेगा। इस दौरान प्रधान रामचन्द्र गुप्ता, हीरालाल, अभिषेक कुमार, करन सिंह, बेचू यादव, दिनेश यादव, गोपाल प्रजापति, अगनु यादव, सदन यादव, अजीत शर्मा, पखण्डू तिवारी आदि लोग उपस्थित थे।

## निरंकारी संत समागम में जुटे यूपी-बिहार के श्रद्धालु

**शहाबगंज।** कस्बा स्थित ग्राम भारती महिला महाविद्यालय के परिसर में विशाल निरंकारी संत समागम का आयोजन किया गया। जहां बड़ी संख्या में यूपी के साथ बिहार क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने समागम में भाग लिया। इस अवसर पर सिद्धार्थ शंकर सिंह ने कहा कि जो मानव प्रभु की भक्ति के बिना चला जाता है। उसका जीवन व्यर्थ है क्योंकि प्रभु की विशेष कृपा से मानव शरीर प्राप्त हुआ है। इस शरीर के रहते ही प्रभु की भक्ति सम्भव है। कहा कि मानव के अंदर अगर इंसानियत का भाव नहीं है तो वह इंसान कहलाने के लायक नहीं है। सतगुरु सुदीक्षा महाराज ने सभी को रुहानियत व इंसानियत अपनाने की प्रेरणा दिया। सत्संग करने से मानव में प्यार, नम्रता, सहनशीलता जैसे मानवीय गुणों का विकास होता है। सत्संग में श्रीसिंह, डाक्टर रामकृष्ण विश्वकर्मा, राजेन्द्र सिंह, राजेश्वर सिंह, संतोष यादव, शैलेन्द्र सिंह, मंजू सिंह, कुलजीत कौर ने विचारों को रखा। संचालन सुरेश चन्द्र पटेल व राजेश गुप्ता ने किया। धन्यवाद ज्ञापन संत निरंकारी मण्डल शहाबगंज के संयोजक कमलेश कुमार ने किया।

# मुख्यालय पर रोडवेज स्टेशन वर्कशाप स्थापना की मांग



परिवहन मंत्री को मांग-पत्र सौंपती सांसद दर्शना सिंह।

**चंदौली।** राज्यसभा सांसद दर्शना सिंह ने प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह से लखनऊ में उनके कार्यालय में मिलकर एक मांग पत्र सौंपते हुए चन्दौली मुख्यालय पर रोडवेज बस स्टेशन और वर्कशॉप के निर्माण कराने एवं कोविड के दौरान बंद हुई चन्दौली-प्रयागराज बस सेवा को पुनः बहाल करने की मांग की।

राज्यसभा सांसद ने परिवहन मंत्री को बताया कि चंदौली मुख्यालय पर रोडवेज बस स्टेशन नहीं होने के कारण जनपद के विभिन्न महत्वपूर्ण मार्गों पर परिवहन निगम की बसों का आवागमन नहीं होता है। जिसके चलते मुख्यालय व कचहरी आने जाने लोगों व वादकारियों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। उन्होंने जनपद के मुख्य मार्गों पर रोडवेज की बसों को चलाने व कोविड काल के दौरान बंद हो चुकी प्रयागराज तक चलने वाली बस का परिचालन पुनः शुरू करने की मांग की। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने भी राज्यसभा सांसद को उनकी मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया।

# ग्राम्या ने बच्चों में बांटा दूध व बिस्कुट



जलजलवा गांव में बच्चों में दूध व बिस्कुट बांटते ग्राम्या संस्था के लोग।

**नौगढ।** ग्राम्या संस्थान द्वारा क्षेत्र के जलजलवा गांव में पोषण केंद्र की स्थापना किया है। जिसका शुभारंभ मंगलवार को संस्थान की निदेशक बिंदु सिंह ने फीता काटकर के किया।

इस दौरान मुसहर बस्ती जलजलवा के निवासी 6 माह से 5 वर्ष तक के कुल 40 बच्चों में 150 ग्राम दूध और बिस्किट वितरित किया गया। संस्थान के सुरेंद्र ने बताया कि बनवासी एवं आदिवासी बस्ती के बच्चों को कुपोषण से बचने के लिए दूध एवं बिस्किट तथा पौष्टिक आहार लगातार मुहैया कराया जाएगा। कहा कि बुधवार को क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांव नोनवट और पथरौर में भी पोषण केन्द्र की शुरूआत की जाएगी। सभी पोषण केंद्रों पर बच्चों को ड्रेस भी वितरित किया जाएगा कार्यक्रम में त्रिभुवन, रामविलास सहित गांव वासी मौजूद रहे।

## क्रय केंद्र में बोरे के अभाव व उठान नहीं होने पर फटकार

**सकलडीहा।** जिलाधिकारी ईशा दुहन की निर्देश के बावजूद क्रय केन्द्र पर किसानों की समस्या हो रही है। मंगलवार को एसडीएम मनोज पाठक ताजपुर और सकलडीहा विपणन क्रय केन्द्र का निरीक्षण किया। धान की उठान और बोरा का अभाव होने पर क्रय केन्द्र प्रभारियों को फटकार लगाया। प्रभारियों को समय से उठान और बोरा की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया। क्रय केन्द्रों पर धान की खरीदारी तेजी से शुरू है। लेकिन क्रय केन्द्रों पर धान की उठान नही होने पर समस्या बनती जा रही है। पिछले एक सप्ताह से कई सेंटरों पर खरीदी गयी धान की लॉट डंप पड़ी हुई है। धान क्रय केंद्रों के बाहर धान तौलवाने को लेकर किसान परेशान है। किसानों की शिकायत पर एसडीएम मनोज पाठक ताजपुर क्रय केन्द्र का निरीक्षण किया। वहीं बोरा और उठान नही होने पर क्रय केन्द्र प्रभारी के खिलाफ नाराजगी जताया। इसके बाद सकलडीहा राजकीय विपणन केन्द्र पर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बाहर किसानों की धान खरीदारी पर नाराजगी जताया। केन्द्र प्रभारी द्वारा उठान की समस्या होने की जानकारी दी। इस मौके पर विपणन केन्द्र प्रभारी विजय गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे।

# कार्यालयों का चक्कर लगाने से निजात दिला रही चौपाल



सकलडीहा विकास खंड के सराय पकवान में जन चौपाल में बीडीओ अरूण पांडेय व ब्लॉक प्रमुख अवधेश सिंह

**सकलडीहा/नियामताबाद।** क्षेत्र के सराय पकवान गांव में मंगलवार को ग्राम चौपाल प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चौपाल में विभिन्न सुविधा के लिए लाभार्थियों का पंजीयन किया गया। ग्राम चौपाल की उपयोगिता और योजनाओं का लाभ पर विस्तार से अधिकारियों ने जानकारी दी। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख अवधेश सिंह ने बताया कि ग्राम चौपाल का आयोजन गांव-गांव शुरू होने से ग्रामीणों को सरकार की योजना का सीधे लाभ मिलने लगा है। अब ग्रामीणों को किसी योजना के लाभ के लिये कार्यालयों का चक्कर नही काटना पड़ेगा। वहीं बीडीओ अरूण कुमार पांडेय ने बताया कि चौपाल में उद्यान एव प्रसंस्करण, आयुर्वेद चिकित्सा, मत्स्य, ग्राम विकास, पंचायती राज, समाज कल्याण, पशुपालन, एनआरएलएम, बालपुष्टाहार, स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न विभाग के माध्यम से लाभार्थियों को तुंरत लाभ दिलाया जायेगा। इस मौके पर जिला अल्पसंख्यक अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, नायब तहसीलदार रविरंजन, एडीओ पंचायत बजरंगी पांडेय, अवधेश सिंह, बीईओ अवधेश राय, अवधेश राय, श्रवन राय, केके मिश्रा, विजय शंकर, आलोक पांडेय, दुर्गेश सिंह, रणजीत सिंह, सचिव पवन दूबे, दुर्गा पांडेय मौजूद रहे। नियामताबाद। चलो चंदौली अभियान के तहत प्रशासन आपके द्वार जनसंपर्क और जन चौपाल अभियान के प्रथम चरण में ग्राम चौपालों में जन चौपाल लगाया जा रहा है इसी कड़ी में विकासखंड नियमताबाद स्थित ग्रामसभा चंदाईत में जन चौपाल लगाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल व विशिष्ट अतिथि पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर तहसील के उप जिलाधिकारी अविनाश कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। ग्राम प्रधान चंदाईत रामआसरे सिंह व खंड विकास अधिकारी राहुल सागर ने विधायफोटो-08 दरौली गांव में धारा-82 की नोटिस चस्पा करती कंदवा पुलिस।क व उप जिलाधिकारी अविनाश कुमार को गुलदस्ता भेंट कर उनका सम्मान किया। विधायक द्वारा पंचायत भवन का अनावरण भी किया।

# क्रय केंद्रों पर दुर्व्यवस्था किसानों में नाराजगी

जनसंदेश न्यूज



मनमानी को लेकर नायब तहसीलदार नीरज चतुवेर्दी को पत्रक देते किसान यूनियन।

**सकलडीहा।** सकलडीहा तहसील अंतर्गत बनाये गये क्रय केन्द्रों पर भारी दुर्व्यवस्था है। जिसे लेकर किसानों में आक्रोश है। मंगलवार को किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने विरोध जताते हुए नायब तहसीलदार को एसडीएम के नाम से पत्रक सौपा। चेताया कि समस्या का समाधान नहीं होने पर किसान आन्दोलन के लिये मजबूर होंगे। किसानों ने आरोप लगाया कि इतनी कड़ाके की ठंड और शीत लहर होने के बाद भी क्रय केन्द्रों पर किसानों को ठंड से बचने का कोई उपाय नही किया गया है।

बथावर पीसीयू के संचालित केन्द्र पर चार कांटा होने के बाद भी खरीदारी नहीं हो रही है। ढ़ोढ़िया में नंबर से खरीदारी नही किया जा रहा है। वहां पर पल्लेदारों द्वारा अलग से किसानों से खर्च की मांग कर रहे है। एवती पीसीएफ पर गाड़ी को डायरेक्ट मिल पर भेजने का आरोप लगाया। सकलडीहा विपणन केन्द्र पर किसानों का कोई लिस्ट तक जारी नही किया गया है। महेसुआ क्रय केन्द्र पर डीजल के लिये किसानों से मांग किया जा रहा है। भोजापुर में मात्र एक कांटे से खरीदारी किया जा रहा है। जिसे लेकर किसानों में भारी आक्रोश है। समस्याओं को लेकर किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने विरोध जताते हुए नायब तहसीलदार को पत्रक सौपा। समस्या का शीघ्र समाधान करने की मांग उठाया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र तिवारी, मनोज यादव, अनूप तिवारी, नारायण तिवारी आदि किसान मौजूद रहे।

# जाम की समस्या पर पुलिस संग व्यापारियों ने किया मंथन



मुगलसराय कोतवाली में व्यापारियों व वाहन चालकों संग बैठक करती पुलिस।

**डीडीयू नगर।** नगर में लग रही जाम की समस्या को निजात दिलाने के लिए स्थानीय प्रशासन ने मंगलवार को एक और प्रयास शुरू किया। इस प्रयास के मद्देनजर कोतवाली परिसर में मंगलवार को बैठक आयोजित की गई। इस दौरान सीओ अनिरुद्ध सिंह, अधिशासी अधिकारी कृष्ण चंद्र, ट्रैफिक इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार, कोतवाल दीनदयाल पांडेय, यातायात प्रभारी रामकृत यादव सहित नगर के व्यापारी, टोटो व टेंपो चालक उपस्थित रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि नगर में बाहरी टोटो व टेंपो का प्रवेश नहीं होगा।

साथ ही टोटो व टेंपू के लिए अलग से रोडवेज बस स्टैंड के पास उनका स्थाई ठहराव होगा। साथ ही सब्जी व्यवसायियों के लिए यह निर्णय हुआ कि थोक और फुटकर दुकानदार अलग-अलग अपनी दुकान लगाएंगे और फुटकर दुकानदार रेलिंग के बाहर अपने सामान को सड़क पर रखकर नहीं बेचेंगे। बैठक में यह सुझाव आया कि नगर में जाम की समस्या से निजात दिलाना सभी की जिम्मेदारी है। दुकानदार, सब्जी विक्रेता, टोटो चालक, टेंपो चालक व अन्य वाहन चालक सभी लोग यातायात के नियमों का पालन करें।

दुकानदार अतिक्रमण ना फैलाएं तभी जाकर जाम की समस्या से निजात मिल सकता है। बैठक में यह निर्णय हुआ कि एक हफ्ते के अंदर सभी टोटो चालक अपनी सूची प्रशासन को उपलब्ध कराएंगे जिससे उनका रूट निर्धारण हो सकेगा। साथ ही इस बैठक में एक सुझाव यह भी आया कि स्कूल कॉलेज बंद होने के समय एकाएक शहर में स्कूल वाहन बढ़ जाते हैं जिससे जाम की स्थिति पैदा हो जाती है। ऐसे में स्कूल वह कॉलेज संचालकों से भी बात कर जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे जिससे कि स्कूल वाहन चालक सड़क पर ही जगह-जगह बस को ना खड़ा करें। इस मौके पर भागवत नारायण चौरसिया, मंसूर आलम, राजकुमार जायसवाल, चंदेश्वर जायसवाल, सरदार हरेंद्र सिंह, नारायण, भरत अग्रहरि आदि लोग उपस्थित मौजूद रहे।

# स्पोर्ट्स

## सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) की पिच का भारतीय परिस्थितियों से 'बड़ा संबंध': पैट कमिंस

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टेस्ट से पहले कहा कि सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) की पिच का भारतीय परिस्थितियों से 'बड़ा संबंध' है और उन्हें उम्मीद है कि इससे उनकी टीम को भारत में आगामी टेस्ट श्रृंखला की तैयारी का आदर्श मौका मिलेगा। ऑस्ट्रेलिया दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन टेस्ट मैच की श्रृंखला में 2-0 से आगे चल रहा है और एससीजी में जीत जून में ओवल में होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में उसकी जगह लगभग पक्की कर देगी। ऑस्ट्रेलिया आमतौर पर उपमहाद्वीप की परिस्थितियों में संघर्ष करता रहा है और फरवरी में भारत के दौरे को ध्यान में रखते हुए एससीजी में सूखी और स्पिन की अनुकूल पिच की उम्मीद है। कमिंस ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा, इसका भारत से बहुत बड़ा संबंध है। तेज गेंदबाजी और रिवर्स स्विंग की इसमें अहम भूमिका होगी जिसकी हम भारत में उम्मीद कर सकते हैं।



# जयदेव उनादकट ने रणजी ट्रॉफी में रचा इतिहास, मैच के पहले ही ओवर में ली हैट्रिक

## रणजी ट्रॉफी के इतिहास में मैच के पहले ही ओवर में हैट्रिक लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए

**नई दिल्ली।** सौराष्ट्र और दिल्ली के बीच रणजी ट्रॉफी 2022-23 का मुकाबला राजकोट के सौराष्ट्र क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मैच में भारतीय टीम के स्टार तेज गेंदबाज और सौराष्ट्र के कप्तान जयदेव उनादकट ने घरेलू क्रिकेट में इतिहास रच दिया है। उनादकट रणजी ट्रॉफी के इतिहास में मैच के पहले ही ओवर में हैट्रिक लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए हैं। आपको बता दें कि मैच में दिल्ली की टीम ने मंगलवार को टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और पहले बैटिंग करने का फैसला एकदम गलत साबित हुआ। उनादकट ने दिल्ली की टीम के खिलाफ शुरूआत करते ही विकेटों की झड़ी लगा दी। उनादकट ने मैच का पहला ओवर किया और तीसरी बॉल



पर ध्रुव शौरी को रूप में पहला विकेट लिया। उसके बाद लगातार दो बॉल पर वैभव रावल और कप्तान यश ढुल को शिकार बनाया। यह तीनों खाता भी नहीं खोल सके। इस हैट्रिक के बाद दिल्ली की टीम पूरी तरह से लड़खड़ा गई और 53 रनों तक आते-आते उसने अपने आठ विकेट गंवा दिए। इस स्कोर तक जयदेव उनादकट ने नौ ओवर में 29 रन देकर सबसे ज्यादा छह विकेट अपने नाम किए।

***टेस्ट में पहले ओवर में हैट्रिक लेने का कारनामा इरफान पठान ने किया था***

उल्लेखनीय है कि टेस्ट में पहले ओवर में हैट्रिक लेने का कारनामा इरफान पठान ने किया था। उन्होंने 2006 में पाकिस्तान के खिलाफ कराची टेस्ट में पहले ही ओवर में हैट्रिक ली थी। वह ऐसा करने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बने थे। उल्लेखनीय है कि 2010 के बाद जयदेव उनादकत की बांग्लादेश के खिलाफ टीम इंडिया में वापसी हुई थी। उन्होंने शानदार प्रदर्शन भी किया था। अब रणजी ट्रॉफी मैच के पहले ही ओवर में हैट्रिक लेने वाले जयदेव पहले गेंदबाज बने।

## टीम इंडिया के लिए खुशखबरी, वनडे सीरीज खेलेंगे जसप्रीत बुमराह...एनसीए में पास किया फिटनेस टेस्ट

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। वनडे सीरीज में टीम इंडिया के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की वापसी हुई है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (इउउक) ने बुमराह को श्रीलंका के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए स्क्वॉड में शामिल किया है। बुमराह चोट की वजह से सितंबर 2022 से टीम इंडिया से दूर चल रहे थे। अब उन्होंने नेशनल क्रिकेट अकादमी में फिटनेस टेस्ट पास कर लिया है। बता दें कि जसप्रीत बुमराह पीठ की चोट के कारण सितंबर 2022 से ही इंटरनेशनल क्रिकेट से दूर थे। जसप्रीत बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया में खेला गया टी20 वर्ल्ड कप भी नहीं खेला था। वह तभी से बेंगलुरु स्थित नेशनल क्रिकेट एकेडमी (ठउअ) में रिहैब के लिए थे। मगर अब एनसीए ने उन्हें फिट घोषित कर दिया है।अब बुमराह वनडे सीरीज के लिए टीम इंडिया में शामिल होंगे। भारत और श्रीलंका के बीच होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मैच 10 जनवरी को गुवाहाटी में खेला जायेगा। इसके बाद होने वाले दो मैच कोलकाता (12 जनवरी) और तिरुवनंतपुरम में आयोजित होंगे।



## दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेट निदेशक के रूप में इस लीग में वापसी करेंगे सौरव

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व अध्यक्ष सौरव गांगुली अप्रैल में शुरू होने वाले आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र से दिल्ली कैपिटल्स टीम के क्रिकेट निदेशक के रूप में इस लीग में वापसी करेंगे। आईपीएल से जुड़े सूत्रों ने इसकी पुष्टि की। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान ने अक्टूबर में बीसीसीआई अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। वह दिल्ली कैपिटल्स के अलावा इस फ्रेंचाइजी से जुड़ी आईएलटी20 की टीम दुबई कैपिटल्स और दक्षिण अफ्रीका की टी20 लीग की टीम प्रिटोरिया कैपिटल्स के क्रिकेट से जुड़े कार्यों को देखेंगे। इस मामले की जानकारी रखने वाले आईपीएल के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर बताया, जी हां, सौरव गांगुली इस साल से दिल्ली कैपिटल्स के साथ वापसी करेंगे। फ्रेंचाइजी और उनके बीच इसे लेकर चर्चा हुई है। सूत्र ने कहा, उन्होंने इस फ्रेंचाइजी के साथ काम किया है, इसके मालिकों के साथ उनकी अच्छी समझ है । अगर वह आईपीएल में काम करना चाहेंगे तो हमेशा दिल्ली कैपिटल्स के साथ ही करेंगे। गांगुली 2019 में इस फ्रेंचाइजी के साथ अपने कार्यकाल के दौरान दिल्ली कैपिटल्स के मेंटर थे। यह समझा जाता है कि फ्रेंचाइजी ने हालिया नीलामी में मुख्य कोच रिकी पोंटिंग और गांगुली दोनों के सुझाव का पालन किया।



# वर्ल्डकप के बाद जिन्हें हटाया, वही चेतन फिर बन सकते हैं चीफ सेलेक्टर!

## क्या है इबीसीसीआई का मास्टर प्लान?

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (इउउक) एक बार फिर से चेतन शर्मा को ही चीफ सेलेक्टर बनाने जा रहा है। ऐसे में बीसीसीआई का प्लान समझ से परे है। अगर चेतन शर्मा को ही जब दोबारा चीफ सेलेक्टर बनाना था, तो उन्हें बर्खास्त ही क्यों किया गया था? मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो चेतन ही सबसे ज्यादा 23 टेस्ट मैच खेलने के कारण दावेदार बनते नजर आ रहे हैं। जबकि पूर्व सेलेक्शन कमेटी में रहे हरविंदर सिंह फिर से सेंट्रल जोन के लिए दावेदार माने जा रहे हैं। आपको बता दें कि आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप में शर्मनाक हार पर टीम इंडिया की आलोचना के बाद बीसीसीआई ने चेतन शर्मा की अगुवाई वाली चयन समिति



को बर्खास्त कर दिया था। इसके बाद से नई चयन समिति की प्रकिया जारी है। बताया जा रहा है कि भारत के पूर्व तेज गेंदबाज चेतन शर्मा एक और कार्यकाल के लिए टीम इंडिया के चीफ सेलेक्टर बने रह सकते हैं।

***इन लोगों ने की दावेदारी पेश***

जिन लोगों ने सोमवार को इंटरव्यू दिया उसमें चेतन शर्मा, हरविंदर सिंह, पूर्व बल्लेबाज अमय खुरसिया, पूर्व विकेटीकपर अजय रात्रा, पूर्व सलामी बल्लेबाज एसएस दास, एस. शरथ और कोनोर विलियम्स के नाम शामिल हैं। पूर्व तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद का नाम भी जोर-शोर से चल रहा था लेकिन उन्हें शॉर्ट लिस्ट नहीं किया गया।

***चयन के मानदंड क्या हैं?***

चयनकर्ता पद के लिए इउउक की ओर से सूचीबद्ध मानदंड के अनुसार, उम्मीदवारों को न्यूनतम 7 टेस्ट मैच या 30 प्रथम श्रेणी मैच या 10 वनडे और 20 प्रथम श्रेणी मैच खेला हुआ होना चाहिए। इसके अलावा, उम्मीदवारों को कम से कम पांच साल पहले खेल से संन्यास लेना भी अहम शर्त है। इस बीच अहम जानकारी ये भी सामने आ रही है कि इस बार इउउककिसी भ्रम की स्थिति से बचने के लिए सिर्फ एक साल का करार देगी।

## बॉलीवुड न्यूज

### बहुप्रतीक्षित शो 'तेरी मेरी डोरियां' लॉन्च के लिए है तैयार

**मुंबई।** स्टारप्लस ने हमेशा दिलचस्प और एंटरटेनिंग कहानियों के साथ दर्शकों का एंटरटेनमेंट किया है। नए शो के साथ, नई इनोवेटिव कहानियां के साथ नए कॉन्सेप्ट, स्टारप्लस एक ऐसा चैनल है जिसने दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बनाई है। स्पेशल स्टोरीज को लॉन्च करने की होड़ को आगे बढ़ाते हुए, यह अपने आने वाले शो 'तेरी मेरी डोरियां' के लॉन्च के लिए पूरी तरह तैयार है, जो पंजाब के दिल में बसा एक और आकर्षक शो है जिसमें प्यार और रिश्तों की अलग अलग कहानियां शामिल हैं। यह आज शाम 7 बजे रिलीज होने के लिए पूरी तरह से तैयार है।इस शो ने अपनी घोषणा के बाद से ही अपने लुभावने प्रोमोज के साथ जनता का ध्यान खींचा है। लार्जर दैन लाइफ, मल्टी-स्टारर ड्रामा के हर एलिमेंट के साथ, यह शो बराड़ ब्रदर्स और मोंगा सिस्टर्स की कहानी दिखाता है, जो एक मसालेदार क्रिस-क्रॉस रोमांस में उलझ जाते हैं, जिससे दर्शक हैरान रह जाते हैं। ऐसे में किसका दिल किसके साथ जुड़ता है ये देखने लायक होगा ? शो का पहले प्रोमो में बराड़ और मोंगा्स की झलक दिखाई गई थी, जिसे टॉप शो 'गुम है किसी के प्यार में' की लीड कास्ट सई, विराट और पाखी ने प्रेजेंट किया था। इसके बाद जारी किए गए टीजर में इनोवेटिव रैप कराओके सॉन्ग, और लेटेस्ट प्रोमो ने हमें उस गतिशीलता की एक झलक दी है जिसे किरदार एक दूसरे के साथ साझा करते हैं। जबकि अंगद सीरत से प्यार करता है, उसके कजिन गैरी की नजर भी उस पर है। अंगद और साहिबा अक्सर इगो और विश्वासों के टकराव का सामना करते हैं, लेकिन क्या उनकी सिजलिंग केमिस्ट्री उनके बीच छिपी प्रेम कहानी का इशारा करती है? अगर हम इसके प्रतिभाशाली और शानदार कलाकारों को देखें, तो इस शो में विजयेंद्र कुमेरिया और हिमांशी पाराशर मुख्य भूमिका में होंगे। शो के लॉन्च के बारे में अपनी एक्साइटमेंट जाहिर करते हुए, लीड एक्टर विजयेंद्र कुमेरिया ने कहाकि मैं शो के लॉन्च को लेकर वास्तव में बहुत उत्साहित हूं। जब से शो शुरू हुआ है, तब से मैं दिन गिन रहा हूं। फीमेल लीड हिमांशी पराशर ने आगे कहा कि ''तेरी मेरी डोरियां' वास्तव में मेरे लिए एक बहुत ही खास शो है क्योंकि शो की कहानी पंजाबी है और मैं भी एक पंजाबी हूं।




### विद्युत जामवाल, टाइगर श्रॉफ करेंगे नए साल की शुरूआत

**इंदौर।** एंटरटेनमेंट, एंटरटेनमेंट और एंटरटेनमेंट। एंड पिक्चर्स कर रहा है इस साल की एक मजेदार शुरुआत, जहां इस चैनल पर दर्शकों को धमाकेदार एक्शन और कॉमेडी से भरपूर ब्लॉकबस्टर फिल्में दिखाई जाएंगी। एंटरटेनमेंट के डेली डोज में जबर्दस्त इजाफा करते हुए एंड पिक्चर्स एक्शन, मस्ती, स्वैग और सबके फेवरेट सितारों के साथ मस्ती भरा नया साल लेकर आ रहा है। हमारे मार्शल आर्ट्स के किंग विद्युत जामवाल अपनी हिट फिल्म ह्यखुदा हाफिज 2ह्ण के वर्ल्ड प्रीमियर के साथ इस रिपब्लिक डे स्क्रीन पर आग लगाने आ रहे हैं। इसके अलावा दर्शकों को एक ट्रीट भी मिलेगी, जहां 14 जनवरी 2023 को टाइगर श्रॉफ की ह्यहीरोपंतीह्ण के चैनल प्रीमियर के साथ दर्शकों को चटपटी पंचलाइंस और सीटीमार एक्शन का नजराना पेश किया जाएगा। और हां, अभी खत्म नहीं हुआ है! डायलॉगबाजी और ब्लॉकबस्टर फिल्मों का पिटारा लेकर नए साल में फिल्मों के फुली लोडेड लाइन-अप के साथ आ रहा है एंड पिक्चर्स सुपर लीग। इस रिपब्लिक डे, एंड पिक्चर्स पर धुआंधार एक्शन थ्रिलर खुदा हाफिज : चैप्टर 2 - अग्नि परीक्षा के वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर में लाजवाब और चुस्त एक्शन लेकर आ रहे हैं विद्युत जामवाल।



# मलेशिया ओपन में नहीं खेलेंगे चोटिल ध्रुव-अर्जुन

**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन के लिए बीता सत्र शानदार सफलता से भरा रहा, जिसमें युवा ध्रुव कपिला और एमआर अर्जुन की जोड़ी पुरुष युगल में दूसरी सर्वश्रेष्ठ जोड़ी बनकर उभरी। पंजाब के 22 वर्षीय ध्रुव और केरल के 25 वर्षीय अर्जुन भले ही अपने से बेहतर हमवतन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी (पांचवें स्थान पर) के बराबर सफलता हासिल नहीं कर पाये हो लेकिन पिछले 12 महीने में विश्व रैंकिंग में 42वें से 19वें स्थान पर पहुंचना कोई छोटी उपलब्धि नहीं हैं। इस दौरान अपने से बेहतर रैंकिंग वाले खिलाड़ियों के खिलाफ जीत, बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप सहित दुनिया की बड़ी टूर स्पधाओं के क्वार्टर फाइनल में पहुंचना और थॉमस कप विजेता टीम का हिस्सा बनने से 2023 के लिए उनका आत्मविश्वास और बढ़ गया है।

अर्जुन ने कहा, हमारी जोड़ी नॉकआउट चरण में नहीं खेली थी,

### थाईलैंड में जीत पर टिकी हैं निगाहें

फिर भी मैं थॉमस कप की जीत को सबसे बड़ी उपलब्धि मानता हूं। बीते सत्र में हमारे प्रदर्शन को थॉमस कप से पहले और बाद में विभाजित किया जा सकता है क्योंकि इसने हमें तीन सेट तक चले मैचों को जीत में बदलने के लिए बहुत आत्मविश्वास दिया और यह हमारे प्रदर्शन में दिखा है। उन्होंने कहा, विश्व चैंपियनशिप में भी हमारा प्रदर्शन शानदार रहा, क्वार्टर फाइनल में जगह बनाना बड़ी बात थी। हमने इंडोनेशिया सुपर 1000 (दूसरे राउंड), सिंगापुर 500 (क्वार्टर फाइनल) में भी अच्छा प्रदर्शन किया था। भारत में एक चैलेंजर स्पर्धा को जीता। इस तरह के प्रदर्शन ने हमें आत्मविश्वास दिया है कि हम और बेहतर कर सकते हैं। पेरिस ओलंपिक के लिए एक मई से क्वालीफिकेशन की दौड़ शुरू होगी



और इस जोड़ी ने कहा कि उनका मकसद इसमें जगह पक्की करना है। ध्रुव ने कहा, हमें इस स्तर को बनाए रखना है। यह ओलंपिक पूर्व वर्ष है, इसलिए ध्यान क्वालीफिकेशन पर होगा। यह कठिन है लेकिन फिर भी हमें इसकी कोशिश करनी है, हमें विश्वास है कि हम इसे हासिल कर सकते हैं। मई से हम अधिक टूनामेंट खेलने पर जोर देंगे। यह भारतीय जोड़ी अभी 21वें स्थान पर है और ओलंपिक के लिए 30 अप्रैल, 2024 को खत्म होने वाली क्वालीफायर सूची की घोषणा के समय उन्हें शीर्ष आठ में रहना होगा। अर्जुन ने कहा, हमारा लक्ष्य फरवरी में थाईलैंड ओपन जीतना है। मार्च में यूरोपीय सर्किट शुरू होने से पहले हम इस टूनार्मेंट में अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं।

ध्रुव और अर्जुन हालांकि चोट के कारण अगले हफ्ते होने वाले मलेशिया सुपर 1000 टूनार्मेंट में नहीं खेल पाएंगे। इस जोड़ी का इंडिया ओपन में खेलना भी तय नहीं है। इंडिया ओपन को इस साल से सुपर 750 टूनार्मेंट में अपग्रेड किया गया है। अर्जुन ने कहा, फ्रेंच ओपन के समय अभ्यास के दौरान मुझे यह चोट लगी थी, इसलिए मैं हाइलो ओपन से हट गया था। मुझे लगा कि मैं ठीक हो गया हूं, लेकिन कुछ सप्ताह पहले प्रशिक्षण शुरू करते समय मुझे फिर से असुविधा महसूस हुई, इसलिए अब मैं इससे उबरने के लिए मुंबई में हूं। यह ज्यादा गंभीर चोट नहीं है।

# सांतोस क्लब स्टेडियम में रखा गया पेले का पार्थिव शरीर, दर्शन के लिए उमड़ रही भीड़

**साओ पाउलो।** ब्राजील के महान फुटबॉलर पेले का पार्थिव शरीर उनके पूर्व क्लब सांतोस एफसी के स्टेडियम में अंतिम दर्शन के लिए रखा गया है। साओ पाउलो स्थित विला बेलमिरो स्टेडियम में पेले को देखने के लिए फैंस लगातार पहुंच रहे हैं। पेले का पार्थिव शरीर यहां अगले 24 घंटे तक रखा रहेगा। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार (तीन जनवरी) को भारतीय समयानुसार शाम 6:30 के बाद किया जाएगा। सांतोस के कब्रिस्तान मेमोरियल नेक्रोपोले एक्यूमेनिका में उनका अंतिम संस्कार होगा। पेले ने करियर की शुरूआत सांतोष क्लब से की थी। 15 साल की उम्र में उन्होंने 1956 में सांतोष क्लब के साथ करार किया था। पेले ने सांतोस के लिए अपने पहले ही मैच में गोल दाग दिया था। उसके बाद से वह टीम अहम सदस्य बन गए। वह 1974 तक क्लब के साथ जुड़े रहे। पेले 1975 से 1977 तक न्यूयॉर्क कॉसमॉस क्लब के लिए भी खेले। पेले के साथ करार करने के लिए इटली के क्लब युवेंटस, स्पेन के क्लब बार्सिलोना, रियल मैड्रिड और इंग्लैंड के क्लब मैनचेस्टर यूनाइटेड ने कई प्रयास किए। बड़े-बड़े ऑफर के बावजूद पेले ने सांतोस का साथ नहीं छोड़ा। वह इसी क्लब के साथ जुड़े रहे। आपको बता दें कि ब्राजील के पूर्व फुटबाल स्टार और तीन बार के विश्व कप चैम्पियन पेले का 82 साल की उम्र में 30 दिसंबर को निधन हो गया था। रिपोर्ट के अनुसार फुटबॉल के बेताज बादशाह पेले कोलन कैंसर से पीड़ित थे। एथलीट ऑफ द सेंचुरी पेले को 29 नवंबर को साओ पाउलो में अल्बर्ट आइंस्टीन अस्पताल में भर्ती कराया गया था। कोविड-19 के पीड़ित होने के बाद उन्हें कोलन कैंसर के उपचार के लिए श्वसन संक्रमण के कारण अस्पताल में भर्ती किया गया था। फुटबॉल के इस बेताज बादशाह ने अस्पताल में अंतिम सांस ली।



## नहीं रहे धोनी को ढूंढने वाले पूर्व बीसीसीआई अधिकारी प्रकाश पोद्दार, 82 वर्ष की उम्र में निधन

**कोलकाता।** बंगाल के पूर्व कप्तान और जूनियर चयनकर्ता प्रकाश पोद्दार का मंगलवार को 82 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वर्ष 1940 में जन्मे पोद्दार ने बंगाल के लिए 1960 और 1977 के बीच 74 मैच खेलकर 11 शतकों के साथ 3836 रन बनाये। पोद्दार बंगाल के कप्तान थे, लेकिन उन्होंने दो बार राजस्थान के साथ खेलते हुए भी रणजी ट्रॉफी के फाइनल में जगह बनायी थी। वह 1970-71 रणजी सत्र में 70.25 की औसत से 562 रनों के साथ तीसरे सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। पोद्दार ने सेवानिवृत्ति के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के 'टैलेंट रिसोर्स डेवलपमेंट विंग' (टीआरडीएस) के अधिकारी के रूप में काम किया, जिसे 2002 में युवा और होनहार भारतीय क्रिकेटरों को ढूंढने के लिये स्थापित किया गया था। दिलीप वेंगसरकर को तत्कालीन बीसीसीआई अध्यक्ष स्वर्गीय जगमोहन डालमिया द्वारा स्थापित इस पैनल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। पोद्दार को टीआरडीएस में काम करते हुए 2003 में महेंद्र सिंह धोनी को ढूंढने का श्रेय दिया जाता है। पोद्दार ने उस समय बतौर टीआरडीएस अधिकारी राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में भेजी गयी रिपोर्ट में धोनी के बारे में लिखा था, गेंद को अच्छी तरह मारता है, उसके पास बहुत शक्ति है लेकिन उसे विकेट-कीपिंग पर काम करने की जरूरत है। तकनीकी रूप से बहुत अच्छा नहीं है। विकेटों के बीच दौड़ने में बेहतरीन है। इसके बाद धोनी को 2003/04 में भारत-ए के लिये चुना गया, जबकि 23 दिसंबर 2004 को उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मे कदम रखा। भारत ने धोनी की कप्तानी में टी20 विश्व कप 2007, एकदिवसीय विश्व कप 2011 और चैंपियन्स ट्रॉफी 2013 का खिताब अपने नाम किया।



# धोखाधड़ी कर जमीन बिक्री करने वाला भेजा गया जेल

**शाहगंज।** कोतवाली पुलिस ने एराकियाना मोहल्ला निवासी राजेश कुमार पुत्र शिव कुमार को गिरफ्तार कर चालान भेज दिया है। राजेश ने कूटरचित दस्तावेज के आधार पर करोड़ों की सम्पत्ति को पूर्व पालिकाध्यक्ष को बैनामा कर दिया था। जिस बावत भूमि स्वामी पुराना चौक निवासी

**कार्रवाई**

**नपा अध्यक्ष, पति व भतीजे समेत सात लोगों के विरुद्ध दर्ज है मामला**

अमरनाथ अग्रहरि ने भादवि की धारा 419/420/467/468/471/120बी/506 के तहत मामला दर्ज कराया था।

मालूम रहे कि पुराना चौक मोहल्ला निवासी अमरनाथ पुत्र भोलानाथ का एराकियाना मोहल्ले में एक अहाता है जिस पर वर्ष 1982 से कर जमा होता चला आ रहा है। बताया जाता है कि



गिरफ्तार आरोपी और पुलिस टीम

उक्त कीमती भूमि का फर्जीवाड़ा कर राजेश कुमार पुत्र शिव कुमार का नाम दर्ज कर लिया गया। बाद में नपा अध्यक्ष के भतीजे अनुराग जायसवाल पुत्र ओमप्रकाश जायसवाल के नाम बैनामा ले लिया गया। जिसके बाद कोर्ट गये पीड़ित को सीजेएम की अदालत ने नपा अध्यक्ष गीता जायसवाल, पति प्रदीप जायसवाल, भतीजे अनुराग जायसवाल, कर लिपिक श्रीराम शुक्ला, राजेश कुमार, सुशीला देवी एवं चंचल जायसवाल पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज करने का आदेश के बाद मामला दर्ज हुआ था। मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी राजेश कुमार को मंगलवार की सुबह मुखबिर की सूचना पर कोतवाली निरीक्षक सदानंद राय के निर्देशन में अपराध निरीक्षक जनार्दन यादव ने हमराहियों के साथ घर पर दबिश देकर गिरफ्तार कर न्यायालय चालान भेज दिया।

### पंचायत भवन लखेसर का डीएम ने किया निरीक्षण

**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा विकासखंड सिकरारा के ग्राम पंचायत लखेसर में बने पंचायत भवन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान को निर्देशित किया कि पंचायत भवन की दीवार पर शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं एवं अहर्ताओं के बारे में लिखवाएं। उन्होंने कहा कि सचिव, लेखपाल, आशा का मोबाइल नंबर और बैठने का दिन भी लिखवाया जाए और इस कार्य को फरवरी के प्रथम सप्ताह तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करा लिया जाए। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी बीबी सिंह, खंड विकास अधिकारी अस्मिता सहित अन्य उपस्थित रहे।

# युवा महोत्सव के लिए पीयू की प्रतिभाओं का चयन

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का तीन जनवरी को आईबीएम भवन में 16 प्रतियोगिताओं के लिए विश्वविद्यालय परिसर सहित सम्बद्ध विभिन्न महाविद्यालयों के छात्रों का चयन हुआ। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस.मौर्य के निर्देश पर इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम में अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. अजय द्विवेदी ने विभिन्न महाविद्यालयों से आये प्रतिभागियों और प्राध्यापकों का स्वागत किया। विदित है कि इस बार युवा महोत्सव का प्रदेश स्तर का कार्यक्रम 12-13 जनवरी को प्रस्तावित है। इसमें प्रदेश के समस्त राज्य विश्वविद्यालय के प्रतिभागी शामिल होंगे। संगीत, नृत्य, वाद विवाद, थियेटर और फाइन आर्ट के कुल 16 प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी जिसमें पूर्वांचल विश्वविद्यालय के टीम के चयन के संयोजक डॉ.



रसिकेश और प्रोफेशनल के रूप में यूनाइटेड ड्रीम्स के द्वारा चयन प्रक्रिया सुनिश्चित की गई। सभी श्रेणियों में छात्रों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया जिसमें से उत्कृष्ट छात्रों की टीम का फाइनल चयन सूची 10 जनवरी को नोडल अधिकारी डॉ. मनोज मिश्र को दी जाएगी।

कार्यक्रम की विभिन्न श्रेणियों में डॉ. नितेश जायसवाल, डॉ. मनोज पांडेय, डॉ. प्रमेन्द्र विक्रम सिंह, अनुपम कुमार, मोहम्मद अबू सालेह, अभिनव श्रीवास्तव, राज, सिद्धांत सेठी, अनमोल साहू आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

# बैंक कर्मी के विरुद्ध अब तक दर्ज नहीं कराई गई एफआईआर

**जौनपुर।** पंजाब नेशनल बैंक की खेतासराय शाखा में ग्राहकों के खाते से 1.60 करोड़ रुपये का घोटाला करने के आरोपित कैशियर राकेश कुमार के विरुद्ध अब तक एफआइआर दर्ज नहीं कराई गई है। विभागीय जांच पूरी होने की बात कर रहे बैंक के जिम्मेदार अधिकारियों की तरफ से पुलिस को तहरीर नहीं दी गई है। हालांकि की घोटाला सामने आने के दो दिन बाद ही कैशियर को निलंबित किया जा चुका है। वहीं बड़ी संख्या में खाताधारक अपने-अपने खातों की अवशेष रकम की जानकारी के लिए बैंक का चक्कर काट रहे हैं।

निलंबित कैशियर राकेश कुमार वर्ष 2019 से खेतासराय में ही ओरियंटल बैंक आफ कामर्स की शाखा में कार्यरत था। वर्ष 2020 में ओरियंटल बैंक आफ कामर्स के पंजाब नेशनल बैंक में विलय के बाद वहीं तैनात रहा। आरोप है कि विलय से पूर्व से ही वह दूसरों के खाते से रकम अपनी एक परिचित युवती के खाते में ट्रांसफर कर देता था। इसके बाद युवती से अधिकतर रुपये निकलवाकर खुद ले लेता था और

**पीएनबी घोटाला**

**जिम्मेदार अधिकारियों को विजिलेंस की जांच रिपोर्ट का इंतजार**

**खाताधारक अवशेष रकम जानने को बैंक का काट रहे चक्कर**

कुछ उसके खाते में छोड़ देता था। पिछले माह एक पीड़ित खाताधारक की शिकायत पर मामला सामने आया। शाखा प्रबंधक ने पहले गुपचुप छानबीन शुरू कराई। बड़ा घोटाला सामने आने पर उच्चाधिकारियों को अवगत कराया।

उच्चाधिकारियों ने तत्काल प्रभाव से कैशियर राकेश कुमार को निलंबित कर घोटाले की छानबीन के लिए बैंक की विजिलेंस टीम को लगा दिया। करीब एक पखवाड़ा बीत जाने के बाद भी जांच पूरी होने की बात कहते हुए कैशियर के विरुद्ध तहरीर नहीं दी गई है।

## कट्टा और कारतूस संग एक गिरफ्तार

**केराकत।** स्थानीय थाना और थानागद्दी पुलिस की संयुक्त टीम ने मंगलवार को सिहौली गांव के गोमती नदी के पुल के पास से एक युवक को 315 बोर के जिन्दा कारतूस व अवैध कट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार थाने के उपनिरीक्षक राकेश कुमार तिवारी, हेड कांस्टेबल जयचंद यादव और कांस्टेबल रण विजय सिंह तथा थानागद्दी पुलिस चौकी के प्रभारी रोहित मिश्रा, कोबरा टीम के हेड कांस्टेबल संतोष कुमार तथा कांस्टेबल सुरेश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से गोमती नदी के पुल पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस टीम से दूरी बना कर पुल से गुजर रहे एक संदिग्ध युवक को पुलिस टीम ने रूकने का इशारा किया जिस पर वह युवक उल्टे पांव तेजी से भागने लगा ' जिस पर पुलिस ने उसे दौड़ा कर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 315 बोर का एक अवैध कट्टा और इसी का एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस टीम उसे थाने ले गई और उसका चालान भेज दिया।



# एआईएमआईएम नेता समेत नौ के खिलाफ मुकदमा

**जौनपुर।** शाहगंज तहसील अंतर्गत खेतासराय कस्बे में तैनात हल्का लेखपाल संदीप श्रीवास्तव की तहरीर पर पुलिस ने एआईएमआईएम नेता फारूक आजम पुत्र वसीउल्लाह और उनके 6 बेटे समेत नौ लोगों के खिलाफ आईपीसी की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर शिकंजा कस दिया है।

पुलिस ने बताया कि एआईएमआईएम नेता मोहम्मद फारूक आजम व उनके छह बेटे मोहम्मद आजम, वजीद, अर्शे आलम, मोहम्मद गुड्डू, नबीउल्लाह व मोहम्मद सद्दाम निवासी मोहल्ला जोगियाना तथा मोहम्मद सोहराब पुत्र स्व. असगर जोगी निवासी कोहरऊटी, सिराज जोगी पुत्र पथरू जोगी निवासी जोगियाना मोहल्ला समेत कई अन्य के खिलाफ आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी में जुट गई है। लेखपाल संदीप श्रीवास्तव की तरफ से दर्ज कराए गए मुकदमें में आरोपित फारूक आजम का कृत्य भूमाफिया की श्रेणी में आता है। जब एसडीएम शाहगंज अंकित कुमार के निर्देश पर गठित राजस्व टीम में राजस्व निरीक्षक अखिलेश यादव, कस्बा लेखपाल

**कसा शिकंजा**

**लेखपाल की रिपोर्ट पर पुलिस ने गिरफ्तारी के लिये कसा शिकंजा**

**दर्जनभर अज्ञात को चिह्नित करने में जुटी पुलिस**

संदीप श्रीवास्तव, दूधनाथ कुमार और संतोष यादव खेतासराय कस्बा स्थित प्राथमिक विद्यालय के निकट भूमि की पैमाइश कर रहे थे।

मोहम्मद फारूक आजम का आरोप था कि बांकेलाल यादव अवैध रूप से उनकी भूमि में बढ़कर निर्माण कर रहे हैं, जिसकी शिकायत पर एसडीएम ने राजस्व टीम को मौके पर पैमाइश के लिए भेजा था। दौरान हुई मारपीट में मोहम्मद फारूक आजम और उनके विपक्षी बांके लाल यादव की तरफ से आधा दर्जन लोग चुटहिल भी हुये थे। इस मामले की शिकायत राजस्व कर्मियों ने डीएम मनीष वर्मा से की। जिलाधिकारी के निर्देश पर उक्त दबंग नेता व उनके गुर्गों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## दारू पीने के विवाद में पंधारी गौतम की हुई थी हत्या

**बरसठी।** सरायविक्रम गांव में शनिवार की रात पंधारी मुसहर की नृसंश हत्या के एक आरोपित को पुलिस मंगलवार सुबह को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। जबकि एक आरोपित अभी भी पुलिस पकड़ से दूर है। हत्या दारू पीने को लेकर विवाद में उसके दोस्तों ने किया था।

**एक आरोपित गिरफ्तार सरायविक्रम का मामला**

पंधारी मुसहर की गांव में नृसंश हत्या करके हत्यारों ने शव को झाड़ी में फेंक दिया था। मृतका की पत्नी छन्ना देवी ने उसके दो दोस्त गोविंदा गौतम और बउआ बनवासी के खिलाफ हत्या का आरोप लगाते हुये मुकदमा दर्ज कराया था। थाना प्रभारी दिनेश कुमार और एसआई राजकुमार यादव की टीम मुखबिर की सूचना पर सुबह सुखलागंज रेलवे फाटक के पास से गोविंदा गौतम को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि पूछताछ में गोविंदा ने हत्या की बात स्वीकार की और दारू पीने को लेकर विवाद में मारपीट हुई और उसके बाद दोनों ने हत्या कर दिया। आरोपित गोविंदा को मारपीट में घुटने में चोट लगी है और रक्त रंजीत शर्ट भी बरामद हुआ। अभी भी बउआ बनवासी फरार चल रहा है।

## संक्षेप

### करंट की चपेट में आकर दो झुलसे, भतीजे की मौत, चाचा गंभीर

**मुंगराबादशाहपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के नारायनडीह गांव में जहां एक युवक की विद्युत करेंट की चपेट में आने से मौत हो गई वहीं उसका चाचा गंभीर रूप से झुलस गया जिसका इलाज चल रहा है। बताते हैं की उक्त गांव निवासी डब्लू यादव पुत्र बृजनाथ 21 वर्ष अपने घर में ठंड के कारण शाम को आकर बिस्तर पर लेट गया। अचानक उसका हाथ विद्युत तार से छू गया और करेंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलसकर मौके पर ही उसकी मौत हो गई। रात्रि में 8 बजे जब चाचा राधे यादव 40 वर्ष उसे भोजन के लिए उठाने गए और जैसे ही उसका हाथ पकड़कर उठा ही रहे थे कि वह भी करेंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए। परिजनों को जानकारी होते ही अविलंब विद्युत आपूर्ति कटवायी गयी और दोनों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां डब्लू को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया वहीं चाचा राधे का इलाज अभी चल रहा है। मौत की खबर सुनते ही पूरे गांव में सन्नाटा पसर गया वहीं परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### शॉर्ट सर्किट से लगी आग में गृहस्थी राख

**थानागद्दी।** क्षेत्र के ग्रामसभा भीतरी गोपालपुर में सवित्रा यादव के घर में बीती रात शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग की जद में आने से राशन, बिस्तर, कुर्सी, बेड समेत लगभग पचास हजार रुपए की सामग्री राख हो गई। सवित्रा यादव की माली हालत ठीक नहीं है। पति व बेटी की मृत्यु पहले हो चुकी है। दो पुत्र है जो की रोजी रोटी के सिलसिले में बाहर रहते है। बेटी के दो पुत्रों का पालन पोषण करती है। आग लगने की वजह से सवित्रा ने आंख में आसू रखते हुए दो बच्चों के भोजन, बिस्तर को लेकर चिंता जताई। इस संबंध में जब ग्राम प्रधान विपिन सिंह से बात की गई तो कहा कि हरसंभव मदद होगी। हल्का लेखपाल को भी सूचना दे दी गई है।

### मड़हे में लगी आग, एक बकरी की मौत, दो झुलसी

**सरकी।** केराकत कोतवाली क्षेत्र के बड़नपुर सेनापुर गांव में बीती रात श्रीकांत राम के मड़हे में मध्य रात्रि आग लग गई जिसकी लपटे देख दंपती की नीद खुली और भाग कर बाहर आए और शोर मचाने लगे। शोर सुनकर गांव के लोग इकट्ठा हो गए और बाल्टी से पानी फेंककर किसी तरह आग पर काबू पाया। इस अग्निकाण्ड में दो बकरियां झुलस गयी और एक जलकर मर गई। वहीं पैंट की जेब में रखा नकद नौ हजार रुपया जल गया। झुलसी बकरियों का इलाज पशु चिकित्साधिकारी केराकत की देख रेख में फार्मासिस्ट राजेन्द्र सोनकर और वेक्सीनेटर संदीप दीक्षित, सुजीत पाल ने किया। मड़हे में रात्रि में राख का छिड़काव पशुओं को गरमाहट देने के लिए किया गया था।

### पुलिस ने दो वारंटी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



**मुंगराबादशाहपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियों के रोकथाम एवं वांक्षित/वारंटी अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में चलाये जा रहे सघन अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) तथा क्षेत्राधिकारी मछलीशहर के कुशल पर्यवेक्षण एवं निर्देशन में उ.नि. राकेश कुमार राय मय हमराहियों द्वारा न्यायालय द्वारा जारी वांरट मु.नं.-1361/22 धारा 147/336/506 भा.द.वि. थाना मुगराबागदशाहपुर से सम्बन्धित दो नफर अभियुक्तगण सुजीत कुमार गौड़ 48 वर्ष व विनोद कुमार गौड़ 52 वर्ष पुत्रगण उमाशंकर निवासीगण कमालपुर मुंगराबादशाहपुर को नियमानुसार मंगलवार को समय करीब 6.20 बजे उनके घर के बाहर से गिरफ्तार कर थाना हाजा लाकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ.नि. विवेक कुमार तिवारी, उ.नि. राकेश कुमार राय, का. सुशील कुमार यादव, का. विजय कुमार यादव आदि शामिल रहे।

### गांव में मॉडल तालाब बनाया जाय :डीएम

**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा विकासखंड सिकरारा की ग्राम पंचायत देहजुरी में जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाया कि बोरिंग एवं बाउंड्रीवाल का कार्य पूर्ण हो चुका है। 10 कनेक्शन दिए गए हैं जिस पर निर्देशित किया गया कि अधिक से अधिक लोगों को कनेक्शन दिए जाए। गांव में 283.8 लाख की लागत से योजना चलाई जा रही है जिसके तहत 11 किलोमीटर पाइपलाइन बिछाई जानी है जिसमें 4 किलोमीटर पाइप डाली जा चुकी है। जिलाधिकारी ने वेलस्पन के प्रोजेक्ट मैनेजर रविंद्र कुमार को निर्देशित किया कि कार्य में तेजी लाते हुए दिए गए समयावधि में कार्य पूर्ण कराएं। इस दौरान जिलाधिकारी के द्वारा गांव के तालाब का निरीक्षण कर सुंदरीकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गांव के तालाब को अच्छे डिजाइन में मॉडल तालाब बनाया जाए। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी बीबी सिंह, खंड विकास अधिकारी अस्मिता, प्रधान राजेश कुमार यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

### पुलिस ने शातिर लुटेरे को किया गिरफ्तार

**जौनपुर।** बदलापुर थाना पुलिस ने इलाके के एक शातिर लुटेरे स्वाधीन सिंह उर्फ छोटू को गिरफ्तार कर जेल रवाना कर दिया है। पुलिस का मानना है कि इसकी गिरफ्तारी से अब क्षेत्र में लूट छिनैती और हत्या जैसी संगीन अपराधों पर अंकुश लग सकेगा। थाना प्रभारी संतोष कुमार पांडेय के अनुसार गत 28 दिसम्बर 22 को वाराणसी लखनऊ एनएच पर फतूपुर के पास स्थित जायसवाल ढाबे पर फायरिंग करने के बाद से ही पुलिस को इस शातिर बदमाश की तलाश थी। मंगलवार को थाना क्षेत्र स्थित सरोखनपुर के पास से पुलिस टीम ने इस कुख्यात बदमाश को गिरफ्तार कर जेल रवाना कर दिया। गिरफ्तार अभियुक्त स्वाधीन सिंह उर्फ छोटू पुत्र विजय सिंह उर्फ विज्जू निवासी ग्राम बबुरा थाना बदलापुर का मूल निवासी है इसके उपर लगभग डेढ़ दर्जन संगीन अपराधिक मुकदमें दर्ज हैं।



# गरीबों, मजलूमों को न्याय दिलाता है अधिवक्ता

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** जनपद के वरिष्ठ अधिवक्ता स्व. संतोष कुमार श्रीवास्तव 'सन्तोषी बाबू' की 18वीं पुण्यतिथि पर मंगलवार को श्रद्धाजलि सभा का आयोजन दीवानी अधिवक्ता संघ सभागार में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता बार

**शोक सभा**

**18वीं पुण्यतिथि पर आयोजित विचार गोष्ठी पर याद किए गए संतोषी बाबू**

अध्यक्ष जितेन्द्र नाथ उपाध्याय ने व संचालन पूर्व मंत्री अनिल सिंह कप्तान डीजीसी ने किया। सर्वप्रथम संतोषी बाबू की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन कर पुष्प अर्पित किया गया।

पूर्व अध्यक्ष आरपी सिंह ने कहा कि अधिवक्ता समाज हर इंसान का दुखदर्द समझता है और उन्हें उनका अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष करता रहता है। पूर्व अध्यक्ष तेज बहादुर सिंह ने कहा



पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते लोग

कि सन्तोषी बाबू एक विद्वान रहे। उनकी ईमानदारी की मिसाल आज भी लोग देते हैं।

पूर्व अध्यक्ष सतेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि 18 वर्षो से उनकी श्रंद्धाजलि सभा हो रही है जिसमें प्रदेश के राज्यपाल, न्यायमूर्ति सहित अनेक विधि विशेषज्ञों का आगमन होने से अधिवक्ता संघ गौरवान्वित हुआ। पूर्व अध्यक्ष ब्रजनाथ पाठक ने कहा कि सन्तोषी बाबू ने हमेशा गरीबों, मजलूमों को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष किया जिसकी चर्चा आज भी लोग करते हैं। पूर्व मंत्री जय प्रकाश सिंह कामरेड ने कहा कि अधिवक्ता समाज का सजग प्रहरी होता है वह हमेशा कानून की रक्षा के लिए समर्पित रहता है। वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष कुमार श्रीवास्तव व वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव गुप्ता ने कहा कि कहा कि कानूनी प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए मुकदमे की पैरवी प्रभावी ढंग से अधिवक्ता समाज को करना चाहिए जिससे कम समय में लोगों को न्याय मिले। पूर्व मंत्री अवदेश सिंह व पूर्व मंत्री सुभाष चन्द्र यादव ने कहा कि सन्तोषी बाबू की पुण्यतिथि हर साल की तरह बड़े पैमाने पर कार्यक्रम होना चाहिए। अध्यक्षता करते हुए अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जितेंद्र नाथ उपाध्याय ने कहा कि सन्तोषी बाबू ने एक अधिवक्ता के रूप में समाज व संघ की सेवा किया। आज उनके पदचिन्हों पर चलने की आवश्यकता है। श्रंद्धाजलि सभा में लाल चन्द गुप्ता, अरुण प्रजापति, अरुण सिन्हा, हिमांशु श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, मंजीत कौर, अरविंद सिंह, सतीश पांडेय, प्रमोद सिंह पटेल, शुभम श्रीवास्तव, अतुल कुमार श्रीवास्तव आडिटर, सैयद शहनशाह हुसैन, विश्व प्रकाश श्रीवास्तव दीपक पत्रकार, राजकुमार गुप्ता आदि अधिवक्ता मौजूद रहे। स्वर्गीय संतोषी बाबू के पुत्र राजेश श्रीवास्तव बच्चा भईया व सुधीर श्रीवास्तव, दिलीप श्रीवास्तव ने आभार व्यक्त किया।

# हत्यारोपी बीस हजार का इनामिया धराया

जनसंदेश न्यूज

**गभिरन।** खुटहन थाना क्षेत्र के रामनगर बाजार से मंगलवार की भोर पुलिस ने घेरेबंदी कर हत्या के आरोप में वांछित चल रहे बीस हजार के इनामिया को धर दबोचा। आवश्यक कार्रवाई के बाद उसका चालान न्यायालय भेज दिया गया।

सीओ शाहगंज चोब सिह ने बताया कि गत 8 सितंबर को इसी थाना क्षेत्र के लखनीपुर गांव निवासी आनंद शर्मा उर्फ सोले जो कि चंदापुर बाजार में सैलून की दुकान चलाता था किसी रंजिश को लेकर उसे मेंढ़ा गांव निवासी जवाहर सोनी, बदलापुर थाना क्षेत्र के दुगौली निवासी अजहर व इसी थाना क्षेत्र के कूहींकला गांव निवासी पेंटर और सिंगरामऊ थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव निवासी सभापति विश्वकर्मा बहला फुसलाकर कर सुल्तानपुर जिले के करौंदी थाना क्षेत्र स्थित महावीर धाम बिजेथुआ ले गये जहां तालाब में नहाते समय पानी में डूबकर आनन्द शर्मा की संदिग्ध मौत हो गई थी। मृतक के पिता की तहरीर पर उक्त चारों के खिलाफ थाने में हत्या का केस दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू की गई।

इस दौरान चारों आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। हत्या की साजिश में शामिल दो और आरोपितों का नाम मामले की छानबीन के दौरान आया जिसमें एक बदलापुर थाना क्षेत्र के तियरा गांव निवासी सूरज बेनवंशी शामिल पाया गया। उसके घर कई बार दबिश दी गई लेकिन वह पुलिस के हाथ नहीं लगा। मंगलवार की भोर मुखबिर की सटीक सूचना पर प्रभारी उप निरीक्षक राजित राम यादव, हेड कांस्टेबल सुदर्शन यादव, संतोष यादव, शिवाकांत त्रिवेदी और शशीकांत ने घेराबंदी कर उसे रामनगर बाजार से गिरफ्तार कर लिया।

# जरूरतमंदों को ग्राम प्रधान ने बांटे कंबल व स्वेटर

जनसंदेश न्यूज

**मुफ्तीगंज।** स्थानीय विकास खंड के इटैली गांव के पंचायत भवन में एक कोचिंग सेंटर के बच्चों को ग्राम प्रधान रागिनी देवी की तरफ से स्वेटर व जरूरतमंदों को कम्बल वितरित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी रवि सिंह व विशिष्ठ अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी नीरज श्रीवास्तव ने कड़कड़ाती ठंड में गरीबों, असहायों को कम्बल वितरित किया और कोचिंग के बच्चों को स्वेटर दिया।

अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि बच्चों की पहली शिक्षा माँ से मिलती है। माँ का स्थान धरती माता से बड़ा वहीं पिता का स्थान आकाश से भी ऊंचा माना गया है। बच्चों को संस्कारित शिक्षा दिलाकर उनके अंदर जागृति पैदा करें बच्चों को अनुशासित रहना जरूरी है। इसी क्रम में प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष राम दुलार यादव ने कहा कि शिक्षा ऐसी सीढ़ी है जो ऊंचे आयाम तक ले जाती है वहीं विशिष्ट अतिथि



जरूरतमंदों में कम्बल वितरित करते अतिथिगण

खण्ड शिक्षा अधिकारी नीरज श्रीवास्तव ने कहा कि बच्चों पर सरकार विशेष ध्यान दे रही है। स्कूलों का कायाकल्प कर गुणवत्ता परक शिक्षा दिया जा रहा है।

सम्बोधित करने वालों में सीताराम यादव, कमला यादव, रविन्द्र यादव, कृपाशंकर यादव, उदय नरायन यादव आदि रहे। महिलाओं अभिभावकों को 100 कम्बल वितरित किये गए वहीं कोचिंग में पढ़ रहे बच्चों को स्वेटर वितरित किया गया।

इस अवसर पर प्रधान रागिनी यादव व उनके पति मनोज कुमार यादव ने आये हुए सभी लोगों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रमुख कमला यादव एवं संचालन धर्मेन्द्र कुमार नागर ने किया।

## आवारा पशुओं के जिम्मेदार खुद किसान : बीपी सरोज

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र स्थित चौकीखुर्द गांव में विजेश्वर महावीर हनुमान मंदिर पर मंगलवार को ग्राम प्रधान ने कम्बल वितरण का आयोजन कर 376 कम्बल वितरित किया। मुख्य अतिथि सांसद मछलीशहर बीपी सरोज ने कहा कि गरीबों की मदद करना सबसे बड़े पुण्य का काम है और हम सभी का प्रयास होना चाहिए कि सर्दी के मौसम में गरीब लोगों को यथा सम्भव मदद करें।

उन्होंने कहा कि जबसे केंद्र और राज्य में भाजपा सरकार आई है, तभी से सरकार लगातार गरीबों की मदद कर रही है। उन्होंने ग्राम प्रधान ममता पाण्डेय द्वारा गरीबों के लिए कम्बल वितरण कार्य की प्रशंसा करते हुए भाजपा सरकार की उपलब्धियां बता रहे थे। इस दौरान ग्राम सभा के भूतपूर्व अध्यापक पंडित सोमनाथ पांडे ने आवारा पशुओं को लेकर सांसद से निवेदन किया कि इन सभी का उपाय



कम्बल वितरण समारोह को सम्बोधित करते सांसद

भी आपकी सरकार करे हम लोग बहुत त्रस्त हो गए हैं फसल नहीं बच पा रही है। इस पर सांसद ने कहा कि आवारा पशुओं के जिम्मेदार खुद किसान हैं। सांसद ने उल्टे किसानों से पूछ लिया कि क्या यहां जो छुट्टा पशु है उसे योगी या मोदी ने छोड़े हैं या सांसद या विधायक ने छोड़ा हैं? छोड़े तो आप ही लोग हैं तो इसके जिम्मेदार भी तो आप ही लोग हैं। हालांकि सांसद ने किसानों को अपने पशुओं को आवारा ना छोड़ने की पैरवी की। उन्होंने कहा कि सरकार इसके लिए मानदेय भी दे रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता अरुण कुमार पांडे ने किया संचालन आरके मौर्या ने किया। इस मौके पर वीरेंद्र पांडे, गोलू पांडे, सुरेश पांडे, प्रशांत शुक्ला, गयादीन पाण्डेय, अरुण कुमार, वीरेंद्र कुमार सहित भारी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

# एक हजार कैदियों की क्षमता वाले जिला कारागार के निर्माण का रास्ता साफ

## 9 किसानों ने की अपने-अपने हिस्से की भूमि रजिस्ट्री

**पहल**

**एवज में मिले 4 करोड़ 4 लाख 36 हजार रुपये का मुआवजा**

जनसंदेश न्यूज

**भदोही।** जिला कारागार के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया है। मंगलवार को जिला जेल के निर्माण के जद में आने वाले 9 किसानों ने तहसील में स्थित उपनिबंधक कार्यालय में पहुंचकर अपने-अपने हिस्से के भूमि को उसके निर्माण के लिए रजिस्ट्री कर दी। जिसके एवज में उन किसानों को 4 करोड़ 4 लाख 36 हजार रुपए का चेक बतौर मुआवजा दिया गया।

मुसीलाटपुर गांव में 60 एकड़ में एक हजार कैदियों के क्षमता वाले जिला कारागार का निर्माण होगा। इसके निर्माण के लिए 44 एकड़ ग्राम समाज की भूमि तहसील प्रशासन द्वारा उपलब्ध करा दी गई थी। लेकिन फिर भी निर्माण के लिए और जमीन की आवश्यकता थी। शेष 16 एकड़ जमीन देने के लिए वहां के किसान भी राजी हो गए थे। प्रशासन द्वारा मुआवजे के रूप में 24 करोड की मांग शासन से की गई थी। शासन द्वारा मुआवजे के लिए धन उपलब्ध करा दी गई है। मंगलवार को हिंछराज राय, जनकराज, तीर्थराज राय, देवराज राय, बृजेश्वर प्रसाद, रामेश्वर प्रसाद, धनेश्वर प्रसाद व कामेश्वर प्रसाद आदि 9 किसानों ने रजिस्ट्री आफिस में पहुंचकर अपने-अपने हिस्से की जमीन को जिला कारागार के लिए रजिस्ट्री कर दी। जिसके एवज में उन किसानों को चेक के द्वारा 4 करोड़ 4 लाख 36 हजार रूपया मुआवजा दिया गया। जिसके रजिस्ट्री पर 26 लाख 29 हजार 820 रुपए का राजस्व शुल्क और 4 लाख 4 हजार 260 रुपया निबंधन शुल्क लगा। इसके साथ ही अभी और किसानों से उनकी जमीन की रजिस्ट्री कराई जाएगी। इस दौरान वहां पर तहसीलदार सत्यपाल प्रजापति, सब रजिस्ट्रार यादवेंद्र द्विवेदी, जेलर राजेश वर्मा व क्षेत्रीय लेखपाल अनिल यादव मौजूद रहें।



रजिस्ट्री करने के बाद मुआवजे के चेक के साथ किसान और साथ मे खड़े रजिस्ट्रार, जेलर और तहसीलदार

### उपनिरीक्षक अटल राय ने लौटाया जमीन पर गिरा पचीस हजार रुपया

**भदोही।** मनमानी कार्यशैली व खराब व्यवहार के कारण पुलिस अक्सर विवादों में रहती है, लेकिन कई बार इसका मानवीय चेहरा भी सामने आता है।भदोही पुलिस का ऐसा ही मानवीय चेहरा मंगलवार को सामने आया जब उपनिरीक्षक अटल कुमार राय जमीन पर गिरे पचीस हजार रुपयों का पता लगाकर धनराशि के मालिक को पैसा लौटकर मिशाल पेश की। भदोही कोतवाली के एसबीआई की मर्यादपट्टी शाखा में बैंक चेकिंग के दौरान उपनिरीक्षक अटल कुमार राय को बैंक परिसर के बाहर 25 हजार रुपए गिरा हुआ मिला। बैंक कर्मियों से पूछताछ करने पर उक्त रुपया राजेंद्र प्रसाद नामक व्यक्ति का गिरा हुआ बताया गया। जिनको अवगत कराकर उपनिरीक्षक अटल कुमार राय ने कर्तव्य निष्ठा एवं ईमानदारी का परिचय देते हुए 25 हजार रुपए लौटा दिया गया। धनराशि मालिक द्वारा खोए हुए पैसे पाकर, पुलिस की ईमानदारी की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई। जिससे पुलिस की छवि का अच्छा प्रदर्शन हुआ एवं जनता के मध्य पुलिस के प्रति विश्वास की भावना उत्पन्न हुई। पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने उपनिरीक्षक श्री राय को पुलिस कार्यालय बुलाकर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# बाबा बड़ेशिव धाम की महाआरती में उमड़े श्रद्धालु

**गोपीगंज।** नगर के बाबा बड़े शिव धाम में सोमवार की देर रात बाबा की महाआरती में श्रद्धालु उमड़ पड़े। गोपीगंज में देवाधिदेव महादेव बाबा बड़े शिव पौराणिक स्थलों में शामिल है। सोमवार की देर शाम नगर के प्रमुख और बड़े धार्मिक स्थल पर बाबा बड़े शिव धाम मे देवाधिदेव महादेव का अलौकिक स्वरुप में श्रृंगार कर दर्शन पूजन किया गया। बाबा के भव्य स्वरूप का दर्शन पूजन कर भक्त जहां निहाल हो गए वही देर रात हुई आरती पूजन के दौरान जुटे श्रद्धालुओ के हर हर महादेव के जयकारे से पूरा परिसर गूंजायमान रहा। साप्ताहिक आरती के क्रम मे देर शाम बाबा बड़े शिव धाम परिसर मे महादेव का पंच द्रव्य और सुगंधित पुष्पो से भव्य श्रृंगार किया गया और भक्तों में प्रसाद वितरण किया गया।सायंकाल से शुरू हुए दर्शन पूजन के दौरान आरती पूजन की व स्तुति गान की गई। पुजारी सुरेंद्र विश्वकर्मा के साथ भक्तों ने डमरु, मृदंग घंटा घड़ियाल व शंख ध्वनि के बीच बड़े शिव की आरती उतारी गई वहीं श्रद्धालुओ के जयकारे से पूरा परिसर गूंजायमान रहा। महा प्रसाद का वितरण भाजपा नेता गगन गुप्ता के सौजन्य से कराया गया। इस अवसर पर कृपाकांत गुप्त, सरिता गुप्ता, राजेश बरनवाल, कमलेश चौरसिया, प्रदीप गुप्ता, अनिल अवधिया, दिनेश गुप्ता, विनय अग्रहरी आदि उपस्थित रहे।

### लीकेज ठीक न किये जाने से गन्दा पानी पीने को मजबूर नगरवासी

**सुरियावा।** नगर पंचायत के वार्ड 6 नेता नगर में नगर पंचायत द्वारा पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था है। पाइप लाइन बिछाई गई है। दर्जनों कनेक्शन भी हैं किंतु कई सप्ताह से वार्ड में एक जगह लीकेज है। शिकायत के बाद भी लीकेज नहीं बनाया जा रहा है जिससे लोग गंदा पानी पीने को मजबूर है। इस संबंध में समाजसेवी जतन गुप्ता ने नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी से अविलम्ब जो लीकेज है उसको बनाने के लिए मांग किया है ताकि लोगों को शुद्ध पेयजल मिल सके।

### जनपद की समस्याओं को लेकर एसपी से मिले एक्सपोर्टर राजकुमार राय

**भदोही।** जनपद के उद्योगपति कारपेट व्यवसाई तथा एक्सपोर्टर सपना कारपेट के मालिक राजकुमार राय ने जनपद की तमाम समस्याओं को लेकर पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार से मिलकर जनपद के समस्याओं को दूर करने की बात कही और कहा की कारपेट व्यवसाई भाजपा सरकार में निश्चित ही खुशहाल है और सुरक्षित है। आने वाले समय में जनपद में कारोबार और बढ़ेगा और रोजगार का सृजन होगा और जनता में खुशहाली बढ़ेगी। कारपेट व्यवसाई अब्दुल्ला खान प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर राज्य पुरस्कृत हो चुके हैं उन्होंने भदोही की जनता की आवाज को प्रदेश तक पहुंचाने का काम किया। इस दौरान उन्होंने कहा की निश्चित ही भदोही डालर मिनी मुंबई के नाम से जानी जाती है और भदोही वाले रात दिन मेहनत करके प्रदेश और देश के नाम को रोशन करने का काम किया है। आने वाले समय में जो भी समस्या होगी, जनता की बात को सरकार तक पहुंचाने में हमेशा प्रयत्नशील रहेंगे। इस अवसर पर राजकुमार राय, अब्दुल्लाह खान, गोवर्धन राय, शमशेर अली, वीरेंद्र बहादुर सिंह, फिरोज खान इत्यादि प्रमुख लोग उपस्थित रहें।

# संक्रमण से बचना है तो दो गज की दूरी और मास्क है जरूरी

**सीएमओ ने कहा**

**मौसम के बदलाव के समय विभाग बरत रहा है विशेष सावधानियां**

**भदोही।** पिछले दो वर्ष से कोविड जैसी वैश्विक महामारी की समस्या से जनपदवासी लगातार सामना कर रहे हैं। जनपदवासी ही नहीं बल्कि पूरा देश कोविड जैसे गम्भीर संक्रमण का सामना कर रहा है। इस महामारी से बचना है तो दो गज की दूरी और मास्क है जरूरी को भूलना घातक हो सकता है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर सन्तोष कुमार चक ने बताया कि विभाग ने जिले में पिछले दो वर्षो से कोरोना टीका अभियान चला रहा है। जिले के छब्बीस लाख से अधिक लोगों को कोरोना टीकाकरण से आच्छादित किया गया। इसके अलावा अभी भी कोरोना संकट बरकरार है। इस स्थिति में हम सभी को सावधानी व सर्तकता रखने की अत्यन्त आवश्यकता है। इससे कोरोना को हराया जा सके। इसके बावजूद कोरोना की चौथी लहर का डर सबको फिर से सता रहा है। इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग ने तैयारियां कर ली है। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर सुरेश सिंह का कहना है कि जिले में आने वालो का प्रतिदिन 4000 लोगो का सैंपल लिया जा रहा है और जांच को भेजा जा रहा है लेकिन अभी तक कोई कोरोना पांजिटिव की खबर नही आयी है। इसके साथ ही जिले में तेरह लाख लोगो को दोनो डोज दिया जा चुका है और करीब पांच लाख से अधिक लोगों को बूस्टर डोज भी दिया गया है। कोरोना जैसे संक्रमण को रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग हमेशा सतर्कता बरतें हुये है और लोगों को सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने दो गज की दूरी बनाए रखने तथा मुंह पर मास्क लगाने व स्वास्थ्य विभाग के परामर्श को नियमित रूप से पालन करें तो निश्चित रूप से इस महामारी की चपेट में आने से बच सकते हैं।

# जरूरतमंदों को मिला कम्बल

**खिले चेहरे**

**नगर उद्योग व्यापार मंडल की ओर से किया गया कंबल वितरण**

जनसंदेश न्यूज

**गोपीगंज।** मंगलवार को नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की ओर से गरीब, असहाय, जरूरतमंदो में कंबल का वितरण किया गया। एक निजी लान में कंबल वितरण में बतौर मुख्य अतिथि कोतवाली प्रभारी सदानंद सिंह ने कहा कि यदि हमारे और आपके मन में दान करने की क्षमता है तो निर्धन लोगों तक काफी मदद पहुंच सकती है। गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पुनीत कार्य है। इनकी सामाजिक एवं आर्थिक सहायता के लिए सभी को आगे की आवश्यकता है। इस दौरान रतन लाल अग्रहरी ने कहा कि सामाजिक सेवा के उद्देश्य के तहत आयोजित इस कार्यक्रम के लिए नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रयासों की सराहना की तथा अन्य स्वयं सेवी संगठनों से भी ऐसे कार्यो के लिए आगे आने का आह्वान किया। नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष श्रीकांत जायसवाल ने कहा कि व्यापारियों के हितों की सुरक्षा के साथ गरीबों की सहायता भी व्यापार मंडल की प्राथमिकता में शामिल है। रमाकांत गुप्ता ने कहा कि आगे भी ऐसे सामाजिक कार्यो में संगठन बढ़ चढ़कर हिस्सा लेगा। संचालन गिरिजा शंकर पांडे ने किया। उपस्थित संभ्रांत नागरिकों में हलीम प्रधान, रमेश कौशल, कृष्ण कुमार गुप्ता, घनश्यामदास गुप्ता, सुंदरलाल अग्रहरी, अभिषेक जायसवाल, कृष्णकुमार गुप्ता, मिथिलेश अग्रहरि, दिनेश उमर आदि रहे।



जरूरतमंदों में कम्बल वितरण करता नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल

### पत्रकार के भाई की मृत्यु पर जताया शोक

**सुरियावां।** नगर पंचायत के नेता नगर में पत्रकारों की एक बैठक हुई जिसमें पत्रकार वकील दुबे के बड़े भाई राम चंद्र दुबे निवासी देईपुर (जगदीशपुर) कॅरियाव का निधन गत दिवस होने पर शोक व्यक्त किया गया। बैठक में पत्रकार आशीष सिंह सदस्य जिला पंचायत, दिनेश यादव दादा, मुकेश दुबे, मनोज वर्मा, भरत, नितेश उपाध्याय, शिवांशु दुबे आदि पत्रकारों ने शोक व्यक्त किया है।

## औराई पुलिस को मिली बड़ी सफलता, 25 हजार का इनामिया गिरफ्तार

**भदोही।** थाना स्थानीय पर पजीकृत मुअस. 271/22 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट व मुअस 272/22 धारा 324 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त भुल्लन विन्द पुत्र दुलचन्द विन्द निवासी उपरौठ थाना औ?ाई भदोही जो गत 21 सितम्बर को पुलिस कस्डटी से फरार हो गया था । उक्त घटना से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त भुल्लन विन्द उपरोक्त 25 हजार का पुरस्कार घोषित ईनामिया अभियुक्त था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक भदोही व अपर पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा निर्देशित किया गया था। उक्त निर्देश के क्रम में प्रभारी निरीक्षक गगन राज सिंह मय हमराह का. कमलेश पाल व का अनुप कुमार थाना औराई जनपद भदोही द्वारा मुखबिरी सूचना के आधार पर अभियुक्त के घर ग्राम उपरौठ से फरार वाछिंत अभियुक्त भुल्लन विन्द उपरोक्त को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए चालान न्यायालय भेजा गया है।

## श्रीराम पीजी कॉलेज निगोह को पराजित करके जेसीएफ जौनपुर अगले दौर में



**नौपेड़वा।** श्री यादवेश इंटर कॉलेज के मैदान पर खेली जा रही राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में मंगलवार को खेले गए मुकाबले में जेसीएफ जौनपुर की टीम श्रीराम पीजी कॉलेज निगोह की टीम को 7 रन से पराजित कर अगले दौर में प्रवेश कर गई। प्रतियोगिता में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए जेसीएफ जौनपुर की टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 115 रन बनाए। अनमोल ने सर्वाधिक 40 रन बनाए तथा विपिन चंद्रा ने 4 ओवर में 17 रन देकर तीन विकेट लिए। जवाब में श्री राम पीजी कॉलेज निगोह की टीम सभी विकेट खोकर 109 रनों पर सिमट गई। शशांक ने सर्वाधिक 30 रन जबकि सौरभ ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 9 रन देकर तीन विकेट लिया। सौरभ को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। मैच के अंपायर मोहम्मद अनीस और संदीप सिंह रहे। कमेंट्री मंगल यादव और दीपक यादव ने किया। स्कोरर शार्दूल रहे।

# व्यापार मंडल की बैठक संपन्न

**चर्चा**

**आठ जनवरी को होगा व्यापार मण्डल का शपथ ग्रहण समारोह**

जनसंदेश न्यूज

**केराकत।** नगर उद्योग व्यापार मण्डल की एक आवश्यक बैठक सोमवार को देर रात्रि आठ बजे प्राचीन काली माता मन्दिर के पास एक भवन में आयोजित हुई। बैठक में बाजार के व्यापार मण्डल के नवनिर्वाचित अध्यक्ष चन्दन सेठ व संगठन के तमाम पदाधिकारियों को शपथ दिलाने हेतु संगठन के संरक्षकों ने शपथ ग्रहण समारोह के आयोजन के लिए तिथि निर्धारित किया गया।

बैठक को सम्बोधित करते हुए कार्यक्रम के अध्यक्ष मकसूद अहमद ने कहाकि संगठन की गम्भीरता, गोपनीयता को बनाये रखना पदाधिकारियों की जिम्मेदारी है। कस्बे के सभी व्यापारियों को आपसी मनमुटाव भूलकर व्यापारी हित में कार्य करना चाहिये। वहीं आगामी 8 जनवरी को व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह करने की तिथि निर्धारित किया गया। इस अवसर पर विरेन्द्र श्रीवास्तव, विजय कुमार गुप्त, हंस कुमार सोनकर उर्फ मकालू, डॉ. राजेश राही, आनन्द कन्द गिरी, दिनेश सेठ, सुशील पटवा, विशाल कसौधन, विरेन्द्र सिंह, आजाद कुमार गुप्ता, हरिलाल साहू, आरिफ अंसारी जाबिर खान समेत तमाम व्यापार मण्डल के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता मकसूद अहमद ने व संचालन अरुण प्रसाद कमलापुरी ने किया।



व्यापार मण्डल की बैठक को सम्बोधित करते वक्ता

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 11 फरवरी को

जौनपुर। प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय ने अवगत कराया है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में 11 फरवरी को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकारण के अनुसार उक्त राष्ट्रीय लोक में अधिकाधिक वादों के निस्तारण हेतु यह आवश्यक है कि कम से कम पांच प्री-ट्रायल बैठक आहूत की जाय। पारिवारिक मामलों का अधिकाधिक निस्तारण सुनिश्चित किये जाने के प्रयोजन से तथा पक्षकारों के मध्य सुलह वार्ता सम्पन्न कराने हेतु 11, 18, 25 जनवरी, 1 और 8 फरवरी को परिवार न्यायालय प्रांगण में अपरान्ह 4 बजे प्री-ट्रायल बैठक आयोजित की जाएगी।

# सावित्री बाई फुले की मनायी गयी जयंती

**जौनपुर।** दीवानी बार के प्रांगण में हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी एवं लक्ष्मी बाई ब्रिगेड के बैनर तले मंगलवार को क्रांतिकारी शिक्षा की देवी, प्रथम महिला शिक्षिका, प्रथम बालिका विद्यालय की संस्थापिका, हो रहे कुरीतियों की घोर विरोधी, विरांगना राष्ट्रमाता सावित्री बाई फुले का 191वां जन्मदिन पर माला फूल चढ़ा कर मोमबत्ती, अगरबत्ती जलाई और दो मिनट मौन रहकर उन्हें श्रंद्धाजलि अर्पित की। लक्ष्मी बाई ब्रिगेड की अध्यक्ष मंजीत कौर ने कहाकि जब महिलाओं को शिक्षा का अधिकार नहीं था, तब सावित्री बाई फुले ने दर्जनों बालिका विद्यालय खोलकर बालिकाओं को शिक्षित करने का बीड़ा उठाया। तमाम विरोधाभास के बावजूद वह अपने विचारों में अडिग रही। आज इन्हीं की देन है कि महिलाएं पढ़ लिख कर वकील, डॉक्टर, इंजीनियरिंग, टीचर, प्रधान, प्रधानमंत्री, जज आदि पदों पर विराजमान हैं। इस अवसर पर सर्व एडवोकेट मंजू शास्त्री, रचना, सारिका, इशरत बानो, रंजीता सहित सैकड़ों अधिवक्ता व वादकारी मौजूद रहे।



# इलाज के अभाव में किसी गोवंश की न होने पाये मौत : मनीष वर्मा

**नेक कार्य**

**निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने दिये निर्देश, कम धान क्रय करने पर जतायी नाराजगी**

**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा धान क्रय केंद्र गोनापार, वृहद गौशाला चांदपुर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चांदपुर सिकरारा का निरीक्षण किया गया। साधन सहकारी समिति लिमिटेड गोनापार में बने धान क्रय केंद्र के निरीक्षण के दौरान केंद्र के सचिव राजेश कुमार के द्वारा बताया गया कि आज 1 ही किसान से 60 कुंटल धान का क्रय किया गया है जिस पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा गया कि प्रतिदिन 300 कुंटल धान की खरीद की जाए। सचिव के द्वारा अवगत कराया गया मिलर के द्वारा धान के उठान में ढिलाई बढ़ती जा रही है जिस पर जिलाधिकारी ने डिप्टी आरएमओ को निर्देशित किया कि संबंधित मिलर के खिलाफ कार्यवाही की जाए। वृहद गौशाला चांदपुर के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पाया की गौशाला में कुल 174 गोवंश संरक्षित किए गए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि गौशाला में तत्काल बोरे की व्यवस्था की जाए।

पशुओं को खाने के लिए हरे चारे की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने ग्राम प्रधान को निर्देशित किया कि गौशाला में एक अतिरिक्त शेड बनाये। उन्होंने कहा कि पशु डॉक्टर नियमित रूप से गौशाला का निरीक्षण करें और पशुओं की जांच कर उनका इलाज करें, किसी भी गोवंश की मृत्यु इलाज के अभाव में नहीं होनी चाहिए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चांदपुर के निरीक्षण के दौरान पाया की 4 चिकित्सक सहित एमओआईसी अनुपस्थित मिले जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी का आज का वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए।



गौशाला का निरीक्षण करते डीएम

# बड़ा सपना देखें और उसे जरूर पूरा करें : डीएम

जनसंदेश न्यूज

**आयोजन**

**प्राथमिक विद्यालय भोईलाशाहपुर में कम्बल वितरण समारोह आयोजित**

**जौनपुर।** प्राथमिक विद्यालय भोईलाशाहपुर में मंगलवार को कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी एवं जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा रहे। डॉ. हरिनाथ यादव के तत्वावधान से कुल 250 कम्बल वितरण किया गया।

मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद ने पुरातन छात्रा होने के नाते अपनी पढ़ाई के दौरान अनुभवों को साझा किया। कहा कि सिकरारा ब्लॉक शिक्षा के क्षेत्र में प्रथम स्थान है। उन्होंने कहा कि इसी तरह अन्य विद्यालय में भी लोग जरूरतमन्दों को दान करें। उन्होंने शासन के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी। सभी से अपील किया कि अपने अपने बच्चों को शिक्षा अवश्य दें। जिलाधिकारी ने कहा कि बड़ा सपना देखें और उसे पूरा करने का प्रयास करें कोई भी कार्य आसान नहीं होता उसे आसान बनाना पड़ता है। बच्चों में असीम क्षमता है बस उसे जगाने की आवश्यकता है। उन्होंने अपने पढ़ाई के दौरान किए गए संघर्षों व नौकरी के अनुभवों को साझा किया। उन्होंने कहा कि बेसिक शिक्षा के अध्यापक बहुत अच्छा कार्य कर रहे। प्रेरणा में बहुत ताकत होती है। नन्हे मुन्हे बच्चों को प्रेरित करे हर घर से आईएएस निकलेंगे। बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ० गोरखनाथ पटेल ने सभी अभिभावकों से अपील किया कि खाते में भेजे गए पैसे से बच्चों को जूता-मोजा, स्वेटर खरीदना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी सिकरारा अस्मिता सेन, अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ अमित सिंह, रामनारायण यादव, आनन्द सहित अन्य उपस्थित रहे।



कम्बल वितरण समारोह को सम्बोधित करते जिलाधिकारी

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. UPHIN/2012/46221
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# अनुशासन से खिलवाड़ करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

**बैठक**

**टीडीपीजी कॉलेज में अनुशास्ता समिति की बैठक आयोजित**

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** तिलकधारी महाविद्यालय के बलरामपुर सभागार में मंगलवार को महाविद्यालय में अनुशासनात्मक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए जनपद प्रशासन और महाविद्यालय के अनुशास्ता समिति एवं छात्र छात्राओं तथा छात्र नेताओं की एक बैठक आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर आलोक कुमार सिंह की। कार्यक्रम में थानाध्यक्ष लाइन बाजार, चौकी इंचार्ज टीडी कॉलेज एवं महिला थाना प्रभारी भी उपस्थित रही। छात्र छात्राओं एवं छात्र नेताओं को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर आलोक कुमार सिंह ने कहा कि महाविद्यालय के अनुशासन के साथ खिलवाड़ करने वाले अराजक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। अभी विगत कुछ दिन पहले जिन अराजक तत्वों ने एक छात्र की पिटाई की थी उनके खिलाफ प्राशासन द्वारा मुकदमा पंजीकृत किया गया है तथा अनुशासनात्मक कार्यवाही कालेज एवं प्रशासन द्वारा की गयी है। शैक्षिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए हैं। छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष लाइन बाजार ने कहा कि जो छात्र पठन-पाठन में रुचि ले रहे हैं उन्हें हर प्रकार संभव मदद की जाएगी। महाविद्यालय में कोई बाहुबली बनने का प्रयास करेगा उसके साथ सख्ती से निपटा जाएगा तथा उसके खिलाफ प्रशासन द्वारा कठोर कार्यवाही की जाएगी। महिला थाना प्रभारी स्नेहा ने कहा कि जो भी छात्र, छात्राएं महाविद्यालय में हैं उन्हे किसी भी प्रकार से असुविधा नहीं होगी। कोई भी छात्रा अपने साथ हुए दुर्व्यवहार को महिला हेल्पलाइन पर वह सूचना दे सकती है, उसके नाम को गुप्त रखा जाएगा। मुख्य अनुशास्ता डॉ. राजीव रतन सिंह ने कहा कि महाविद्यालय में अनुशासन महाविद्यालय की प्रथम वरीयता है जिसे हमारे अनुशासन मंडल द्वारा कड़ाई से पालन किया जा रहा है। इसी संदर्भ में 5 छात्रों को निष्कासित भी किया गया है। कार्यक्रम में अनुशासन मंडल के सदस्य डॉ. हरिओम त्रिपाठी, डॉ. रीता सिंह, डॉक्टर जेपी सिंह, डॉक्टर शैलेंद्र सिंह, डॉ. जितेश सिंह, डॉ. अवनीश सिंह, विशाल सिंह, अजय सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।



अनुशास्ता समिति की बैठक को सम्बोधित करते प्राचार्य

axis colleges

www.axiscolleges.org
Toll Free: 1800-3132-464

M.Tech | B.Tech | B.Arch | BFAD | MBA | MCA | BBA | BCA | B.Pharm | BFA | B.Sc Biotech | BMM
Diploma - Pharmacy | Engineering | Textile Design | Interior Design | Garment Technology

WISHING YOU HAPPY 2023 NEW YEAR




Startup Incubation centers in Kanpur (Approved by Govt. of INDIA)
1. IIT Kanpur 2. HBTU 3. Axis Colleges (the only private college)

SAND TANK Startup Foundation

Ranked by
INDIA TODAY | OUTLOOK | THE WEEK | THE TIMES GROUP

1st Rank among all Govt. & Pvt. Architecture, Fashion, BBA/BCA institutes in KANPUR
India Today Best College Survey - 2021

5th Rank among all Govt. & Pvt. Architecture, Fashion, BBA institutes in UTTAR PRADESH
India Today Best College Survey - 2021

18th Rank among all Govt. & Private Engineering institutes in UTTAR PRADESH
India Today Best College Survey - 2021

65th Rank among all Private Engineering institutes in INDIA
https://times-engineering-survey.com/private-engineering.html

20 Patents Granted by Govt. of INDIA & AUSTRALIA
LOW COST WATER PURIFICATION SYSTEM
SMART SHOPPING ASSISTANT FOR BLIND PESRON
IOT BASED AUTOMATIC IRRIGATION SYSTEM
HYBRID TRADEMILL SCOOTER

Top Recruiters
Google | accenture | BYJU'S | TATA Consultancy Services | Tech Mahindra | HCL Technologies | Comsoft | MITSUBA | Cease Fire | EVEREST | Nucleus Software | motherson innovations | Indo Farm | Bajaj | SHAHI

Center of Excellence
aws academy | UiPath | ARTECH | celonis | Microchip Academic Program | Texas Instruments | Cisco Networking Academy | ORACLE | Juniper Networks | blueprism University | alteryx SPARKED

Knowledge Partners
इसरो ISRO Nodal Center | ASSOCHAM India | CII | here | EduSkills Nation Building Through Skills | Reliance | 0/100 zerobarracento

Campus @ Rooma, Kanpur | Call: 8853777774, 7607888889